www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 12 मई 2025 । वर्ष – 67 । अंक –26 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59



■ कश्मीर : अमेरिकी दबाव के सामने मोदी खामोश
■ युद्ध : विनाश का वैश्विक व्यापार
पृष्ठ 6

■ हम अपने परमाणु अधिकार नहीं छोड़ेंगे : ईरानी विदेश मंत्री
■ सूडान में जेल पर ड्रोन हमला, 19 कैदियों की मौत
पृष्ठ 7

गॉफ ने लिनेट पर जीत के साथ मियामी की हार का बदला लिया
पृष्ठ 8

### भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद प्रेस कांफ्रेंस में भारतीय सेना का दावा

# ऑपरेशन सिंदूर में 100 आतंकी व 40 पाक जवान मारे

- भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों के पहले और बाद की तस्वीरें की साझा
- पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में पांच भारतीय जवान हुए शहीद



**नई दिल्ली**, 11 मई (एजेंसियां)। भारत–पाकिस्तान के बीच सीजफायर के 25 घंटे बाद रविवार को तीनों सेनाओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि आप सबको पता है कि पहलगाम अटैक में किस क्रूरता से 26 लोगों को मारा गया था। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों को टारगेट किया। इसमें दुश्मनों को भारी नुकसान हुआ। घई ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई को हुई कार्रवाई में सीमा पार 9 ठिकानों पर हमने 100 आतंकवादी मार गिराए। इसमें कंधार हाईजैक और पुलवामा अटैक में शामिल 3 बड़े आतंकी चेहरे भी शामिल थे। 7 मई को हुई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल्स से हमारे बॉर्डर स्टेट्स में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की। हमनें उन्हें हवा में ही मार गिराया। एक भी टारगेट सक्सेस नहीं होने दिया। हमने पाकिस्तान को जवाब देते हुए सख्त कार्रवाई की, जिसमें पाकिस्तानी सेना के 35 से 40 सैनिक और अफसर मारे गए। बॉर्डर और एलओसी पर हुई पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### सिर्फ आतंकवाद के खिलाफ था ऑपरेशन सिंदूर

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर साफ तौर पर आतंकवाद के साजिशककर्ताओं और उनके ठिकानों को तबाह करने के लिए किया गया था। हमने सीमा पार टेरर कैंप और इमारतों को पहचाना। यह बहुत बड़ी समस्या में थे। इनमें से कई को पहले ही खाली कर दिया था, क्योंकि उन्हें हमारे एक्शन का डर था। हमने इस ऑपरेशन में सिर्फ आतंकवादियों को टारगेट किया। हमने 9 ठिकानों को एजेंसियों के जरिए पहचाना। कुछ पीओके में थे और कुछ पाकिस्तान में थे। मुरीदके लश्कर का हेडक्वार्टर था। अजमल कसाब, डेविड हेडली ने यहीं ट्रेनिंग ली थी। घई ने कहा 8–9 मई की रात को, पाकिस्तान ने सीमाओं के पार हमारे हवाई क्षेत्र में ड्रोन और विमान भेजने की हिमाकत की। बड़े पैमाने पर बुनियादी सैन्य ढांचे को निशाना बनाने के कई असफल प्रयास किए गए। पाकिस्तान ने जब नियंत्रण रेखा पर फिर से उल्लंघन किया तो भारत ने आर्टिलरी फायरिंग से मुंहतोड़ जवाब दिया।

### हमने वहां हमला किया, जहां उन्हें सबसे ज्यादा दर्द हो : एयरमार्शल भारती

एयरमार्शल भारती ने बताया, जम्मू, उधमपुर, पठानकोट, नाल, डलहौजी, फलौदी में इन्होंने हमला किया। हम तैयार थे, हमारे ट्रेंड क्रू ने एयर डिफेंस सिस्टम से तबाह कर दिया। हमारी जमीन पर उनके लगातार हमलों से कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उनके लगातार एयरबेस और पोस्ट पर हमले के बाद हमने उन्हें जवाब दिया। हमने वहां हमला किया, जहां उन्हें सबसे ज्यादा दर्द हो। हमने उनके एयरबेस कमांड सिस्टम, मिलिट्री एयरबेस को हमला किया। चकलाला, रफीकी, रहरयार खान में हमला किया। हमने उन्हें कहा कि आक्रामकता को माफ नहीं किया जाएगा। हमारे पास उनके हर बेस पर हर सिस्टम को निशाना बनाने की क्षमता है। हम चाहते हैं कि हमारे शत्रु आगे तनाव बढ़ाने की कोशिश ना करें।

### भारत माला परियोजना घोटाला

# आरोपी एसडीएम-तहसीलदार, आरआई, पटवारी समेत 8 अब तक ईओडब्ल्यू की पकड़ से बाहर, अधर में जांच

**रायपुर**, 11 मई (देशबन्धु)। अभनपुर तहसील क्षेत्र के तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू, तहसीलदार शशिकांत कुर्रे, राजस्व निरीक्षक रोशनलाल वर्मा, पटवारी दिनेश पटेल के अलावा गोबरानवापारा के तत्कालीन नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण, पटवारी नायकबांधा जीतेंद्र लहरे, पटवारी बसंती घृतलहरे, लेखराम पटेल ऐसे नाम हैं, जिनके खिलाफ छत्तीसगढ़ के चर्चित भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाले में ईओडब्ल्यू ने मामला दर्ज किया है। लेकिन इन लोगों के फरार होने की वजह से घोटाले की जांच अटकी हुई है।

इस घोटाले में ईओडब्ल्यू ने अब तक हरमीत सलूजा, उमा तिवारी, केदार तिवारी और विजय जैन को गिरफ्तार किया है। इन चारों को रिमांड पर लेकर ईओडब्ल्यू पूछताछ कर चुकी है। लेकिन ईओडब्ल्यू अब तक घोटाला की जड़ तक पहुंच नहीं पाया है। घोटाला की शुरुआत कैसे और कहां से हुई, यह सबसे बड़ा सवाल है, जिसका खुलासा तभी हो पाएगा, जब सभी फरार निलंबित अधिकारी–कर्मचारी ईओडब्ल्यू की गिरफ्त में आएंगे।

**एनएचएआई अफसर भी शंक के दायरे में**

इस प्रोजेक्ट का नक्शा एनएचएआई द्वारा तैयार किया गया था। इस नक्शा के आधार पर प्रभावित किसानों की जमीनों का अधिग्रहण कर उन्हें मुआवजा बांटा गया है। इस तरह अधिसूचना जारी होने से पहले अगर प्रोजेक्ट का नक्शा लीक हुआ है, तो यह संभावना जताना भी गलत नहीं होगा कि नक्शा एनएचएआई से लीक हुआ है। सवाल यह है कि नक्शा लीक हुआ है या फिर कराया गया।



अगर कराया गया है, तो इस घोटाले में एनएचएआई के कुछ अफसरों के भी शामिल होने की भी संभावना है।

**क्या लीक हुआ था नक्शा**

जानकार बताते हैं कि भारत माला परियोजना की अधिसूचना जारी होने के बाद बैक डेट पर प्रभावित किसानों की जमीनों को छोटे–छोटे टुकड़े में बांटकर उनके परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर चढ़ा दिया गया, जिससे जमीन अधिग्रहण के रूप में कई गुना ज्यादा मुआवजा राशि का वितरण किया जा सके। जांच रिपोर्ट में बैक डेट पर किसानों की जमीन को टुकड़ों में बांटने का उल्लेख किया गया है, लेकिन ऐसा भी हो सकता है कि अधिसूचना जारी होने के पहले ही जमीनों का बटांकन कर दिया गया हो। अगर ऐसा हुआ है तो इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि अधिसूचना जारी होने से पहले ही प्रोजेक्ट का नक्शा लीक हुआ होगा, जिसका फायदा निलंबित हुए अधिकारी–कर्मचारियों के साथ भू–माफिया ने उठाया।

**किसानों की भी मिलीभगत**

भारत माला प्रोजेक्ट घोटाला में अब तक यह बातें सामने आई है कि प्रभावित किसानों की जमीनों को टुकड़ों में बांटकर उन्हें कई गुना अधिक मुआवजा दिलाया गया है। मुआवजा की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंची भी है, लेकिन उसके बाद से सभी के खातों के ऊपर के मिले लाखों–करोड़ों रुपए निकाल लिए गए हैं। ये रुपए किसने निकाले, कैसे निकाले, इसकी भी जांच की जा रही है।

**14 नए संदिग्धों से होगी पूछताछ**

भारतमाला परियोजन में भूअर्जन के नाम पर 48 करोड़ रुपए घोटाला किए जाने के आरोप में ईओडब्ल्यू एसीबी की टीम ने जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, उनसे पूछताछ में घोटाले से जुड़े 14 और संदिग्धों के नाम मिले हैं। इनमें जमीन दलाल से लेकर राजस्व विभाग के कर्मचारी और अफसर शामिल हैं। ईओडब्लू, एसीबी इन्हें नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब कर सकती है। इन संदिग्धों में ज्यादातर जगदलपुर, गरियाबंद तथा धमतरी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश के नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि भगवान बुद्ध ने प्रेम, करूणा एवं अहिंसा की भावना को सर्वोपरि मानते हुए पूरे विश्व को नई राह दिखाई।

### पुतिन का यूक्रेन को सीधी बातचीत का प्रस्ताव

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को यूक्रेन के साथ सीधी बातचीत का प्रस्ताव रखा है। पुतिन ने कहा कि 15 मई को इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ बात कर सकते हैं। यह प्रस्ताव कीव और यूरोपीय नेताओं के 12 मई से बिना शर्त 30 दिन के सीजफायर के ऐलान करने के कुछ घंटों बाद आया है। हालांकि, पुतिन ने यूक्रेन के साथ सीजफायर पर सहमत होने के अल्टीमेटम को अस्वीकार कर दिया है।

### अगले हफ्ते शुरू हो सकते हैं आईपीएल के मुकाबले

**मुंबई।** आईपीएल 16 मई से फिर शुरू हो सकता है। मौजूदा सीजन के बचे मुकाबले चार वेन्यू पर खेले जा सकते हैं। फाइनल मुकाबला 30 मई को मुमकिन है। नया शेड्यूल जल्द जारी होगा। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा लीग के बाकी मुकाबले अगले हफ्ते से शुरू होंगे। इन्हें चार वेन्यू पर कराया जाएगा। जल्द ही वेन्यू फाइनल किए जाएंगे।

### पुणे के पर्वतारोही जितेंद्र गवारे ने रचा इतिहास

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुणे के पर्वतारोही जितेंद्र गवारे ने माउंट मकालू पर्वत शिखर फतह किया। मकालू शिखर 8,485 मीटर ऊंचा दुनिया का पांचवां सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है। इतनी ऊंची पर्वत चोटी पर चढ़ाई करने वाले जितेन्द्र गवारे महाराष्ट्र के पहले पर्वतारोही बन गए हैं। इसके साथ ही, गवारे उन चुनिंदा भारतीय पर्वतारोहियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने नेपाल हिमालय की सभी आठ हजार मीटर ऊंची चोटियों पर चढ़ाई की है।

### मणिपुर में 13 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने काकचिंग और इंफाल पश्चिम जिलों से केसीपी के चार सक्रिय कार्यकर्ताओं को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई-पीएस के अंतर्गत सलाम मानिंग लेइकाई से केसीपी के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया।

# संसद का विशेष सत्र बुलाए सरकार : कांग्रेस

- खरगे व राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली**, 11 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है। अपने पत्र में दोनों नेताओं ने पीएम मोदी से संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने का अनुरोध किया है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से ये मांग पहलगाम आतंकी हमले और भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही की जा रही है। वहीं एक दिन पहले भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम के बाद से कांग्रेस पार्टी ने अपनी मांग फिर से दोहराई है। राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा मैं संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाने के विपक्ष के सर्वसम्मत अनुरोध को दोहराता हूं। लोगों और उनके प्रतिनिधियों के लिए पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और युद्ध विराम पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है, जिसकी घोषणा सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने की थी। यह आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प को प्रदर्शित करने का ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### अमेरिका के हस्तक्षेप पर जताया ऐतराज

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की ओर से किए गए एलान के मद्देनजर अब पहले से कहीं अधिक जरूरत है कि प्रधानमंत्री एक सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करें और राजनीतिक दलों को विश्वास में लें। कांग्रेस नेता सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में दो बिंदुओं में सरकार के सामने मांग रखी है।

## उत्तर प्रदेश के लखनऊ में होगा ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन

**लखनऊ**, 11 मई (देशबन्धु)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लखनऊ में ब्रह्मोस इंटीग्रेशन एवं टेस्टिंग फैसिलिटी सेंटर का उद्घाटन किया है। 300 करोड़ रुपए की यह सुविधा उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसमें न केवल मिसाइल उत्पादन बल्कि टेस्टिंग, इंटीग्रेशन और एयरोस्पेस–ग्रेड कंपोनेंट्स के लिए एक मैटेरियल कॉम्पलेक्स भी शामिल है। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ी छलांग है, जिससे क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को रणनीतिक बढ़ावा मिलेगा। ब्रह्मोस टेस्टिंग फैसिलिटी से इस मिसाइल की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और प्रदर्शन को सुनिश्चित किया जाता है, जो इसके इंटीग्रेशन और टेस्टिंग में अहम भूमिका निभाती है। ब्रह्मोस प्रोडक्शन यूनिट 300 करोड़ रुपए की लागत से तैयार की गई है। इसके लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने 80 हेक्टेयर जमीन नि:शुल्क उपलब्ध कराई थी।

# पीएम आवास पर डिप्टी सीएम की चुनौती स्वीकार : भूपेश

### भारत-पाक के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति के सीजफायर की घोषणा अपमानजनक



**रायपुर**, 11 मई (देशबन्धु)। भारत–पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए जाने को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपमानजनक करार देते हुए कहा कि देश जानना चाहता है कि ऐसी परिस्थितियां कैसे बनी।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि दोनों (भारत अथवा पाकिस्तान) सरकार में से कोई एक घोषणा करती तो यह अलग बात थी। लेकिन ट्रंप का निर्देश अपमानजनक है। 1971 में इंदिरा गांधी ने कहा था कि कोई भी तीसरा देश हस्तक्षेप नहीं करेगा। मध्यस्थता कोई भी कर सकता है, लेकिन ट्रंप पंच बना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। देश जानना चाहता है कि आखिर ऐसी परिस्थितियां कैसे बनी। सरकार के फैसले पर कोई आपत्ति नहीं है, युद्ध रुकना चाहिए। सरकार जो भी कदम उठाए, कांग्रेस साथ है। जो निर्णय लेना है, सरकार ले। बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हांकित करने एसटीएफ के गठन पर भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा कि अभी तो अभियान चलाए थे, कितनों को निकाला गया? कितने को आईडेंटिफाई किया गया? ये बताना ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया भर में संदेश गया कि भारत में सिंदूर का क्या महत्व है : साव



**रायपुर**, 11 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की जीत पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रविवार को अपने निवास में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पाकिस्तान के अंदर घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है जिसमें 100 आतंकियों को मार गिराया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व एवं सक्षम सेना के चलते संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से पूरी दुनिया के सामने संदेश गया कि भारत में सिंदूर का क्या महत्व होता है और भारत आतंकवादियों को समाप्त करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। भारत पाक के नापाक इरादों को ध्वस्त करने में पूरी तरह सक्षम है। लोगों को यह भी पता चला कि पाकिस्तान की हालत खराब है, पूरी दुनिया में कटोरा लेकर घूम रहा है। साव ने कहा कि इस अभियान की बड़ी जीत यह है कि भारत पर किसी भी तरह का आतंकवादी हमला देश के खिलाफ युद्ध माना जाएगा। उसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए भारत स्वतंत्र होगा। यह बहुत बड़ा निर्णय हुआ है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने छत्तीसगढ़ में अवैध घुसपैठ पर कहा कि, प्रदेश में बांग्लादेश घुसपैठियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। संदिग्ध लोगों की जांच की जा रही है। छत्तीसगढ़ में किसी भी व्यक्ति को पनाह नहीं मिलेगा। यहां संदिग्धों व्यक्तियों का रहना बंद होगा। ऐसे लोगों की जांच के लिए स्पेशल टास्क फोर्स गठन करने का बड़ा फैसला हुआ है।

# राजधानी रायपुर में कंटेनर में जिंदा जलकर दो लोगों की मौत

### दो ने कूदकर बचाई जान



**रायपुर**, 11 मई (देशबन्धु)। कंटेनर में 2 लोग जिंदा जल गए हैं। वहीं दो लोगों ने कूदकर अपनी जान बचायी है। रायपुर एसएसपी और सीएसपी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। यह अभनपुर थाना क्षेत्र का मामला बताया जा रहा है। नवा रायपुर से लगे अभनपुर में एक कंटेनर में भीषण आग लग गई है इस घटना में शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया जा रहा है। कंटेनर में 2 लोग जिंदा जल गए हैं। वहीं दो लोगों ने कूदकर अपनी जान बचायी है। रायपुर एसएसपी और सीएसपी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। यह अभनपुर थाना क्षेत्र का मामला बताया जा रहा है।

**नवा रायपुर में कार में जिंदा जला युवक**–इसके पहले भी नवा रायपुर में रात में एक बार फिर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर लगा बैन

**ढाका/नई दिल्ली**, 11 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें बहुत बढ़ गई हैं। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह कार्रवाई आतंकवाद विरोधी कानून के तहत की गई है। इस कदम को शेख हसीना के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है।

यूनुस के कार्यालय ने कहा कि इस संबंध में आधिकारिक राजपत्र अधिसूचना अगले कार्य दिवस पर जारी की जाएगी। बयान में कहा गया कि यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा, जब तक अवामी लीग और उसके नेताओं के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) में चल रही सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, ताकि देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा की जा सके। माना जा रहा है कि दिसंबर 25 से जून 26 के बीच बांग्लादेश में आम चुनाव हो सकते हैं।

# भारत-पाक के शक्तिशाली नेतृत्व पर गर्व : ट्रंप



**नई दिल्ली**, 11 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत–पाकिस्तान के बीच 4 दिनों तक चली सीमा पार की सशस्त्र शत्रुता को समाप्त करने वाले युद्ध विराम में अमेरिका की भागीदारी का दावा करने के एक दिन बाद, राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अब कश्मीर मुद्दे के हजार साल बाद समाधान के लिए अमेरिकी मध्यस्थता का प्रस्ताव रखा है, और भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ व्यापार का विस्तार करने का संकल्प लिया है। रविवार की सुबह ट्रंप ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में नेतृत्व की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें गर्व है कि अमेरिका इस ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण निर्णय पर पहुंचने में मदद करने में सक्षम था। मुझे भारत और पाकिस्तान के मजबूत ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं : भारत

भारत ने साफ किया आतंकियों को सौंपने के अलावा हम किसी अन्य मुद्दे पर बात नहीं करेंगे। कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है, अब केवल एक ही मुद्दा बचा है पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस करना। इसके अलावा और कोई बात नहीं है। अगर वे आतंकवादियों को सौंपने की बात करते हैं, तो हम बात कर सकते हैं। मेरा किसी और विषय पर कोई इरादा नहीं है। हम नहीं चाहते कि कोई मध्यस्थता करे। हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है।

### यूएन में पाकिस्तान को बेनकाब करेगा भारत

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पूरी तरह से आक्रामक कार्रवाई का रुख अपना लिया है। पहले संघर्ष के मैदान में हर तरीके से पछाड़ने के बाद अब भारत पाकिस्तान को वैश्विक स्तर पर उसका आतंकवाद के समर्थक वाला चेहरा बेनकाब करेगा। जानकारी के मुताबिक, भारत आतंकवाद में पाकिस्तान की संलिप्तता के नवीनतम सबूतों के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक टीम भेजेगा। जानकारी के मुताबिक, अगले सप्ताह यूएनएससीआर 1267 प्रतिबंध समिति की बैठक होगी।

### मौसम — देश में फिर बिगड़ेगा का मौसम का मिजाज

# तीस राज्यों में आंधी, बारिश व तूफान की चेतावनी

**नई दिल्ली, 11 मई (एजेंसियां)। देश के 30 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान की चेतावनी है। इस दौरान हवाएं 40 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं। अगले 2 दिन में अधिकतर राज्यों का तापमान 2-4 डिग्री तक बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 30 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना है।**

*पूरे मध्य प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज–चमक का अलर्ट जारी है। उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी है। वहीं, प्रदेश के 10 से अधिक जिलों में पारा 40 के करीब पहुंच गया है। आगरा में बीते दिन 80 किमी की रफ्तार से हवाएं चलीं, कई होर्डिंग और पेड़ उखड़ गए। ओडिशा के 16 शहरों में पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा। सबसे ज्यादा 42.7 डिग्री संबलपुर का रहा। पश्चिम बंगाल के 5 जिलों में हीटवेव की स्थिति रह सकती है, तापमान 40.0 डिग्री पार जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र में तापमान 38 डिग्री से 44 डिग्री के बीच रह सकता है। साथ ही हल्की बारिश या धूल भरी आंधी की संभावना है। कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना में भी तापमान 40 डिग्री के करीब जा सकता है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, उत्तराखंड में भी तापमान बढ़ने की संभावना है। मंगलवार को दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा में तापमान 38 डिग्री से 44 डिग्री के बीच रह सकता है। बारिश की स्थिति कम रहेगी। मध्य प्रदेश, उत्तर* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### समय से चार दिन पहले मानसून की दस्तक संभव

*मानसून देश में इस बार तय समय से 4 दिन पहले पहुंच सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण–पश्चिम मानसून 27 मई को केरल तट से टकराएगा। आमतौर पर यह 1 जून को केरल पहुंचता है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगर मानसून 27 मई को आता है तो यह 16 साल में पहली बार होगा जब यह इतनी जल्दी दस्तक देगा।*

# देश

**उवाच** “

पाकिस्तान की आर्मी और सरकार में संवाद का अंतर है। दोनों में समन्वय की कमी है। इसी कारण पाकिस्तान की ओर से सीजफायर का उल्लंघन हुआ। पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया। जो भी आतंकी बच गए हैं। सभी को जमीन में घुसकर मारेंगे: **दिलीप जायसवाल, भाजपा नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 38.0 | 27.0 |
| मुंबई | 32.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 37.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

## इंदिरा गांधी को याद कर रहा पूरा देश : पप्पू यादव

**पूर्णिया,** 11 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और फिर सीजफायर को लेकर बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि आज पूरा देश इंदिरा गांधी को याद कर रहा है। पूर्णिया में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि जहां 4000 किलोमीटर दूर बैठकर कोई किसी देश के लिए सीजफायर करवाता हो, उस देश का भगवान ही मालिक है।

पप्पू यादव ने कहा कि जब हमारी सेना को फ्री हैंड किया गया है, तो फिर अंकुश क्यों लगाए गए? उन्होंने कहा कि जिस देश में 'एक्स' पर पंचायत होती हो और 4000 किलोमीटर दूर बैठकर सीजफायर कराया जाता है, उस देश का भगवान ही मालिक है। उन्होंने ट्रंप पर तीखा वार करते हुए कहा कि जो दूसरों की कृपा पर चुनाव जीता हैं, वह हमारे भाग्य विधाता बन रहे हैं। हमारी सेना को जब फ्री हैंड किया गया, तो फिर पाबंदी क्यों लगाई? भारत की जनता पीओके से कम पर समझौता नहीं कर रही थी और बीच में सीजफायर का ऐलान करना कहीं से भी सही नहीं है।

पप्पू यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद करते हुए कहा कि आज देश की जनता को इंदिरा गांधी जैसे नेता की जरूरत है। आज शाहबाज और मुनीर जैसे लोग हमें आंख दिखा रहे हैं, जो आतंकवादियों के पैसे पर पलते हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आतंकवाद का समर्थन कर रही सरकार के सामने हम झुक गए? हमें ऐसा कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए था। हमारी



**जहां 4000 किलोमीटर दूर बैठकर कोई किसी देश के लिए सीजफायर करवाता हो, उस देश का भगवान ही मालिक है, जब हमारी सेना को फ्री हैंड किया गया है, तो फिर अंकुश क्यों लगाए गए? भारत की जनता पीओके से कम पर समझौता नहीं कर रही थी और बीच में सीजफायर का ऐलान करना कहीं से भी सही नहीं : पप्पू यादव, सांसद**

सेना पूरी दुनिया की उम्मीद बनी है। इससे पहले पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीजफायर वाले पोस्ट को री-पोस्ट करते हुए लिखा था कि पीएम मोदी को अमेरिका को भारत का भाग्य विधाता नहीं बनने देना चाहिए। युद्धविराम हो लेकिन भारत की शर्तों पर हो। भारत जैसे महान देश के संबंध में कोई भी घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति किस हैसियत से कर रहे हैं? यह भारत की संप्रभुता पर हमला है।, सांसद ने ऑपरेशन सिंदूर में शहीद सभी सैनिकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये देने की घोषणा भी की है।

### मनीष तिवारी ने 'युद्ध विराम' शब्द पर आपत्ति जताई, कहा

# पाकिस्तान से सतर्क रहने की जरूरत

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का ऐलान हो गया। हालांकि शनिवार को इस घोषणा के बाद कुछ ही देर में पाकिस्तान ने इसका उल्लंघन भी किया। इस पर कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि देश को पाकिस्तान से सर्तक रहने की जरूरत है। दोनों देशों के बीच सीजफायर का फैसला लेने के बाद पाकिस्तान का उत्तरदायित्व बनता है कि वह इस पर अमल करे। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि शनिवार की शाम 5 बजे से सीजफायर की घोषणा की गई। इसके कुछ घंटे के बाद ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया है। मनीष तिवारी ने 'युद्ध विराम' शब्द पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई युद्ध की परिस्थिति नहीं थी, इसलिए 'युद्धविराम' शब्द गलत है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान की आतंकी



गतिविधियों के लिए सजा दी जा रही थी। सबसे ज्यादा जरूरी है कि पाकिस्तान आतंकी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के बजाय इसपर लगाम लगाए।

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने देश को पाकिस्तान से सचेत रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में सिविलियन गवर्नमेंट है। लेकिन वहां सरकार और फौज के बीच हमेशा से दरार रही है। वहां फौज अपनी मनमर्जी करती है।

**देश को पाकिस्तान से सतर्क रहने की जरूरत है। दोनों देशों के बीच सीजफायर का फैसला लेने के बाद पाकिस्तान का उत्तरदायित्व बनता है कि वह इस पर अमल करे। शनिवार की शाम 5 बजे से सीजफायर की घोषणा की गई। इसके कुछ घंटे के बाद ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया है : मनीष तिवारी, कांग्रेस सांसद**

#### पी. चिदंबरम ने की प्रधानमंत्री की तारीफ

पाकिस्तान के साथ युद्ध विराम पर लिए गए फैसले पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम के प्रधानमंत्री की तारीफ पर कहा कि सरकार के हर फैसले पर विपक्ष पूरी तरह साथ खड़ा है। पूरा देश चाहे विपक्ष हो या सत्ताधारी, सभी इस मुद्दे पर एकजुट हैं। भारतीय सेना के फैसले और कार्रवाई की सारे विपक्ष ने स्वागत और सराहना की है। देशवासी एकजुट होकर सरकार के फैसले के साथ खड़े रहे हैं।

#### सचिन पायलट ने मोदी की नीतियों पर उठाए सवाल

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने वर्तमान सरकार की नीतियों को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए। बस अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता की एक बात से इत्तेफाक रखा कि एक देश के तौर पर हम कभी भी हिंसा के पक्ष में नहीं रहे हैं और शांति और समृद्धि चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश के इतिहास में हमने कभी किसी दूसरे देश पर हमला नहीं किया है या किसी दूसरे देश से जमीन नहीं मांगी है। हम संप्रभुता का सम्मान करते हैं, लेकिन हम अनिश्चित काल तक आतंक का शिकार नहीं बन सकते। आतंक को हमेशा के लिए जड़ से उखाड़ने के लिए निर्णायक कार्रवाई की जानी चाहिए। इस संबंध में हमने सरकार का समर्थन किया है, लेकिन संघर्ष विराम भी उसी तरह होना चाहिए था।

## अमेरिका के दबाव में किया सीजफायर, सरकार ने पीओके वापस लेने का मौका गंवाया : राशिद अल्वी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने भारत-पाक संघर्ष के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद केंद्र सरकार पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने अमेरिका के दबाव में सीजफायर किया। ऐसा करने की जरूरत नहीं थी और हमने ऐसा करके पीओके को वापस हासिल करने का सुनहरा अवसर गंवा दिया। राशिद अल्वी ने कहा कि जब पूरा देश एक साथ होकर भारत सरकार के साथ आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए खड़ा था तो ऐसे समय में भारत ने अमेरिका में दबाव में सीजफायर किया। तीन दिनों में हमारी सेना ने पूरी दुनिया को अपनी ताकत दिखाई। लेकिन क्या भारत सरकार ने वो मकसद हासिल कर लिया, जिसके लिए यह सब कुछ किया गया था।

## 'पाकिस्तान से शांति की उम्मीद नहीं की जा सकती' : संदीप दीक्षित

**नई दिल्ली।** भारत-पाक के बीच तीन दिनों तक चले संघर्ष के बाद शनिवार को दोनों देशों के बीच सीजफायर की घोषणा हुई। लेकिन, इस घोषणा के कुछ घंटों बाद ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन कर दिया। पाकिस्तान की ओर से सीजफायर उल्लंघन किए जाने पर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से उम्मीद थी कि वह सीजफायर का उल्लंघन करेगा। क्योंकि, पाकिस्तान से शांति की उम्मीद नहीं की जा सकती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सीजफायर की घोषणा के बाद कुछ घटनाओं के बारे जानकारी मिली थी। विदेश सचिव ने भी माना की घटनाएं हुई। सेना को भी निर्देश दिया गया कि वह पाकिस्तान की हर नापाक कोशिश का जवाब दें। भारत-पाक के बीच सीजफायर की घोषणा पर कांग्रेस नेता ने कहा कि पाकिस्तान ने अपनी शरारतें बंद नहीं की हैं और वह क्या करता है और क्या नहीं करता है, इस पर हमेशा संदेह बना रहता है क्योंकि बार-बार यह बात सामने आती है कि आतंकी गतिविधियां उनकी तरफ से प्रायोजित हैं।

## सार संक्षेप

### आतंक की कमर टूटने की बौखलाहट में पाकिस्तान : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम पांच बजे सीजफायर का ऐलान होने के कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तान ने कई शहरों में ड्रोन हमले की नाकाम कोशिश की और सीजफायर का उल्लंघन किया। इस पर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को कहा कि भारत ने आतंक की कमर तोड़ दी है, जिससे बौखलाए पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को पाकिस्तान की कायराना हरकत बताया। उन्होंने कहा, पहलगाम में पाकिस्तान ने जो हरकत की थी, भारत ने उसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी तीनों सेनाओं - थल सेना, वायु सेना और नौसेना - के जांबाजों ने पाकिस्तान के होश उड़ा दिए। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

### पाकिस्तान को संवेदनशील रक्षा जानकारी लीक करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान को खुफिया सैन्य जानकारी लीक करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और एक अन्य को हिरासत में लिया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने रविवार को यह जानकारी दी। गौरव यादव ने बताया कि विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध को भारतीय सेना की गतिविधियों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी हैंडलर को लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उसकी शिनाख्त पर दूसरे आरोपी को भी हिरासत में लिया गया है। आरोप है कि वे नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के एक अधिकारी के संपर्क में थे और पाकिस्तानी हैंडलर को जानकारी लीक कर रहे थे।

### उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज को दी श्रद्धांजलि

**जम्मू।** जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर शनिवार को पाकिस्तानी गोलाबारी में शहीद हुए बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रद्धांजलि दी। मनोज सिन्हा ने रविवार को सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। दरअसल, जम्मू के आरएस पुरा इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से की गई गोलाबारी में सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज शहीद हो गए थे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा, 'मैं हमारे बीएसएफ के जांबाज सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करता हूं।

## केंद्र सरकार सीजफायर पर संसद का विशेष सत्र बुलाएं : मनोज झा

**नई दिल्ली**, 11 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच शनिवार को सीजफायर की घोषणा के बाद विपक्ष ने केंद्र सरकार से मांग की है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। सीजफायर पर संसद का विशेष सत्र बुलाने पर राजद सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि बिल्कुल बुलानी चाहिए। जिस तरह से सीजफायर की घोषणा हुई, वह कहीं न कहीं लोगों को असहज करती है। राजद सांसद ने कहा कि सीजफायर की हमारी ओर से घोषणा करने से पहले अमेरिका की ओर से बयान जारी कर दिया जाता है कि उनकी मध्यस्थता में भारत-पाक सीजफायर के लिए राजी हुए हैं। राजद सांसद ने कहा कि भारत ने आज तक कभी युद्ध की पहल नहीं की।



हम पर युद्ध थोपा गया। एक बार फिर यही हुआ है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को छोड़ दीजिए, उससे पहले भी हम सीमा पार से प्रायोजित बर्बर हिंसा के शिकार हुए हैं।

### केंद्र सरकार को बुलानी चाहिए सर्वदलीय बैठक : गोविंद सिंह

**सीकर।** भारत-पाकिस्तान के बीच राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने केंद्र सरकार से सर्वदलीय बैठक बुलाकर मौजूदा हालात और सीजफायर समझौते सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करने की मांग की है। डोटासरा ने कहा कि अभी भी वह सवाल देश और दुनिया के लोगों के दिलों में है कि आतंकवादी बार-बार आते हैं और हमारे लोगों की हत्या कर, खून बहाकर चले जाते हैं। उसके बावजूद आज तक उसका समाधान नहीं हो रहा है। इन सब बातों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सेना को साथ लेकर खुलकर बताना चाहिए। आखिर यह सवाल बना हुआ है कि सीजफायर होने के बाद भी पाकिस्तान की ओर से भारत पर हमला क्यों किया गया।

## रावलपिंडी तक सुनी गई भारतीय सेनाओं की धमक, चलाया 'आपरेशन सिंदूर' : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली/लखनऊ,** 11 मई (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उत्तर प्रदेश के लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस की इंटीग्रेशन एवं टेस्टिंग फैसिलिटी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरा शहर लखनऊ भारत के डिफेंस सेक्टर को मजबूत करने में एक बड़ा योगदान दे, वह सपना अब पूरा हो रहा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सेना की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जिन भारत विरोधी और आतंकी संगठनों ने भारत माता के मस्तक पर हमला करके कई परिवारों के सिंदूर मिटाए थे, उन्हें भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से इंसाफ दिलाने का काम किया है। इसके लिए आज सारा देश भारतीय सेनाओं का अभिनंदन कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई भर नहीं है, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है। यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और सैन्य शक्ति की क्षमता और संकल्प शक्ति का भी प्रदर्शन है। हमने दिखाया है कि भारत आतंकवाद



के खिलाफ जब भी कोई कार्रवाई करेगा तो आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए सरहद पार की जमीन भी सुरक्षित नहीं रहेगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कार्यक्रम को वर्चुअली रूप से संबोधित करते हुए आगे कहा, 'भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचा ढहाने के उद्देश्य से लॉन्च किया था। हमने उनके आम नागरिकों को कभी निशाना नहीं बनाया था। मगर पाकिस्तान ने न केवल भारत के नागरिक इलाकों को निशाना बनाया बल्कि मंदिर, गुरुद्वारा और गिरजाघर पर भी हमले करने का प्रयास किया। भारतीय सेना ने शौर्य और पराक्रम के साथ-साथ संयम का भी परिचय देते हुए

**'भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचा ढहाने के उद्देश्य से लांच किया था। हमने उनके आम नागरिकों को कभी निशाना नहीं बनाया था। मगर पाकिस्तान ने न केवल भारत के नागरिक इलाकों को निशाना बनाया बल्कि मंदिर, गुरुद्वारा व गिरजाघर पर भी हमले करने का प्रयास किया : राजनाथ सिंह**

पाकिस्तान के अनेक सैन्य ठिकानों पर प्रहार करके करारा जवाब दिया है। हमने केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर ही कार्रवाई नहीं की, बल्कि भारत की सेनाओं की धमक उस रावलपिंडी तक सुनी गई, जहां पाकिस्तानी फौज का हेडक्वार्टर मौजूद है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत में आतंकवादी घटनाएं करने और कराने का क्या अंजाम होता है, यह पूरे विश्व ने उरी की घटना के बाद देखा। जब हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की, पुलवामा के बाद देखा जब बालाकोट पर एयर स्ट्राइक की गईं और अब पहलगाम की घटना के बाद दुनिया देख रही है, जब भारत ने पाकिस्तान के भीतर घुसकर मल्टीपल स्ट्राइक्स की हैं।

## वायु सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में मिले मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। भारतीय वायु सेना ने रविवार को जोर देकर कहा कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसे सौंपे गए कार्यों को सटीकता और व्यावसायिकता के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया है।



विशेष रूप से सोशल मीडिया में चल रही अकालबाजियों और अफवाहें के मद्देनजर वायु सेना ने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि यह ऑपरेशन राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप सोच-समझकर और विवेकपूर्ण तरीके से संचालित किया गया। सेना ने कहा कि चूंकि ऑपरेशन अभी भी जारी है, इसलिए समय आने पर इस बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। वायु सेना ने सभी से अपील की है कि वह अटकलबाजी और अफवाहों से बचें और असत्यापित जानकारी का प्रसार न करें। उल्लेखनीय है कि इस ऑपरेशन के दौरान वायु सेना के प्लेटफार्म और उसके पायलटो के संबंध में अलग अलग तरह की विवादास्पद जानकारियां साझा की जा रही है।

## स्टालिन के नेतृत्व में तमिलनाडु ने कई क्षेत्रों में देश में पहला स्थान किया हासिल

### 2026 विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ द्रमुक ने दूसरी बार सरकार बनाने की तैयारी शुरू कर दी

**चेन्नई,** 11 मई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मॉडल सरकार की प्रमुख पहलों के चलते तमिलनाडु ने कई क्षेत्रों में देश में पहला स्थान हासिल किया है। वर्ष 2026 विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ द्रमुक ने दूसरी बार सरकार बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को पार्टी ने सरकार की चार साल की उपलब्धियां गिनाईं और कहा कि तमिलनाडु कई सामाजिक सूचकों में देश में अग्रणी है।

राज्य सरकार ने बताया कि तमिलनाडु में 897 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, निर्यात में दोगुनी वृद्धि हुई, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में पहला स्थान मिला। राज्य ने रोजगार सृजन, उच्च शिक्षा में नामांकन, कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा, चमड़ा और वस्त्र उद्योग तथा नवाचार आधारित उद्योगों में भी पहला स्थान हासिल किया है।



**■ पार्टी ने सरकार की चार साल की उपलब्धियां गिनाईं और कहा कि तमिलनाडु कई सामाजिक सूचकों में देश में अग्रणी है**

उन्होंने कहा, 'मुझे व्यक्तिगत प्रशंसा से ज्यादा खुशी तब मिलती है जब तमिलनाडु को देश का अग्रणी राज्य माना जाता है। इसी लक्ष्य के साथ श्री स्टालिन लगातार कार्य कर रहे हैं।' इसमें कहा गया है कि श्री स्टालिन के निरंतर प्रयासों के कारण नए उद्योग स्थापित हुए हैं और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय निवेशकों ने 897 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे 10,27,547 करोड़ रुपये का नया निवेश हुआ है और 32.23 लाख नए रोजगार सृजित हुए हैं। तमिलनाडु को औद्योगिक विकास में अग्रणी माना जाता है। इन अनुकरणीय पहलों के कारण, तमिलनाडु की आर्थिक वृद्धि दर 9.69 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो एक अभूतपूर्व उपलब्धि है, जिसे पिछले दशक में किसी अन्य राज्य ने हासिल नहीं किया है, जिससे इसे भारत में अग्रणी राज्य होने का गौरव प्राप्त हुआ है।

## 'मैं देश का पहला बौद्ध चीफ जस्टिस बनने जा रहा हूं' : जस्टिस बीआर गवई

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। 14 मई को देश के 52वें चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ लेने जा रहे जस्टिस बीआर गवई ने अनौपचारिक बातचीत में भारत-पाकिस्तान के मौजूदा टकराव, ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम आतंकी हमला, राजनीति में जाने सहित कई मुद्दों पर अपनी राय रखी। मीडिया के लोगों के साथ हुई ऑफ कैमरा बातचीत में उन्होंने बताया कि वह देश के पहले बौद्ध चीफ जस्टिस बनने जा रहे हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव और फिर सीजफायर की स्थिति पर उन्होंने बोला कि युद्ध कोई अच्छी चीज नहीं है। हमारे सामने युद्ध के दो उदाहरण हैं, जो अभी भी चल रहे हैं। यूक्रेन में कितने दिनों से युद्ध हो रहा है और इससे क्या मिला। मतलब युद्ध से कुछ हासिल नहीं होता।



**■ 14 मई को देश के 52वें चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ लेंगे जस्टिस बीआर गवई**

जस्टिस बीआर गवई ने अनौपचारिक बातचीत में पहलगाम घटना पर कहा कि सुबह जब अखबार पढ़ा कि पहलगाम में ऐसी दुखद घटना हुई है तो बहुत दुख हुआ, उस समय चीफ जस्टिस देश के बाहर थे। उनसे संपर्क किया गया, फिर हमने फैसला लिया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जिन लोगों ने जान गंवाई उनके लिए दो मिनट का मौन रखा जाएगा और रखा गया।


**दहशत** *शांति से गुजरी रात, पर दहशत और डर का माहौल है बरकरार*

# जम्मू कश्मीर में भारत का दावा ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 11 मई (देशबन्धु)। शनिवार रात 11 बजे के बाद केंद्र शासित प्रदेश में फिर से शांति छा गई, किसी भी तरह की ताजा गोलीबारी या ड्रोन घुसपैठ की कोई खबर नहीं आई। पर इस भूतहा शांति के बीच दहशत और डर का माहौल जरूर बरकरार है। इस डर और दहशत को भारत के उस बयान ने और बढ़ाया है जिसमें कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है।**

तूफान आने से पहले की भूतहा शांति और दहशतभरी रात के प्रति उड़ी के कमालकोट के निवासी मुनीर हुसैन कहते थे कि एलओसी से सटे इस गांव और उसके आस-पास के इलाकों में शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात को शांति रही। लेकिन वे अभी भी बंकरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी हुसैन कहते थे कि पिछले कुछ दिन प्रलय के दिन जैसे थे। 1999 (भारत-पाक) युद्ध के दौरान भी हमने इतनी गोलाबारी नहीं देखी थी। मुझे उम्मीद है कि शांति कायम होगी। हालांकि, भले ही संघर्ष विराम लागू हो



गया हो, लेकिन जम्मू में भी तनाव बना हुआ है, क्योंकि संदिग्ध आतंकवादियों ने नगरोटा इलाके में सेना की 16वीं कोर के मुख्यालय पर गोलीबारी की, जिसमें एक सैनिक घायल हो गया।

जम्मू शहर के नागरिक रातभर ठीक से सो नहीं पाए। छोटे बच्चों को यह समझाने में बहुत समय लगा कि अब कोई मिसाइल या ड्रोन हमला नहीं होगा।

**■ जम्मू शहर के नागरिक रातभर ठीक से सो नहीं पाए**
**■ लोगों ने घर के 'सुरक्षित' समझे जाने वाले कमरों में ही रात गुजारी**

बावजूद इसके ब्लैकआउट के बीच लोगों ने घर के 'सुरक्षित' समझे जाने वाले कमरों में ही रात को गुजारा है। वर्ष 1965 और 1971 के युद्धों को झेल चुके जम्मू के लोगों न कभी बंकरों की स्थापना नहीं की। पर इतना जरूर था कि प्रवासी श्रमिक जम्मू कश्मीर को छोड़ अपने घरों को स्पेशल ट्रेनों से लौट चुके हैं। इसी तरह से पुंछ के निवासी मुर्तजा अली ने फोन पर बताया कि पिछले कुछ दिनों से तोपों और गोलीबारी की आवाजों से आतंकित रहने के बाद पूरी तरह से शांति थी। पर पाकिस्तान पर भरोसा नहीं किया जा सकता इसलिए पूरी रात चैन की नींद नहीं सो पाए। वे उम्मीद प्रकट करते थे कि सीजफायर इसी तरह जारी रहेगा ताकि लोग अपनी सामान्य जिंदगी में लौट सकें।

एलओसी के पास स्थित पुंछ व राजौरी जिले, भारत द्वारा मंगलवार और बुधवार (6-7 मई) की दरम्यानी रात को आपरेशन सिंदूर शुरू करने के बाद तोपों की गोलाबारी से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ था, जिसके परिणामस्वरूप कम से कम 22 नागरिक मारे गए थे। मृतकों में चार बच्चे भी शामिल हैं। इस बीच सुरक्षा बलों द्वारा जम्मू शहर में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किए जाने के बावजूद, आतंकी हमले की खबर ने शीतकालीन राजधानी में और हमलों की आशंका के बारे में अफवाहों को हवा दी, जिसके कारण जम्मू कश्मीर पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने में जनता की मदद के लिए एक परामर्श जारी किया। ऐसी अपुष्ट रिपोर्टें भी हैं कि कई संदिग्ध आतंकवादी अमेरिका द्वारा किए गए संघर्ष विराम का लाभ उठाकर जम्मू में आर एस पुरा के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करने में सफल रहे हैं।

**युद्ध की असली कीमत सामान्य जिंदगी जी रहे निर्दोष आम लोग चुकाते हैं : ऋचा चड्ढा**

**मुंबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम की घोषणा के बाद जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य हैं। लेकिन वहां अभी भी पाकिस्तान की ओर से की गई भारी गोलाबारी का जख्म नहीं भरा है। इस घटना में पुंछ के दो जुड़वा भाई-बहन की दुखद मौत हो गई। इस दर्द को साझा करते हुए बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढ़ा ने मीडिया पर अपना गुस्सा जाहिर किया। ऋचा चड्ढ़ा ने 'इंस्टाग्राम' स्टोरी सेक्शन में मृतक बच्चों और उनके परिवार की फोटो शेयर की और मीडिया पर गुस्सा जाहिर करते हुए लिखा कि पुंछ में अपने स्कूल के बाहर पाकिस्तानी गोलीबारी में मारे गए जैन और उरवा... दिल उस परिवार के लिए बहुत दुखी है, जिन्होंने कुछ ही मिनटों में अपने दोनों बच्चों को खो दिया।

# महिलाओं की खास सहेली है 'साप्पन की लकड़ी'

- मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएं जैसे तेज दर्द, बेचैनी में राहत
- चेहरे पर ग्लो आने के साथ कील-मुहांसे, डार्क सर्कल और दाग-धब्बे भी होंगे दूर



**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। पेट में तेज दर्द, ऐंठन या सूजन, अनियमितता की समस्या से कई लड़कियों को गुजरना पड़ता है। लेकिन एक खास सहेली है, जो लड़कियों के इस दर्द में न केवल साथ खड़ी रहती है बल्कि अपने औषधीय गुणों से उनकी समस्याओं को भी चुटकी में दूर कर देता है। नाम है इसका 'साप्पन की लकड़ी'। जिसे सप्पन की लकड़ी या पटरंगा भी कहते हैं। सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट मुनमुन गनेरीवाल ने इंस्टाग्राम पर इसे लेकर बड़ी दिलचस्प और ज्ञानपरक पोस्ट शेयर की है। वह बताती हैं कि 'साप्पन की लकड़ी' औषधीय गुणों से भरपूर होती है और इसमें कई समस्याओं को दूर भगाने की क्षमता होती है। नियमित रूप से या मासिक धर्म के दौरान इससे बनी चाय या काढ़े का सेवन करने से समस्याओं से राहत मिलती है। पीरियड्स पेन, अनियमितता या और कोई समस्या यह चुटकी में दूर करता है।

आयुर्वेदिक ग्रंथों में इसे चमत्कारिक औषधि बताया गया है। यह त्वचा के लिए भी उत्तम है और महिलाओं या लड़कियों का उन जरूरी दिनों तक में भरपूर साथ देती है। इसका इस्तेमाल शरीर को कई फायदे देता है। साप्पन की लकड़ी के सेवन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता तेजी से बढ़ती है, मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएं जैसे तेज दर्द, बेचैनी, अनियमित पीरियड्स दूर होती हैं और चेहरे पर ग्लो आने के साथ कील-मुहांसे, डार्क सर्कल और दाग-धब्बे भी दूर होते हैं। मुनमुन गनेरीवाल के मुताबिक इसका बिना किसी झंझट के इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे पीरियड्स की समस्याएं कोसों दूर भाग जाती हैं। इसके लिए आपको 1 लीटर पानी उबालना है और उसमें एक चुटकी पाथिमुघम या साप्पन की लकड़ी डालना है। अब इसे 5 मिनट तक उबलने दें। इसके बाद छान लें और इसे थर्मस फ्लास्क में स्टोर करें। इसके बाद गर्म पाथिमुघम पानी का सेवन करें। इसके सेवन से तुरंत आराम मिलता है। वहीं, आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि साप्पन की लकड़ी चंदन की लकड़ी के बराबर ही गुणकारी होती है।

# प्रसव के बाद महिलाओं के लिए वरदान है ये योग

- तितली आसन, चक्की चालन आसन, भुजंगासन, सेतुबंधासन करनी चाहिए
- प्रसव के कम से कम चार महीने बाद हैवी योगासन को अपनाना चाहिए




**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। आज मदर्स डे है, यानी उस महिला का दिन, जो 206 हड्डियों के टूटने का दर्द सहकर नई जिंदगी को दुनिया में लाती है। हालांकि, एक नन्हीं सी जान को दुनिया में लाने के लिए उसे शारीरिक परिवर्तन से लेकर कई बड़ी-बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। एंग्जाइटी भी इस लिस्ट में शामिल है।

खास बात है कि हमारा योग न्यू मॉम यानी मातृत्व सुख पाने वाली महिलाओं के लिए वरदान है। समस्या का समाधान योग में निहित है। वास्तव में देखें तो मदर्स डे के लिए यह एक बेहतरीन तोहफे की तरह है। 'योग फॉर लाइफ' की ट्रेनर और को-फाउंडर कविता अरोड़ा ने न्यू मॉम के लिए कौन-कौन से योगासन लाभदायी हैं, इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मां बनना हर महिला के जीवन का सबसे खूबसूरत और खास अनुभव होता है। हालांकि, प्रसव के बाद शरीर में कई बदलाव आते हैं। इनमें शारीरिक थकान, हार्मोनल उतार-चढ़ाव, मानसिक तनाव और शारीरिक कमजोरी के साथ तेजी से बढ़ता वजन भी होता है। इन समस्याओं को बाय-बाय करने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योगासन प्रभावशाली उपाय है।उन्होंने आगे बताया कि देखिए, प्रसव के बाद महिलाओं का वजन बढ़ जाता है, तो इस वजह से उनके मन में एक तरह की एंग्जाइटी आ जाती है और दूसरी तरफ नई जिम्मेदारी को लेकर उन पर भावनात्मक दबाव होता है। तो सबसे जरूरी है कि वे अपने मानसिक और शारीरिक तंदुरुस्ती का ख्याल रखें। प्रसव के कम से कम चार महीने बाद हैवी योगासन को अपनाना चाहिए। शुरुआत में ध्यान, प्राणायाम, अनुलोम विलोम, भ्रामरी हैं, जिनसे उन्हें बहुत मदद मिलती है।

इसके अलावा आरामदेह प्राणायाम और आसन- जैसे श्वासन, शशांक आसन, पश्चिमोत्तन आसन, जानु शिर्षासन ये सब मदद करते हैं। बात वजन घटाने की आती है, तो खान-पान पर ध्यान देने के साथ ही उन्हें तितली आसन, चक्की चालन आसन, भुजंगासन, सेतुबंधासन, उत्कटासन आदि करने चाहिए। भुजंगासन महिलाओं के लिए बेस्ट आसनों में से एक है। इससे शरीर के ऊपरी भागों में खिंचाव होता है और चेहरे पर चमक भी आती है। ब्रेस्टफीडिंग में आने वाली समस्याओं में इससे राहत मिलती है। धनुरासन से वजन घटता है, जिससे मोटापा कम होता है। यह आसन भी शरीर को स्ट्रेच करने में मददगार है। वहीं, सेतुबंधासन शरीर के नीचले हिस्सों के लिए फायदेमंद होता है। फिर भी उम्र और सेहत को ध्यान में रखकर किसी योग विशेषज्ञ से सलाह जरूर लेनी चाहिए।

# 'सनम तेरी कसम 2' से पाकिस्तानी एक्ट्रेस की छुट्टी, हर्षवर्धन ने दी थी चेतावनी

**मुंबई,** 11 मई (एजेंसियां)। 'सनम तेरी कसम' के अभिनेता हर्षवर्धन राणे की 'चेतावनी' के बाद फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के सीक्वल को लेकर अहम घोषणा की है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी अभिनेत्री अपकमिंग फिल्म का हिस्सा नहीं बनेंगी।



निर्देशक राधिका राव और विनय सप्रू ने 'सनम तेरी कसम 2' से पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन को बाहर किए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलों के खिलाफ भारत में काम करने वाले पाकिस्तानी कलाकारों की चुप्पी बेहद चिंताजनक है। भारत के खिलाफ उनकी टिप्पणी गलत है और इसकी निंदा की जानी चाहिए।

निर्माताओं ने कहा कि आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। यह निराशाजनक है कि भारत में काम करने वाले कुछ कलाकार इस मामले में चुप्पी साधे रहे। उन्हें यहां से खूब प्यार, सम्मान और बड़ा अवसर मिला, फिर भी वे भारत के खिलाफ इस तरह के आतंकवादी कृत्यों के बारे में कुछ नहीं बोले। हम अपने देश और सरकार के साथ खड़े हैं और उनके फैसले का पूरा समर्थन करते हैं। देश सबसे पहले है और हमेशा रहेगा। इससे पहले, हर्षवर्धन राणे ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर स्पष्ट किया था कि यदि फिल्म में पाक कलाकार होंगे तो वह इसका हिस्सा नहीं बनेंगे और सीधे 'न' कह देंगे। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए पोस्ट में हर्षवर्धन ने 'सनम तेरी कसम 2' के लिए लिखा कि मैं इस अनुभव के लिए आभारी हूं, लेकिन जैसी आज के समय में स्थिति है, उसे और मेरे देश के बारे में किए गए कमेंट्स को पढ़ने के बाद मैंने यह निर्णय लिया है कि यदि फिल्म में पुरानी कास्ट दोबारा शामिल होने जा रही है, तो मैं 'सनम तेरी कसम' भाग 2 का हिस्सा बनने से इनकार कर दूंगा।' बता दें, साल 2016 में आई फिल्म 7 फरवरी 2025 को दोबारा रिलीज की गई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 30 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की और फ्लॉप से हिट फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई।

# इलैयाराजा का कोयंबटूर म्यूजिक इवेंट स्थगित, जल्द होगी नई तारीख की घोषणा

**चेन्नई,** 11 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा स्थिति को देखते हुए मशहूर संगीतकार इलैयाराजा ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में 17 मई को होने वाले संगीत कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। यह कार्यक्रम 17 मई को कोयंबटूर के कोवईपुदुर में होने वाला था, लेकिन इसे मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया है।

कार्यक्रम के आयोजकों ने कहा कि संगीत कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर थीं और टिकटों की बिक्री भी शुरू हो चुकी थी, लेकिन जनता की सुरक्षा और मौजूदा भू-राजनैतिक माहौल की वजह से कार्यक्रम को स्थगित करने का फैसला लिया गया।

उन्होंने प्रशंसकों को आश्वस्त किया कि जल्द ही नई तारीख की घोषणा की जाएगी। आयोजकों ने एक बयान में कहा कि हम इस कार्यक्रम को लेकर लोगों के उत्साह और जोश को समझते हैं। हालांकि, मौजूदा स्थिति को देखते हुए हमने कार्यक्रम को फिर से निर्धारित करने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि हम कार्यक्रम के लिए सही तारीख मिलने के लिए चर्चा कर रहे हैं और फाइनल होने पर जल्द ही घोषणा करेंगे। आयोजकों ने यह भी पुष्टि की है कि जिन लोगों ने पहले ही टिकट खरीद लिए हैं, उनके टिकट नई तारीख तक वैध रहेंगे। यदि वे वापस करवाना चाहते हैं तो रिफंड भी ले सकते हैं।

इससे पहले सांसद इलैयाराजा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया था कि वह अपने संगीत कार्यक्रम की फीस और एक महीने का वेतन राष्ट्रीय रक्षा कोष में देंगे।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने बताया कि इस साल मैंने अपनी पहली सिम्फनी रिकॉर्ड की है जिसका नाम 'वैलिएंट' रखा है। हमारे लिए मई का महीना काफी भारी रहा, पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ। जवाबी कार्रवाई के लिए सीमा पर सेना बहादुरी, साहस और दृढ़ संकल्प के साथ जुटी हुई है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे बहादुर जवान दुश्मनों को घुटनों पर ला देंगे। संगीत निर्देशक ने कहा कि एक गौरवान्वित भारतीय और एक सांसद के रूप में मैंने आतंकवाद मिटाने और हमारी सीमाओं तथा लोगों की सुरक्षा के लिए देश के बहादुर नायकों के वीरतापूर्ण प्रयासों के लिए 'राष्ट्रीय रक्षा कोष' में अपने संगीत कार्यक्रम की फीस और एक महीने का वेतन देने का फैसला किया है।

# युद्ध के समय मौन की ताकत को पीएम मोदी से बेहतर कौन समझ सकता है : विवेक अग्निहोत्री

**मुंबई,** 11 मई (एजेंसियां)। विवेक अग्निहोत्री ने भारत-पाकिस्तान के संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका की तारीफ की। 'कश्मीर फाइल' फेम निर्देशक ने इसे 'पीएम मोदी की रणनीति' का करार दिया, साथ ही महाभारत और चाणक्य के संदर्भ का जिक्र कर युद्ध के समय मौन की अहमियत बयां की। 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि महाभारत और चाणक्य ने हमें सिखाया है कि युद्ध सिर्फ मैदान में नहीं लड़ा जाता, बल्कि यह मन में लड़ा जाता है। ज्यादा बातचीत से संकल्प कमजोर पड़ जाते हैं, योजनाएं उजागर हो जाती हैं और दरार पड़ती है। असली ताकत मौन या उद्देश्यपूर्ण भाषण में निहित है। अग्निहोत्री ने आगे लिखा कि भारत-पाक युद्ध विराम सिर्फ विराम नहीं है। यह एक मनोवैज्ञानिक पुनर्संतुलन है। यह याद दिलाता है कि संयम जब रणनीतिक हो, तो यह उकसावे से शक्तिशाली हो सकता है। जैसा कि पुराने लोग कहते थे- कभी-कभी खामोशियां भी बहुत कुछ बयां कर जाती हैं और यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बेहतर कौन जानता है! विवेक रंजन देश के मुद्दों को लेकर मुखर रहते हैं और अक्सर अपनी स्पष्ट राय रखते नजर आते हैं। शनिवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर महाभारत के उद्योग पर्व के 34वें अध्याय का जिक्र किया था। पोस्ट में उन्होंने बताया कि न हि वाक्यं प्रयुञ्जित युद्धे युद्धं समास्थितः वाक्यं हि क्षिप्रं हृदयं विदारयति योधृणाम। कृष्ण युद्ध के समय अनावश्यक भाषण न देने की सलाह देते हैं, शब्दों का असर योद्धाओं पर पड़ता है। इसके साथ ही उन्होंने महाभारत, भीष्म पर्व के 23वें अध्याय का भी जिक्र किया था। उन्होंने बताया कि भीष्म सलाह देते हैं, लड़ाई के दौरान मौन साहस जितना ही महत्वपूर्ण है। शब्द मनोबल तोड़ सकते हैं, जबकि मौन ध्यान और दृढ़ संकल्प बनाए रख सकता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो बतौर निर्देशक विवेक रंजन की बंगाल त्रासदी और हिंदू नरसंहार पर बनी अपकमिंग फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स बंगाल चैप्टर' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का निर्माण अभिषेक अग्रवाल और पल्लवी जोशी ने मिलकर किया है। तेज नारायण अग्रवाल और आई एम बुद्धा प्रोडक्शंस के सहयोग से बनी फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 'तू न थमेगा कभी, तू न झुकेगा कभी', अमिताभ बच्चन ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर तोड़ी चुप्पी



**मुंबई,** 11 मई (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया और इस हमले का बदला लिया। इसके बाद पाकिस्तान की ओर से भारतीय नागरिक और सैन्य ठिकानों पर किए गए हमलों का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर की भी घोषणा हो गई है और देश भारतीय सेना को सलाम कर रहा है। बॉलीवुड के तमाम सितारों ने भी सेना के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उनका हौसला बढ़ाया। हालांकि, 'महानायक' अमिताभ बच्चन ने ऐसे समय में सोशल मीडिया पर चुप्पी साधी हुई थी। उनकी ब्लैंक पोस्ट यूजर्स को खटक रही थी, लेकिन अब उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए 'एक्स' अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। अमिताभ ने अपनी 'एक्स' पोस्ट में पहलगाम हमले में आतंकवादियों के धर्म पूछकर गोली मारने की घटना का जिक्र करते हुए लिखा, छुट्टियां मानते हुए, उस राक्षस ने, निर्दोष पति-पत्नी को बाहर खींच कर, पति को नग्न कर, उसके धर्म की पूर्ति करने के बाद, उसे जब गोली मारने लगा, तो पत्नी ने घुटने पर गिरकर, रो-रोकर अनुरोध करने के बाद भी, कि 'उसके पति को न मारो', उसके पति को उस बुजदिल राक्षस ने बेहद बेरहमी से गोली मार दी..।

# मां दिवस पर सलमान ने शेयर की मां सलमा और हेलन के साथ फोटो



**मुंबई,** 11 मई (एजेंसियां)। मां का रिश्ता हमारे जीवन में बेहद अहम होता है। उनके प्यार, ममता और बलिदान को धन्यवाद करने के लिए मदर्स डे खास दिन है। इस खास मौके पर बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान ने अपनी मां सलमा खान और सौतेली मां हेलन के साथ एक दिल छू लेने वाली फोटो सोशल मीडिया पर साझा की है। इस तस्वीर के जरिए उन्होंने परिवार के रिश्तों की गहराई और सच्चे प्यार को भी उजागर किया। सलमान खान ने इस फोटो को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। फोटो में वह अपनी मां सलमा और हेलन के साथ बैठे नजर आ रहे हैं। इस दौरान सभी के चेहरे पर प्यारी सी मुस्कुराहट नजर आ रही है। उन्होंने इस फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि दुनिया की सबसे अच्छी माओं के लिए धन्यवाद पिताजी। मेरी दुनिया की सबसे खूबसूरत महिलाओं के लिए। मदर्स डे की शुभकामनाएं।फैंस को उनकी यह तस्वीर काफी पसंद आ रही है। एक फैन ने कमेंट में लिखा- 'लवली'। दूसरे ने लिखा- 'आपकी यह फोटो दिल को छू गई'। एक अन्य फैन ने लिखा- 'आप मुस्कुराते हुए अच्छे लगते हैं'।सलमान खान के अलावा, अन्य एक्टर्स ने भी अपनी मां के नाम सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया। अभिनेता राजकुमार राव ने लिखा कि सभी को हैप्पी मदर्स डे। मां ईश्वर के सबसे करीब होती हैं। हर सीख, खुशी और ताकत देने के लिए धन्यवाद मां।

अभिनेता संजय दत्त ने अपनी दिवंगत मां नरगिस के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए बताया कि वह अपनी मां को हर दिन मिस करते हैं। उन्होंने लिखा कि हैप्पी मदर्स डे मां, मैं तुम्हें हर दिन याद करता हूं और तुमसे बहुत प्यार करता हूं।

# 'न कोई तालियां मिलीं, न कोई आराम', मदर्स डे पर इन अभिनेत्रियों के छलके जज्बात





मदर्स डे पर सोशल मीडिया एक बार फिर प्यार, आभार और भावनाओं से भर उठा। हर कोई अपनी मां के लिए दिल से निकले शब्दों और यादों को साझा कर रहा है। बॉलीवुड की कई मशहूर अभिनेत्रियों ने इस दिन को बेहद खास अंदाज में मनाया। उन्होंने अपनी मां के साथ खूबसूरत तस्वीरें और दिल से निकले शब्दों को इंस्टाग्राम पर साझा किया। मदर्स डे के मौके पर बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में एक भावुक नोट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि कभी भी किसी मां को कम मत आंकिए। वह ऐसे दर्द से गुजरी है जो दूसरों को तोड़ सकता है। उसने वो नींद की कमी झेली है जो किसी का दिमाग तक हिला सकती है। उसने अपने बच्चे को गोद में संभाला है, साथ ही खुद को भी मजबूत बनाए रखा। न कोई तालियां मिलीं, न कोई आराम मिला, यही होती है असली ताकत।

सोहा अली खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी मां शर्मिला टैगोर, सास ज्योति खेमू और बेटी इनाया नाउमी खेमू की फोटोज शेयर की और कैप्शन में लिखा कि मैं एक मिनट के लिए अपनी इन पसंदीदा महिलाओं को याद करना चाहती हूं, एक ने मुझे पाला, एक ने उन्हें पाला और एक अब तूफान खड़ा कर रही है!!

# पाकिस्तान ने मौखिक से लेकर लिखित समझौतों की कभी लाज नहीं रखी

- सीमा पर तारबंदी से लेकर करगिल युद्ध और ताजा सीजफायर समझौतों की पाक ने बलि दी

■ सुरेश एस डुग्गर



**जम्मू,** 11 मई (देशबन्धु)। हालांकि पाकिस्तान के साथ सीजफायर को बीते एक ही रात हुई है लेकिन भारतीय जनता उसके इस मौखिक समझौते को लेकर शंकित इसलिए भी है क्योंकि इतिहास गवाह है कि पाकिस्तान ने मौखिक से लेकर लिखित समझौतों की कभी लाज नहीं रखी है। यही कारण था कि जम्मू कश्मीर में अभी भी युद्ध वाली तैयारियों में कोई कमी नहीं आई है।

1999 में करगिल का युद्ध ऐसे समझौतों को तोड़े जाने की कड़ी का सबसे बड़ा धोखा था। दरअसल एलओसी पर हमेशा ही दोनों मुल्कों की सेनाओं के बीच यह मौखिक और लिखित समझौता रहता था कि कोई भी पक्ष भयानक सर्दियों में बर्फबारी और मौसम की परिस्थितियों के चलते खाली छोड़ी गई चौकिओं पर कब्जा नहीं करेगा। पर पाक सेना ने ऐसा समझौता कभी माना नहीं। नतीजा करगिल युद्ध के तौर पर सामने आया था।

इससे पहले 1984 के अप्रैल महीने में भारतीय सेना को दुनिया के सबसे दुर्गम और ऊंचे युद्धस्थल सियाचिन ग्लेशियर पर भी इसलिए पैर जमाने पड़े क्योंकि पाकिस्तान ने समझौतों की धज्जियां उड़ाते हुए इसके कई हिस्सों की ओर अपनी सेना भेजनी आरंभ कर दी थी। हालांकि सियाचिन ग्लेशियर पर 1984 की जंग के बाद कोई बड़ी लड़ाई नहीं हुई है पर भारतीय सेना इस दुर्गम और दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धस्थल से फौजियों को हटाने के लिए आज भी राजी नहीं है क्योंकि वह जानती है कि पाकिस्तान के साथ होने वाले किसी भी मौखिक और लिखित समझौते पर कतई विश्वास नहीं किया जा सकता।

यही कारण था कि भारत ने 1999 के करगिल युद्ध के उपरांत एलओसी की किसी भी दुर्गम सीमा चौकी को भयानक सर्दी के बीच भी खाली छोड़ने से इंकार कर दिया। नतीजन आज भी करगिल के दुर्गम पहाड़ों पर शून्य से 40 डिग्री नीचे के तापमान में भी सेना के जवान पाक सेना के सामने दीवार बन कर खड़े रहते हैं। एक सेनाधिकारी के बकौल, ऐसा करना जरूरत के साथ मजबूरी भी है क्योंकि पाक सेना कभी भी अपने समझौतों पर टिका नहीं रहा है।

## सीजफायर के बावजूद उल्लंघन में जवाबी कार्रवाई से भारी नुकसान

**पाक सेना ने गंवाए 16 सैनिक, 8 बंकर और 6 चौकियां एलओसी पर**

**जम्मू।** सीजफायर की घोषणा के तीन घंटों के उपरांत पाक सेना द्वारा कल रात लगातार तीन घटों तक सीजफायर का उल्लंघन करना उसे भारी साबित हुआ था। इन तीन घंटों के भीतर अगर उसने लद्दाख से लेकर भुज तक ड्रोन हमलों से भारतीय जनता को दहशतजदा करने की कोशिश तो की पर उसे एलओसी पर अपन 16 जवान गंवाने पड़े। यही नहीं, सीजफायर उल्लंघन का जवाब देते हुए भारतीय पक्ष की ओर से की गई कार्रवाई में उसके 8 बंकर और 6 फारवर्ड सीमा चौकिओं को भी नेस्तनाबूद कर देने का दावा किया जा रहा है। यह बात अलग है कि कल रात पाकिस्तान द्वारा सीजफायर का उल्लघन होते ही ऐसी खबरों को दबा देने का दबाब भी था पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनके कई मंत्री खुद ट्विटर पर वीडियो और संदेश डाल कर इसके प्रति जानकारी देते रहे थे और सीजफायर की वैधता पर सवाल उठाते रहे थे। अगर रक्षा सूत्रों पर विश्वास करें तो पाक सेना ने सीजफायर का उल्लंघन करते हुए एलओसी और इंटरनेशनल बार्डर पर एकसाथ कई मोर्चे खोल दिए थे। और इसकी जवाबी कार्रवाई में भारतीय पक्ष ने जो करारा जवाब पाक सेना को दिया उसके नतीजे में पाक सेना को कम से कम 16 जवानों की जान गंवानी पड़ी है। यही नहीं रक्षा सूत्र यह भी दावा करते थे कि पाक सेना को जो जान माल की क्षति पहुंचाई गई है उसमें उनके 8 फारवर्ड बंकर और 6 फारवर्ड सीमा चौकिआं भी हैं जिन्हें एलओसी पर नेतस्तनाबूद कर दिया गया। सीजफायर उल्लंघन के तीन घंटों के भीतर पाक सेना को इतनी भारी क्षति पहुंचाने के लिए भारतीय पक्ष को भी थोड़ा सा नुक्सान सहना पड़ा है जिसका आंकड़ा फिलहाल सरकारी तौर पर उपलब्ध नहीं है पर कुछ नागरिक ठिकाने जरूर क्षतिग्रस्त हुए थे।

देशबन्धु

रायपुर, सोमवार 12 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## युद्धविराम का असली खेल

पिछले बुधवार को शुरु हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश में एक नया जोश और उम्मीद जागी थी कि अब आतंकवाद के पीड़ितों को इंसाफ मिलेगा और पहलगाम हमले का करारा जवाब पाकिस्तान को दिया जाएगा। इस ऑपरेशन के बाद सरकार की तरफ से यही कहा भी गया कि न्याय कर दिया गया। लेकिन फिर पाकिस्तान की तरफ से आक्रमण शुरु हुए, उनका भी माकूल जवाब भारतीय सेना ने दिया। हालांकि इनमें सीमा पर बसे नागरिकों को जान-माल का काफी नुकसान हुआ, लेकिन देशभक्ति और राष्ट्रवाद के नाम पर इन पर सरकार से सवाल करना गुनाह मान लिया गया। इस बीच शनिवार शाम को अचानक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खबर दी कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान दोनों पक्षों से लंबी चर्चा की है और उनकी मध्यस्थता के कारण अब युद्धविराम हो गया है। युद्ध खत्म होगा, इस बात पर राहत तो महसूस हुई, लेकिन यह राहत क्षणिक ही थी क्योंकि कुछ ही देर में पाकिस्तान की तरफ से हमले फिर शुरु हो गए। और फिर शनिवार देर रात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने अपने राष्ट्र को संबोधित करते हुए बताया कि उनकी ऐतिहासिक जीत हुई है। यह झटका काफी नहीं था कि रविवार सुबह डोनाल्ड ट्रंप का एक और ट्वीट आ गया, जिसमें ट्रंप ने दावा किया कि अब वह हजारों सालों से चले आ रहे कश्मीर विवाद को भी सुलझाने में मदद करेंगे।

देश ने पहले भी पांच युद्ध देखे हैं, कई बड़े आतंकी हमलों के जख्म खाए हैं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के खिलाफ हुई साजिशों को झेला है, लेकिन शनिवार से लेकर रविवार तक जितने झटके देश को मिले, ऐसा शायद कभी नहीं हुआ। इनमें सबसे अधिक दुख की बात यह रही कि इतना कुछ होता रहा और नरेन्द्र मोदी का एक लाइन का ट्वीट, एक वाक्य का राष्ट्र के नाम संबोधन सुनाई नहीं दिया। कम से कम रविवार शाम साढ़े छह बजे तक तो यही स्थिति थी।

देश में अब तक जो नहीं हुआ, वो नरेन्द्र मोदी ने मुमकिन कर दिखाया। श्री मोदी ने देश की संप्रभुता को दांव पर लगाते हुए अमेरिका को हमारे मामले में दखलंदाजी की अनुमति दे दी। जिस अंदाज में ट्रंप ने सीज़फायर को लेकर दावे किए उससे तो यही लगता है।

भारत शांतिप्रिय देश है, बावजूद इसके भारत 1947, 1962, 1965, 1971, और 1999 पांच बार युद्ध का हिस्सा बना। इसमें 62 के चीन के आक्रमण में भारत को हार मिली, लेकिन बाकी सारे युद्ध जो पाकिस्तान के साथ लड़े गए, उसमें हमें जीत हासिल हुई। भारत ने यह हमेशा सुनिश्चित किया कि कोई तीसरा देश हमारे मामले में दखलंदाजी न करे। लेकिन इस समय 2025 में पाकिस्तान के साथ जो युद्ध की स्थिति बनी, उसमें पहले तो ऑपरेशन सिंदूर चला कर नरेन्द्र मोदी ने यह बताया कि उनकी सरकार पहले की नीतियों पर ही चलेगी और हमले पर जवाबी कार्रवाई करेगी। लेकिन सात मई को हुए आपरेशन सिंदूर में मिली सफलता के महज 3 दिन बाद ही ट्रंप ने 10 मई की शाम को अचानक दुनिया को संदेश दिया कि उनकी मध्यस्थता के कारण दोनों देश युद्धविराम पर सहमत हुए हैं। 78 सालों में कभी किसी देश ने इस तरह भारत के नाम पर अपना बयान जारी नहीं किया। यहां तक कि रूस ने भी कभी भारत के साथ दोस्ती का ऐसा नाजायज फायदा नहीं उठाया, लेकिन ट्रंप ने ऐसा किया तो जाहिर है नरेन्द्र मोदी से सवाल हो रहे हैं कि वो पूरे मामले की सच्चाई बताएं। क्या उन्होंने ट्रंप को मध्यस्थता करने कहा, अगर ऐसा है तो फिर उस विपक्ष को भरोसे में क्यों नहीं लिया, जो शुरु से इस मुद्दे पर सरकार के साथ खड़ा है। कांग्रेस की तरफ से फिर से संसद का विशेष सत्र बुलाने और सर्वदलीय बैठक में नरेन्द्र मोदी के शामिल होने की मांग की गई है, लेकिन ऐसा लगता नहीं कि सरकार विपक्ष की बात सुनेगी।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने तो राष्ट्र के नाम संबोधन में इसे पाकिस्तान की ऐतिहासिक जीत कहा, लेकिन श्री मोदी ने तब भी देश को यह नहीं बताया कि भारत अगर जीत का दावा कर रहा है तो फिर पाकिस्तान हार क्यों नहीं मान रहा। अपने संबोधन में शरीफ ने अमेरिका, ब्रिटेन, कतर, सऊदी अरब, तुर्किए, और चीन सबका शुक्रिया अदा किया। ऐसे में भारत को बताना चाहिए कि अगर ये सारे देश पाकिस्तान के साथ खड़े थे तो क्या इन्होंने भारत का विरोध किया है।

दरअसल सीज़फायर के बहाने कश्मीर के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय दखलंदाजी का खेल रचा गया है और इसमें जाहिर हुआ है कि नरेन्द्र मोदी कूटनीतिक मोर्चे पर बुरी तरह पिछड़ चुके हैं। ट्रंप कश्मीर विवाद को जिस तरह भारत-पाक के बीच हज़ारों सालों का मुद्दा बता चुके हैं, यह न केवल तथ्यात्मक तौर पर गलत है, बल्कि बेहद शर्मनाक भी है कि कश्मीर के संवेदनशील मुद्दे को ट्रंप इतने हल्के तरीके से पेश कर रहे हैं। हजारों सालों से विवाद की बात कहकर वे भारत की छवि भी बिगाड़ रहे हैं, क्योंकि भारत का इतिहास ऐसा नहीं रहा है कि वह किसी और की जमीन को जबरन अपना बता कर कब्जा करे। यह काम अमेरिका और ब्रिटेन जैसे साम्राज्यवादी देशों का रहा है, लेकिन ट्रंप भारत का अपमान लगातार कर रहे हैं और मोदी इस पर कुछ नहीं कह रहे।

इन हालात में इंदिरा गांधी को लोगों ने याद करना शुरु किया, जिन्होंने 71 के युद्ध में अमेरिका की धरती से ही अमेरिका को चेतावनी दे दी थी कि हमारे मामले में टांग अड़ाने का उन्हें कोई हक नहीं है। अमेरिका ने तब जो धमकियां दीं, इंदिरा गांधी ने उनका कड़ा जवाब दिया, पाकिस्तान को हराया और उसके दो टुकड़े करके दुनिया का भूगोल बदल दिया। ऐसा कमाल भारत के किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया। मगर मोदी भक्तों को इंदिरा गांधी की वीरता से भी तकलीफ हो रही है। वो सवाल कर रहे हैं कि अगर ऐसा ही था तो फिर देश पर कई आतंकी हमले क्यों हुए। ऐसी मूर्खतापूर्ण बातों का कोई जवाब नहीं हो सकता। लेकिन अफसोस होता है ये देखकर कि मोदी के महिमामंडन में लगे ये भक्त नुमा पत्रकार अनजाने में अपने देश के लिए कृतघ्न हो रहे हैं।

# कश्मीर : अमेरिकी दबाव के सामने मोदी खामोश

**क्या** प्रधानमंत्री मोदी युद्धविराम की तरह कश्मीर पर भी किसी समझौते को मान जाएंगे? बहुत बड़ा सवाल!

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा ट्वीट बहुत खतरनाक है। इसमें वे स्पष्ट रूप से कश्मीर के मामले में मध्यस्थता की बात कर रहे हैं। भारत हमेशा कहता रहा है कि यह द्विपक्षीय मसला है और भारत किसी तीसरे को इसमें शामिल नहीं करेगा। शिमला समझौता में यह सबसे अहम बात है। उसके बाद कई बार पाकिस्तान ने कभी संयुक्त राष्ट्र, कभी अमेरिका, कभी चीन के जरिए मध्यस्थता करवाने की कोशिश की मगर भारत ने कभी स्वीकार नहीं किया।

इन्दिरा गांधी जिन्हें अभी अमेरिका द्वारा घोषित युद्धविराम के बाद देश में सबसे ज्यादा याद किया जा रहा है उन्होंने 1971 का युद्ध जीतने के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भुट्टो को शिमला बुलाकर यह समझौता किया था। और उसमें लिखवाया था कि कश्मीर का मुद्दा दोनों देश मिलकर सुलझाएंगे। तीसरे किसी का दखल नहीं होगा।

लेकिन पहले युद्धविराम की अप्रत्याशित घोषणा और अब उसके बाद कश्मीर समस्या सुलझाने का दावा बता रहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप का दबाव काम कर गया है। पाकिस्तान का उसमें आना कोई खास बात नहीं। उसके पास क्या है? 75 साल में उसने क्या हासिल किया? आज चीन उसके साथ था और वह भी उसके नहीं भारत से दुश्मनी की वजह से और अमेरिका उसे टूटने नहीं देना चाहता था इसलिए उसने युद्ध विराम करवाकर उसे बचा लिया, नहीं तो पाकिस्तान कितने दिन और भारत से लड़ पाता?

वहां के शासक इसे समझते हैं। लेकिन अपने देश की जनता को उलझाए रखने के लिए युद्ध विराम के बाद भी गोलाबारी, ड्रोन अटैक करते रहे। केवल यह बताने के लिए कि हम लड़ सकते हैं। और ठीक यही बात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने अपने देश को संबोधित करते हुए कही। झूठी शान बताते हुए कि-हमारे सेना ने यह कर दिया वह कर दिया वे केवल जंग का महिमामंडन करते रहे।

जैसे युद्ध जिन्दगी के लिए सबसे जरूरी चीज है। इसी तरह की जज्बाती बातों ने पाकिस्तान की अवाम को 75 साल से उलझाए रखा है। और वे ऐसे ही रहें इसमें पाकिस्तान के नेताओं का दोष तो है ही चीन और अमेरिका भी यही चाहता है।

पाकिस्तान की जनता को देखना होगा कि चीन और अमेरिका जो उसके दोस्त हैं कितनी तरक्की कर चुके हैं और उनका मुल्क वहीं का वहीं है। भारत के साथ आजाद हुआ था। भारत हर क्षेत्र में कहीं से कहीं निकल गया लेकिन पाकिस्तान अभी भी कर्जा लेकर अपने खर्चे चलाने पर मजबूर है। अभी आईएमएफ से 12 हजार करोड़ रुपए अमेरिका ने दिलवाए।

इसलिए कश्मीर पर पाकिस्तान का मान जाना कोई खास बात नहीं है। लेकिन भारत अगर मध्यस्थता स्वीकार कर लेता है तो यह बहुत बड़ी बात होगी। अभी तक कि स्वतंत्र विदेश नीति के बिल्कुल उलट। भारतीय हितों के विपरीत। भारत की संसद के दोनो सदनों ने 22 फरवरी 1994 को सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास किया था कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। और जिस हिस्से पर पाकिस्तान ने कब्जा कर रखा है वह भी। याद रहे यह प्रस्ताव उस समय की कांग्रेस सरकार ने उस समय पास करवाया था जब जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा चलाए जा रहे आतंकवाद का सबसे भीषण समय था। पाकिस्तान एक तरफ कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां चला रहा था दूसरी तरफ दुनिया में यह झूठा प्रचार कर रहा था कि भारत दिल्ली में बैठकर कश्मीरियों पर शासन कर रहा है।



शकील अख्तर

> **कश्मीर पर पाकिस्तान का मान जाना कोई खास बात नहीं है। लेकिन भारत अगर मध्यस्थता स्वीकार कर लेता है तो यह बहुत बड़ी बात होगी। अभी तक कि स्वतंत्र विदेश नीति के बिल्कुल उलट। भारतीय हितों के विपरीत। भारत की संसद के दोनो सदनों ने 22 फरवरी 1994 को सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास किया था कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।**

जबकि हकीकत यह थी कि पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों के कारण वहां चुनाव नहीं हो पा रहे थे। मगर भारत वहां राजनीतिक प्रक्रिया चला कर चुनाव का माहौल तैयार कर रहा था। ऐसे समय में अन्तरराष्ट्रीय जगत को सही स्थिति बताने के लिए केन्द्र सरकार ने अपना एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र भेजा। और जानते हैं उसका नेता किस को बनाया। विपक्ष के नेता को।

क्यों? ताकि यह संदेश जाए कि पूरा भारत कश्मीर के मामले में एक है। अटल बिहारी वाजपेयी को दल का अध्यक्ष बनाया और जम्मू कश्मीर के नेता फारुक अब्दुल्ला को उस दल में शामिल किया। आज कांग्रेस बिना शर्त सरकार को पूरा समर्थन दे रही थी। पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद से ही। मगर जब बिल्कुल युद्ध जैसा माहौल हो गया तो सत्तारुढ़ पार्टी बीजेपी वीडियो जारी करके यह बताने लगी कि कांग्रेस के प्रधानमंत्री कितने कमजोर थे।

अब कमजोर थे ताकतवर थे पता नहीं मगर कश्मीर पर किसी की मध्यस्थता स्वीकार करना तो बड़ी बात किसी को इस पर बात भी करने की इजाजत नहीं देते थे। देश एक बहुत अनिश्चित मोड़ पर खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी बिल्कुल खामोश हैं। पहलगाम के बाद दो आल पार्टी मीटिंग हुईं मगर एक में भी प्रधानमंत्री नहीं आए। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दोनों में मौजूद थे। जबकि उनसे कहा गया कि जब नेता सत्ता पक्ष नहीं आ रहा हो तो नेता प्रतिपक्ष को जाने की क्या जरूरत? मगर राहुल ने अपनी जिम्मेदारी को समझा और वहां जाकर दोनों बार सरकार को पूरा समर्थन देने का भरोसा देकर आए।

लेकिन अब एक अचानक अमेरिका द्वारा युद्ध विराम और फिर दूसरा कश्मीर पर अमेरिका की मध्यस्थता राहुल को बोलने पर मजबूर करेगी। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर उनका दायित्व है। कश्मीर का मामला बहुत नाजुक है। भारत की भावनाओं से जुड़ा है। इसमें अचानक कोई तीसरा देश दखल देने की कोशिश करे यह भारत के लोगो को कभी स्वीकार नहीं होगा।

प्रधानमंत्री मोदी को इस पर अपना रुख साफ करना चाहिए। अभी अचानक युद्धविराम से देश हतप्रभ है। शांति सब चाहते हैं। मगर उसकी घोषणा हम करते तो बात दूसरी थी। अभी जिस भाषा में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बात कर रहे हैं वह नहीं होती। उनकी भाषा लिखने योग्य भी नहीं है। ट्रोलों जैसी। घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। भारत चीखने लगा! यह एक प्रधानमंत्री की भाषा होती है? अपनी जनता को बेवकूफ बनाने की कोशिश। उसके समर्थक चीन और अमेरिका भी जानते हैं कि पाकिस्तान युद्ध में ज्यादा दिन भारत के सामने टिक नहीं पाएगा। इसलिए उन्होंने युद्धविराम करवाया। पाकिस्तान को बचाने के लिए।

मगर अब कश्मीर पर बात लाकर ट्रंप ने किसी बड़े गेम के संकेत दे दिए हैं। यह अमेरिका के, चीन के, पाकिस्तान के फायदे में हो सकता है। मगर भारत के नहीं। किसी दबाव में कश्मीर पर बात करना उसके स्वाभिमान के खिलाफ है।

मोदीजी को स्टेंड लेना पड़ेगा। नहीं तो देश लेगा। अगर ट्रंप और मोदी यह समझते हैं कि वे कश्मीर पर कोई फैसला ले सकते हैं तो भारी भूल कर रहे हैं।

ऊपर बताया ही इसीलिए कि यह 22 फरवरी 1994 का संसद के दोनों सदनों का सर्वसम्मत प्रस्ताव है। इसमें कोई फेरबदल नहीं हो सकता। और अगर कश्मीर पर कोई बात करना है तो पहले संसद से इसकी अनुमति लेना होगी।

विपक्ष पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद से ही संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहा है। ट्रंप के ताजा बयान कश्मीर के बाद फिर यह मांग दोहराई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है।

मोदी के लिए यह समय बहुत मुश्किल है। अचानक युद्धविराम को उनके समर्थक भी धोखा मान रहे हैं। इससे पहले जातिवार गणना की घोषणा से भी उन्हें बहुत धक्का लगा था। जिसे वे राष्ट्रविरोधी, अरबन नक्सल का अजेंडा, भारत को तोड़ने की साजिश बताते घूम रहे थे वही उनके नेता ने कर दिया।

उस सदमे से वे उबरे नहीं थे कि ट्रंप ने पहले युद्धविराम और फिर कश्मीर पर मध्यस्थता की घोषणा कर दी। मोदी की छवि पर बहुत विपरीत प्रभाव पड़ा है। वे खामोश हैं। उनके पास कोई जवाब नहीं है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# युद्ध : विनाश का वैश्विक व्यापार

■ **विवेकानंद माथने**

युद्ध मानव सभ्यता के इतिहास का एक दुखद, लेकिन महत्वपूर्ण अध्याय रहा है। प्राचीन काल से लेकर आज तक, भले ही युद्धों के स्वरूप बदलते रहे हों, परंतु उनके मूल कारण आज भी वही हैं-सत्ता की लिप्सा, प्रभुत्व की चाह और संकुचित राष्ट्रवाद। महाभारत का महासंग्राम हो या प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध, हर संघर्ष के बाद शेष रह जाती हैं, केवल लाशें, उजड़े नगर, बिखरे सपने और मानवता की हार। विडंबना यह है कि आज जब विज्ञान और तकनीक नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुकी है, तब भी दुनिया युद्ध के उन्माद से ग्रस्त है, संकुचित राष्ट्रवाद का ज्वर चढ़ा है, हर देश दूसरे को आंखें दिखा रहा है, मानो एक-दूसरे के खून का प्यासा हो। परिस्थितियां धीरे-धीरे तीसरे विश्वयुद्ध की ओर बढ़ रही हैं।

यूक्रेन, जो कभी सोवियत संघ का हिस्सा था, अब 'नार्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन' (नाटो) से जुड़ना चाहता है। 'नाटो' ने रूस को घेरने की मंशा से यूक्रेन का समर्थन किया और यह टकराव युद्ध में बदल गया। यह संघर्ष तीन साल से जारी है। यूक्रेन के शहर खंडहरों में तब्दील हो गए हैं और बुनियादी ढांचे ध्वस्त हो गए हैं। अब तक दोनों पक्षों के कुल 1.90 लाख से अधिक सैनिक मारे गए और 2.80 लाख से अधिक घायल हुए हैं। यूक्रेन की 1.43 करोड़ आबादी विस्थापित हो चुकी है, जिनमें से 65 लाख से अधिक शरणार्थी बनकर विदेश चले गए हैं और शेष अपने ही देश में दर-दर भटक रहे हैं। यूक्रेन की अर्थव्यवस्था चरमरा चुकी है, वहीं पश्चिमी प्रतिबंधों के चलते रूस की अर्थव्यवस्था भी गंभीर दबाव में है।

'हमास' के हमले और नागरिकों को बंधक बनाए जाने के जवाब में इज़राइल ने गाज़ा पर भीषण हमला किया। इस बदले की आग में हज़ारों निर्दोष लोगों की जानें गईं और लाखों घायल हुए, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। गाज़ा के करीब 19 लाख लोग विस्थापित हो चुके है, 70प्रतिशत से अधिक आवास नष्ट हो चुके हैं और अस्पताल, स्कूल, पानी और बिजली व्यवस्था का लगभग 90प्रतिशत ढांचा पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। भोजन और पानी जैसी बुनियादी ज़रूरतों का भी गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

सूडान में 2023 से सेना और 'रैपिड सपोर्ट फोर्स' (आरएसएफ) के बीच जारी संघर्ष में 61,000 से अधिक लोग मारे गए और 1.2 करोड़ विस्थापित हुए हैं। म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के बाद गृहयुद्ध छिड़ा, जिसने लाखों को शरणार्थी बना दिया। यमन में 2014 से जारी युद्ध ने 68प्रतिशत आबादी को मानवीय सहायता पर निर्भर कर दिया। इथियोपिया में 'टिग्रे संघर्ष' ने हजारों की जान ली और लाखों को भुखमरी की कगार पर पहुंचा दिया। इराक, लेबनान और अफगानिस्तान के ज़ख्म आज भी हरे हैं।

हर युद्ध की सबसे बड़ी कीमत आम आदमी चुकाता है। जान-माल के नुकसान के साथ-साथ आम जीवन की बुनियादी ज़रूरतें और सामाजिक प्रगति भी बुरी तरह प्रभावित होती है। सरकारें शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीबी-उन्मूलन जैसे जनकल्याणकारी क्षेत्रों के बजट में कटौती कर रक्षा खर्च बढ़ा देती हैं, जिससे आम जनता का जीवन और भी कठिन हो जाता है। भूख, बेरोजगारी और असमानता बढ़ती है। युद्ध का अंजाम केवल विनाश होता है, फिर भी युद्ध क्यों जारी रहते हैं? इसे क्यों नहीं रोका जाता? आखिर कौन हैं वे, जो युद्ध से लाभ उठा रहे हैं? दरअसल, युद्ध केवल दो देशों के बीच का संघर्ष नहीं होता, यह एक सुनियोजित योजना का हिस्सा होता है, जिसमें कुछ ताकतें पर्दे के पीछे से भारी लाभ कमाती हैं।

युद्ध के पीछे असली कारण संसाधनों पर कब्जा, हथियारों की बिक्री, मंदी से जूझती अर्थव्यवस्था को गति देना और सत्ता को मजबूत करना होता है। तेल, खनिज, जल, जमीन और श्रम पर नियंत्रण पाने के लिए बार-बार लड़ाइयां लड़ी गई हैं। अमेरिका और यूरोपीय राष्ट्रों द्वारा यूक्रेन को हथियार देना एकतरफा नहीं है, बल्कि इसके पीछे यूक्रेन के संसाधनों और क्षेत्रीय प्रभाव पर पकड़ बनाने का रणनीतिक लक्ष्य भी है। इन युद्धों ने पुराने हथियारों के भंडार खाली कर दिए हैं। 'एआई ड्रोन,' 'हाईपरसोनिक मिसाइलें' और साइबर हथियार जैसी नई तकनीकों वाले हथियार भी आज़माए गए हैं। युद्ध एक ऐसी 'लाइव टेस्टिंग लैब' बन चुका है, जहां नए हथियारों को परखा जाता है और उनके लिए बाज़ार तैयार किया जाता है।

अब सभी देश हथियारों की दौड़ में शामिल हो गए हैं। इससे रक्षा उद्योग के लिए एक बड़ा बाजार खड़ा हुआ है। अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और जर्मनी जैसे देश बड़े हथियार निर्यातक हैं। युद्ध उनकी अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत कर रहा है। पारंपरिक हथियारों से लेकर परमाणु, जैविक और अब 'आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस' (एआई) आधारित स्मार्ट हथियारों तक, यह उद्योग युद्ध पर ही टिका है। 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सीपरी) की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में वैश्विक सैन्य खर्च 2.70 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

> **हर युद्ध की सबसे बड़ी कीमत आम आदमी चुकाता है। जान-माल के नुकसान के साथ-साथ आम जीवन की बुनियादी ज़रूरतें और सामाजिक प्रगति भी बुरी तरह प्रभावित होती है। सरकारें शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीबी-उन्मूलन जैसे जनकल्याणकारी क्षेत्रों के बजट में कटौती कर रक्षा खर्च बढ़ा देती हैं, जिससे आम जनता का जीवन और भी कठिन हो जाता है।**

विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाएं जब भी आर्थिक संकट और मंदी से गुजरती हैं तब युद्ध उनके लिए एक अवसर बन जाता है। हथियारों की खपत बढ़ती है, पुराना स्टॉक खाली होता है और नए उत्पादनों का बाजार तैयार होता है। अमेरिका, रूस, फ्रांस जैसे देश पुराने हथियारों को युद्ध में झोंककर अपनी सैन्य उत्पादन प्रणाली को पुनर्जीवित करते हैं। युद्ध उनके आर्थिक पुनरुद्धार की रणनीति बन जाता है।

हाल की पहलगाम जैसी आतंकी घटनाएं निस्संदेह बहुत पीड़ादायक हैं, लेकिन यह भी सोचने की ज़रूरत है कि क्या इन हमलों के पीछे खडी बड़ी ताकतें दोनों देशों को युद्ध के रास्ते पर धकेलना चाहती हैं? जनता का आक्रोश जायज़ होते हुए भी, यह प्रश्न जरूरी है कि क्या ये हमले केवल आतंकियों के हैं या कोई और ताकत इन्हें अंजाम देकर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की ज़मीन तैयार कर रही है?

वे जानते हैं कि कोई भी बड़ा देश आम जनता के समर्थन के बिना युद्ध नहीं लड़ सकता। पहलगाम जैसे आतंकी हमलों से उत्पन्न संवेदना का दोहन करना आसान होता है। युद्ध कई बार राष्ट्र की अस्मिता से जोड़ दिया जाता है। युद्ध के पहले ऐसी परिस्थितियां तैयार की जाती हैं कि शांति और सह-अस्तित्व में विश्वास रखने वाले लोग भी युद्ध के समर्थन में खड़े हो जाते हैं। संकुचित राष्ट्रवाद को उकसाने में कॉर्पोरेट मीडिया और सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका है। फेक न्यूज़, उग्र भाषण और भावनात्मक उन्माद फैलाकर जनता को युद्ध के समर्थन में खड़ा कर दिया जाता है। लोग भ्रमित होकर प्रतिशोध की आग में युद्ध को न्याय समझने लगते हैं।

यदि यह उन्माद तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ा, तो निश्चित ही जैविक, परमाणु और 'एआई' आधारित विध्वंसक प्रणालियों का प्रयोग होगा। यह ऐसी तबाही ला सकता है जिसकी कल्पना भी भयावह है और जिसके परिणाम पूरी मानवता को सदियों भुगतने पड़ेंगे। इसलिए जरूरी है कि हम युद्धोन्मादी नेताओं, उकसाने वाले मीडिया संस्थानों और हथियार बेचने वाले देशों के खिलाफ एकजुट होकर युद्ध को ही चुनौती दें। यह लोगों की ज़िम्मेदारी है कि वे युद्ध को नकारें और शांति का रास्ता चुनें। विनाश नहीं, जीवन चुनें!

**(लेखक 'आजादी बचाओ आंदोलन' एवं 'किसान स्वराज आंदोलन' से संबद्ध हैं।)**

## आपके पत्र

### विदेशी धरती पर पोषित आतंकवाद अब भारत नही सहेगा

भारत-पाकिस्तान के संघर्ष विराम में भारत ने वो सब कुछ पा लिया है,जिसकी कल्पना नहीं की गई। पहलगाम आतंकी घटना के बाद ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने एक देश के रूप में पाया है वह बहुत बड़ा है। भारत ने इसके पूर्व आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है।2016 में सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 में एयर स्ट्राइक भी इसी सरकार ने की है।मोदी के पहले पूर्ववर्ती सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। सेना को पहले गोली चलाने का भी आदेश नहीं था इसलिए आतंकी फौजी पर सीधा हमला करते थे। भारत ने यह संकल्प दोहराया है कि आतंकवाद नहीं रुका तो फिर घर में घुसकर मारेंगे। पहलगाम की घटना के बाद मोदीजी से देश की अपेक्षा थी और देश यह देखना चाहता था कि मोदी आतंकी घटना के बाद क्या कारवाई करते हैं।

ऑपरेशन सिंदूर की इस ऐतिहासिक घटना में सौ से ज्यादा आतंकवादी मारे गए जिसमे अधिकांश आतंकवादी भारत के मोस्टवांटेड थे। पाकिस्तान को अब मालूम हो चुका है कि भारत अब आतंकवाद नहीं सहेगा। जिस तरह दुनिया में एक तुर्किये ने पाकिस्तान को समर्थन देने के लिए तैयार हुआ, उसके बाद पाकिस्तान का मनोबल टूट गया। आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया पाकिस्तान के खिलाफ है।सरकार ने यह संदेश दिया है कि आतंकवाद की घटना को युद्ध समान माना जाएगा और उसी के अनुरूप माना जायेगा। संघर्षविराम से पहले भारत ने अपनी शर्त जाहिर कर दी। सिंधु जल पर अभी सहमति नहीं बनी है। अभी बारिश की सीजन है। इस वर्ष पाकिस्तान को पानी की इतनी परेशानी नहीं होगी। लेकिन दिवाली के समय में गले तर करने के लिए पानी नहीं मिलेगा। तब पाकिस्तान को समझ आएगा। उस समय भारत की एक ही शर्त होगी कि आतंकवादियों को भारत के हवाले किया जाए। भारत अब अपने हितों को साधने का ही कार्य करेगा। भारत ने खोया कुछ भी नहीं है, इस ऑपरेशन सिंदूर से पाया ही पाया है। कश्मीर का राग अलापना भी बन्द हो जाएगा। भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के खिलाफ दिखाया था,वह अद्भुत था। पाकिस्तान की घबराहट दुनिया साफ देख पा रही थी। इस बीच चीन छुपे रुस्तम की भूमिका में था। वो देखना चाहता है कि भारत के पास आधुनिक मिसाइलें की मारक क्षमता कितनी है। इस पर चीन की सिट्टी पिट्टी गुम हो गई है। सैनिकों की दृढ़ संकल्प,सटीक रणनीति और कुशल नेतृत्व के साथ पाकिस्तान पर कार्रवाई की थी, वह अकल्पनीय थी। भविष्य में आतंकी मुंह उठाने के लिए सौ बार विचार करेंगे। भारत ने आतंकियों पर कार्रवाई की थी,लेकिन पाकिस्तान को उकसावे के कारण युद्ध जैसे हालात बन गए। देश के अंदर अब राजनैतिक जंग शुरू होने वाला है। विपक्षी दल अपने-अपने विचारों और रंगमंच के सरताज बनने के लिए मीडिया के समक्ष हमला जरूर बोलेंगे। लेकिन सैनिकों की इस कार्रवाई पर कुछ नहीं बोलेंगे। मोदी सेना की हर कार्रवाई पर चट्टान की तरह खड़े दिखे। नागरिकों पर हो रहे हमले पर भारत सटीक रवैया अपनाएगा। भारत किसी भी तरह आतंकवाद को सहेगा नहीं। वैश्विक स्तर पर भारत ने यह संदेश दिया है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ हर कार्रवाई करने में सक्षम है। भारत कभी भी पीछे नहीं हटेगा। आतंकवाद के खिलाफ प्रतिबद्धता जताई गई है। भारत आतंकवाद को अब कभी नहीं सहन करेगा। पाकिस्तान को अब पोषित आतंकवाद पर विराम करने की जरूरत है, नहीं तो पाकिस्तान को बहुत कुछ सहन करना पड़ सकता है। पाकिस्तान को यह समझ लेना चाहिए कि अमेरिका बार-बार संघर्षविराम के लिए अपील नहीं कहेगा। इसलिए आतंकवाद को पालना बन्द कर देना चाहिए।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### उसने कहा था : युद्ध के बीच प्रेम की कथा

*'यह एक आश्चर्यजनक सत्य है कि भारतीय भाषाओं में युद्ध से संबंधित साहित्य नहीं के बराबर लिखा गया है। मैं अपने दिमाग पर जोर डालता हूं तो पहले एक उपन्यास याद आता है देवेश दास द्वारा लिखित 'रक्तराग'। यह उपन्यास दूसरे विश्वयुद्ध के बाद लिखा गया था। देवेश दास एक आईसीएस अफसर थे। इस उपन्यास के अलावा उन्होंने अन्य कोई साहित्यिक रचना की हो तो वह मेरी जानकारी में नहीं है। इसके कई साल बाद 1965 के युद्ध पर मनहर चौहान का उपन्यास 'सीमाएं' प्रकाशित हुआ जिसकी बहुत अधिक चर्चा नहीं हो पाई। आगे चलकर जगदीशचंद्र ने सैन्य अधिकारियों के जीवन पर केन्द्रित दो उपन्यास लिखे 'आधा पुल' और 'टुंडा लाट'। आधा पुल में सैनिक छावनी का विवरण है और 1971 के युद्ध की कुछ छवियां भी हैं। इस दुखांत उपन्यास के नायक का एक मार्मिक कथन बार-बार ध्यान आता है- जिस गोली पर मेरा नाम लिखा होगा, वह जब तक नहीं लगेगी, तब तक मैं नहीं मरूंगा। जगदीशचंद्र भारतीय सेना में जनसंपर्क अधिकारी थे, इस नाते उनके ब्यौरों में प्रामाणिकता का पुट मिलता है।'*

**(देशबन्धु में 30 अप्रैल 2015 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/04/blog-post_29.html

## प्रकाश पर्व

### तीसरे नानक गुरु अमरदास जी

आपका जन्म अमृतसर के पास बासर पिता तेजभान के गृहग्राम में माता लक्ष्मी बाई की कोख से हुआ था। आप अपने पिता की तरह हर साल तीर्थयात्रा पर जाते। एक बार आपके साथ एक ब्रह्मचारी भी साथ में थे। आपने उनकी रास्ते में हर प्रकार की सेवा भी करते रहे। भोजन इत्यादि पका कर खिलाते रहे परन्तु एक बार जब वे ब्रह्मचारी ने आप से पूछा कि आप के गुरु कौन हैं? तब आप निरुत्तर हो गए। तब ब्रह्मचारी क्रोधित हो गए कहा-निगुरे के हाथ का खाना खाकर मेरा धर्म नष्ट हो गया। इस बात से आप के मन को बहुत ठेस लगी और 22 साल से लगातार हरिद्वार की यात्रा बंद कर गुरु धारण करने की सोचने लगे। देवनेत से एक बार आपकी भतीजा बहू बीबी अमरोजी गुरु नानकदेव जी की वाणी का पाठ कर रही थीं-

करनी कागज मन मसवानी बुरा भला दोय लेख भये।
जिओ जिओ कीरत चलाए लिओं
तिओं तिओं चलिए तो गुण नांही अंत हरे।
चित चेतसि की नहीं बावरिआ हरि बिसरत तेरे गुण गलिआ।।

गुरवाणी की पंक्तियां सुनकर आप अपनी भतीजा बहू बीबी अमरो से पूछते हैं कि- बेटी यह पंक्तियां किसकी हैं जो आप पढ़ रही थी। तब उन्होंने बताया कि यह वाणी गुरु नानक देव जी की हैं। उनके गुरु परलोकगमन करने के बाद उनकी जगह मेरे पिता गुरु अंगद देव जी बिराजमान हैं। तब आप गुरु अंगद देव जी के दर्शन हेतु चल पड़े फिर वहां जाकर उन्हीं के होकर रह गए। उस वक्त आपकी आयु 62 वर्ष की थी। वहां आपने 12 वर्ष लगातार 2मील दूर ब्यास नदी से जल भर कर गुरुदेव को स्नान कराते। फिर सारा दिन लंगर की सेवा करते रहते। एक दिन अंधेरी रात में जल भर कर ला रहे थे तब एक जुलाहे के खड्डी में पैर अटकने के कारण आप गिर पड़े तब खटाक की आवाज सुनकर जुलाहे ने आवाज लगाई कौन? तब जुलाहे की पत्नी बोली अमरु निधावा ही होगा जो बेटे वाला होकर भी समधियों के घर में पड़ा रहता है। अमरदास जी यह बात सुनकर कहा कि कमलिये (पगली) मैं निधावां नहीं हूं। बस इतना कहना था कि जुलाहे की पत्नी पागल हो गई। तब रात की सारी घटना गुरुदेव को पता लगी तो आपने अमरदास को 12 वर दिये- आप निमानियों के मान, नितानियों के तान-निओटियों की ओट निआसरिओ के आसरे, निगतिओं की गति, निपतियों इत्यादि बारह वर दिये। जिस खड्डी की लकड़ी से पैर टकराए थे वहां आज हरा-भरा वृक्ष लहलहा रहा है।

इस तरह जब सब प्रकार से आपकी परिपक्वता की परीक्षा ले ली गई तब एक दिन आप को गुरु अंगद देव जी ने 19 मार्च सन् 1552 को गुरु गद्दी सौंपकर तीसरा नानक बना दिया और यह आदेश दिया कि- आप गोइंदवाल में बिराजमान हो जाएं। गुरुदेव ने गुरु गद्दी संभालते ही पंगत संगत की प्रथा चालू की। पहले पंगत में भोजन फिर संगत में गुरुदेव के दर्शन। इस प्रकार से बादशाह अकबर को भी गुजरना पड़ा जब वे गुरु दर्शन को गोइंदवाल आये थे। अर्थात पहले उन्होंने पंगत में बैठ कर लंगर ग्रहण किया और उसके बाद संगत में जाकर गुरुदेव के दर्शन किये और उनसे वार्तालाप भी किया। आपकी शादी बीबी मनसा देवी से हुई थी आपकी चार संतानें हुईं जो भाई मोहनजी मोहरीजी बीबी दानी जी, बीबी भाणीजी जिन्हें गुरु घर की बेटी. गुरु पत्नी और गुरु मां बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आपने सती प्रथा का भी विरोध किया। धर्मप्रचार में आपने काफी रुचि दिखाई। गोइंदवाल में आपने चौरासी सीढ़ी वाली बावली का निर्माण करवाया। हर बार स्नान का प्रत्येक सीढ़ी में पाठ करने पर 84 लाख योनियों के चक्कर से निजात मिल जाती है। आप द्वारा रचित वाणी के 907 शब्द गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज है। आपके उपदेश थे- हर मानव को काम, क्रोध, लोभ मोहअहंकार पर काबू कर प्रभु सिमरन में मन रमाना चाहिए। 1 सितंबर 1874 को आपने अपने छोटे दामाद भाई जेठाजी को हर प्रकार से योग्य समझ कर चौथे नानक गुरु रामदास बनाकर इस असार संसार से विदा हुए।

आज प्रकाश पर्व पर उनके बताए आदर्शों पर चलकर जीवन व्यतीत करें।

**इंदर सिंह आहुजा**

# देश विदेश

## कनाडा की लिबरल पार्टी को हाउस ऑफ कॉमन्स में 170 वोट मिले, बहुमत से दो सीट पीछे

**ओटावा,** 11 मई (एजेंसियां)। कनाडा की लिबरल पार्टी ने न्यायिक पुनर्मतगणना के बाद एक और सीट हासिल प्राप्त की है जिससे वर्तमान में हाउस ऑफ कॉमन्स में उसकी सीटें 170 हो गई हैं, जो बहुमत से केवल दो सीट कम है। कनाडा ने शनिवार को पुनर्मतगणना के बाद टेरेबोन निर्वाचन क्षेत्र के मतदान परिणामों को अपनी वेबसाइट पर जारी किया। लिबरल उम्मीदवार केवल एक वोट से जीता। इससे पहले, ब्लॉक क्यूबेकॉइस की मौजूदा नथाली सिंक्लेयर-डेसगैन ने लिबरल की तातियाना ऑगस्टे को 44 वोटों से हराया था। पुनर्मतगणना के बाद, ऑगस्टे को 23,352 वोट मिले, जबकि सिंक्लेयर-डेसगैन को 23,351 वोट मिले। परिणामों को एक न्यायाधीश द्वारा प्रमाणित किया गया है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने की संघर्ष विराम के लिए भारत-पाक की सराहना, कहा

# अमेरिका ने संघर्षविराम में निभाई मध्यस्थता की भूमिका

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद 10 मई को दोनों देशों ने संघर्षविराम की घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि यूएस ने इस संघर्षविराम में मध्यस्थता की भूमिका निभाई। ट्रंप ने संघर्ष विराम के लिए अपने ट्रुथ सोशल पर दोनों देशों के नेतृत्व की बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता की सराहना की।

उन्होंने पोस्ट में लिखा कि मैं भारत और पाकिस्तान की मजबूत और समझदार नेतृत्व की बहुत सराहना करता हूं, जिन्होंने समय रहते अपनी बुद्धि और धैर्य से यह समझ लिया कि अब लड़ाई को रोकना जरूरी है। क्योंकि, युद्ध से विनाशकारी परिणाम मिल सकते थे। लाखों अच्छे और निर्दोष लोग मारे जा सकते थे। आपके इस साहसी फैसले से आपका नाम और सम्मान बढ़ा है।

ट्रंप ने आगे लिखा कि मुझे गर्व है कि अमेरिका इस ऐतिहासिक और बहादुरी भरे फैसले में मदद कर सका। भले ही इस पर बात नहीं हुई है, लेकिन



**युद्ध से विनाशकारी परिणाम मिल सकते थे, लाखों अच्छे व निर्दोष लोग मारे जा सकते थे : डोनाल्ड ट्रंप**

**ड्रोन व मिसाइल हमलों के बाद 10 मई को दोनों देशों ने की संघर्षविराम की घोषणा**

मैं अब भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ व्यापार को काफी बढ़ाने का इरादा रखता हूं। साथ ही, मैं कश्मीर के मुद्दे पर भी दोनों देशों के साथ मिलकर कोई शांतिपूर्ण हल निकालने की कोशिश करूंगा, भले ही इसमें बहुत समय लगे। भारत और पाकिस्तान के नेतृत्व को इस अच्छे काम के लिए दिल से शुभकामनाएं।

बता दें कि 10 मई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को लेकर बड़ी घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि भारत-पाकिस्तान पिछले तीन दिनों से जारी संघर्ष पर तत्काल पूर्ण युद्ध विराम के लिए सहमत हो गए हैं। यह सहमति अमेरिका की मध्यस्थता से पूरी हुई है।

## भारत-नेपाल सुरक्षाकर्मियों ने सीमा पार घुसपैठ रोकने के लिए बढ़ाई निगरानी



**काठमांडू।** नेपाल और भारत के सुरक्षा बलों ने बर्दिया और भारत के बीच 83 किलोमीटर खुले सीमा क्षेत्र के 20 बिंदुओं पर निगरानी बढ़ा दी है ताकि घुसपैठ रोकी जा सके। इस क्षेत्र का अधिकतर हिस्सा भारत के कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य और घने वन क्षेत्रों से सटा हुआ है, जिन्हें उच्च जोखिम वाले क्षेत्र माना जाता है। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बर्दिया की मुख्य जिला अधिकारी रुद्रदेवी शर्मा ने कहा कि नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ), नेपाल पुलिस और भारत के सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की ओर से नो-मैन्स-लैंड में संयुक्त गश्त की जा रही है। गणेशपुर-लौकही कॉरिडोर को बर्दिया जिला प्रशासन कार्यालय ने उच्च जोखिम वाला क्षेत्र बताया है। सुरक्षा कड़ी करने के लिए वहां प्रवेश पर सख्त नियम लागू किए गए हैं, जिनके तहत लोगों को चेकपॉइंट्स पर अपनी पहचान दर्ज करानी होगी। यह कदम आपराधिक गतिविधियों जैसे अवैध सीमा पार आवागमन, फरारी अपराधी, मादक पदार्थों और मानव तस्करी जैसी चिंताओं के चलते उठाया गया है, जो स्थानीय और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं।

## संयुक्त राष्ट्र को भारत व पाकिस्तान के बीच स्थायी शांति की उम्मीद



**बीजिंग।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अपने प्रवक्ता के माध्यम से एक बयान जारी कर भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्धविराम समझौते का स्वागत किया। बयान में कहा गया कि गुटेरेस ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम समझौते का स्वागत किया और इसे मौजूदा शत्रुता को समाप्त करने तथा तनाव कम करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। गुटेरेस को उम्मीद है कि यह समझौता स्थायी शांति प्राप्त करने में मदद करेगा और दोनों देशों के बीच व्यापक, दीर्घकालिक मुद्दों को हल करने के लिए अनुकूल माहौल तैयार करेगा। संयुक्त राष्ट्र क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के प्रयासों का समर्थन करता है। 11 मई की सुबह से भारत में चिनाब नदी पर सालाल हाइड्रोपावर स्टेशन बांध के अधिकांश गेट पानी छोड़ने के लिए खोल दिए गए हैं। स्थानीय समयानुसार 10 मई को पाक प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध विराम समझौते का जश्न मनाते हुए एक राष्ट्रीय भाषण में कहा कि पाकिस्तान को शांतिपूर्ण बातचीत के माध्यम से भारत के जल संसाधन आवंटन और कश्मीर मुद्दे को हल करने की उम्मीद है।

### ईरानी विदेश मंत्री अराघची की अमेरिका को दो टूक, बोले

# हम अपने परमाणु अधिकार नहीं छोड़ेंगे

**दोहा,** 11 मई (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने ओमान में अपनी अप्रत्यक्ष वार्ता के चौथे दौर से एक दिन पहले स्पष्ट कर दिया कि उनका देश अमेरिका के साथ वार्ता में अपने परमाणु अधिकारों को लेकर अटल रहेगा।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि शनिवार को दोहा में चौथे अरब-ईरानी वार्ता सम्मेलन में अराघची ने दोहराया कि ईरान हमेशा से परमाणु अप्रसार का प्रतिबद्ध सदस्य रहा है और यूरेनियम संवर्धन सहित परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के अपने अधिकार को बनाए रखता है। उन्होंने पुष्टि की कि हम परमाणु हथियार नहीं चाहते हैं और सामूहिक विनाश के हथियारों का ईरान के सुरक्षा सिद्धांत में कोई स्थान नहीं है। यही इस कारण से, हम पश्चिम एशियाई क्षेत्र को परमाणु-हथियार-मुक्त क्षेत्र बनाने की दिशा में आगे बढ़े।

अराघची ने कहा कि ईरान अमेरिका के साथ-साथ अन्य देशों के साथ सद्भावनापूर्वक बातचीत करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि यदि इन वार्ताओं का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना



■ **ईरान ने सभी देशों के साथ सद्भावनापूर्वक बातचीत पर दिया जोर**

है कि ईरान परमाणु हथियार हासिल न करे, तो यह पूरी तरह से प्राप्त करने योग्य है, और समझौता आसानी से हो सकता है। हालांकि, यदि लक्ष्य ईरान को उसके परमाणु अधिकारों से वंचित करना या अन्य अवास्तविक मांगें थोपना है, तो ईरान इनमें से किसी भी अधिकार से पीछे नहीं हटेगा। ईरान ने बार-बार कहा है कि यूरेनियम संवर्धन का उसके अधिकार पर किसी तरह की बात नहीं हो सकती है और उसने कुछ अमेरिकी अधिकारियों के शून्य संवर्धन की मांग को खारिज कर दिया है।

## सूडान में जेल पर ड्रोन हमला, 19 कैदियों की मौत

**खार्तूम,** 11 मई (एजेंसियां)। सूडान के पश्चिमी हिस्से नॉर्थ कोर्दोफान राज्य के एल ओबैद शहर में स्थित केंद्रीय जेल पर शनिवार को ड्रोन हमले हुए। इसमें कम से कम 19 कैदियों की मौत हो गई और 45 से अधिक घायल हो गए। यह जानकारी एक चिकित्सा सूत्र और चश्मदीदों ने दी। एल ओबैद अस्पताल के एक चिकित्सा सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अस्पताल में 19 शव और 45 घायल लाए गए हैं। उसने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।



जेल भवन के पास मौजूद एक चश्मदीद ने बताया कि तीन ड्रोन ने पांच मिसाइलें दागीं, जिनमें से तीन सीधे जेल भवन और कैदियों के रहने वाले हिस्से पर गिरीं। एक अन्य चश्मदीद ने कहा कि जेल के अंदर राहत और बचाव कार्य अब भी जारी है और मृतकों और घायलों की संख्या आधिकारिक आंकड़ों से अधिक हो सकती है। अब तक इस घटना को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि आरएसएफ ने हाल ही में सूडानी सशस्त्र बलों के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में सैन्य ठिकानों और प्रमुख सुविधाओं पर ड्रोन हमले तेज कर दिए हैं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 12 मई, 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 15

### राशिफल

मेष - दांपत्यजीवन में मधुरता का अनुभव करेंगे। बाहर घूमने जाने और सुरुचिपूर्ण भोजन करने का अवसर मिल सकता है। आयात- निर्यात करने वाले व्यापारी अच्छा लाभ प्राप्त कर सकेंगे। किसी खोयी वस्तु के मिलने के योग हैं।

वृषभ - आपका आज का दिन शुभ फलदायक है। आप निर्धारित काम में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। आपके अधूरे काम पूरे होंगे। शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। ननिहाल से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे।

मिथुन - नए काम शुरू करने के लिए समय अच्छा नहीं है। आपको जीवनसाथी और संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। किसी के साथ चर्चा में स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है, सावधान रहना जरूरी है।

कर्क - आप में आज आनंद और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में खिन्नता रहेगी। छाती में दर्द या किसी कारण से तकलीफ होगी। अनिद्रा सताएगी। सार्वजनिक रूप से स्वाभिमान भंग न हो, इसका ध्यान रखें। धन खर्च होगा।

सिंह - कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, इससे प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ यात्रा करने का योग है।

कन्या - परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा।

तुला - आज आपकी रचनात्मक क्षमताएं प्रदर्शित होंगी। आप कुछ सृजनशील प्रवृत्तियां भी करेंगे। वैचारिक दृढ़ता के कारण सभी काम में आप सफल हो सकेंगे।

वृश्चिक - आज आपके विदेश में बसनेवाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। लाभ होगा। आमोद- प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे। दांपत्यजीवन में जीवनसाथी के साथ निकटता के पल व्यतीत कर सकेंगे।

धनु - आज का दिन आपके लिए लाभदायक हो सकेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। प्रिय व्यक्ति की मुलाकात बहुत यादगार साबित होगी। मित्रों के साथ घूमने जा सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन मिलने से मन खुश रहेगा।

मकर - व्यवसाय में आपकी आय तथा मान- सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

कुंभ - आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। हालांकि मानसिक स्वस्थता बनाए रख सकेंगे। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। इससे काम करने का उत्साह नहीं रहेगा।

मीन - आपको अचानक आर्थिक लाभ होने का योग बनेगा। व्यापारी अपना रुका हुआ पैसा वापस प्राप्त कर सकेंगे। शारीरिक तथा मानसिक रूप से अधिक काम करना पड़ सकता है। आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1459- राव जोधा ने जोधपुर की स्थापना की।
1666- पुरंदर की संधि के तहत छत्रपति शिवाजी महाराज औरंगजेब से मिलने आगरा पहुंचे।
1784- पेरिस समझौता प्रभावी हुआ।
1820- नर्सिंग को सम्मानजनक पेशा बनाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल का इटली के फ्लोरेंस में जन्म हुआ।
1847- विलियम क्लेटन ने ओडोमीटर का आविष्कार किया।
1915- क्रांतिकारी रासबिहारी बोस ने जापानी नौका सानुकी मारू पर सवार होकर भारत छोड़ा।
1965- इजरायल और पश्चिम जर्मनी ने राजनयिक संबंध शुरु करने के लिए पत्रों का आदान प्रदान किया।
1993- हिन्दी के जाने माने कवि शमशेर बहादुर सिंह का निधन।
2002- अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर फिदेल कास्त्रो के साथ बातचीत करने के लिए पांच दिन की यात्रा पर क्यूबा पहुंचे। कास्त्रो की 1959 क्रांति के बाद से क्यूबा की यात्रा करने वाले कार्टर अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने।
2008- चीन के सिचुआन में भूकंप से 87 हजार से अधिक लोगों की मौत। भूकंप से तीन लाख 74,643 लोग घायल हुए।
2008- जजों की बहाली के मामले पर कोई सहमति न बन पाने के कारण पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने साझा सरकार से हटने का फैसला किया।
2010- लीबिया में त्रिपोली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट अफ्रीकिया एयरवेज का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार 104 लोगों में से 103 लोगों की मौत।
2015- नेपाल में भूकंप से 218 लोगों की मौत और 3500 से अधिक घायल।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### ऑपरेशन सिंदूर में ...

हमारे 5 जवान शहीद हुए हैं। राजीव घई ने कहा 8-9 मई की रात को, पाकिस्तान ने सीमाओं के पार हमारे हवाई क्षेत्र में ड्रोन और विमान भेजने की हिमाकत की। बड़े पैमाने पर बुनियादी सैन्य ढांचे को निशाना बनाने के कई असफल प्रयास किए गए। पाकिस्तान ने जब नियंत्रण रेखा पर फिर से उल्लंघन किया तो भारत ने आर्टिलरी फायरिंग से मुंहतोड़ जवाब दिया।

**केवल आतंकवादियों को ही निशाना बनाने की बनाई रणनीति**

डीजीएमओ राजीव घई ने बताया कि सेना ने सीमा पार के आतंकी परिदृश्य को समझने के लिए बहुत मेहनत की। सुरक्षाबलों ने सूक्ष्मता से काम किया और आतंकी शिविरों और प्रशिक्षण स्थलों की पहचान की। कार्रवाई करने के लिए कई जगहें सामने आईं, लेकिन हमने गहन विचार-विमर्श किया, हमें एहसास हुआ कि इनमें से कुछ आतंकी केंद्र अब मौजूद नहीं हैं। हमने तय किया था कि हम केवल आतंकवादियों को ही निशाना बनाएंगे और आम नागरिकों के साथ-साथ दूसरे नुकसान को रोका जाएगा। खुफिया एजेंसियों ने नौ आतंकी शिविरों के बारे में पुष्टि की। इनमें से कुछ पाकिस्तानी कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में थे, जबकि कुछ अन्य पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में थे। मुरीदके लश्कर-ए-तैयबा का केंद्र है। पिछले कई वर्षों में यहां अजमल कसाब और डेविड हेडली जैसे कुख्यात लोगों को ट्रेनिंग मिली है। वहीं एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने कहा कि 8-9 मई की रात श्रीनगर से नलिया तक ड्रोन और एयरक्राफ्ट से हमला हुआ। उन्होंने जो टारगेट चुने थे उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा। यह हमला आधी रात तक जारी रहा। मिलिट्री या सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर पर नुकसान नहीं हुआ। वे लड़ाई चाहते थे और हम तैयार थे। हमने उनके मिलिट्री ठिकानों पर हमला किया। उनके लाहौर और गुंजरावाला के सर्विलेंस राडार ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद उनके ड्रोन अटैक सुबह तक जारी रहे, जिसका हमने जवाब दिया। लाहौर के करीब से ड्रोन अटैक लॉन्च किए गए थे। उन्होंने अपने और इंटरनेशनल पैसेंजर विमान एयर स्पेस में उड़ने दिए। तीनों सेनाओं के अधिकारी जब प्रेस ब्रीफिंग करने पहुंचे तो ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति चलाई गई। इसके माध्यम से भी भारतीय सेना ने स्पष्ट संदेश दिया। ऐसा इसलिए क्योंकि जिस बैकग्राउंड संगीत का इस्तेमाल किया गया वह- शिव तांडव स्तोत्र का है। एयरमार्शल एके भारती, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और मेजर जनरल एसएस शारदा ने भारतीय सेना की कार्रवाई पर जानकारी दी।

### आरोपी एसडीएम-तहसीलदार...

जिले के रहवासी हैं। भारतमाला परियोजना के लिए भू-अर्जन के नाम पर घोटाले की रकम 48 करोड़ रुपए है। ऐसे में गरियाबंद, जगदलपुर सहित धमतरी में भारतमाला परियोजना के नाम पर घोटाला किया गया होगा तो घोटाले की रकम कई गुना और बढ़ सकती है। ऐसे में जांच का दायरा और बढ़ जाएगा।

एक ही पैटर्न की आशंका-भारतमाला परियोजना के लिए किन इलाकों का भू-अर्जन किया जाना है, इसकी जानकारी लीक होने के बाद जमीन दलाल के साथ जमीन कारोबारी भी सक्रिय हो गए। इसके बाद जमीन दलाल और जमीन कारोबारियों ने राजस्व विभाग के अफसर, पटवारी, आरआई से साठगांठ कर किसानों से कम दर पर जमीन खरीदी और उसे टुकड़ों में बांटकर मोटी कमाई की। रायपुर के बाद जिन और नई जगहों पर किए गए भू-अर्जन में रायपुर पैटर्न में ही गड़बड़ी किए जाने की आशंका है।

### संसद का विशेष सत्र ...

भी अवसर होगा। मुझे विश्वास है कि आप इस मांग पर गंभीरतापूर्वक एवं शीघ्रता से विचार करेंगे। मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने पत्र में लिखा- आपको याद होगा कि मैंने, राज्य सभा में विपक्ष के नेता के रूप में तथा लोक सभा में विपक्ष के नेता के रूप में, आपसे पहलगाम में हुए अमानवीय आतंकवादी हमले के मद्देनजर संसद के दोनों सदनों का एक विशेष सत्र बुलाने के लिए अपने दिनांक 28 अप्रैल 2025 के पत्रों के माध्यम से अनुरोध किया था। नवीनतम घटनाक्रम के मद्देनजर, लोकसभा में विपक्ष के नेता ने आपको एक बार फिर पत्र लिखकर बताया है कि पहलगाम आतंकवाद, ऑपरेशन सिंदूर तथा पहले वाशिंगटन डीसी और बाद में भारत और पाकिस्तान की सरकारों की तरफ से की गई युद्ध विराम की घोषणाओं पर चर्चा करने के लिए संसद का एक विशेष सत्र बुलाने के लिए सभी विपक्षी दलों का सर्वसम्मति से अनुरोध है। राज्य सभा में विपक्ष के नेता के रूप में मैं इस अनुरोध के समर्थन में लिख रहा हूं। मुझे विश्वास है आप सहमत होंगे। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। जिसमें कई कुख्यात आतंकी भी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद चरम पर पहुंच गए। वहीं पाकिस्तान की तरफ से भारत के शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सभी को नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 14 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिए। इससे घबराए पाकिस्तान ने भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू कर लिया।

### पीएम आवास पर ...

चाहिए। पुलिस अधिकारियों ने रात-रात घर-घर जाकर अभियान चलाया था, उसका क्या हुआ? जहां चुनाव होते हैं, वहां पर बांग्लादेशी और पाकिस्तानी आ जाते हैं। बंगाल में चुनाव आने वाला है, इसलिए अब बांग्लादेशियों की बात होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री आवास पर चर्चा के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की चुनौती स्वीकार करते हुए कहा कि मंच, स्थान और समय तय कर लें, भूपेश बघेल चर्चा करने आ जाएगा। कांग्रेस के लोग चुनौती को स्वीकार करते हैं।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले पीएम आवास के लिए 1 लाख 30 हज़ार दिया जाता था, अब 1 लाख 20 हज़ार कर दिया गया है। विधानसभा में ढाई लाख देने की मांग भी किया है।

### राजधानी रायपुर में कंटेनर में ...

रफ्तार का कहर नजर आया था। एक तेज रफ्तार इंडिगो कार खंभे से टकराई और खंभे से टकराई कार में आग लगने से कार चालक की जलने से मौके पर मौत हो गई और कार सवार 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीती देर रात करीब 2 से 3 बजे के बीच इंडिगो कार सवार तीन युवक मैगी पाइंट माना से नया रायपुर घूमने निकले थे। सेक्टर 17 कोटराभाठा इलाके में उनकी तेज रफ्तार इंडिगो कार नया रायपुर में रफ्तार पर नजर रखने वाले सड़क पर लगे आईटीएमएस कैमरे के खंबे से टकरा गई जिससे कार के परखच्चे उड़ गए और कार में अचानक आग लग गई जिससे कार चला रहे 21 वर्षीय गौतम सतवानी निवासी शद्दानी दरबार बोरियाकला की कार में फंसे रह जाने से जिंदा जलने से मौत हो गई। दुर्घटनाग्रस्त कार में सवार प्रियांशु सचदेव और अभिराज सिंह कार से बाहर गिर गएए जिससे दोनों को गंभीर चोटे आई हैए जिन्हे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि नवा रायपुर में इस तरह का ये कोई पहला दर्दनाक सड़क हादसा नहीं है इससे पहले भी कई सड़क हादसो में लोगों की जान जा चुकी है। आपको बता दें कि नवा रायपुर के अलग.अलग इलाके 4 थानों के तहत आते हैं जिनमें रात्रिगश्त के कई दावे किये जाते हैं लेकिन इस हादसे से पुलिस के उन सभी दावों की हकीकत सामने आ गई है। फिलहाल मंदिर हसौद थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है।

### भारत-पाक के ...

और अडिग शक्तिशाली नेतृत्व पर बहुत गर्व है, क्योंकि उनके पास यह जानने और समझने की शक्ति, बुद्धि और धैर्य है कि वर्तमान आक्रामकता को रोकने का समय आ गया है, जो इतने सारे लोगों की मौत और विनाश का कारण बन सकती है। लाखों अच्छे और निर्दोष लोग मारे जा सकते थे। ट्रंप ने लिखा। उन्होंने कहा कि आपकी विरासत आपके साहसिक कार्यों से बहुत बढ़ी है। मुझे गर्व है कि अमेरिका आपको इस ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण निर्णय पर पहुंचने में मदद करने में सक्षम था। हालांकि इस पर चर्चा भी नहीं हुई है, लेकिन मैं इन दोनों महान राष्ट्रों के साथ व्यापार को काफी हद तक बढ़ाने जा रहा हूं। इसके अलावा, मैं आप दोनों के साथ मिलकर यह देखने के लिए काम करूंगा कि क्या 'हजार साल' के बाद कश्मीर के संबंध में कोई समाधान निकाला जा सकता है. भगवान भारत और पाकिस्तान के नेतृत्व को अच्छी तरह से किए गए काम के लिए आशीर्वाद दें।

### तीस राज्यों में ...

प्रदेश, महाराष्ट्र में तापमान 40 डिग्री के करीब रह सकता है। कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना में भी तापमान में 3-7 डिग्री बढ़ सकता है। साथ में उमस भी बढ़ेगी। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश के तापमान में कमी आने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड में हल्की बारिश हो सकती है। हिमाचल में बर्फबारी भी हो सकती है।

## सुडोकू 6910


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 7 | | 6 | |
| 2 | | | 9 | 5 | 6 | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| 8 | | 2 | 4 | | | 6 | | 7 |
| 4 | | | | 6 | | | | 3 |
| 5 | | 1 | | | 3 | 2 | | 4 |
| | | | | | | 3 | 1 | |
| | | 4 | 8 | 1 | 9 | | | 6 |
| | 7 | | 6 | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गो का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**


## वर्ग पहेली 6910



**बायें से दायें:-**
१. कूटनीतिज्ञ
४. जंगल की पैदावार
६. घर
७. दौड़ने वाला, धोबी, दूत
८. वेश्या
१०. जोड़ने वाला, संधि, मेल
११. गुत्थी, फंसाव, सोच, चिंता, कठिनाई
१३. लड्डू
१४. घूस, रिश्वत
१५. नुकसान के बदले दी जाने वाली रकम, क्षतिपूर्ति (उर्दू)
१७. दृष्टि, निगाह (उर्दू)
१९. दूर तक फैली हुई ऊंची और चौरस जमीन
२१. कमल
२२. अनुभवी, कुशल, विद्वान
२४. सूर्यपुत्री

**ऊपर से नीचे:-**
१. शासन, केंद्र
२. मनुष्य की खोपड़ी
३. ब्रह्मा, पद्मासन
४. जंगलों में रहना
५. बांस की तिलियों और कागज से बना खिलौना जिसे धागों से बांध कर हवा में उड़ाया जाता है
९. नाटक करने या लिखने वाला
११. कर्ज, ऋण
१२. पहाड़ आदि से गिरने वाला जलधारा, निर्झर
१३. बंधन, कष्ट आदि से छुड़ाना
१४. विलंब न सह सकने वाली इच्छा, प्रिय से मिलने की इच्छा
१५. सहयात्री (उर्दू)
१६. पशु,प्राणी (उर्दू)
१८. असह्य(उर्दू)
१९. पढ़ा हुआ
२०. चलन. तौर-तरीका
२३. निपुण, कुशल

## वर्ग पहेली-6909



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

# बहरेपन की ओर ले जाता है ईयरफोन का गलत इस्तेमाल

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। आज के डिजिटल दौर में ईयरफोन हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। चाहे मेट्रो में सफर हो, जिम में वर्कआउट या फिर देर रात अकेले संगीत का आनंद-ईयरफोन हर जगह साथ रहते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ईयरफोन का गलत इस्तेमाल आपकी सुनने की क्षमता को धीरे-धीरे खत्म कर सकता है? जी हां, लगातार तेज आवाज में और लंबे समय तक ईयरफोन इस्तेमाल करने से आप हमेशा के लिए बहरेपन का शिकार हो सकते हैं।

हमारे कान के अंदर बहुत ही नाजुक हेयर सेल्स होते हैं जो ध्वनि की तरंगों को मस्तिष्क तक पहुंचाने का काम करते हैं। जब हम ज्यादा तेज आवाज में लंबे समय तक संगीत सुनते हैं, तो ये हेयर सेल्स डैमेज हो जाते हैं। एक बार ये सेल्स नष्ट हो जाएं, तो ये दोबारा नहीं बनते, और यही स्थायी सुनने की समस्या का कारण बनता है। ज्यादातर लोग संगीत सुनते समय वॉल्यूम को इतना बढ़ा लेते हैं कि आसपास की आवाज़ें सुनाई ही नहीं देतीं। यह आदत बेहद खतरनाक है। कुछ लोग 3-4 घंटे या उससे ज्यादा समय तक ईयरफोन लगाए रहते हैं, जो कानों पर जरूरत से ज्यादा दबाव डालता है।

# खेल जगत

## ऐसेंगफा गोगोई ने युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, 55 किग्रा भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक जीता

**राजगीर।** असम की ऐसेंगफा गोगोई ने रविवार को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 55 किग्रा भारोत्तोलन में कुल 183 किग्रा भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। 17 वर्षीय गोगोई, जो कोच राहुल शर्मा के तहत 2023 से लखनऊ में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में प्रशिक्षण ले रही हैं, ने पिछले दिसंबर में कतर के दोहा में 2024 एशियाई चैंपियनशिप में पश्चिम बंगाल की कोयल बार द्वारा बनाए गए 182 किग्रा के समग्र लिफ्ट के युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पिछले साल चेन्नई में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में पदक से चूकने वाली ऐसेंगफा ने स्नैच में 75 किग्रा भार उठाकर अपने अभियान की शुरुआत की, जिसके बाद उन्होंने 79 किग्रा और 81 किग्रा भार उठाया। इस दौरान, ऐसेंगफा ने ओडिशा की मीना सांता के 81 किग्रा के स्नैच रिकॉर्ड की बराबरी।



# भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को 97 रनों से हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला जीती

**कोलंबो,** 11 अप्रैल (एजेंसियां)। स्मृति मंधाना (116) की शतकीय, हरलीन देओल (47), जेमिमाह रॉड्रिग्स (44) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (41) की शानदार पारियों के बाद स्नेह राणा (चार विकेट) और अमनजोत कौर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को फाइनल में मुकाबले में श्रीलंका को 97 रनों से हराकर त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला अपने नाम कर ली। 343 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की बेहद शुरुआत खराब रही और उसने अपना पहला विकेट हसिनी परेरा (शून्य) के रूप में गवां दिया। परेरा को अमनजोत कौर ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान चामरी अटापट्टू ने विष्मी गुणारत्ने के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिये 68 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में अमनजोत कौर ने विष्मी गुणारत्ने (36) को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद नीलाक्षी डिसिल्वा और अटापट्टू के बीच तीसरे विकेट लिये 73 रन जोड़े। 24वें ओवर में



- स्मृति मंधाना को उनकी 116 रनों की शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया
- हर्षिता समाराविक्रमा (26) रन और देवमी विहंगा (चार) रन बनाकर आउट हुई

स्नेह राणा ने चामरी अटापट्टू (51) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। हर्षिता समाराविक्रमा (26) रन और देवमी विहंगा (चार) रन बनाकर आउट हुई। 33वें ओवर में स्नेह राणा ने नीलाक्षी डिसिल्वा (48) को आउटकर श्रीलंका को छठा झटका दिया। इसके बाद श्रीलंका का कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सका। अनुष्का संजीवनी (28) और मल्की मदारा (शून्य) पर आउट हुई। सुगंधिका कुमारी (27) और पिउमी वत्सला (नौ) रनआउट हुई। भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम को 48.2 ओवर में 245रन पर समेट कर मुकाबला 97 रनों से जीत लिया। स्मृति मंधाना को उनकी 116 रनों की शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। वही टूर्नामेंट में 15 विकेट लेने वाली स्नेह राणा को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। भारत की ओर स्नेह राणा ने चार विकेट लिये अमनजोत कौर को तीन विकेट मिले। श्री चरणी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट 15वें ओवर में प्रतिका रावल (30) के रूप में गिरा। उन्हें इनोका रनावीरा ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हरलीन देओल ने स्मृति मंधाना के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 120 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में देवमी विहंगा ने स्मृति मंधाना को आउट कर श्रीलंका को दूसरी सफलता दिलाई। स्मृति मंधाना ने 101 गेंदों में 15 चौके और दो छक्के लगाते हुए (116) रनों की शतकीय पारी खेली। इसके बाद 37वें ओवर में देवमी विहंगा ने अपना अर्द्धशतक बनाने जा रही हरलीन देओल (47) को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। वहीं कप्तान हरमनप्रीति कौर ने 30 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (41) रन बनाए।

## पंकज आडवाणी बॉल्कलाइन स्नूकर फाइनल में स्नूक से भिड़ेंगे

**मुंबई,** 11 मई (एजेंसियां)। कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने शनिवार को यहां एनएससीआई डोम में 32 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाले एनएससीआई बॉल्कलाइन 4.0 अखिल भारतीय स्नूकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हिमांशु जैन को 8-2 से हराकर 5 लाख रुपये की विजेता राशि के लिए खुद को तैयार कर लिया। आडवाणी ने तीन शतक से अधिक ब्रेक के साथ मैच पर अपना दबदबा बनाया, जिसमें पराजित जैन ने दो फ्रेम अपने नाम किए। आडवाणी सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक के लिए शहर में हैं, जिसमें उन्होंने ध्रुव सिटवाला के खिलाफ जीत हासिल की और वर्ली में स्नूकर इवेंट में अभी तक किसी दबाव में नहीं आए हैं। दूसरे सेमीफाइनल में, ईशप्रीत सिंह चड्ढा ने आदित्य मेहता को 8-6 से हराकर जीत दर्ज की और अब उनका मुकाबला आडवाणी से होगा, जो पिछले साल के फाइनल की तरह ही होगा( शुक्रवार को इससे पहले, आडवाणी ने केतन चावला के खिलाफ बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल मैच 7-1 से जीता था। बेस्ट ऑफ 13 फ्रेम नॉक-आउट मैच में, आडवाणी ने अंतिम चार फ्रेम में 63, 82, 57 और 60 के हाई ब्रेक के साथ शानदार फॉर्म दिखाया और शुक्रवार को एनएससीआई डोम में शानदार जीत दर्ज की। अंतिम आठ के एक अन्य मैच में, हिमांशु जैन ने दिग्विजय कादियान को 7-2 से हराया, जबकि ईशप्रीत सिंह चड्ढा ने सौरव कोठारी को 7-2 से हराया।

# बायर्न ने मुलर के विदाई मैच में 2-0 की जीत के साथ जीता खिताब




**बर्लिन,** 11 मई (एजेंसियां)। बायर्न म्यूनिख ने शनिवार को लाल रंग में थॉमस मुलर के अंतिम मैच को चिह्नित करने वाली एक भावनात्मक रात में 33वें दौर के मैच में बोरूसिया मोनचेंग्लाडबैक पर 2-0 की घरेलू जीत के साथ बुंदेसलीगा खिताब के जश्न को सील कर दिया। सभी की निगाहें मुलर पर थीं क्योंकि उन्होंने एलियांज एरिना में अपनी 750वीं और अंतिम उपस्थिति के लिए टीम का नेतृत्व किया। अनुभवी, जिन्होंने क्लब के साथ 13 बुंदेसलीगा खिताब और दो चैंपियंस लीग जीते हैं, को जोरदार तालियाँ मिलीं और प्रशंसक कोरियोग्राफी के साथ सम्मानित किया गया। एक शांत शुरुआत के बाद, माइकल ओलिस ने 31वें मिनट में बायर्न को जीवंत कर दिया। दाईं ओर से अंदर की ओर बढ़ते हुए, उन्होंने हैरी केन के लिए मोनचेंग्लाडबैक गोलकीपर जोनास

- मुलर कई मौकों पर खुद गोल करने के करीब पहुंचे, लेकिन अपनी खास रात में गोल नहीं कर पाए।

ओमलिन को चकमा देते हुए एक शॉट मारा। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, केन का यह इस सत्र का 25वां गोल था, जिससे वह अपने पहले दो बुंदेसलीगा अभियानों में इस मुकाम तक पहुंचने वाले पहले बायर्न खिलाड़ी बन गए। मोनचेंग्लाडबैक के लिए भी कुछ पल ऐसे रहे, जब टिम क्लेइंडिएन्स्ट, रोक्को रीट्ज और टॉमस क्वेंकारा ने मैनुअल नेउर की कड़ी परीक्षा ली, जिन्होंने चोट से उबरकर शानदार प्रदर्शन किया। बायर्न के कप्तान ने अपनी क्लीन शीट बरकरार रखने के लिए नजदीकी रेंज से कई बेहतरीन बचाव किए।

मुलर कई मौकों पर खुद गोल करने के करीब पहुंचे, लेकिन अपनी खास रात में गोल नहीं कर पाए। 84वें मिनट में उन्हें स्टेडियम के सभी कोनों से तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बाहर ले जाया गया, जबकि उनके साथी खिलाड़ी गार्ड ऑफ ऑनर के लिए लाइन में खड़े थे। खेल के अंतिम क्षणों में, ओलिस ने लेरॉय साने के साथ एक शानदार मूव को पूरा करके स्कोर 2-0 कर दिया। बायर्न के कोच विंसेंट कोम्पनी ने कहा, मुझे नहीं पता कि भावनाओं को किसने अधिक महसूस किया, थॉमस ने या बायर्न के प्रशंसकों ने। आने वाले वर्षों में, हम वास्तव में महसूस करेंगे कि वह इस क्लब के लिए कितना महत्वपूर्ण था। दूसरी ओर, निचले स्थान पर मौजूद क्लब होल्स्टीन कील को चौथे स्थान पर मौजूद फ्रीबर्ग से 2-1 से हार के बाद दूसरे टियर पर भेज दिया गया। बोचुम को भी रेलीगेट किया गया क्योंकि मेंज 4-1 की जीत के साथ शीर्ष छह में पहुंच गया। लीपजिग ने वेर्डर ब्रेमेन के साथ मुकाबला साझा किया लेकिन उनके पास चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने का कोई मौका नहीं था। हेडेनहाइम ने यूनियन बर्लिन को 3-0 से हराकर रेलीगेशन प्ले-ऑफ जोन में प्रवेश किया, जबकि होफेनहाइम को वोल्फ्सबर्ग ने 2-2 से ड्रॉ पर रोक दिया।

# जल्द ही होनी वाली है आईपीएल के बचे मैचों की शुरूआत!

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी दस आईपीएल फ्रेंचाइजी को मंगलवार तक एकत्रित होने को कहा है, क्योंकि टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने की संभावना है।

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पार तनाव के कारण बीसीसीआई ने शुक्रवार को आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया था, खासकर धर्मशाला में पंजाब किंग्स-दिल्ली कैपिटल्स की भिड़ंत के बाद हवाई हमलों और जम्मू और पठानकोट जैसे आस-पास के इलाकों में ब्लैकआउट के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। निलंबन के समय, आईपीएल 2025 ने 58 गेम पूरे कर लिए थे - जिसमें 12 लीग चरण के मैच और प्लेऑफ शेष थे। निलंबन की घोषणा के तुरंत बाद, सभी फ्रेंचाइजी के क्रिकेटर, साथ ही अधिकांश सहयोगी स्टाफ सदस्य अपने-अपने घरों और देशों के लिए रवाना हो गए। रविवार को नाम न बताने की शर्त पर एक शीर्ष फ्रेंचाइजी अधिकारी ने आईएएनएस से कहा, हां, हमें मंगलवार को अपनी टीम के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को इकट्ठा करने के बारे में सूचित किया गया है। हमें कहां इकट्ठा होना है, यह अभी पता नहीं है। लेकिन अब तक, हमें बीसीसीआई से टीम को इकट्ठा करने की प्रक्रिया शुरू करने और मंगलवार तक सभी को इकट्ठा करने के बारे में संदेश मिला है। हम अब जल्द से जल्द विदेशी खिलाड़ियों को भारत वापस लाने की प्रक्रिया भी शुरू करेंगे आईएएनएस को पता चला है कि पंजाब किंग्स के मुख्य कोच और सहायक कोच रिकी पोंटिंग और ब्रैड हैडिन अभी भी भारत में हैं और जस्टिन लैंगर (मुख्य कोच, लखनऊ सुपर जायंट्स) और माइक हसी (बल्लेबाजी कोच, चेन्नई सुपर किंग्स) जैसे उनके अन्य कोचिंग समकक्षों के विपरीत ऑस्ट्रेलिया वापस नहीं गए हैं। इस एजेंसी ने पहले शनिवार को बताया था कि बीसीसीआई का लक्ष्य 25 मई से पहले आईपीएल के सभी शेष मैच पूरे करना है, क्योंकि भारत %ए% टीम को इंग्लैंड के तीन मैचों के दौरे के लिए रवाना होना है। मूल आईपीएल कार्यक्रम के अनुसार, 25 मई को फाइनल होगा, जो कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा( यह समझा जाता है कि संशोधित कार्यक्रम के लिए तिथियों और स्थानों पर अंतिम निर्णय आईपीएल गवर्निंग काउंसिल द्वारा लिया जाएगा, जो सरकार से मिलने वाली सलाह के बाद लिया जाएगा, खासकर शनिवार रात को संघर्ष विराम के उल्लंघन के बाद। आईपीएल खत्म




**हम अब जल्द से जल्द विदेशी खिलाड़ियों को भारत वापस लाने की प्रक्रिया भी शुरू करेंगे**

## चोटिल हेजलवुड का फिर से आईपीएल में खेलना संदिग्ध



**नई दिल्ली।** चूंकि बीसीसीआई सीमा पार तनाव के कारण अस्थायी निलंबन के बाद आईपीएल 2025 को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है, इसलिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अपने प्रमुख तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के बिना ही सीजन पूरा करना पड़ सकता है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज, जो पहले से ही कंधे की चोट से जूझ रहे थे, 3 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आरसीबी के घरेलू मुकाबले से चूक गए थे और 9 मई को टूर्नामेंट रोक दिए जाने से पहले उनके अगले मैच के लिए भी खेलना अनिश्चित था। अब, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के साथ, आईपीएल के लिए उनका भारत लौटना असंभव सा लग रहा है। हेजलवुड, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में साइड स्ट्रेन और पैर की समस्या सहित कई चोटों से उबरने के लिए कठोर पुनर्वास किया था, लय हासिल करने के लिए आईपीएल का उपयोग कर रहे थे।

## उंगली की चोट से उबर रहे हैं आरसीबी कप्तान रजत पाटीदार



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार इस समय उंगली की चोट से उबर रहे हैं। अगर आईपीएल 2025 को अस्थायी रूप से निलंबित न किया गया होता, तो वह कम से कम दो मैचों से बाहर रहते। टूर्नामेंट के अस्थायी रूप से निलंबित होने के कारण उन्हें बिना कोई मैच गंवाए कम से कम एक सप्ताह का समय मिल गया है। पाटीदार को 3 मई को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ आरसीबी के घरेलू मैच के दौरान फील्डिंग करते समय चोट लगी थी।

## सार संक्षेप

### सिनर ने इटैलियन ओपन में जीत हासिल की

**रोम।** शीर्ष वरीयता प्राप्त और वर्तमान विश्व नंबर 1 जानिक सिनर ने शनिवार को एटीपी इटैलियन ओपन के दूसरे दौर में अर्जेंटीना के मारियानो नवोन को 6-3, 6-4 से हराकर अपने वापसी मैच में सीधे सेटों में जीत हासिल की। इस साल फरवरी में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के साथ मामले के समाधान समझौते के बाद सजा स्वीकार करने के बाद इतालवी ने अपने दो डोपिंग अपराधों के लिए तीन महीने का प्रतिबंध लगाया था। मार्च 2024 में उनका क्लोस्टेबोल के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सिनर का डोपिंग प्रतिबंध आधिकारिक तौर पर 5 मई को समाप्त हो गया। रोम में शीर्ष वरीयता प्राप्त होने के कारण, उन्हें पहले दौर में बाई मिली और उन्होंने इस सीजन में क्ले पर अपनी शुरुआत की। शुरुआती सेट में, सिनर ने पहले छह गेम में 4-2 की बढ़त बनाई।

### हरियाणा ने जीता खेलो इंडिया यूथ गेम्स कबड्डी का खिताब

**गया।** हरियाणा की टीम ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र को हराकर कबड्डी का खिताब अपने नाम किया।
आज यहां बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के इनडोर हॉल में खेले गये मुकाबले में कप्तान जय हिंद लाठेर की अगुवाई वाली हरियाणा की अंडर-18 लड़कों की टीम ने कबड्डी के फाइनल में महराष्ट्र की टीम को 39-28 के अंतर से हराया।

### सुडोकू 6910 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 3 | 9 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 | 5 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 8 |
| 3 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 5 |

## गोल्फ: कोरिया चैम्पियनशिप में दीक्षा और प्रणवी संयुक्त 32वें स्थान पर

**सोल ( दक्षिण कोरिया ),** 11 मई (एजेंसियां)। दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स ने विपरीत परिस्थितियों का सामना किया, लेकिन शनिवार को यहां न्यू कोरिया कंट्री क्लब में अरामको कोरिया चैम्पियनशिप के दो राउंड के बाद दोनों संयुक्त 32वें स्थान पर रहीं। दीक्षा ने 3 ओवर के निराशाजनक फ्रंट नाइन से वापसी की, जबकि प्रणवी ने अपने दूसरे नाइन पर तीन शॉट गंवा दिए, जो कोर्स का फ्रंट साइड था। दीक्षा ने 2 ओवर 74 का स्कोर किया, और प्रणवी ने 3 ओवर 75 का स्कोर किया, और अब दोनों का स्कोर दो राउंड के लिए 3 ओवर 147 है। इस बीच, अवनी प्रशांत (79-73) दूसरे राउंड में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद कट पार करने में विफल रहीं और त्वेसा मलिक (79-76) भी बाहर हो गईं। व्यक्तिगत स्पर्धा में, गत विजेता और घरेलू पसंदीदा हियो जू किम चार अंडर-पार के स्कोर के साथ घरेलू मैदान पर ली-ऐनी पेस से एक शॉट आगे हैं। दक्षिण कोरिया ने गीले मौसम में एक ठोस दिन बिताया, लगातार दूसरे राउंड में 70 (-2) का स्कोर बनाया। ली एन पेस के तीन अंडर-पार पर अकेले दूसरे स्थान पर रहने के साथ, इक्वाडोर की डेनिएला डार्कआ और फ्रांस की पेरिन डेलाकॉर - हाल ही में इन्वेस्टेक एसए महिला ओपन की विजेता - दो अंडर-पार पर तीसरे स्थान पर हैं। टीम प्रतियोगिता में, टीम कौसकोवा ने एक शॉट से जीत हासिल की और टीम में कौसकोवा, ली-ऐनी पेस, ब्रायना नवारोसा और पेट्रीसिया इसाबेल श्मिट शामिल थीं।

## ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट तिहरा शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बॉब काउपर का निधन

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया की जमीन पर टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बॉब काउपर का रविवार को 84 वर्ष की उम्र में बीमारी से लड़ते हुए निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी डेल और बेटियां ओलिविया और सेरा हैं। काउपर एक बेहद प्रतिभाशाली बाएं हाथ के बल्लेबाज थे। वह अपनी आकर्षक बल्लेबाजी, धैर्य और बड़ी पारियां खेलने की क्षमता के लिए जाने जाते थे। उनके करियर का सबसे यादगार पल 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर खेली गई 307 रनों की पारी थी। यह ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट का पहला तिहरा शतक था और इस पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने एशेज भी अपने पास बरकरार रखी थी।

# सेविला एफसी प्रशंसकों के 'हिंसक हमले' के बाद प्रशिक्षण मैदान में रात बिताने वाली पहली टीम

**सेविले,** 11 मई (एजेंसियां)। सेविला एफसी ने पुष्टि की है कि समर्थकों द्वारा हिंसक हमलों के बाद उनकी पहली टीम को शनिवार की रात अपने प्रशिक्षण मैदान, जोस रेमन सिस्नेरोस पलासियोस स्पोर्ट्स सिटी में बिताने के लिए मजबूर होना पड़ा।

सेविला एफसी ने बैलीडोस स्टेडियम में सेल्टा विगो के खिलाफ 2-3 से हार झेलने के बाद अपनी केंद्र की यात्रा की और संगठित कट्टरपंथियों के एक गिरोह का सामना किया, जिन्होंने अत्यधिक हिंसा की। सेविला एफसी इस शनिवार की रात जोस रेमन सिस्नेरोस पलासियोस स्पोर्ट्स सिटी में हुई संगठित बर्बरता की कड़ी निंदा करता है, सेल्टा डे विगो के खिलाफ मैच के बाद पहली टीम के केंद्र पर पहुंचने के बाद। सेविला एफसी अनुरोध करता है कि सुरक्षा बल और कोर इन घृणित कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने के लिए अत्यधिक परिश्रम करें, जो संगठित कट्टरपंथियों के एक गिरोह द्वारा किए गए थे जिन्होंने अत्यधिक हिंसा के साथ काम किया। शिकायतों से परे, सेविला एफसी इन अपराधों के अपराधियों की तलाश में सहायता करने के लिए अपनी शक्ति में सब कुछ करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह इन कार्यों में शामिल लोगों की पहचान करने में मदद करने की कोशिश करेगा और इस घटना में कि वे सेविला एफसी के प्रशंसक और सदस्य हैं, अथक कार्रवाई करेगा। अंत में, सेविला एफसी किसी भी विरोध प्रदर्शन की पूरी तरह निंदा करता है जिसमें हिंसा और आपराधिक कृत्य शामिल हैं जैसे कि इस शनिवार, 10 मई को देखा गया। बयान में कहा गया, क्लब निश्चित है कि ये कार्य सेविला प्रशंसकों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं, जो रेमन सांचेज-पिज्जुआन में यूडी लास पालमास के खिलाफ मंगलवार के मैच के महत्व से भी अवगत हैं।



# ऑटो रिक्शा चालक की बेटी अस्मिता की नजर जूनियर विश्व भारोत्तोलन पदक पर

**राजगीर,** 11 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की अस्मिता दत्तात्रेय ढोने ने राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 49 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के अपने सफर में दो युवा राष्ट्रीय भारोत्तोलन रिकॉर्ड तोड़ दिए। ढोने ने पांच महीने पहले कतर के दोहा में राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में क्लीन एंड जर्क और कुल मिलाकर अपना ही युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने मध्य प्रदेश के इंदौर में 2022 खेलो इंडिया यूथ गेम्स में रजत पदक जीता था। अस्मिता ने पहले क्लीन एंड जर्क में 95 किग्रा उठाकर 94 किग्रा का आंकड़ा पार कर युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और फिर बारबेल पर दो और किग्रा जोड़कर फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया और अपना कुल मिलाकर 170 किग्रा कर लिया, जो राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप के उनके प्रदर्शन से 8 किग्रा बेहतर है। उत्तर प्रदेश की मानसी चामुंडा (75+88) ने युवा राष्ट्रीय स्नैच रिकॉर्ड के साथ रजत पदक जीता, जो असम की पंचमी सोनोवाल द्वारा 2022 में बनाए गए रिकॉर्ड से बेहतर है।




- अस्मिता ने पहले क्लीन एंड जर्क में 95 किग्रा उठाकर 94 किग्रा का आंकड़ा पार कर युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया
- अस्मिता, जो इस महीने 18 साल की हो गई हैं, का जन्म सतारा जिले के कराड शहर में हुआ था।

साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली अस्मिता, जो इस महीने 18 साल की हो गई हैं, का जन्म सतारा जिले के कराड शहर में हुआ था। उनके पिता दत्तात्रेय ढोने ऑटोरिक्शा चलाते हैं और मां निर्मला एक डेयरी किसान हैं। अस्मिता ने अपने गृहनगर में सम्राट पवार के अधीन प्रशिक्षण लेना शुरू किया, जिसे वह आज भी जारी रखती हैं। अस्मिता ने साई मीडिया को बताया कि मैंने कक्षा 7 में वजन उठाना शुरू किया, जब मैं लगभग 14 साल की थी। मेरी बड़ी बहन भी भारोत्तोलन में थी और इसलिए उसके कोच सम्राट सर ने मुझे भी उसके साथ भारोत्तोलन शुरू करने के लिए कहा। मैं अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं क्योंकि मैंने राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अस्मिता ढोने के नाम कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पदक हैं और इससे उन्हें 2023 से खेलो इंडिया योजना और भारतीय खेल प्राधिकरण के पटियाला में नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान दोनों में शामिल होने में मदद मिली। अस्मिता ने पिछले साल सुवा, फिजी में विश्व युवा चैंपियनशिप में 158 किग्रा (70+88 किग्रा) की कुल लिफ्ट के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

## इटैलियन ओपन: गॉफ ने लिनेट पर जीत के साथ मियामी की हार का बदला लिया

**रोम,** 11 मई (एजेंसियां)। पिछली बार मियामी में मैग्डा लिनेट के खिलाफ, कोको गॉफ अपने करियर की तीन मुकाबलों में पहली बार पोल खिलाड़ी से हार गई थीं, लेकिन रविवार को इंटरनैशनली बीएनएल डी इटालिया के तीसरे दौर में लिनेट पर 7-5, 6-3 से जीत के साथ अमेरिकी ने बदला चुका लिया।पहली बार हार्ड कोर्ट के अलावा किसी अन्य सतह पर लिनेट का सामना करते हुए, गॉफ ने पहले सेट में कड़ी टक्कर दी और अपने करियर में तीसरी बार रोम में चौथे दौर में प्रवेश किया, जहां उनका अगला मुकाबला यूएस ओपन विजेताओं के मैच में एम्मा राडुकानू से होगा, क्योंकि 2021 की न्यूयॉर्क चैंपियन ने अपने तीसरे दौर के मैच में वेरोनिका कुडरमेतोवा को हराने के लिए एक सेट से पीछे रहने के बाद वापसी की। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच बहुत कम अंतर था, आंशिक रूप से इसलिए क्योंकि विश्व की नंबर 4 खिलाड़ी शुरुआती बढ़त लेने के बावजूद अपने खेल को लगातार जारी नहीं रख पाई। दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में 40 अनफोर्स्ड एरर किए, जिसमें गॉफ ने 24 और सिर्फ नौ विनर लगाए। 3-1 से ब्रेक लेने के बाद, गॉफ ने बढ़त को सीधे लिनेट को वापस दे दिया - और दोनों खिलाड़ी तब तक सर्विस पर रहीं जब तक गॉफ की हिम्मत ने उन्हें लाइन के पार नहीं धकेल दिया।



# अर्थ जगत

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 4.38 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 3.90 प्रतिशत |
| एलटी | 3.77 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.39 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.02 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक | 3.16 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.70 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 2.15 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.02 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.93 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 96,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा देश : डॉ. जितेंद्र

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय साइंस और टेक्नोलॉजी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि बीते तीन-चार दिनों में भारतीय टेक्नोलॉजी की ताकत सभी ने देखी और देश तेजी से इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

नेशनल टेक्नोलॉजी डे के मौके पर डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह दिन पोखरण परमाणु बम टेस्ट की सफलता के तौर पर याद किया जाता है। 11 मई को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने नेशनल टेक्नोलॉजी डे के रूप में घोषित किया था। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकल में बीते एक दशक में देश में साइंस टेक्नोलॉजी इनोवेशन काफी आगे बढ़ गया है। बीते तीन-चार दिनों में जो भी टेक्नोलॉजी आपने देखी है, उनमें से ज्यादातर का अधिग्रहण 2014 के बाद किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि इस कारण मेरा मानना है कि 27 साल पहले नेशनल टेक्नोलॉजी डे की शुरुआत के समय जो संकल्पना की गई थी, उसे प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले एक दशक में सही साबित किया है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि सरकार ने टेक्नोलॉजी और साइंटिफिक इंस्टीट्यूशन के सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करने का फैसला लिया है। इसके जरिए हमारा उद्देश्य वैज्ञानिक विशेषज्ञों और इन संस्थानों में काम करने वाले अन्य लोगों को आश्वस्त करना है कि हम उनके संपर्क में हैं और उनकी अच्छी देखभाल भी कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने सीमा सटे जम्मू और कश्मीर, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान और गुजरात के उत्तर-पश्चिम इलाकों में मौजूद टेक्निकल और साइंटिफिक इंस्टॉलेशन की सुरक्षा को अपग्रेड करने का निर्णय लिया है। इसके लिए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों और साइंटिफिक एवं टेक्निकल विभागों के प्रमुखों के साथ एक उच्च स्तरीय संयुक्त बैठक बुलाई थी।

इस बैठक का फोकस विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर, पंजाब, लद्दाख और भारत के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में रिसर्च और साइंटिफिक सुविधाओं की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा पर था।



**सरकार ने टेक्नोलॉजी व साइंटिफिक इंस्टीट्यूशन के सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करने का फैसला लिया है : डॉ. जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री**

### अपस्ट्रीम ऑयल सेक्टर में गैस उत्सर्जन की जांच के लिए नियम सख्त करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार अपस्ट्रीम ऑयल सेक्टर में गैस उत्सर्जन की जांच के लिए नियम को सख्त करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए ड्राफ्ट पॉलिसी भी तैयार कर ली गई है। अपस्ट्रीम ऑयल एंड गैस एक्सप्लोरेशन और उत्पादन क्षेत्र के लिए तैयार की गई केंद्र की नई ड्राफ्ट पॉलिसी का उद्देश्य गैस फ्लेयरिंग गतिविधियों सहित खनिज तेल संचालन के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और फ्लेयर्ड गैस की करीब से निगरानी करना है।



तेल क्षेत्रों से उत्पादन के दौरान गैस का नियमित रूप से प्रज्वलन होता रहता है, क्योंकि उत्पादन क्षेत्रों में गैस के उपयोग के लिए फैलिसिटीज जैसे रिइंजेक्शन, ऑन-साइट उपयोग, बाजार तक परिवहन आदि की कमी होती है। ड्राफ्ट पॉलिसी में यह प्रावधान है कि सभी पट्टेधारक और ठेकेदारों को प्रत्येक कैलेंडर तिमाही के अंत से पंद्रह दिनों के भीतर निश्चित फॉर्मेट के अनुसार तिमाही आधार पर प्रज्वलित गैस की मात्रा और उससे संबंधित उत्सर्जन की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। नियमों में यह स्पष्ट किया गया है कि हर पट्टेदार और ठेकेदार खनिज तेल उत्पादक परिचालन के दौरान होने वाली ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन को कम करने के उपाय अपनाएगा और लागू पर्यावरण कानूनों और मानदंडों का अनुपालन करेगा। ड्राफ्ट नियमों में कहा गया है कि प्रत्येक पट्टेदार और ठेकेदार को पट्टे पर दिए गए क्षेत्र से खनिज तेल का उत्पादन शुरू होने के 180 दिनों के भीतर खनिज तेल परिचालन से ग्रीनहाउस उत्सर्जन के स्रोतों की पहचान और मापने से विधि के लिए एक निगरानी प्लान प्रस्तुत करना होगा।

## चीन से बेहतर प्रदर्शन करेगी भारतीय अर्थव्यवस्था : जिम रोजर्स

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। दिग्गज वैश्विक निवेशक जिम रोजर्स ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे अच्छा निवेश स्थान बनने की ओर आगे बढ़ रहा है और इसकी तुलना चीन से जरूर की जाएगी। साथ ही कहा कि आने वाले समय में देश की अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन चीन से भी अच्छा हो सकता है। जिम रोजर्स ने कहा कि मैं दशकों से निवेश की दुनिया से जुड़ा रहा हूं और अपने जीवन में पहली बार मैंने दिल्ली को इस तरह से अर्थशास्त्र को समझते देखा है। अमेरिकी निवेशक ने आगे कहा कि भारत फिर से उभर रहा है। मुझे लगता है कि दिल्ली के लोग समझते हैं कि क्या किया जाना चाहिए और वे सही चीजें करने की कोशिश कर रहे हैं। यह भारत और दुनिया के लिए बहुत अच्छा होगा। अगर भारत वास्तव में खुल सकता है और पूरी दुनिया के साथ व्यापार कर सकता है तो आप कल्पना भी नहीं कर सकते कि भविष्य में भारत कितना आकर्षक स्थान हो सकता है। रोजर्स ने कहा कि फिलहाल भारत में मेरा कोई निवेश नहीं है, लेकिन मैं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में और अधिक निवेश करना चाहता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर बाजार नीचे चला जाता है और कुछ समय तक नीचे ही रहता है, तो मैं भारत में पैसा लगाना चाहूंगा।




- **भारत ने अपने व्यापारिक साझेदारों के साथ 13 एफटीए पर किए हस्ताक्षर**

आईएमएफ की वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत 2025 में विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इस दौरान देश की जीडीपी का आकार बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगा, जबकि जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रह जाएगा। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर रोजर्स ने कहा कि यह दुनिया के साथ विशेष रूप से भारत के लिए अच्छा है। भारत ने अपने व्यापारिक साझेदारों के साथ 13 एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं।

## एक हफ्ते में 2,400 रुपए से अधिक महंगा हुआ सोना

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी है। बीते एक हफ्ते में 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत में 2,400 रुपए और चांदी की कीमत में 1,600 रुपए प्रति किलो से अधिक की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 96,416 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि 3 मई को 93,954 रुपए प्रति 10 ग्राम थी, जो सोने के दाम में 2,462 रुपए की वृद्धि को दिखाता है। 22 कैरेट के सोने का भाव बढ़कर 94,100 रुपए प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 85,810 रुपए प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट के सोने का दाम बढ़कर 78,100 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। इसके अतिरिक्त चांदी की कीमतों में भी 1,601 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी देखने को मिली है। एक किलो चांदी का दाम बढ़कर 95,726 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि 3 मई को 94,125 रुपए प्रति किलो पर था।



घरेलू के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी की कीमतों में इजाफा देखने को मिला है।

## 1.75 करोड़ घरों को रोशन करेगा अडानी का खावड़ा सोलर प्लांट

**कच्छ,** 11 मई (एजेंसियां)। भारत के शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने में महत्ती भूमिका निभा रही कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीआईएल) की गुजरात के कच्छ के खावड़ा में बन रही दुनिया की सबसे बड़ी सौर परियोजना पूरी तरह से तैयार होने पर 1.75 करोड़ घरों को बिजली की आपूर्ति की जा सकेगी। यह परियोजना 538 वर्ग किलोमीटर अर्थात 132943 एकड़ में फैली है जो लगभग मुंबई के आकार के बराबर है और

परेसि से पांच गुना बड़ा है। इस संयंत्र ये पौलेंड , कनाडा या स्पेन की पूरी आबादी को बिजली आपूर्ति की सकता है। कंपनी के अनुसार इस सोलर पार्क को आसमान से देखा जा सकता है। यह परियोजना 30 हजार मेगावाट क्षमता की है जिसमें 26 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा और चार हजार मेगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। अभी इस परियोजना में 4106.9 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है।



कंपनी का लक्ष्य 2030 तक 50 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का है और खावड़ा प्लांट की क्षमता 30 गीगावॉट है। एजीईएल ने 2029 तक करीब 1.60 लाख करोड़ रुपए के निवेश से इस परियोजना को पूरा करने वाली है। इसके पूर्ण होने में इसमें 6 करोड़ सोलर पैनल लगगें और करीब 800 पवन चक्की लगेगी। कंपनी ने नयी प्रौद्योगिकी से ऐसी पवन चक्की बनायी है जो एक पवन चक्की 5.2 मेगावाट बिजली का उत्पादन करने में सक्षम है। कंपनी ने जर्मनी के डब्ल्यू 2ई विंड टू एनर्जी के साथ मिलकर 5.2 मेगावाट की सबसे शक्तिशाली ऑनशोर विंड टर्बाइन विकसित की है, जिसमें 160 मीटर का रोटर व्यास, 20,106 मीटर का स्वीप्ट एरिया और 200 मीटर की टिप ऊंचाई है।

- **दुनिया की सबसे बड़ी सौर परियोजना का निर्माण जारी**

### सार संक्षेप

#### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 686.06 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 02 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.07 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 688.13 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 02 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 51.4 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.5 अरब डॉलर की भारी कमी आई और यह घटकर उछलकर 81.8 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर तीन करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 18.6 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 30 लाख डॉलर की कमी आई।

#### मई में इक्विटी में एफपीआई निवेश जारी

**नई दिल्ली।** देश के शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भरोसा बरकरार है। मई महीने में अब तक उन्होंने भारतीय इक्विटी में 14,167 करोड़ का निवेश किया है। यह निवेश ऐसे समय में आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव जारी है। डिपॉजिटरी डेटा के अनुसार, यह लगातार दूसरा महीना है जब एफपीआई की ओर से शुद्ध निवेश देखने को मिला है। अप्रैल में उन्होंने 4,223 करोड़ का निवेश किया था, जो तीन महीने बाद पहली बार हुआ था। इससे पहले एफपीआई ने जनवरी में 78,027 करोड़, फरवरी में 34,574 करोड़ और मार्च में 3,973 करोड़ की निकासी की थी। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी डॉलर की कमजोरी, अमेरिकी और चीनी अर्थव्यवस्था की सुस्ती, भारत की तेज त्रष्ठक्क ग्रोथ, घटती महंगाई और ब्याज दरों के चलते निवेशकों को भारतीय बाजार ज्यादा आकर्षक लग रहा है।

#### 2028 तक एक अरब से ज्यादा ऐप बना लेगी जेनएआई

**नई दिल्ली।** आईबीएम के मुख्य कार्य अधिकारी अरविंद कृष्ण ने कहा है कि जेनरेटिव आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (जेनएआई) साल 2028 तक एक अरब से ज्यादा नई ऐप्लिकेशन बना लेगी। यह बात मुख्य कार्य अधिकारियों (सीईओ) को इस तकनीक में अपना निवेश दोगुना करने के लिए प्रेरित कर रही है। कृष्ण ने कहा, 'जैसे-जैसे जेनएआई इसमें (उद्यमों के तंत्र में) राह बना रही है, आईबीएम के सीईओ अध्ययन से पता चल रहा है कि हमारे ग्राहक एआई और उससे भी आगे निवेश को दोगुना या और भी ज्यादा करने की उम्मीद बांध रहे हैं। जेनएआई एक तरह का ऐसा एआई है जो इनपुट या प्रॉम्प्ट के आधार पर टेक्स्ट, इमेज, म्यूजिक जैसी बहुत-सी नई सामग्री बना सकता है।

## महंगाई आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**-साप्ताहिक समीक्षा-**

**मुंबई,** 11 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान तनाव से सहमे निवेशकों की बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह करीब डेढ़ प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह अप्रैल के जारी होने वाली थोक और खुदरा महंगाई के आंकड़े पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1047.52 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर आठ कारोबारी सत्र के बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79454.47 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 338.7 अंक यानी 1.4 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24008.00 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की ही तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 596.37 अंक अर्थात 1.4 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 42111.50 अंक और स्मॉलकैप 623.59 अंक यानी 1.3 प्रतिशत कमजोर रहकर 46741.95 अंक रह गया।

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में निवेशकों की धारणा पर इसका सीमित प्रभाव देखने को मिला है। इस वर्ष अप्रैल में निरंतर विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) और रिकॉर्ड वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत दिया, जिससे बाजारों में स्थिरता बनी रही। कमजोर अमेरिकी डॉलर और स्थिर कच्चे तेल की कीमतों ने विदेशी निवेशकों का भरोसा और मजबूत किया है।



भारत-ब्रिटेन के बीच संभावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की सकारात्मक चर्चा ने विशेष रूप से कपड़ा, ऑटोमोबाइल और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में तेजी को समर्थन दिया। वैश्विक स्तर पर भी संकेत उत्साहवर्धक रहे हैं। अमेरिका की फेडरल रिजर्व ओपेन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की नीतिगत बैठक के सतर्क रुख के बावजूद अमेरिका और चीन व्यापार वार्ता की संभावित बहाली तथा अमेरिका और ब्रिटैन व्यापार समझौते को लेकर आशावाद ने वैश्विक बाजारों को सहारा दिया।

इसके साथ ही पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना द्वारा ब्याज दरों में कटौती के फैसले ने क्षेत्रीय बाजारों में सकारात्मक रुख को बढ़ावा दिया, जिससे निवेशकों का विश्वास और मजबूत हुआ।

बाजार की अगले सप्ताह दिशा निर्धारित करने में घरेलू स्तर पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े अहम भूमिका निभाएंगे। विशेषज्ञों को उम्मीद है कि मुद्रास्फीति के दबाव में कुछ नरमी देखने को मिल सकती है। हालांकि, भारत-पाकिस्तान के बीच जारी भू-राजनीतिक तनाव एक महत्वपूर्ण जोखिम बना हुआ है। बावजूद इसके बाजार को उम्मीद है कि भारत की कूटनीतिक, आर्थिक और सैन्य शक्ति इस संकट को जल्द सुलझा लेगी।

विश्व बाजार में तेजी रहने के बावजूद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से सतर्क निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 411.97 अंक का गोता लगाकर 80,334.81 अंक और निफ्टी 140.60 अंक लुढ़ककर 24273.80 अंक पर आ गया। भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव से डरे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार में कोहराम मच गया। सेंसेक्स 880.34 अंक टूटकर 79,454.47 अंक पर आ गया। साथ ही निफ्टी 265.80 अंक लुढ़ककर 24008.00 अंक पर बंद हुआ।

- **सेंसेक्स 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 79454.47 अंक पर रहा**
- **निफ्टी 1.4 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 24008.00 अंक पर बंद**

## सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच दिल्ली व मुंबई एयरपोर्ट पर परिचालन सामान्य

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने रविवार को कहा कि एयरपोर्ट पर परिचालन सामान्य है, लेकिन हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हैं और सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल के कारण सिक्योरिटी चेक प्रक्रिया में अधिक समय लग सकता है। साथ ही डीआईएएल ने यात्रियों को सलाह दी कि वे उड़ान के निर्धारित प्रस्थान समय से काफी पहले पहुंच जाएं जिससे सिक्योरिटी चेकप्वाइंट पर संभावित देरी से बचा जा सके।



यात्रियों से यह भी आग्रह किया गया है कि वे सटीक जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें और सोशल मीडिया पर अनवेरिफाइड कंटेंट साझा करने से बचें। इसके अतिरिक्त बढ़े हुए सुरक्षा उपायों के कारण मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने भी एक एडवाइजरी जारी कर यात्रियों से कहा है कि वे निर्धारित प्रस्थान समय से पहले पहुंचे। साथ ही यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे सरकार द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र, पासपोर्ट, वीजा, टिकट/बोर्डिंग पास अपने पास रखें, जिससे आसानी से निरीक्षण किया जा सके। सरकार ने शुक्रवार को जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट समेत देश भर के 24 एयरपोर्ट को बंद रखने की अवधि के 15 मई, सुबह 5:29 बजे तक बढ़ा दिया।

## खाद्य तेलों में टिकाव, दाल-दलहन में रहा मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में भारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर चुनिंदा जिंसों में मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों और दाल दलहन में मिश्रित रूख देखा गया जबकि अनाज और मीठे के बाजार में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 355 रिंगिट लुढ़ककर 3790 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.21 सेंट की गिरावट के साथ 48.82 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18314 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14725 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।



**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपए महंगी हो गई जबकि अरहर दाल में 100 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विंटल रही। **अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## कैट के सम्मेलन में देश के खुदरा व्यापार की सुरक्षा पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों द्वारा भारत के सालाना 140 लाख करोड़ रुपए से अधिक के खुदरा व्यापार पर कब्जा करने के बढ़ते प्रयासों के बीच कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रविवार को कहा कि वह अगले सप्ताह एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है। 16 मई को होने वाले इस कार्यक्रम में देश भर के 100 से अधिक प्रमुख बिजनेस लीडर्स भाग लेंगे। इस सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के मुख्य वक्ता हो सकती है। कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि सम्मेलन में न केवल व्यापार जगत के लीडर्स शामिल होंगे, बल्कि स्वदेशी उत्पादों के समर्थक, परिवहन, लघु उद्योग, एमएसएमई, उपभोक्ता संगठन, महिला उद्यमी, किसान, स्टार्टअप, कर्मचारी और व्यापार के अन्य पक्षकार भी शामिल होंगे। कैट की ओर से बताया गया कि इस सम्मेलन में विदेशी फंडिंग प्राप्त कंपनियों के दुर्भावनापूर्ण एजेंडे को उजागर करने के लिए एक एकीकृत रणनीति तैयार की जाएगी और उनके खिलाफ देशव्यापी अभियान शुरू किया जाएगा। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि इन कंपनियों को सीधी चुनौती देने के लिए विभिन्न सेक्टर के व्यापार और उद्योग एक मंच पर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये कंपनियां पहले ही मोबाइल और एसेसरीज, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स, खिलौने, परिधान, जूते, खाद्य पदार्थ, रेस्तरां और होटल जैसे कई प्रमुख सेक्टरों को भारी नुकसान पहुंचा चुकी हैं और अब भारतीय बाजार के और अधिक क्षेत्रों पर कब्जा करने का प्रयास कर रही हैं। भरतिया ने आगे कहा कि भारत के खुदरा व्यापार की अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए इन कंपनियों की अनैतिक व्यापारिक प्रथाओं का डटकर विरोध करने का समय आ गया है। कैट के अनुसार, इस सम्मेलन के विचार-विमर्श के दौरान बताई गई रणनीतियां देशव्यापी जागरूकता और विरोध अभियान शुरू करने की दिशा में एक निर्णायक कदम होंगी।



- **कार्यक्रम में देश भर के 100 से अधिक प्रमुख बिजनेस लीडर्स लेंगे भाग**

# विधायक द्वारिकाधीश यादव की मांगों को उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दी स्वीकृति की गारंटी

## साहू समाज के 50वें सामूहिक विवाह समारोह संपन्न



**बागबाहरा/महासमुंद,** 11 मई (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत घोयनाबाहरा (कोमाखान) में साहू समाज द्वारा आयोजित 50वां सामूहिक विवाह समारोह बड़े धूमधाम और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। इस स्वर्ण जयंती समारोह की गरिमा को छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बढ़ाया। जो इस आयोजन के मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व संसदीय सचिव वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव, महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न जिलों से आए हज़ारों लोगों की उपस्थिति रही। इस दौरान कई नवयुगल विवाह सूत्र में बंधे। जिन्हें अतिथियों द्वारा विवाह उपहार व आशीर्वाद प्रदान किया गया।

**विधायक द्वारिकाधीश यादव का विकासोन्मुखी उद्बोधन रहा केंद्र में:** समारोह के दौरान विधायक द्वारिकाधीश यादव ने मंच से समाज और क्षेत्र के विकास के लिए तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखे। पहली मांग तहसील मुख्यालय कोमाखान में एक आधुनिक विश्राम गृह की स्थापना किया जाए। दूसरी मांग खल्लारी क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय भेखराम साहू के नाम पर बागबाहरा-पिथौरा मार्ग पर भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जाए। तीसरी मांग बागबाहरा नगर के लिए 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत अमृत जल योजना की स्वीकृति प्रदान किया जाए। विधायक यादव ने अपने भाषण में कहा कि यह मांगें केवल बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी नहीं हैं, बल्कि यह स्व. भेखराम साहू के योगदान को सम्मान देने और आम जनमानस को सुविधा देने का माध्यम हैं।

**इन प्रस्तावों को सुनकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मंच से घोषणा की-** 'जनहित से जुड़ी यह मांगें पूरी तरह जायज़ हैं। इन पर प्रस्ताव भेजें, छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। इन मांगो को तत्काल स्वीकृति मिलेगी।'

**1975 में शुरू हुई परंपरा का स्वर्ण जयंती महोत्सव:** साहू समाज द्वारा सामूहिक विवाह की यह परंपरा वर्ष 1975 में आरंभ की गई थी। सालिक राम साहू जो कि युग निर्माण योजना के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य से प्रेरित थे। उन्होंने यह पहल की थी। इस पहल का उद्देश्य था- विवाह को दहेज और आडंबर से मुक्त कर सादगी से संपन्न करना। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सम्मानजनक विवाह व्यवस्था देना। समाज में समानता, सहयोग और आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देना।

इन उद्देश्यों ने साहू समाज को केवल एक सामाजिक समूह नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार की प्रेरक शक्ति में बदल दिया। आज यह परंपरा छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि देश के कई हिस्सों में अनुकरणीय मॉडल बन चुकी है।

**नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं:** कार्यक्रम में विवाह सूत्र में बंधे नवयुगलों को विवाह सामग्री एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया। अतिथियों ने सभी दंपतियों को उनके नवजीवन की सफल शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं।

**सामाजिक सौहार्द और आयोजन की श्रेष्ठता:** साहू समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन की अनुशासनबद्ध व्यवस्था, सामूहिक सहयोग और सांस्कृतिक गरिमा का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया गया। स्थानीय कार्यकर्ताओं, समाज सेवियों और युवाओं ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया। भोजन, पंडाल व्यवस्था, मंच संचालन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ अत्यंत व्यवस्थित रहीं। साहू समाज का यह 50वां सामूहिक विवाह समारोह न केवल एक परंपरा का उत्सव था, बल्कि यह सामाजिक समरसता, विकासशील सोच और जनहित के मुद्दों को एक मंच पर लाने का उत्कृष्ट उदाहरण बन गया।

विधायक द्वारिकाधीश यादव की सक्रियता और उपमुख्यमंत्री द्वारा उनकी मांगों को प्राथमिकता देना समाज और क्षेत्र दोनों के लिए उत्साहजनक संकेत है।

# तेन्दूपत्ता फड़ मुंशियों को 25 हजार रू. वार्षिक मानदेय लागू करने हेतु कार्यवाही के लिए सीएम ने दिया निर्देश



**महासंघ के संयोजक रमेश यदु ने मुख्यमंत्री को लिखा है पत्र**

**बलौदाबाजार,** 11 मई (देशबन्धु)। तेन्दूपत्ता फड़ मुंशी महासंघ के संयोजक रमेश यदु द्वारा छ.ग. शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को 7 अप्रैल 2025 को लिखे पत्र के जवाब में कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्या. वन धन भवन सेक्टर 24 नवारायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक (एम.एफ पी./06/उत्पा./2025/5508 दिनांक 29 अप्रैल 2025 के अनुसार दिये जवाब में स्पष्ट रूप किया गया कि मानदेय प्रदाय करने के संबंध में विभाग के अपने कार्या पत्र क्रमांक 16486 दिनांक 27 दिसम्बर 2023 516 12 जनवरी 2024 एवं 1341 दिनांक 4 फरवरी 2025 द्वारा छ.ग. शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर को प्रस्ताव भेजा गया है कार्यवाही प्रक्रियाधिन है।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री द्वारा उक्त पत्र को गंभीरता से लेते हुए पत्र क्रमांक 25007 2501165 दिनांक 15 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री स्पष्ट निर्देश दिये है कि उक्त मांगों को 21 दिनों के निर्धारित समय सीमा में निराकरण करते हुए तत्काल कार्यवाही किया पूर्ण जावे। उक्त आशय का पत्र 6 मई 2025 प्राप्त हुआ। उक्त निर्देश के लिये तथा फड़ मुंशि महासंघ की मांगों को गंभीरता से लेते हुए, निर्देश जारी किये उसके लिये महासंघ के संयोजक रमेश यदु प्रदेश अध्यक्ष, गोपाल सिन्हा प्रांतीय सचिव, आशाराम शिव प्रांतीय संरक्षक विनोद सिन्हा उपाध्यक्ष, श्रीमती रजनी पैकरा सह सचिव, मुकुंद चन्द्रवंशी कोषाध्यक्ष गणेश राम ध्रुव सदस्य सुमित रावटे, खिकदास महंत, रतन नाग, गरवर नायक ने आभार व्यक्त करते हुए अतिशीघ्र मांग पूर्ण होने की आशा व्यक्ति की। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी चेतन गोस्वामी ने दी।

# बिना अनुमति बोर खनन पर कार्रवाई, वाहन जब्त



**बलौदाबाजार,** 11 मई (देशबन्धु)। बिना अनुमति के बोर खनन करने वालों पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को किसान द्वारा अपने खेत में बिना अनुमति के बोर खनन कराते पाए जाने पर राजस्व विभाग की टीम ने बोर खनन कार्य बंद कराया और मौके से बोर खनन वाहन एवं सहायक वाहन को जब्त कर थाने के सुपुर्द किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम लकडिया में किसान सहदेव पिता धनसिंग बघेल के खेत पर बिना अनुमति के बोर खनन वाहन क्रमांक एके01 एनवी 6599 वाहन चालक जिला मुंगेली निवासी रमेश कुमार एवं सहायक वाहन क्रमांक सीजी04 एनजेड 9891 चालक राहुल सिंह के द्वारा किया जा रहा था। मौके पर एसडीएम पलारी दीपक निकुंज एवं तहसीलदार सहित राजस्व की टीम ने बोर खनन अनुमति सम्बंधित दस्तावेज की मांग की लेकिन कोई दास्तावेज पेश नहीं करने पर बोर खनन वाहन एवं सहायक वाहन को जब्त कर थाना प्रभारी पलारी के सुपुर्द किया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोने ने जिले में 30 जून 2025 तक बोर खनन पर प्रतिबन्ध लगाया है। इस अवधि में बोर खनन के लिए एसडीएम से विधिवत अनुमति लेना होगा। बिना अनुमति के बोर खनन पर कार्रवाई होगी।

# हिमालय वुड बैच स्काउट मास्टर लीडर प्रशिक्षण में सरायपाली के तीन स्काउटर ने भाग लिया

**सरायपाली,** 11 मई (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली से प्राप्त पत्रानुसार एच.डब्ल्यू.बी. स्काउट मास्टर एवं रोवर स्काउट लीडर का प्रशिक्षण शिविर (स्काउट विंग) का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त के निर्देशानुसार आधारशिला विद्या निकेतन न्यू सैनिक विद्यालय बिलासपुर में आयोजित की गई । इस प्रशिक्षण शुभारंभ सत्र में बतौर मुख्य अतिथि राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव थे साथ में राज्य सचिव व रोवर विंग शिविर संचालक कैलाश सोनी, स्काउट विंग शिविर संचालक संतोष कुमार साहू एवं संचालक मण्डल की भी गरिमामई उपस्थिति रही । इस हिमालय वुड बैज कोर्स में महासमुंद जिले से एडवांस रोवर लीडर सुरेन्द्र प्रधान (सरायपाली) एवं लेखराम पटेल (पिथौरा) के साथ- साथ एडवांस स्काउट मास्टर चक्रधर प्रसाद डड़सेना (सरायपाली) एवं राधेश्याम चौधरी (सरायपाली) शामिल थे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा एच.डब्ल्यू. बी. कोर्स का आयोजन आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल बिलासपुर में की गई जहाँ राज्य के विभिन्न जिलों से 25 रोवर लीडर व 38 स्काउट मास्टर कूल 63 प्रतिभागी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में रोवर लीडर और स्काउट मास्टर ने शिक्षण सेशन सहित झंडा रोहण, मार्च पास्ट, बीपी सिक्स, नॉटिंग, लेसिंग, पायनियरिंग, कैंपिंग में टेंट लगाना और एक रात बाहर हाईक जैसे विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण प्राप्त किया । वन नाईट हाईक के तहत गुरुघासीदास विश्वविद्यालय कैंपस में रात बिताकर बिना बर्तन के भोजन बनाने की कला की बारीकियों से अवगत हुए। स्काउटिंग सेशन के दौरान रोवर लीडर्स व स्काउट मास्टर्स को लार्ड बेडेन पावेल की जीवनी और स्काउटिंग गतिविधियों की जानकारी, झंडा गीत, प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा, लीडरशिप, राज्य पुरस्कार, राष्ट्रपति पुरस्कार, दक्षता बैज, दिशा ज्ञान, कंपास, दूरी मापन, जैसे अनेक महत्त्वपूर्ण जानकारी दी गई। जिसका एसटीए भी लिया गया जिसमें सभी सेशन के जानकारी को रोवर लीडर व स्काउटर के द्वारा याद कर मौखिक व प्रेक्टिकल रुप में बताया गया जिसका मार्किंग किया गया। इससे सभी रोवर और स्काउटर के अंदर दक्षता में वृद्धि हुई जिसका लाभ आगामी समय में यूनिट स्तर पर स्काउट गाइड, रोवर रेंजर को मिलेगा। यह कोर्स कार्यक्रम सात दिवसीय था जिसमें प्रातः06 बजे बीपी सिक्स से लेकर रात्रि 10 बजे तक का व्यस्त शेड्यूल था। प्रतिदिन शाम को कैम्प फायर किया जाता था जिसमें समस्त रोवर लीडर व स्काउटर के द्वारा ग्रुप के अनुसार शिविर ज्वाल में भागीदारी दी गई और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर दिन भर के थकान मिटाते हुए आनंदपूर्ण माहौल में शयन करते थे। प्रतिदिन रोटा चार्ट अनुसार ग्रुप का कार्य बदलकर कर प्रत्येक प्रतिभागी को एक एक दिन दल नायक बनाकर उनके अंदर लीडरशिप जैसे क्षमताओं का विकास किया गया। इस प्रशिक्षण में शामिल महासमुंद से रोवर लीडर सुरेन्द्र प्रधान ने बताया की स्काउट के बेसिक कोर्स और एडवांस कोर्स से बहुत अलग कोर्स था एच.डब्ल्यू.बी. का जिसमें बहुत अनुशासन के साथ समयबद्ध प्रशिक्षण दिए जिसका लाभ हमें सीखने के बाद समझ आया की यह हमारे अंदर क्षमता विकसित करने के लिए किया गया। इस कोर्स में हमें बहुत सारे गतिविधियों को प्रेक्टिकल करके सीखने का मौका मिला अब हमें लग रहा हैं हम स्काउटिंग में समृद्ध हो गए जिसका लाभ हम अपने जिले के स्काउट गाइड रोवर रेंजर को देंगे। इस प्रशिक्षण में सहायक संचालक की भूमिका में रोवर स्काउट लीडर में अमित क्षत्रिय, दिलीप पटेल, प्रदीप सेन, जितेन्द्र डडसेना और स्काउट मास्टर में सहायक संचालक विजय यादव, डॉ पूनम साहू, मृत्युंजय शुक्ला, शांतनु कुर्रे व गिरीश पाढ़ी थे। इस कार्यक्रम में राज्य भर के 63 रोवर लीडर व स्काउटर शामिल रहे। जिला संघ महासमुन्द एवं स्थानीय संघ सरायपाली ने हिमालय वुड बैज प्रशिक्षण में शामिल होने पर चारों प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# अंतर्जिला चोर गिरोह सहित सोनार व चोरी के आरोपी से जेवरात सहित नगदी रकम बरामद

**बालोद,** 11 मई (देशबन्धु)। मामले में 27 अप्रैल को सूचना मिली कि उमरादाह व झलमला बालोद में रात्रि को अज्ञात चोर द्वारा 02 प्रार्थी के घर के बाहर लगे चंद ताला को तोड़कर मकान में प्रवेश कर घर में रखे आलमारी से सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम चोरी कर ले गया है। सूचना पर एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर व थाना प्रभारी चालोद रविशंकर पाण्डेय के द्वारा घटना स्थल पहुंचकर घटना का निरीक्षण कर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर उक्त चोरी के अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु थाना बालोद व साइबर सेल से विशेष टीम बनाकर लगाया गया। साथ ही घटना स्थल में डाग स्क्वाड को बुलाया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बालोद में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग (भा0पु0से0) के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल (भा0पु0 से0) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकूर के पर्यवेक्षण में व एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना प्रभारी रवि शंकर पाण्डेय के नेतृत्व में चोरी के प्रकरण में आरोपियों के पतासाजी हेतु सायबर सेल बालोद व थाना बालोद से विशेष टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों के संबंध में पतासाजी हेतु त्रिनयन एप के माध्यम से बालोद क्षेत्र पर लगे व आपपास के सीसीटीवी कैमरा फुटेज को प्राप्त कर टीम द्वारा बारीकी से एनालिसिस करने पर 03 संदिग्ध व्यक्ति व मोटरसायकल की जानकारी प्राप्त हुई जिसे टीम द्वारा चिन्हांकित किया गया। सीसीटीवी फुटेज को प्राप्त करते हुए टीम बालोद से दुर्ग रोड़, गुण्डरदेही, अर्जुन्दा होते हुए राजनांदगाव पर लगे सैकड़ो सीसीटीवी कैमरों का फुटेज को प्राप्त कर एनालिसिस किया गया साथ ही तकनीकी टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर कार्य किया गया। टीम द्वारा रात दिन राजनांदगांव के आसपास कैम्प कर संदिग्ध मोटरसायकल की पहचान करने का प्रयास किया गया जिसमें मोटरयायकल का नम्बर प्लेट फर्जी होना पाया गया। तीनो संदेही भी गमछा से चेहरे को बांध कर रखे थे जिससे उन सभी का चेहरा स्पष्ट नहीं हो पा रहा था। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर 02 टीम बनाया गया। जिसमें एक टीम निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में आरोपी के केरल में होने की सूचना पर केरल रवाना किया गया। दूसरी टीम एसडीओपी बालोद के नेतृत्व में राजनांदगांव जाकर सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों के संबध में पतासाजी कर रही थी। इसी दौरान 01 सीसीटीवी फुटेज में 01 आरोपी का चेहरा स्पष्ट दिखा। जिसकी पहचान राजनांदगांव निवासी आरोपी आरिफ खान उर्फ राजा खान के रूप में हुई। आरिफ खान से पूछताछ करने पर वह बताया की वे अपने साथी अनवर खान निवासी नेवई जिला दुर्ग, राजू मेश्राम के साथ मिलकर घटना के दिन

राजनांदगांव से चोरी की मोटर सायकल में तीनों बालोद आये थे रेकी करके रात्रि में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। एक टीम भिलाई नेवई से अनवर खान को पकड़कर बालोद लाई। केरल गई टीम को पता चला कि राजू मेश्राम अपनी परिवार के साथ गोवा चला गया है। तत्काल टीम गोवा के लिए रवाना हुआ। जहां पतासाजी करने पर गोवा में कई ठिकानों में दबिस देकर पकड़ने में सफलता मिली। आरिफ खान व अनवर खान से पूछताछ पर चोरी के जेवरात को नथमल सोनी को देना बताया। टीम द्वारा नथमल सोनी निवासी राजनांदगांव को पकड़कर बालोद लाया गया। आरोपियो द्वारा पूर्व में बालोद



**आरोपियो का पूर्व में है कई अपराधिक रिकार्ड, हत्या के प्रकरण में जेल काट चुका है एक आरोपी**

जिला के थाना बालोद, देवरी, अर्जुन्दा, गुण्डरदेही के कई सूने मकानो में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इसके अलावा अन्य जिला दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा में भी कई चोरी की घटनाए किये है। आरोपियों द्वारा बालोद जिले के 13 एवं सरहदी जिले के 05 कुल 18 अपराध को अंजाम देना स्वीकार करने पर विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। अनवर खान सोने चांदी के जेवरात चोरी के प्रकरण में राजनांदगांव जेल गया था उसी समय राजनांदगावं जेल में आरिफ खान उर्फ राजा खान निवासी शांतिनगर राजनांदगांव जो धन व सायकल चोरी के मामले में जेल गया था से जान-पहचान हुआ था। माह मार्च वर्ष 2024 में राजनांदगांव न्यायालय में पेशी पर राजा खान से मुलाकात हुआ था तब राजा खान, अनवर खान से कहा कि आर्थिक स्थित बहुत खराब है मिलकर चोरी का काम करतें है। इस पर अनदर खान जो आलमारी का लाक तोड़ने में उस्ताद है। राजा खान जो बाहर दरवाजा लगा ताला तोड़ने में रेकी करने, चोरी कर भागने के लिए रास्ता बनाने व मोटरसायकल की वायर को निकालकर डायरेक्ट कर चालू करने में उस्ताद है। दोनो मिलकर गैंग बनाये और इस गैंग में शांतिनगर के राजू मेश्राम जो बाईक चलाने में उस्ताद है और सन्नी निमजे जो बाईक उठाने में उस्ताद है उसे भी अपने गैंग के संबंध में बताकर आरिफ खान उर्फ राजा खान ने शामिल कर लिया व चोरी की घटनाओं में संलिप्त हो गये एवं राजनांदगावं के लोकल सोना व्यापारी नथमल सोनी को माल खपाने में अपने गैंग में शामिल किये। आरोपियों द्वारा तरिका ए वारदात आरोपियो के द्वारा अपने निवास से दूसरे जिले जाकर मोटरसायकल चोरी करते हैं फिर मोटरसायकल के नम्बर प्लेट का नम्बर बदलते है और शीट के नीचे 02-03 नम्बर प्लेट रखे रहते है चोरी के बाद नम्बर प्लेट को बदल देते थे। आरोपीगणों द्वारा सुनियोजित प्लान कर बाईक से आउटर एरिया निकलते थे एवं शहर के आउटर कॉलोनी या सूने मकान के घरो की रेकी करते थे। घटना को अंजाम देने के लिए ताला लगे सूने मकानो का घूमघूम कर दिन में रेकी करते है फिर रात्रि को वापस आकर उस मकान के चंद ताला को तोड़ कर घर में रखे नगदी रकम व सोने, चांदी के जेवरात को चोरी कर फरार हो जाते है। नगदी रकम को खाने, पीने एवं अपने दैनिक खर्च में उपयोग करते है। और सोने व चांदी के जेवरात को एक व्यक्ति नथमल सोनी निवासी राजनांदगांव को जेवरात बेचने संपर्क करते थे। बाजार मूल्य से कम कीमत पर वह सामान बेच कर पैसा आरोपी को देकर आपस में बांट लेते थे।

आरोपियों में आरिफ खान उर्फ राजा खान पिता मरहूम बसारत खान उम्र 41 वर्ष पता शांती नगर वार्ड 11 थाना चिखली जिला राजनांदगांव, अनवर खान पिता स्व. इकबाल खान उम्र 54 वर्ष पता नेवई बस्ती वार्ड 33 थाना नेवई भिलाई जिला दुर्ग, नथमल सोनी पिता स्व. चम्पा लाल सोनी उम्र 51 वर्ष पता बंसतपुर वैद्यनाथ कॉलोनी जिला राजनांदगावं, राजू मेश्राम पिता राजेन्द्र मेश्राम उम्र 24 वर्ष पता शांती नगर थाना चिखली जिला राजनांदगावं शामिल हैं। उक्त आरोपियो द्वारा चोरी से कमाकर बनाए संपत्ति का चिन्हाकन कर कुर्की की कार्यवाही कराई जायेगी।

प्रकरण में आरोपियों के पतासाजी, गिरफ्तारी व सामान बरामदगी में एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर, थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, उ0नि कमला यादव, स0उ0नि धरम भूआर्य, सउनि रामप्रसाद गजभिये, प्रधान आरक्षक दूर्योधन यादव, आकाश दुबे, संजय सोनी, मोहन कोकिला, बनवाली साहू, सुमित पटेल, सायबर सेल टीम प्रभारी उपनिरीक्षक जोगेन्द्र साहू, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर मरकाम, रूमलाल चुरेन्द्र, विवेक शाही, आरक्षक विपिन गुप्ता, संदीप यादव, राहुल मनहरे, पूरन प्रसाद, योगेश पटेल, मिथलेश यादव, गुलझारी साहू, योगेश गेडाम का विशेष योगदान रहा।


## आवश्यकता है

रायपुर, भिलाई, बिलासपुर, राजनांदगांव, में चारो जगह ड्राईक्लीन का काम जानने वाले की जरूरत है। बाहर वालो को रहने की व्यवस्था मिलेगी।

सम्पर्क करें।
6264826402

## आवश्यकता है

रायपुर, और राजनांदगांव में ऑनलाइन सामान की डिलिवरी हेतु लड़के चाहिए। बाहर वालो को रहने की सुविधा मिलेगी। अपना वाहन नही होने पर, कम्पनी देगी । 6264826402 में पहले अपना बायोडाटा भेजिये। फिर कम्पनी की तरफ से काल आएगी।

दुर्ग जिले में फॉर्महाउस के लिए जमीन, कृषि जमीन, छोटे बड़े प्लाट, ऑफिस, सबसे बढ़िया दाम में खरीदी बिक्री की गारंटी, कृपया इसी महीने के B1 नक्शा खसरा ही लाये। विवादित जमीन वाले बिल्कुल संपर्क ना करें।

**एस एस प्रॉपर्टीज**
**ओम परिसर, दुर्ग (छ.ग.)**
**मो.नं.-07389902902**


## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रामचरण पिता फिरंता ढीमर के स्वत्व अधिकार एवं कब्जा की भूमि मौजा सेमरिया प.ह.नं. 47 तहसील पलारी में खसरा नं. 168/2 रकबा 0.405 हे. स्थित है जो कि वाद भूमि है। वाद भूमि मेरे पक्षकार के एक मात्र स्वत्व अधिकार एवं कब्जा की भूमि है। उक्त भूमि का मूल भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका मेरे पक्षकार के कब्जे में है। उक्त दर्शित भूमि पर सोनबती पिता सुखीराम ढीमर/पति रूंगू ढीमर ग्राम छडिया तहसील खरोरा द्वारा अवैधानिक ढंग से राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज कराकर तथा फर्जी ढंग से ऋण पुस्तिका बनवाकर वाद भूमि को बेचने का सौदा करने के प्रयास में हैं। चूंकि उक्त वाद भूमि अभी विवादित है तथा वर्तमान में वरिष्ठ राजस्व न्यायालय आयुक्त रायपुर, संभाग रायपुर छ.ग. के समक्ष राजस्व अपील प्रकरण तथा डूप्लीकेट/नवीन ऋण पुस्तिका (किसान किताब) ने बनाये जाने के संबंध में अपील/पुनरीक्षण प्रकरण लंबित है। वाद भूमि को सोनबती पिता सुखीराम ढीमर/पति रूंगू ढीमर ग्राम छडिया तहसील खरोरा को विक्रय करने का अधिकार नही है तथा उसका कब्जा भी नही है। ऐसी स्थिति में उक्त वाद भूमि के संबंध में लेन देन का संव्यवहार न करें। इस सूचना के बाद भी कोई व्यक्ति अथवा संस्था खरीदी बिक्री के संबंध में लेन देन का संव्यवहार किया जाता है जो उसके लिए संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा खरीद्दार को कोई स्वत्व एवं अधिकार का अर्जन नही होगा। सो सूचना जाने। दिनांक 11.05.2025।

**राजेन्द्र कुमार फेकर**
**अधिवक्ता**
**बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**
**मो. नं. 9425521138, 9977570008**

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-धमतरी

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल विहार योजनांतर्गत, चिटौद, जिला-बालोद में निर्मित भवन / फ्लैट क्र. LIG Flat-01 (G.F.) श्री राकेश कुमार वैद्य पिता श्री द्वारका प्रसाद वैद्य को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-धमतरी आबंटन आदेश क्रमांक 799, दिनांक 23.07.2018 के माध्यम से एकमुश्त योजना आधार पर आबंटित हैं। आबंटी द्वारा उक्त भवन का दिनांक 16.11.2021 को उपपंजीयक कार्यालय गुरूर, बालोद में पट्टा विलेख (रजिस्ट्री) निष्पादित कर नियमानुसार इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1639-40, दिनांक 01.12.2021 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया हैं। वर्तमान में भवन आबंटी श्री राकेश कुमार वैद्य पिता श्री द्वारका प्रसाद वैद्य द्वारा उक्त भवन को रू. 8,00,000/- (अक्षरी आठ लाख रूपये) में नवीन क्रेता श्री प्रशांत जाधव पिता स्व. श्री साहेब राव जाधव को विक्रय करने के लिए विक्रय अनापत्ति / अनुमति प्रमाण पत्र (NOC) प्रदान करने हेतु दिनांक 17.04.2025 को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-धमतरी कार्यालय में बिक्री इकरारनामा, आधार कार्ड की छायांप्रति एवं अन्य दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः किसी भी व्यक्ति या शासकीय/अर्धशासकीय संस्था बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन का श्री प्रशांत जाधव पिता स्व. श्री साहेब राव जाधव को विक्रय करने के लिए विक्रय अनापत्ति / अनुमति प्रमाण पत्र (NOC) के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो छ.ग. गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र कार्यालय धमतरी, पता-परिजात् हाईट्स, हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हटकेशर, धमतरी, जिला-धमतरी में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा-आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् दावा-आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

सील
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-धमतरी**

## न्यायालय नायब तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### ईशतहार

**क्रमांक/143/ना.तह./वा./2025**
**बलौदाबाजार दिनांक 02.05.2025**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश यादव पिता पिताम्बर यादव जाति राउत निवासी ग्राम अर्जुनी तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक की पुत्री शैल कुमारी का जन्म दिनांक 05.06.2010 को ग्राम अर्जुनी में हुआ था जिसका जन्म पंजीयन नही होने के कारण ग्राम पंचायत अर्जुनी में पंजीयन किये जाने का निवेदन किया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति करना हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 16.05.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील
**नायब तहसीलदार**
**बलौदाबाजार**

## न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### ईशतहार

**रा.प्र.क्र......ब/121 वर्ष 24-25**
**ग्राम मातादेवालय वार्ड, भाटापारा**
**प.ह.नं. 11**

एतद व्दारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है आवेदक संजय सिंग ठाकुर पिता दिलीप सिंह ठाकुर, निवासी मातादेवालय वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के व्दारा अपने पुत्री सृष्टि सिंग ठाकुर के शिक्षण कार्य / लोक सेवाओं में प्रवेश हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रमाण पत्र EWS के लिए आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रमाण पत्र मिलने बाबत निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र, हलफनामा एवं पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 से परिवार के आय की जानकारी एवं संपत्ति विवरण से सबंधित जानकारी के साथ आवेदन पेश किया है। तत्ससबंध में इस न्यायालय प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 16/05/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

उपरोक्त भूमि के सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 16/05/25 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः उपरोक्त उद्घो षणा आज दिनांक 05/05/25को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया है।

सील
**तहसीलदार**
**भाटापारा**

## न्यायालयः- मधुसूदन चंद्राकर, अष्टम मो.दु.दा. अधि. रायपुर छ.ग.

प्रोसेस क्रमांक-519/2025, प्रकरण क्रमांक /2024
पेशी दिनांक 27.06.2025

पुनीत निषाद ...आवेदक

विरूद्ध

अरविन्द यादव व अन्य ...अनावेदकगण

बनामः निरंजन सिंग वल्द अवधेश सिंग निवासी शिवनी बैतूल ट्रांसपोर्ट टी.पी. नगर रावांभाटा रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

आवेदक ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र धारा 166 मोटर यान अधिनियम वास्ते क्षतिपूर्ति 16,40,000/- हेतु संस्थित किया गया है। अनावेदक को इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा नियत पेशी दिनांक 27.06.2025 को समय 11:00 बजे उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

अनावेदक/प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा ।

नोट-यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा। आज दिनांक 30 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 30.04.2025
**मुहर** **मधुसूदन चंद्राकर**
**अष्टम मो.दु.दा.अधि. रायपुर छ.ग.**

## न्यायालयः- मधुसूदन चंद्राकर, अष्टम मो.दु.दा. अधि. रायपुर छ.ग.

प्रोसेस क्रमांक-517/2025, प्रकरण क्रमांक /2024
पेशी दिनांक 27.06.2025

रिखी यादव ...आवेदक

विरूद्ध

अरविन्द यादव व अन्य ...अनावेदकगण

बनामः निरंजन सिंग वल्द अवधेश सिंग निवासी शिवनी बैतूल ट्रांसपोर्ट टी.पी. नगर रावांभाटा रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

आवेदक ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र धारा 166 मोटर यान अधिनियम वास्ते क्षतिपूर्ति 16,40,000/- हेतु संस्थित किया गया है। अनावेदक को इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा नियत पेशी दिनांक 27.06.2025 को समय 11:00 बजे उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

अनावेदक/प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा ।

नोट-यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा। आज दिनांक 30 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 30.04.2025
**मुहर** **मधुसूदन चंद्राकर**
**अष्टम मो.दु.दा.अधि. रायपुर छ.ग.**

## न्यायालयः-श्रीमान् प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बलौदाबाजार छ.ग.

### उपस्थिति हेतु समंस

**धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**प्रो. क्रं. 63 प्र.क्रं. 03/2025**
**पेशी तारीख 16.06.2025**
**प्रति,**
**आम जनता जो इससे संबंध रखते है।**
**लोकनाथ बनाम आम जनता (इससे संबंधित)**

आवेदक लोकनाथ साहू पिता स्व. जगदीश साहू उम्र 42 वर्ष, पोषण लाल साहू पिता स्व. जगदीश साहू उम्र 33 वर्ष दोनो निवासी नयापारा दुर्गा चौक लोक मान्य तिलक वार्ड बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार छ.ग., चित्ररेखा साहू पिता स्व. जगदीश साहू उम्र 44 वर्ष निवासी विद्यालय चौंक ग्राम बलौदी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग., सुमन साहू पिता स्व. जगदीश साहू उम्र 40 वर्ष निवासी धनवर पारा कोरबा जिला कोरबा छ.ग.। आम अनावेदक के विरूद्ध प्र.क्रं. 03/25 धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु वाद संस्थित किया है। आम आम जनता जो इससे संबंध रखते हैं इस न्यायलय में नियत तारीख 16.06.2025 के दावे के उत्तर देने के लिए उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया जाता है। इससे संबंधित आम जनता न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस दावे से संबंधित सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिये जो रहे है कि आप इन से दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में हो पेश करे। जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर वर्णित की गई पेशी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

टीपः- यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 16.06.2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश कार्य स्थगित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुद्रा लगाकर दिया गया।

सील
**(राधेश्याम ध्रुव)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**बलौदाबाजार (छ.ग.)**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम नवीन दुल्हानी पिता झामन दास दुल्हानी निवासी मकान नं. 35 ए नयापारा, दाउ मील घेरा, मोतीलाल नेहरू वार्ड, जगदलपुर, छ.ग. यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम नवीन कुमार दुल्हानी पिता झामन दास दुल्हानी को त्याग कर नया नाम नवीन कुमार दुल्हानी पिता झामन दास दुल्हानी रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम नवीन कुमार दुल्हानी से ही जाना पहचाना जावे।

**नवीन कुमार दुल्हानी**
**मकान नं. 35 ए नयापारा,**
**दाउ मील घेरा,**
**मोतीलाल नेहरू वार्ड,**
**जगदलपुर, छ.ग.**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मीता रविन्द्र चौधरी पति सिद्धार्थ कपूर निवासी म.नं. 9, दंतेश्वरी वार्ड ओल्ड भट्टी रोड, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) 494001 यह शपथ करती हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम मीता चौधरी कपूर पति सिद्धार्थ कपूर रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम मीता चौधरी कपूर पति सिद्धार्थ कपूर से ही जाना पहचाना जाये।

**मीता चौधरी कपूर**
**म.नं. 9, दंतेश्वरी वार्ड ओल्ड भट्टी रोड, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) 494001**

## विज्ञान की ओर एक नई उड़ान

# कोरिया में मेगा स्काई वॉचिंग कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। शनिवार 10 मई की संध्या को कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर स्थित शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल के मिनी स्टेडियम में एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जहाँ विज्ञान और खगोलशास्त्र के प्रति जिज्ञासा की चमक बच्चों की आँखों में स्पष्ट दिखाई दी। जिले के 500 से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता के साथ आयोजित मेगा स्काई वॉचिंग कार्यक्रम विज्ञान शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।



इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि इसमें विद्यार्थियों ने केवल वैज्ञानिक तथ्यों को सुना ही नहीं, बल्कि उन्हें प्रत्यक्ष रूप से अनुभव भी किया। टेलीस्कोप की सहायता से चंद्रमा, मंगल और बृहस्पति ग्रह का प्रत्यक्ष अवलोकन करना विद्यार्थियों के लिए किसी रोमांचक यात्रा से कम नहीं था। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से ब्रह्मांडीय घटनाओं का प्रदर्शन भी बेहद आकर्षक और शिक्षाप्रद रहा।

कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन कोरिया, जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी तथा ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना, तार्किक सोच को प्रोत्साहित करना तथा खगोल विज्ञान जैसे विषयों में रुचि उत्पन्न करना था।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी रहीं, जिनके साथ जिला पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे और जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना रजवाड़े भी मौजूद रहे। इन अधिकारियों ने बच्चों की उत्सुकता और सहभागिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से नई पीढ़ी में वैज्ञानिक चेतना और सोच को मजबूती मिलती है।

कार्यक्रम में शामिल वैज्ञानिक प्रतिनिधियों पतित पावन कुइला, विजय कुमार, सुश्री पूजा शर्मा और कमल डडसेना ने ब्रह्मांड से जुड़े रोचक तथ्यों को सरल भाषा में विद्यार्थियों के समक्ष रखा। टेलीस्कोप विशेषज्ञ जीवन साहू और नीरज कुमार ने तकनीकी व्याख्यान के साथ-साथ उपकरणों की व्यवहारिक जानकारी भी दी। जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता की उपस्थिति से शिक्षा जगत की सहभागिता और अधिक सशक्त हुई।

कार्यक्रम में जिले के शासकीय और अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ संस्था प्रमुख, शिक्षकगण और अभिभावकों की भी भागीदारी रही। शाम 5 बजे शुरू हुए इस आयोजन में सभी आयु वर्ग के लोगों ने खगोल विज्ञान की इस अनोखी यात्रा का आनंद लिया।

इस विशेष पहल ने विद्यार्थियों को न केवल आकाशगंगा और सौरमंडल से जोड़ा, बल्कि उनके भीतर विज्ञान के प्रति एक नई ऊर्जा और जिज्ञासा का संचार भी किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण लाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ।

कार्यक्रम का मूलमंत्र मानवता के लिए विज्ञान, समाज के लिए विज्ञान, सोच में विज्ञान को न केवल समझा गया, बल्कि उसे जिया भी गया। जिला प्रशासन द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थाओं से अधिकतम विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील भी रंग लाई, जिससे विज्ञान एक जटिल विषय नहीं, बल्कि अनुभव करने योग्य जीवंत विषय बनकर सामने आया।

इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि विद्यार्थियों को सही मंच और अवसर मिले, तो वे विज्ञान की दुनिया में भी आकाश की ऊँचाइयों तक पहुँच सकते हैं।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बिजली खंभा तोड़ते हुए दीवार से टकराई

## शादी से लौट रहे 7 लोग घायल



**बलौदाबाजार,** 11 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में आज एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई. शादी समारोह से वापस लौट रहे बारातियों से भरी एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियों अचानक अनियंत्रित हुई और बिजली के खंबे को तोड़ते हुए सड़क किनारे बने मकान की बाहरी दीवार से जा टकराई. इस हादसे में स्कॉर्पियों चालक समेत 7 लोग घायल हो गए. ग्रामीणों ने तत्काल प्राइवेट गाड़ी से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार कर उन्हें छुट्टी दे दी गई. राहत की बात रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई.

जानकारी के मुताबिक, बाराती मंदिर हसौद से जांजगीर चांपा गये थे, जहां से वापसी के दौरान ये हादसा हो गया. घायल लोगों ने बताया कि गाड़ी चलाते समय चालक को झपकी आ गई थी, जिसके चलते यह हादसा हो गया.

लवन थाना प्रभारी केशर पराग ने बताया कि घटना आज सुबह की है, जब बारातियों से भरी स्कार्पियो दीवार से टकरा गई और उसमें बैठे लोग मामूली रूप से घायल हो गये. यह तो अच्छा हुआ कि चालक ने वाहन को कंट्रोल कर लिया वरना बड़ा हादसा भी हो सकता था. सभी घायलों को सभी को प्राथमिक उपचार उपरांत छुट्टी दे दी गई. मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है.

# सरकारी अस्पताल के रिकॉर्ड रूम में लगी आग

**जांजगीर-चाम्पा,** 11 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में सरकारी अस्पताल की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जहां रात 3 बजे रिकॉर्ड रूम में देर रात आग लग गई। आग लगने के कारण कमरे से काला धुआं बाहर आने लगा, जिससे अफरा-तफरी मच गई। घटना में कई दस्तावेज जलकर खाक हो गए हैं। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

दरअसल, सिविल सर्जन कार्यलय के कक्ष क्रमांक 3 और 4 को रिकॉर्ड रूम में इस्तेमाल किया जा रहा है, जहां कल आग लग गई। कमरे में आग की लपटें देखकर मरीजों के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस और दमकल की वाहन मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के लिए अस्पताल के पीछे शटर को तोड़ कर घुसे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। अस्पताल के इलेक्ट्रिशियन का कहना है कि हाल ही में पूरे जिला अस्पताल परिसर में नई वायरिंग की गई है और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम भी किए गए हैं। हैरानी की बात यह है कि रिकॉर्ड रूम में आग लगने के बावजूद न तो अस्पताल परिसर की बिजली गुल हुई और न ही कोई सर्किट कटा। रिकॉर्ड रूम में आग लगने की घटना से प्रबंधन पर कई सवाल उठ रहे हैं। छुट्टी के दिन यहां आम लोगों की आवाजाही नहीं होती। साथ ही परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं, इसके बावजूद आग का कारण अब तक सामने नहीं आया है। मामले को लेकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की जा रही है।

## नेशनल लोक अदालत

# 17 हजार से अधिक मामलों का हुआ निराकरण

**मुंगेली,** 11 मई (देशबन्धु)। न्यायिक इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ गया जब वर्ष 2025 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिलेभर में सफलता के साथ संपन्न हुआ। जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय और राजस्व न्यायालयों में संयुक्त रूप से आयोजित इस विशेष लोक अदालत में न्याय के द्वार आमजन के लिए सहज और सुलभ बने। परिवार न्यायालय में आपसी सहमति से मामले का निपटारा कर एक परिवार को टूटने से बचाया गया। वहीं पति की सड़क दुर्घटना में मौत मामले में पत्नी को 5 साल बाद मुआवजा मिला।




सुबह 10-45 बजे जिला न्यायालय मुंगेली में गिरिजा देवी मेरावी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दीप प्रज्वलन कर नेशनल लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया, जिसमें कुल 17,371 मामलों का समाधान हुआ। 51 लाख से अधिक की राशि पर सहमति इस एक दिवसीय आयोजन में कुल 21,655 प्रकरणों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया, जिनमें से 17,371 प्रकरणों का आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर समाधान किया गया। इस दौरान 51,13,673 रुपए की अवार्ड राशि तय की गई, जिससे आम नागरिकों को त्वरित और सुलभ न्याय की अनुभूति हुई।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित 1,832 प्रकरणों में से 1,438 मामलों का निपटारा किया गया, जिनमें 50,45,772 रुपये की राशि का अवार्ड पारित किया गया। वहीं प्री-लिटिगेशन यानी मुकदमा दायर होने से पहले सुलझाए गए 15,933 मामलों में 67,931 रुपये की राशि का समझौता हुआ। जिला न्यायालय में 6, तहसील न्यायालय लोरमी में 1 और राजस्व न्यायालय में 8 खंडपीठ गठित कर कार्यवाही संचालित की गई।

**परिवार न्यायालय में पति-पत्नी के बीच हुई सुलह**- नेशनल लोक अदालत का एक संवेदनशील पहलू उस वक्त सामने आया जब न्यायाधीश राजीव कुमार की पीठ ने एक दांपत्य विवाद में पति-पत्नी के बीच सुलह करवाई। काउंसलिंग के माध्यम से दोनों पक्षों को साथ रहने की समझाइश दी गई और आपसी सहमति से मामले का निपटारा कर एक परिवार को टूटने से बचा लिया गया।

**5 साल बाद महिला को मिला न्याय**- लोक अदालत के दौरान एक भावनात्मक क्षण तब आया जब संगीता सिंह क्षत्रिय नामक महिला को उनके पति की सड़क दुर्घटना से जुड़े 5 साल पुराने मुआवजा मामले में राहत मिली। वर्षों से न्यायालय के चक्कर काट रही संगीता ने आज चैन की सांस ली। मामले का निपटारा स्वयं जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने कराया और फलदार पौधा भेंट कर संगीता को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। नेशनल लोक अदालत ने यह सिद्ध कर दिया कि न्याय केवल कठोर कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि संवाद, समझौता और सद्भाव से भी हासिल किया जा सकता है।

# पति ने लात-घूंसे के बाद पत्थर मारकर उतारा मौत के घाट

**बलरामपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक पति ने शारीरिक संबंध बनाने से इंकार करने पर अपनी पत्नी की लात-घूंसे के बाद पत्थर से मारकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी. पुलिस ने मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है.

■ **शारीरिक संबंध बनाने से पत्नी ने किया था इनकार**

घटना कुसमी थाना क्षेत्र के सेरेंगाजोभी गाँव की है, जहां 7 मई की रात करीब 11.30 बजे पहाड़ी कोरवा बबुआ ने अपनी पत्नी ढिलो बाई से शारीरिक संबंध बनाना चाहा. पत्नी के इनकार करने पर पति का पारा चढ़ गया और लात-घूंसे के बाद पत्थर से सिर और छाती पर वार कर दिया, जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई.

पीड़िता के पिता सुखदेव ने घटना की जानकारी कुसमी थाने में दी. मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया. पूछताछ में आरोपी के जुर्म कबुलने के बाद उसे 8 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है.

# भ्रष्टाचार के सारे रास्ते को हमने बंद कर दिया: साय

## धर्मांतरण छत्तीसगढ़ के लिए कलंक अगले सत्र में कड़ा कानून लाने जा रहे

**रायपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारी नीति और नियत स्पष्ट है।भ्रष्टाचार के रास्ते हमने बंद कर दिया है। हमारा जीएसटी कलेक्शन बढ़ा है। पिछली सरकार के लीकेज को हमने बंद किया है।देश भर में जीएसटी कलेक्शन में हम अव्वल पायदान पर है। नक्सलवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डेढ़ साल में नक्सल के खिलाफ लड़ाई हमने मजबूत कर दी है। सरकार बनने के ठीक दूसरे महीने केंद्रीय मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ आए थे उन्होंने सुरक्षा बलों के जवानों का उत्साह भी बढ़ाया था।



आज डबल इंजन की सरकार होने का फायदा मिल रहा है. बस्तर शांति की ओर बढ़ रहा है।

मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म हो जाएगा. बस्तर में पर्यटक आयेंगे। बंद स्कूलों में फिर से घंटियां बजेंगी।

श्री साय ने कहा जनता ने कांग्रेस पर बड़ा विश्वास किया था। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता से 36 वादे किए थे, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। पूरे प्रदेश को भ्रष्टाचार में झोंक दिया।राज्य को अपराध का गढ़ बना दिया।हर चीज में भ्रष्टाचार किया।कोयला,शराब,महादेव सट्टा एप, पीएससी में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। कुछ लोग जेल में हैं. कुछ बेल में हैं और कुछ लोग जेल जाने की तैयारी में हैं।उन्होंने कहा किसी प्रदेश में इतना घोटाला नहीं हुआ जो कांग्रेस के पांच सालों की सरकार में हुआ है। कांग्रेस की सरकार से दुखी होकर जनता ने हमे सरकार में बिठाया है। हम जनता से किए गए वादों पर अडिग हैं और उन वादों को पूरा कर रहे है।

धर्मांतरण के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने बेबाकी से कहा कि धर्मांतरण छत्तीसगढ़ के लिए कलंक है।

हम कड़ा कानून लाने जा रहे हैं। कोई अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन करता है तो कोई बात नहीं लेकिन लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जाए यह ठीक नहीं है आने वाले विधानसभा सत्र में हम कड़ा कानून लेकर आयेंगे। जाति जनगणना के संदर्भ में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर होता है। पंडित नेहरू के समय से जाति जनगणना की बात कांग्रेसी करते रहे हैं लेकिन उन्होंने कभी हिम्मत नहीं दिखाई।मोदी जी ने इसकी घोषणा की है। जाहिर है इसका लाभ ही होगा। वहीं भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच मुख्यमंत्री ने कहा, एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक के बाद लगता था कि पाकिस्तान देश की ओर आँख उठाकर नहीं देखेगा लेकिन उसने आतंक की घटना को अंजाम दिया।भारत ने सबक दे दिया है।पाकिस्तान में घुसकर आतंक के ठिकानों को उड़ा दिया। आगे भी कार्रवाई होगी।

# कैदी तक सामान पहुंचाने के लिये पैसा लेने के आरोपी जेल प्रहरी गिरफ्तार

■ **पूर्व से ही 5 आरोपी जेल में**

**दुर्ग,** 11 मई (देशबन्धु)। जेल में बंदी लोगों तक पैसा, सामान व सुख सुविधाओं की जरूरी वस्तुएं इत्यादि भेजने के आरोप में पुलिस ने एक जेल प्रहरी दिवाकर सिंह पैकरा (35) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से इसे जेल भेज दिया गया। इसी मामले में कैदियों व जेल प्रहरी के मध्य, माध्यम बनकर राशि व सामान पहुंचाने में मदद करने के मामले में 5 लोग पहले ही गिरफ्तार किये जा चुके है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि इस गिरफ्तारी में जेल प्रशासन की बड़ी भूमिका व सहयोग रहा है।

पुलिस के अनुसार मरोदा टैंक नेवई थाना निवासी हनुमान नायक उर्फ हनु (28) ने पद्मनाभपुर थाने में शिकायत करते हुए बताया कि जेल के भीतर बंदियों तक सामान पैसा व सुख सुविधाएं पहुंचाने के एवज में कैदी के रिश्तेदारों से पैसा वसूला जाता है। नहीं दे पाने पर उन्हें टार्चर किया जाता है। श्री नायक ने पुलिस को यह जानकारी अपने किसी परिचित से मिली शिकायत के आधार पर दी। शिकायत के आधार पर पूरे मामले की जांच की गई। आरोपी जेल प्रहरी दिवाकर सिंह पैकरा से



पूछताछ की तो उसने अपना आरोप स्वीकार कर लिया। इसके बाद उसे धारा 308(2), 308 (5)111 (2)(ख) 3.5 बीएनसी कायम कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

इस मामले में मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले पांच आरोपी इसराईल कुमार (36), अजय दीवान (27), प्रतीक वासनिक (20), संजय वासनिक (31), लोकेश्वरी साहू (23) पूर्व से ही जेल में है।

# चूल्हापथरा के जंगल में फांसी के फंदे पर मिला युवक का शव

गुरुर, 11 मई (देशबन्धु)।थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चुल्हापथरा के जंगल में 25 वर्षीय एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।



यह घटना शनिवार को दोपहर की है, लेकिन शाम होने की वजह से शव का पीएम नहीं हो पाया था। रविवार को 11 बजे गुरुर स्थित मर्च्युरी में पीएम के बाद शव को परिजनों के हवाले किया गया।

पुलिस के मुताबिक गुरुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सांगली निवासी ओनम साहू ने अज्ञात कारणों के चलते इस तरह घटना को अंजाम दिया है।

### घटना की पूर्व बनाया वीडियो

ओनम साहू घटना दिनांक को मोटरसाइकिल से अपने गृह ग्राम सांगली से ग्राम चुल्हापथरा के जंगल में पहुंचा था। जहां उन्होंने घटना के पूर्व एक वीडियो बनाकर अपने परिजन को भेजा था।

वीडियो के आधार पर तत्काल गुरुर पुलिस को सूचना दी गई। तत्पश्चात गुरुर पुलिस एवं परिजन घटना स्थल पर पहुंचे, तब तक ओनम साहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

मृतक ओनम साहू ने घटना के पूर्व वीडियो में स्वास्थ्य खराब होने का जिक्र किया है। पुलिस के मुताबिक ओनम साहू ने कर्रा के पेड़ में प्लास्टिक रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

पुलिस के मुताबिक फिरहाल घटना का कारण अज्ञात है, मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। रविवार को गुरुर स्थित मर्च्युरी में पीएम के बाद शव को एंबुलेंस वाहन के माध्यम से गृह ग्राम के लिए रवाना किया गया।

# पुरुर के मोहन राइस मिल में मिला कर्मचारी का शव

## जांच में जुटी पुलिस

**गुरुर,** 11 मई (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे 30 में स्थित ग्राम पुरुर में संचालित मोहन राइस मिल में काम करने वाले 33 वर्षीय एक कर्मचारी का शव मिला है। पुलिस के मुताबिक कर्मचारी का नाम रिंकू, पिता लालमन उम्र 33 वर्ष है, जो ग्राम देदगांव, चंदौरी (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला था। रविवार को दोपहर में राइस मिल में काम करने वाले अन्य कर्मचारी जब उनके पास गए, तब इस तरह घटना के बारे में जानकारी हुआ। घटना की सुचना पर पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे, जहां कर्मचारी अपने कमरे में मृत अवस्था में मिला।



शव को सुरक्षित तरीके से रखा गया है फ्रीजर में

राइस मिल में काम करने वाले कर्मचारी की आखिर मौत कैसे हुई है, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना के संबंध में पुलिस एवं राइस मिल प्रबन्धन द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। रविवार की शाम गुरुर स्थित मर्च्युरी में पीएम के बाद शव को फ्रिजर मे सुरक्षित तरीके से ही रखा गया है। सोमवार को मृतक के परिजन जब गुरुर पहुंचेंगे तब पुलिस द्वारा शव को सुपुर्द करके गृहग्राम के लिए रवाना किया जाएगा। मामले में पुलिस थाना पुरुर द्वारा जांच की जा रही है।

# बेमेतरा में दो बाल विवाह रोककर प्रशासन ने दिखाई सख्ती

**बेमेतरा,** 11 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार बेमेतरा जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 10 मई 2025 को महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम ने विकासखंड बेमेतरा के ग्राम बहेरा एवं ग्राम जेवरी में दो प्रस्तावित बाल विवाहों को सफलतापूर्वक रोका।



प्राप्त सूचना के आधार पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री सी.पी. शर्मा के निर्देशन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री व्योम श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित टीम ने मौके पर पहुँचकर कार्यवाही की। टीम में परियोजना अधिकारी श्रीमती यमुनेश पाण्डेय, श्रीमती मनोरमा साहू, सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती स्मिता सिंह, श्रीमती कनकमणि पटेल सहित पुलिस विभाग, ग्राम सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं कोटवार उपस्थित रहे। टीम द्वारा दोनों परिवारों को समझाइश दी गई तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया। परिजनों ने बालक-बालिका के निर्धारित वैधानिक आयु पूर्ण होने के पश्चात ही विवाह करने की सहमति दी और तत्काल विवाह स्थगित कर दिया। अधिनियम के अनुसार बाल विवाह कराने पर 2 वर्ष तक का कठोर कारावास या एक लाख रुपये तक जुर्माना अथवा दोनों सजा का प्रावधान है। बाल विवाह रोकथाम के लिए ग्राम सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच व कोटवार को प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है। आमजन से अपील की गई है कि बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या मोबाइल नंबर 8319141116, 8269844404 पर तत्काल दें। साथ ही सेवा प्रदाताओं — धर्मगुरु, पुरोहित, बैंड-बाजा, हलवाई, टेंट, कैमरा, वीडियोग्राफर, प्रिंटिंग प्रेस एवं डीजे संचालकों से भी आग्रह किया गया है कि वे सेवा प्रदान करने से पूर्व वर-वधु की आयु कानूनी मापदंडों के अनुरूप सुनिश्चित करें।

**NECC**

| 12.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 501 | 70 | 135 |
| चिल्हर | 6 | 100 | 160 |

डिलीवरी 516 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

## क्यों न हों पुलिस वालों के चालान?

अक्सर देखा जाता है कि जिन लोगों पर कानून-व्यवस्था लागू करने की जिम्मेदारी है, वे ही कानूनों का उल्लंघन करते हुए दिखाई देते हैं। ऐसा सबसे ज्यादा दिखलाई देता है वह है सड़कों पर वाहन चलाते हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारी। यदि वे मोटर साइकल चलाते हैं तो हेलमेट लगाने की चिंता नहीं करते और यदि कार चलाते होते हैं तो अक्सर सीट बेल्ट नहीं लगाते। कई बार वे रॉंग साइड से वाहन चलाते हैं या फिर लाल बत्ती होने पर भी चौक-चौराहे पार करते हैं। अक्सर इनकी निजी गाड़ियों पर 'पुलिस' लिखा होता है जो कि नियम विरूद्ध है। विभाग का रसूख और चालान करने वाले भी ऐसे कर्मचारियों व अधिकारियों के सहयोगी होते हैं तो आखिर चालान कौन काटेगा? इससे उन लोगों को कोफ़्त होती है जो यातायात नियमों का पालन करते हैं और चाहते हैं कि सड़कों पर अनुशासन बना रहे।

रायगढ़ पुलिस ने इस दिशा में अनुकरणीय पहल की है। उसने शुक्रवार को ऐसे 10 पुलिस कर्मचारियों के 500-500 रुपये के चालान काटे जो बिना हेलमेट वाहन चला रहे थे। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने इस आशय का यातायात विभाग को निर्देश दिया कि ड्यूटी पर जा रहे हों अथवा निजी कामों से- हेलमेट के बिना वाहन चलाते हुए पुलिस वालों के चालान काटे जायें। इसके तहत की गयी कार्रवाई से ऐसे लोगों से जुर्माना वसूला गया। राज्य भर में यातायात पुलिस इसी तरह बिना भेदभाव के कार्रवाई करे। इससे लोगों में यह डर बैठेगा कि जब पुलिस वालों के ही खिलाफ कार्रवाई हो सकती है तो उन्हें भी इसका पालन करना चाहिये।

सभी जिलों में इस तरह के कदम तो उठाये ही जायें, परन्तु कानून का उल्लंघन केवल हेलमेट न लगाने तक सीमित नहीं होता वरन कार चलाते वक्त सीट बेल्ट न लगाकर भी किया जाता है। ऐसे अधिकारियों को भी चालान के नोटिस थमाये जायें। ज्यादातर ये अधिकारी होते हैं। जब पुलिस कर्मचारी का ही इतना रसूख होता है तो अधिकारियों के प्रभाव का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। वैसे यहां यह बताना भी लाजिमी है कि केवल पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ही यातायात कानून नहीं तोड़ते बल्कि विभिन्न शासकीय विभागों में काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारी भी ऐसा करते हैं क्योंकि सरकारी विभागों में होने से उनकी पुलिस में जान-पहचान होनी स्वाभाविक है। वे भी हेलमेट या सीट बेल्ट लगाये बिना वाहन चालन करते दिख जाते हैं। इन कानूनों का उल्लंघन करते हुए तो दिख जाते हैं लेकिन वाहनों का पीयूसी, इंश्योरेंस अथवा चालकों के लाइसेंस देखने की तो नौबत ही नहीं आती।

पुलिस तथा सभी शासकीय विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वत:स्फूर्त यातायात नियमों का पालन करना चाहिये ताकि सामान्य जनता भी ऐसा करने के लिये प्रेरित हो। यातायात विभाग ऐसे उल्लंघनकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई करे।

उल्टा पुल्टा

सास- मुझे पूरा भरोसा है, तुम किचन संभाल लोगी।
बहू किचन में गई और कुछ टूटने की जोरदार आवाज आई.
सास- क्या तोड़ दिया?
बहू- आपका भरोसा

# गुरू गोविंद सिंह वार्ड में सांस्कृतिक मंच का किरण देव ने किया लोकार्पण




**जगदलपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। शहर के गुरू गोविंद सिंह वार्ड में ग्रीन सिटी कालोनी में सांस्कृतिक मंच का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के द्वारा विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया गया। सांस्कृतिक मंच लोकार्पण अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने संबोधित करते हुये कहा कि शहर में ग्रीन सिटी कालोनी बहुत व्यवस्थित कालोनी में से एक है। सभी मिलकर ग्रीन सिटी कालोनी को और बेहतर बनायेंगे। कालोनी में सांस्कृतिक मंच के बनने से कालोनी में निवासरत लोगों को सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाने में काफी सुविधा होगी। इसको संरक्षित व सुरक्षित रखना हमारा दायित्व है। कालोनीवासियों को गतिविधियों को कराने में एक अच्छा सुविधायुक्त मंच मिल गया है। कालोनी के विकास में जो बेहतर होगा उस विकास कार्य को किया जायेगा। वहीं महापौर संजय पांडे ने कहा ग्रीन सिटी कालोनी में सांस्कृतिक मंच निमार्ण कार्य की बधाई नगर निगम का पूरा सहयोग रहेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री देव के नेतृत्व में जगदलपुर शहर में चौमुखी विकास हो रहा है। सभी मिलकर हम बेहतर कार्य करेंगे।

इस दौरान अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, एम आई सी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, राजस्व सभापति व वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा, मनोहर तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, बलराम यादव, नवीन बोथरा, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, ग्रीन सिटी कालोनी अध्यक्ष अभय नोनहारे, के के कश्यप, एम भगत, बी फीलीप, बी विश्वास, खरे, विलाश साहा, संरक्षक हरिशंकर देवांगन एवं कालोनीवासीं उपस्थित थे। मंच संचालन पार्षद संग्राम सिंह राणा ने किया।

# समाज संगठित होने से परिवार में आती है खुशहाली : संजय



### इज्तेमाई निकाह में 8 जोड़े हुए शामिल

**जगदलपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। बस्तर मुस्लिम डेव्हलपमेंट सोसायटी द्वारा आज इज्तेमाई निकाह का आयोजन अंजुमन जमात खाना में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर संजय पाण्डे, विशिष्ट अतिथि नगर निगम के स्पीकर खेम सिंह देवांगन, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, पद्मश्री धर्मपाल सैनी डॉक्टर एस जहीरूद्दीन, वसीम अहमद, अमरीश सिंह, पार्षद जाहिद हुसैन, पूर्व पार्षद बलराम यादव सहित समाज के लोग उपस्थित रहे। महापौर संजय पाण्डे ने वर व वधु से मिलकर उन्हें वैवाहिक जीवन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज हम सब एक नेक और प्रीत काम के लिए एकत्रित हुए हैं। इज्तेमाई निकाह इस्लाम धर्म के संदेश को आगे बढ़ाता है। समाज में सामूहिक विवाह होने से विवाह में होने वाले फिजूल खर्चे पर विराम लगेगा। विवाह के बाद व्यक्ति की जवाबदारी बढ़ जाती है। विगत 18 वर्षों से मुस्लिम समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा चालू कि गई है। इसके लिए महापौर ने समाज के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज संगठित होता है तो परिवार में खुशहाली आती है। बिना किसी विघ्न के समाज में यह परंपरा लगातार चलती रहे। निगम स्पीकर खेमसिंह देवांगन ने नव दांपत्य जीवन में प्रवेश कर रहे हैं वर व वधु को शुभकामनाएं दी। समाज के लोगों ने जानकारी दी कि वर्ष 2007 से सामूहिक विवाह की परंपरा चालू की गई है। बीच में किसी कारणवश यह सामूहिक विवाह नहीं हो पाया था। समाज की ओर से वर्ष 2007 से 2024 तक कुल 112 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ है। इस वर्ष कुल 8 जोड़े वैवाहिक जीवन में बंधे। इस कार्यक्रम में नबी मोहम्मद, जमील अहमद, फिरोज बस्तरिया सहित अधिक संख्या में जमात के लोग मौजूद रहे।

# संभागीय धुरवा समाज के स्थापना दिवस पर 44 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह







**जगदलपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। संभागीय धूरवा समाज का दो दिवसीय स्थापना दिवस कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ सुकमा जिले के तोंगपाल में मनाया गया। जिसमें 44 जोड़े का सामूहिक विवाह बस्तर जिला से 23. सुकमा से 14 व दन्तेवाड़ा से 07 कुल - 44 जोड़े सम्मिलित हुए। उड़ीसा प्रांत के समाज प्रतिनिधि के साथ इस कार्यक्रम में संभाग के सभी जिलों के समाज प्रमुख व आठ हजार से अधिक लोग इस कार्यक्रम के गवाह बने। प्रथम दिवस 8 मई को सामाजिक नीति नियम समाज में बाल कुरीतियों व एक रुपता पर विशेष चर्चा समाज प्रभुष व हर क्षेत्र से आये प्रतिनिधियों के बीच चला। सोयकालीन में सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाच गाने का कार्यक्रम हुआ। स्थापना दिवस के दूसरे दिवस बस्तर सुकमा, व दन्तेवाड़ा से आए नव युवा, युवतियों का सामूहिक विवाह धुवा संस्कृति, परम्परा के अनुसार सम्पन्न किया गया। जिसमें युवा व युवतियाँ पुरवा वेशभूषा में उल्लास के साथ नाचते -गाते गाते हुए दिखाई दिये। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिनिधि व वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण छात्र व छात्राओं का समाज की ओर से सम्मान किया गया। 12 वीं कक्षा से कु. सुकरी वेबल पिता सुकदेव बघेल टंगिया जोड़ी प्रथम श्रेणी 67 प्रतिशत विषय विज्ञान त्रिवेणीनाग पिता स्व. गोपीराम नाग ग्राम तोगपाल जिला सुकसा 70 प्रतिशत विज्ञान। कक्षा दसवीं से गितिका नाग पिता लखेश्वर नाग जौरागोव बस्तर ने 60 प्रतिशत -1 समाज में बेहतर कार्य करने वाले ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संतोष बघेल, अध्यक्ष जिला बस्तर, बालचंद नाग कोषाध्यक्ष जिल्हा सुकया, फूलमती नाग सदत्य पुरवा समाज जिला द ?तेवाड़ा,

मदन नाग रहकमा जिला सदत्य स्थापना दिवस में उपस्थित समाज प्रमुख पप्पूराम नाग अध्यक्ष संभागीय धुरवा समाज, डा. गंगाराम कश्यप धूर- महासचिव संभागीय दुरखा समाज, रामदेव नाग अध्यक्ष सुकमा जिला, जयराम कश्यप-अध्यक्ष दन्तेवाड़ा जिला, नीलम सिंह कश्यप, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# समाधान शिविर में हितग्राहियों को मिले किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन की स्वीकृति सहित किसान किताब



**जगदलपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत दिए गए आवेदनों का तीसरे चरण के समाधान शिविर में त्वरित निराकरण सहित जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के फलस्वरूप लाभार्थियों में खुशी है। समाधान शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य, कृषि और श्रम विभाग के हितग्राही को किसान किताब, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण की स्वीकृति आदेश, सामाजिक सहायता पेंशन आदेश, किसान किताब, किसान क्रेडिट कार्ड, श्रमिक कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सरकार की संवेदनशील पहल है। इन लाभार्थियों ने इसके लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार जताया और राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर उलनार में इसी गांव के ही निवासी ठीरली कश्यप पिता सुकालू ने बताया कि वह बीते महीने में 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है, इसे ध्यान रखते हुए ग्राम पंचायत में वृद्धावस्था पेंशन के लिए सुशासन तिहार में आवेदन देने कहा गया तो उसने उक्त पेंशन के लिए आवेदन किया था। मैं काफी खुश हूं कि मेरे आवेदन पर विभाग ने तत्काल कार्यवाही कर पेंशन स्वीकृति आदेश दिया है। इसी तरह दृष्टिहीन त्रिलोचन कश्यप पिता मानसिंह को दिव्यांग पेंशन के लिए दिए गए आवेदन के आधार पर दिव्यांग पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। इसके लिए बुजुर्ग ठीरली कश्यप ने जहां शासन-प्रशासन के प्रति आभार जताया। वहीं दिव्यांग त्रिलोचन के पिता श्री मानसिंह ने इसे सरकार की जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशील एवं सजग मदद निरूपित किया। ग्राम टलनार निवासी राजमन एवं मेघनाथ और उलनार के बनमाली तथा पीलूराम ने सुशासन तिहार में किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किए थे। जिला सहकारी बैंक द्वारा तत्काल आवश्यक दस्तावेजों का जांच कर इन दोनों हितग्राहियों को नवीन किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर प्रदाय करने पर इन दोनों हितग्राहियों ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें खेती-किसानी के लिए सहकारी समिति से खाद-बीज सामग्री तथा आवश्यक सहायता राशि प्राप्त हो सकेगी। समाधान शिविर में किसानों ने किसान किताब बनाने के लिए दिए गए आवेदन पर त्वरित पहल कर उन्हें किसान किताब प्रदान करने हेतु राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। जिसमें किसानों ने खाता विभाजन उपरांत किसान किताब के लिए आवेदन किया था, जिसके तहत टलनार के लाभार्थी रंगोराम पिता पाकलू, घसिया पिता हलधर और रामेश्वर पिता जुगधर ने बताया कि अपने परिवार में खाता विभाजन के बाद किसान किताब के लिए सुशासन तिहार में आवेदन किया था। विभाग ने तत्काल बनाकर हम सभी को किसान किताब प्रदान किया है। इन सभी ने भी किसान किताब देने के लिए शासन-प्रशासन के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि अब उन्हें बैंक से ऋण लेने तथा शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होने में सहूलियत होगी।

# ग्राम्शी की विचारधारात्मक स्थापनाएं जनवादी विचारों को विस्तारित करती है : डॉ. मेखला चट्टोपाध्याय




**जगदलपुर.**11 मई (देशबन्धु)। प्रगतिशील लेखक संघ, जगदलपुर की ओर से वैचारिकी श्रृंखला के अंतर्गत 10 मई शनिवार को स्थानीय लाला जगदलपुरी केन्द्रीय पुस्तकालय परिसर स्थित जिला ग्रंथालय में विश्व विख्यात दार्शनिक और राजनीतिक विचारक अंतोनियो ग्राम्शी पर केंद्रित कर डॉ. मेखला चट्टोपाध्याय, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेज़ी विभाग), शासकीय पी जी कॉलेज, धरमपुरा, का व्याख्यान ग्राम्शी के विचारों की प्रासंगिकता और आज के भारत में बुद्धिजीवियों की भूमिका विषय पर रखा गया। स्वागत के बाद कार्यक्रम के आरंभ में जगदीश चंद्र दास ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि बताई और डॉ. मेखला चट्टोपाध्याय का संक्षिप्त परिचय दिया। समाजशास्त्री और पूर्व प्राध्यापक अली एम. सैयद ने प्रख्यात दार्शनिक और विचारक अंतोनियो ग्राम्शी का जीवन परिचय दिया और उनके विचारधारा की मुख्य बातें बता कर व्याख्यान के लिए डॉ. मेखला चट्टोपाध्याय को आमंत्रित किया। संश्लिष्ट और जटिल बहु सांस्कृतिक भारतीय समाज के परिप्रेक्ष्य में ग्राम्शी के सांस्कृतिक प्रभुत्व, नागरिक और राजनीतिक समाज, पारंपरिक बुद्धिजीवियों के उलट जैविक बुद्धिजीवियों की सामाजिक- राजनीतिक चेतना के उन्नयन में भूमिका, दलित और वंचित वर्ग के उन्नयन का सब आल्टर्न चिंतन, प्रैक्सिस आदि चिंतनों का उल्लेख करते हुए डॉ. मेखला चट्टोपाध्याय ने कहा कि ग्राम्शी की विचारधारात्मक स्थापनाएं जनवादी विचारों को खारिज नहीं करतीं वरन् उनको विस्तारित करती हैं। संस्कृति, सांस्कृतिक प्रभुत्व और जैविक बुद्धिजीवियों के बारे में मदन आचार्य, उर्मिला आचार्य, हिमांशु शेखर झा, सुनील श्रीवास्तव, मोहम्मद शोएब अंसारी ने अपने विचारों और शंकाओं को रखकर उनका निवारण डॉ. मेखला चट्टोपाध्याय, अली एम. सैयद से पाया। वरिष्ठ रंगकर्मी और पूर्व उद्घोषक एम.ए. रहीम ने जनजातीय संस्कृति के उदात्त पहलुओं पर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे संकीर्तन महामंत्र से झूमे श्रद्धालु



**जगदलपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। शहर के प्रवीर वार्ड पनारापारा स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में रविवार को अखण्ड हरिनाम महामंत्र का धार्मिक आयोजन प्रारम्भ हुआ। पूर्वान्ह 11 बजे वैदिक पंडितों के वेद ध्वनि एवं स्वस्ति वाचन के द्वारा विधिविधान के साथ भगवान श्री कृष्ण और श्री राम की पूजा एवं अर्चना की गई। पंडित किशोर तिवारी व पंडित चन्दन तिवारी के साथ आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी इस अनुष्ठान में मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसके पूर्व दर्जनों ग्रामों से पहुंचे आदिवासी व अन्य मातृ शक्ति इन्द्रावती नदी से जल लेकर कलश यात्रा निकाल लक्ष्मीनारायण मन्दिर पहुंची। तत्पश्चात पूजा अर्चना और नैवैद्य विधान कर अखण्ड हरिनाम संकीर्तन महामंत्र कीर्तन प्रारम्भ हुआ। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में आदिवासी ग्रामीण अंचल से मातृ शक्तियां व पुरुष कर्मकर्ता हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे महामंत्र के जाप करते पूरी भक्तिभाव से झूमते दिखे। यह अखंड नाम कीर्तन प्रत्येक वर्ष नृसिंह चतुर्दशी के दिन आरम्भ होकर वैशाख पूर्णिमा में समाप्त होता है।

बता दें कि यह अष्ट प्रहरी कहलाता है। अर्थात निरंतर बिना रुके 8 पहर अर्थात 24 घंटे, यह दिव्य हरिनाम कीर्तन चलता रहता है। जिसमें दूर अंचलों से आए भक्त वृंद कलयुग तारण महामंत्र का निरंतर झूमते नाचते कीर्तन रूपी जप करते हैं। अखंड अष्ट प्रहर बीतने के पश्चात, सभी भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी नारायण सेवा समिति के द्वारा की जाती है। जिसमें शहर के गण मान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि, एवं मंदिर से जुड़े सभी भक्त वृंद सम्मिलित होते हैं। यह उत्सव इस वर्ष भी 11 मई से 12 मई तक श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में मनाया जा रहा हैं। लक्ष्मीणारायन मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित किशोर तिवारी ने बताया कि पिछले 12 वर्ष से मंदिर प्रांगण में अखण्ड हरिनाम संकीर्तन का धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से आदिवासी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सुशासन तिहार: बकावंड ब्लॉक के उलनार और बस्तर के ग्राम पखना कोंगरा में समाधान शिविर का हुआ आयोजन



**जगदलपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के तहत समाधान शिविर का आयोजन जिले के विभिन्न विकासखंडों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को बस्तर जिले के विकासखंड बकावंड और बस्तर के ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। बकावंड विकासखंड के उलनार में आयोजित समाधान शिविर में 19 ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किया गया जिसमें ग्राम उलनार, पाईकपाल, गुमडेल, करीतगांव, जुनावनी, कोरपाल, कानापाल, कुरूषपाल, मालगांव, धोबीगुड़ा, इरिकपाल, कोहकापाल, चितालूर, बालपुटी, बजावण्ड, तारापुर, टलनार, बनियागांव एवं बेलगांव सम्मिलित रहे। इस शिविर में 7271 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 7252 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 19 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुए थे।

बस्तर विकासखंड के पखना कोंगेरा में आयोजित समाधान शिविर में सालेमेटा-एक, छुरावण्ड, खड़का, पखनाकोंगेरा, कोटगढ़, खण्डसरा, तुरपुरा, पल्लीभाटा, तुरपुरा नवीन, केशरपाल, नहरनी, सोरगांव एवं जामगांव कुल 13 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था। इस शिविर में 5889 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 5882 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 08 लंबित हैं। इस शिविर में भी सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। उलनार में आयोजित समाधान शिविर में सांसद बस्तर महेश कश्यप ने स्थानीय हल्बी बोली में सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी जागरूक जनसाधारण ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। सांसद ने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदनों का निराकरण जिस तेजी के साथ किया गया यह सतत रूप से जारी रहेगी, ताकि ग्रामीणों को छोटी-छोटी समस्या और मांग के लिए तहसील और जिला मुख्यालय तक जाने की जरूरत नहीं हो। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास में सहभागी बनने का आग्रह किया। इस शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधी और पंचायत पदाधिकारी सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ऋषिकेश तिवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला और खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बस्तर विकासखंड के पखना कोंगेरा में आयोजित समाधान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा पूरे राज्य में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आम जनता की समस्या-मांगों का त्वरित निराकरण हो रहा है वहीं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। यह सुशासन शहर और गांवों के हर व्यक्ति तक पहुंचे, यह सार्थक प्रयास सरकार कर रही है। उन्होंने इस शिविर से सभी को लाभ लेने का आग्रह >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**भिलाईनगर** 11 मई (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे रोड पर बीती रात्रि चंद्रा मौर्या चौक के पास बाइक व बस से टक्कर हो जाने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शनिवार रात को कुर्बान अली 21 वर्ष स्पोर्ट्स बाइक से पावर हाउस की तरफजा रहा था। बाइक बस से टकरा गया। बस एवं बाइक दोनों ही एक ही दिशा में जा रहे थे। जिससे कुर्बान की बाइक का बैलेंस बिगड़ा और वह बाईक समेत बस से जा टकराया। बस के अचानक रोकने के कारण कुर्बान अली संभल नहीं पाया और वो सीधे बस के पीछे जा घुसा और उसका सिर सीधे बस से जा टकराया गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक भिलाई के वार्ड.7 कृष्णा नगर का रहने वाला था। शव को मर्चुरी में रखवा दिया गया है। परिजनों ने बताया कि कुर्बान जेसीबी ऑपरेटर था।

# भाकपा माओवादी की राज्य कमेटी ने तेलंगाना में की 6 माह के युद्ध विराम की घोषणा

**जगदलपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ हो रही कड़ी कार्रवाई का गहराई तक असर देखने को मिल रहा है। उन्होंने पूरे छह माह के लिए युद्ध विराम की घोषणा कर दी है। अब छत्तीसगढ़ में सक्रिय नक्सली संगठन भी कमजोर पड़ जायेगा। दरअसल नक्सली संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की तेलंगाना राज्य इकाई ने एकतरफा युद्ध विराम की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुड़ेम जिले में एक साथ 38 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। आत्मसमर्पण करने वाले सारे लोग युद्ध विराम की घोषणा करने वाले संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी से जुड़े रहे हैं। इनमें 2 सदस्य, 16 मिलिशिया सदस्य, 7 वीसीएमएस, 6 केएएमएस सदस्य, 3 सीएनएम सदस्य और 4 जीआरडीसदस्य शामिल हैं। इस साल तेलंगाना के अकेले भद्राद्री कोठागुड़ेम जिले में अब तक 268 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। इनमें ज्यादातर नक्सली बस्तर संभाग के बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा जिलों के निवासी हैं। 38 नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद नक्सली संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की तेलंगाना राज्य समिति ने 6 माह के लिए एकतरफा युद्ध विराम की घोषणा कर दी है। शीर्ष नक्सली नेता जगन के प्रवक्ता ने हिंदी और तेलुगु भाषा में एक पत्र जारी कर कहा है कि- तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, बीआरएस नेता चंद्रशेखर राव, कविता, कांग्रेस पार्टी और सभी वामपंथी दल शांति वार्ता के पक्षधर हैं। ये तमाम दल और नेता शांति वार्ता के लिए अभियान भी चला रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) 6 माह के लिए युद्ध विराम की घोषणा करती है।

### छत्तीसगढ़ में कड़ी कार्रवाई का पड़ोसी राज्य में बड़ा असर

**असल वजह तो यह है**

दरअसल यह कदम केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 31 मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के संकल्प, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के आक्रामक रुख और बस्तर संभाग में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे आरपार के अभियान का नतीजा है। बस्तर संभाग के बीजापुर जिले के करेंगुट्टा पहाड़ी पर चलाए गए अब तक के सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन नक्सलियों पर बड़ा कहर ढाया है। इस ऑपरेशन में 26 नक्सली मारे गए हैं। वहीं नक्सलियों के बम, बंदूक, बारूद और अन्य सामग्रियों के बड़े बड़े भंडार और नक्सलियों के सुरक्षित ठिकाने तबाह हो गए हैं। हालत यह है कि नक्सलियों को रसद और हथियारों के लाले पड़ गए हैं। नक्सलियों की कमर ही टूट चुकी है और अब उनके सामने आत्मसमर्पण एवं युद्ध विराम की घोषणा के सिवा कोई दूसरा विकल्प नहीं रह गया है। बता दें कि तेलंगाना की सीमाएं बस्तर संभाग के सुकमा और बीजापुर जिलों से लगी हुई हैं।

# शिवा-शिवा की स्तुति से सफल होता है जीवन : सुमित भारद्वाज

**जगदलपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। शहर मध्य स्थित भीतरमठ में चल रहे श्री कालिका शिव महापुराण सर्व ज्ञानयज्ञ के चौथे दिन रविवार को कुबेर चरित्र, शक्ति प्रादुर्भाव, सती-जन्मोत्सव. प्रसंग आया। कथा बांचते हुए कवर्धा से पधारे कथा वाचक सुमित जी भारद्वाज ने भगवान शिव और पार्वती के अर्धनारीश्वर स्वरूप की कथा सुनाते हुए कहा कि शिव और शिवा दोनों की स्तुति की जानी चाहिए। शिव दिगंबर,कपाल धारक हैं तो माता शिवा लाल साड़ी में सुसज्जित हैं। शिवा - शिवा की आठ मूर्तियों की पूजा की जानी चाहिए। यह आठ मूर्तियां सर्व, भव, रूद्र, भीम, पशुपतिनाथ, महादेव आदि हैं। अष्टाध्यायी का पाठ करने से पूर्ण फल मिलता है। कथा बाँचते हुए उन्होंने कहा कि सृष्टि का निर्माण करने से पहले ब्रह्माजी ने सदाशिव का स्मरण किया था और उन्हें शिव का अद्भुत स्वरूप अर्धनारीश्वर नजर आया। इस रूप से ही दो नर नारी मनु और शतरूपा प्रकट हुए। भगवान ब्रह्मा के च्काय् कहने से पुरुष और च्याय्, कहने से नारी प्रकट हुई इसलिए इस शरीर को च्कायाय् कहा जाता है। यह शरीर देवांश है। हमें मानव शरीर प्राप्ति पर गर्व होना चाहिए और विश्व कल्याण की कामना करनी चाहिए। सर्व कल्याण की कामना से ही संसार को खुशहाल बनाने का प्रयास करना चाहिए। यह अनुष्ठान सुश्री कमला कुमारी कश्यप द्वारा अपने दिवंगत पुत्र शिबू की स्मृति में आयोजित की हैं। आज की कथा सोमवार को शक्तिपीठ महिमा की कथा सुनाई जाएगी, वहीं शिव-गौरी विवाह उत्सव भी मनाया जाएगा। कुमार चरित्र, गणेश उपाख्यान, अष्ट सिद्धि पूजन,शिवअवतार, द्वादश ज्यार्तिलिंग, महाविद्यापूजन ,शिवरात्रि- पशुपति व्रत कथा, चढोत्री,शिव गीता, बिल्व वर्षा, हवन पूर्णाहूति, सहस्त्रधारा भण्डारा प्रसादी, रूद्राक्ष वितरण कार्यक्रम होगा।



### शिव महापुराण में सुनाई गई मानव काया के प्रकट होने की कथा

# भिलाई के राजनीश नेशनल बॉक्सिंग में रचा इतिहास



**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। संयंत्र के बॉक्सिंग अकादमी के प्रशिक्षणार्थी मास्टर राजनीश यादव ने नई दिल्ली में सम्पन्न स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित अंडर-19 राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 46 49 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर संयंत्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। भिलाई कैम्पस का प्रतिनिधित्व कर रही सात सदस्यीय बाल मुक्केबाजों की टीम में से मास्टर राजनीश यादव ने पांच मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक बन गई है क्योंकि राज्य के गठन के बाद इस भार वर्ग में यह पहला स्वर्ण पदक है। जिससे राज्य की खेल यात्रा में एक नया मील का पत्थर स्थापित हुआ है। इस ऐतिहासिक सफलता पर कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने संयंत्र सामूहिक की ओर से युवा मुक्केबाज राजनीश को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक विजय शर्मा, उप महाप्रबंधक, राजेन्द्र प्रसाद, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार उप प्रबंधक डेनिस क्रिस्टी रजनीश को बधाई दी है।

# रिसाली आयुक्त ने 6 दुकानों को हटाने के दिए निर्देश



**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। मैत्री गार्डन चौक के सामने वार्ड 13 में व्यापारियों ने रास्ता और नाली पर अतिक्रमण कर दुकान बना लिया है। यही कारण है कि पानी निकासी का रास्ता और एप्रोच रोड निर्माण कार्य आधे में ही रोकना पड़ा। मामला प्रकाश में आते ही नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा ने दुकान हटाने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रीय पार्षद विधि यादव की उपस्थिति में निगम आयुक्त मोनिका वर्मा मरोदा क्षेत्र का भ्रमण की। दरअसल यहां पर पानी निकासी का रास्ता घुमाव दार हो गया है। इस वजह से पानी निकासी नहीं हो रहा है। इसी तरह नहर किनारे बने सी सी रोड अतिक्रमण की भेट चढ़ चुका है। यहां पर छोटे छोटे व्यापारियों ने कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया है। इस वजह से एप्रोच रोड निर्माण अधूरा पड़ा है। आयुक्त ने स्थल निरीक्षण के बाद राजस्व विभाग के तोड़ फोड़ विभाग प्रभारी दुर्गेश गुप्ता को निर्देश दिया है कि अतिक्रमणकरियों को पहले नोटिस दे। नोटिस का असर नहीं होने पर बिना सुनवाई के अतिक्रमण हटाए। जिन व्यापारियों को नोटिस जारी किया गया है उनमें पूजा फैंसी स्टोर्स, हरिओम मोबाइल, सूरज वॉच, कृष्णा च्वाइस सेंटर, वैभव साड़ी, न्यू पैराडाइज सेलून, मालिक झटका चिकन दुकानदार है। स्थानीय नागरिकों का कहना था कि दिन की आवाजाही में दिक्कत नहीं होती। रात में 30 फीट चौड़ाई वाला सड़क में बाइक सवार नहीं गुजर सकता। वाहनों को सड़क पर ही रख ब्लाक कर दिया जाता है। आयुक्त ने निरीक्षण के बाद दुकानों के आगे सड़क पर लगाए शेड को हटाने कहा। निरीक्षण के दौरान राजेश मेडिकल गली में सड़क किनारे रखे भवन निर्माण सामग्री को देख आयुक्त ने नाराजगी जाहिर की। चार मासूमों को चोट पहुंचने की सूचना पर तत्काल सामग्री हटाने के निर्देश भी दिए है।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता पर किया दीप यज्ञ



**जगदलपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। काश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों के नरसंहार के बाद भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी कैंप पर हमला बोल दिया था। भारत सरकार ने इस हमले को आपरेशन सिंदूर नाम दिया था। इस आपरेशन की सभी कमान मातृ शक्तियों को सौंपी गई थी। इनमें कर्नल सोफिया कुरैशी व व्योमेश सिंह प्रमुख थीं। इन महिला शक्तियों ने इस आपरेशन को पूरी सफलता से अंजाम तक पहुंचाया है। इन्हीं नारी शक्ति को सम्मान देने गायत्री शक्तिपीठ में रविवार की शाम को दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। दीप यज्ञ के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि देश की आन- बान व शान को बचाने व बनाए रखने महिलाएं सशक्त व तैयार हैं। आयोजन में शहर के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्र की सक्रिय सदस्यों ने अपनी सहभागिता दी। इस मौके पर जयश्री श्रीवास्तव, गीता शर्मा, सुप्रिया श्रीवास्तव, अमृता दहिया, कमला बघेल, आशा डोडिया, शारदा पटेल, इंदू पटेल, नंदा कलकोटवार, पी किरण व अन्य शामिल थीं।

## बुद्ध जयंती आज

**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई में 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा (बुद्ध जयंती) का आयोजन भंत दीठ्ठि विशुद्धि के सानिध्य में तथा संस्था के उपाध्यक्ष विनोद वासनीक के अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा सुबह 9 बजे भंते द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर पूजा वंदना होगी। 10 बजे धम्म देशना होगा। तत्पश्चात डॉ आंबेडकर जयंती के अवसर पर जिन प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में खीर. पूड़ी का विवरण किया जाएगा। संध्या 6 बजे के कार्यक्रम में कैंडल रैली का भ्रमण होगा। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी, कार्यकारी सदस्य, युवा प्रकोष्ट, महिला प्रकोष्ट, सलाहकार मंडल, बुद्ध, आंबेडकर अनुयायी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेगें।

# रंगीन मेहमान पर्यावरण प्रकृति के लिए जरुरी



**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। विश्व प्रवासी पक्षी दिवस 2025 आसमान के रंगीन मेहमान पर्यावरण प्रकृती के लिए महत्व जरुरी है। पर्यावरण प्रकृती प्रेमी प्रशांत कुमार शिरसागर ने बताया की विश्व प्रवासी पक्षी दिवस हमे सिखाता है की प्रकृति के ये मेहमान सुरक्षा देने की हम सब की जिम्मेदारी है पर्यावरण को संतुलित रकने मे मदद करते है लेकिन आज जलवायू परिवर्तन अवैध शिकार प्रदूषण और आवास विनाश के कारण प्रवासी पंछीयो प्रजातिय खतरे मे है पर्यावरण स्वस्थ्य सुंदर रखने में बडी भूमिका निभाते है। विश्व प्रवासी पंछी दिवस की शुरुवात 2006 से हुई थी। विश्व प्रवासी पक्षी दिवस आधिकारिक तौर पर कनाडा और अमेरिका में मई के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है, और मेक्सिको, मध्य और दक्षिण अमेरिका और कैरिबियन में अक्टूबर के दूसरे शनिवार को। हालाँकि, हर दिन पक्षी दिवस होता है, और आप साल के किसी भी दिन पक्षियों का जश्न मना सकते हैं और कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं! विश्व प्रवासी पक्षी दिवस इन अविश्वसनीय पक्षियों का जश्न मनाने और उन्हें बचाने में मदद करने का एक विशेष दिन है। इस वर्ष हम अपने शहरों, गांवों, कस्बों और समुदायों को ग्रामीण से शहरी तक, अधिक पक्षी अनुकूल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2025 में मानवीय गतिविधियों और शहरी विकास के विस्तार के कारण प्रवासी पक्षियों के सामने आने वाली कई चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा। अभियान रणनीतिक शहरी नियोजन और संरक्षण प्रयासों की वकालत करेगा जो पक्षी.अनुकूल प्रथाओं को शामिल करते हैं। उल्लेखनीय यात्रियों के लिए आश्रय स्थल बन जाते हैं। 2025 का विषय राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों, व्यवसायों, सामुदायिक समूहों और दुनिया भर के व्यक्तियों सहित सभी क्षेत्रों से कार्रवाई को प्रोत्साहित करता है। पक्षी अनुकूल का अर्थ है अपने पर्यावरण को पक्षियों के लिए सुरक्षित और स्वागत योग्य बनाना। हम देशी पौधे लगाकर, स्वच्छ जल उपलब्ध कराकर और हानिकारक रसायनों के उपयोग से बचकर ऐसा कर सकते हैं। साझा स्थानों का निर्माण और संरक्षण करके, हम पक्षियों को उनकी लंबी यात्राओं में मदद कर सकते हैं और अपने समुदायों को अधिक सुंदर और स्वस्थ बना सकते हैं। पूरे वर्ष के दौरान हम उन कई कार्यों का पता लगाएंगे जो समुदाय अपने स्थानों को अधिक पक्षी अनुकूल बनाने के लिए कर सकते हैं। हम इन गतिविधियों के बारे में और अधिक समाचार प्रदान करेंगे।

# लोक अदालत में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। नेशनल लोक अदालत व्यवहार न्यायालय भिलाई 3 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 एवं शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। भिलाई 3 के बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में आए हुए विभिन्न न्यायालय प्रकरणों के हितग्राहियों की निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के में जांच कर दवा दी गई। व्यवहार न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी अभिनव डहरिया ने स्वयं अपना रक्त चाप जांच कराया। आए हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने ओर जीवन में स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने अपनी बात रखी। सैय्यद असलम ने बताया कि 38 लोगों का पंजीकरण किया गया। जिसमें 16 लोगों को उच्च रक्तचाप, 18 लोगों को डाइबिटीज से पीड़ित होने पर प्रारंभिक स्वास्थ्य शिक्षा योग, पोष्टिक आहार भोजन में शामिल करने ओर प्रतिदिन पैदल चलने जैसी सलाह दी गई। कमजोरी ओर हाथ पैर दर्द ओर एसिडिटी के मरीज भी पहुंचे लोगों को स्वास्थ्य जांच उपरांत दवा दी गई। सैय्यद असलम, श्रीमती आर विश्वास, श्रीमती राज विजय लक्ष्मी, जितेन्द्र पटेल, प्रभात यादव, भूपेंद्र सिंहा आर पी सिंह अधिवक्ता, विकास सोनी, सुनील कशयप उपस्थित थे

# यूनियन ने प्रबंधक से विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा



**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात मज़दूर संघ यूनियन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यक बैठक संघ के महामंत्री चन्ना केशवलू की अध्यक्षता में इस्पात भवन कॉफी हाउस में सम्पन्न हुई। चन्ना केशवलू ने बताया कि डॉ. रवीन्द्रनाथ एवं ईडी पवन कुमार एवं आई आर विभाग के सम्बंधित अधिकारियों से विभिन्न मुद्दों पर बैठक हुई। बैठक में कर्मचारियों से सम्बन्धित मुद्दों पर मज़दूर संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार पाण्डेय एवं महामंत्री चन्ना केशवलू ने चर्चा कर अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए । यूनियन ने प्रबंधन के समक्ष रखे मांगो को शीघ्र निराकरण की मांग की। प्रबंधन द्वारा संयंत्र कर्मचारियों के लंबित वेजरिविजन मुद्दों का निराकरण कराने का प्रयास करें। नई प्रमोसन पालिसी में सुधार किया जाय एवं ग्रेडिंग सिस्टम को कर्मचारियों को दिखाया जाए। 2007 के बनी इनसेंटिव स्कीम में उत्पादकता एवं उत्पादन में वृद्दि हुई है जबकि ऊर्जा खपत में कमी आई है उसी आधार पर इनसेंटिव स्कीम रिवाइज्ड किया जाय। फेस्टिवल एडवांस की राशि 5000 से बढ़ाकर 50,000 रुपये किया जाय। संयंत्र के भीतर तथा हास्पिटल में स्वच्छ खान पान हेतु सब्सिडी दर पर 4 इन्डियन काफी हाउस खोला जाय और बेस केन्टीन को सर्व सुविधा युक्त किया जाय एवं संयंत्र में संचालित केन्टीन में सफाई व्यवस्था में सुधार एवं निर्धारित सूची का पालन किया जाय। कैंटीन मे सभी खाद्य सामग्री पर एक रुपए प्रति दर बढ़ाए जाने का विरोध किया। शवदाह हेतु स्वर्ग रथ या भिलाई में दाह संस्कार हेतु 10,000 तथा भिलाई के बाहर 25,000 रुपये दिया जाय। सभी कर्मियों को सिम तथा हैंडसेट दिया जाय। वाहन एवं आवास ऋण पुनः शुरू किया जाय, हाउस रेंट पर्क में टैक्स के रूप में काटी गई राशि का 50 प्रतिशत प्रबंधन द्वारा अधिकारियों का वापिस किया गया है उसी तरह कर्मियों का भी वापस किया जाय। संयंत्र कर्मचारी को आवश्यकता के अनुसार टयूनस के माध्यम से दो मकान आवंटित किये गए हैं उन्हें नोटिस जारी किया गया हैं उसका यूनियन विरोध करता है। उन कर्मचारियों को परेशान न किया जाए। टाउनशिप में दोनों टाईम पानी पुनः शुरू किया जाय। तत्काल सेवा समिति का चुनाव कराया जाए। फेस आईडी मशीन अनेक बार चेहरा केप्चर के बाद भी बीएएमएस में शो नहीं करता। इसे जल्द दूर किया जाए। इन सभी मांगों को पूर्ण नहीं करने पर यूनियन कर्मचारियों के साथ मिलकर प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा ।

## प्रादेशिकी का शेष...

### संभागीय धुरवा समाज के...

संरक्षक संभागीय दुवा समाज सोत सारो बोले, संभागीय कोषाध्यक्ष महादेव नाग, पूर्व जिला अध्यक्ष बस्तर जिला, कल्पना नाग संभागीय उपाध्यक्ष बस्तर संभाग ,मांवलीगुड़ा बस्तर जिला - बेहतर कर्म करने के लिए सम्मानित, सौतनार और सुकमा जिला बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

### ग्राम्शी की विचारधारात्मक स्थापनाए...

विचार रखे। इस कार्यक्रम में रामेश्वर प्रसाद चंद्रा , प्रकाश चंद्र जोशी, खुदेजा खान, गायत्री आचार्य, पार्थ आचार्य, सूरज निर्मलकर , गोपाल पांडे, धनंजय बामने और धन सिंह भी उपस्थित थे।

### हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण...

श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव के साथ 24 घण्टे हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे,हरे राम हरे राम,राम राम हरे का अखण्ड संकीर्तन पर रमे रहते है। आज सुबह 11 बजे आचार्य पण्डित रोमितराज त्रिपाठी के वैदिक अनुष्ठान और मंत्रोच्चार के साथ जजमान पंडित मदन दुबे ने सम्पूर्ण कर्मकांड में सम्मलित हुए। इस दौरान ग्राम केशापुर,के 70 वर्षीय हरि दादा के नेतृत्व में विभिन्न गांव से पहुंचे श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव के साथ अखण्ड हरिनाम संकीर्तन महामंत्र का जाप में अपनी सहभागिता पिछले 12 वर्ष से कर रहे है। धार्मिक आयोजन में केशापुर,पंडरीपानी, कोटमसर,कोलेंग, दरभा,चित्रकोट,नगरनार,कोंटा,सुकमा और पड़ोसी प्रांत ओड़िसा के कोटपाड़, नवरंगपुर,उमरकोट से भी श्रद्धालु सम्मलित होते है। इस वर्ष केशापुर के हरि दादा के साथ ग्रामीण सुबह के प्रथम पाली में हरिनाम संकीर्तन अखण्ड महामंत्र में जाप में दोपहर तक भक्तिरस में जुटे।

### सुशासन तिहार: बकावंड ब्लॉक...

किया। इस अवसर पर क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारियों सहित जिला और खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभागों के अधिकारियों द्वारा सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का निराकरण की जानकारी तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभागीय योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान किताब, सामाजिक सहायता पेंशन स्वीकृति आदेश, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण स्वीकृति आदेश और सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

# बूटस्ट्रैप कार्यक्रम निर्यात जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित



**भिलाईनगर**, 11 मई (देशबन्धु)। एक दिवसीय जिला स्तरीय बूटस्ट्रैप कार्यक्रम निर्यात जागरूकता एवं मार्गदर्शन के संबंध में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दुर्ग एवं एक्सपोर्ट काउंसिल के सौजन्य से होटल अमित पार्क इंटरनेशनल में कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में भारत सरकार के द्वारा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारतीय विदेश व्यापार संस्थान निर्यातकों और उद्यमियों को नवीनतम निर्यात आयात नीतियों और प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करने के लिए उद्यमियों और निर्यातों के लिए निर्यात प्रक्रियाओं और दस्तावेज उद्यमियों के लिए विषय पर आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य निर्यातकों और उद्यमियों का विदेशी बाजारों में अपने व्यापार को बढ़ाने और विकसित करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। इस कार्यशाला में निर्यात परिदृश्य से संबंधित जिलों पर आधारित उत्पादों और संभावनाएं, उत्पादों और विदेशी बाजार के लिए निर्यात, निर्यात संवर्धन, प्रशिक्षण, निर्यात के समर्थन, संगठनात्मक संरचना और कार्य, वैश्विक आर्थिक और व्यापार स्थिति, प्रलेखन, निर्यात के समर्थन प्रक्रिया के अलावा निर्यात के लिए उत्पादों और बाजारों की पहचान तथा निर्यात के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण के बारे में आई.आई.एफ.टी. कोलकाता के विशेषज्ञ टीम के डॉ. के.रंगराजन प्रोफेसर एंव केन्द्राध्यक्ष कोलकाता कैंपस संस्थापक एमएसएमई अध्ययन केन्द्र सुश्री सुमना दास, समन्वयक निर्यात सुविधा केन्द्र के द्वारा उद्यमियों को मार्गदर्शन दिया गया। इस कार्यक्रम में उद्यमियों को निर्यात के प्रति सकरात्मक रूप से प्रभावित किया और प्रेरित किया। छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप राज्य की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 तक अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर क्षेत्र के नवीन उद्योगों को स्थापना एंव विद्यमान उद्योगों को विस्तार किया जा सके। नए औद्योगिक नीति के लाभ लेने क्षेत्र के उद्यमी न केवल अपने उत्पादों के विक्रय को बढ़ावा बल्कि केन्द्र सरकार के उत्पादों को विश्व पटल पर बढ़ाते हुए निर्यात को अग्रसर हो, जिससे की राज्य व क्षेत्र के उत्पादों को उचित मूल्य मिल सके। इस अवसर पर भारतीय विदेश व्यापार संगठन के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक पी.आर. खण्डेलवाल, राकेश चौरसिया प्रबंधक, तुषार त्रिपाठी, संजय सिंह, औद्योगिक संगठनों से अजय भसीन प्रदेश महामंत्री छ.ग. चेम्बर आफ कामर्स, ई.ई.पी.सी. से अंकित मेहता, उद्योग चेम्बर से जे.पी. गुप्ता, करमजीत सिंह बेदी, म्यूरा इंफ्रास्ट्रक्चर से सुधाकर व अन्य उद्योगपति उपस्थित थे।

# समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नैतिक शिक्षा का विकास



**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। रिसाली स्थित प्रभु प्राप्ति भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा बच्चों के लिए एक विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नैतिक शिक्षा, सद्गुणों का विकास और सकारात्मक जीवन मूल्यों की शिक्षा देना रहा। ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी ने बच्चों को अच्छे कर्म करना, बड़ों का सम्मान करना, आपस में सहयोग करना, राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेवारी, गर्मियों में पौधे लगाकर पर्यावरण की रक्षा करने जैसे जीवनोपयोगी पाठ सिखाए गए। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने माता पिता, शिक्षक और परमात्मा शिव के प्रति रंग.बिरंगे वैल्यू ग्रीटिंग कार्ड्स बनाकर अपनी सच्ची निश्चल भावनाओं द्वारा अपने विचार, सद्गुण, और प्रेरणादायक संदेश लिखे। इसके साथ ही वेस्ट से बेस्ट की कला के अंतर्गत बच्चों ने अनुपयोगी वस्तुओं से सुंदर चीज़ें बनाना सीखा। जिससे उनमें रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत हुई।

# सुदूर वनांचल मर्दापाल में जल संसाधन विभाग के सचिव ने किया दौरा



**कोण्डागांव,** 11 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप के दिशा-निर्देश पर जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो ने 10 मई को सुदूर वनांचल मर्दापाल क्षेत्र का दौरा किया। यह पहली बार है जब विभाग के इस स्तर के वरिष्ठ अधिकारी ने सुदूर वनांचल क्षेत्र का भ्रमण कर क्षेत्रीय जल संसाधनों की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

उल्लेखनीय है कि माओवाद प्रभावित बस्तर की सिंचाई योजनाओं हेतु प्रदेश के लिए बनाई गई विकसित भारत-2047 की कार्ययोजना में बस्तर संभाग को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है।

इस संबंध में जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने शुक्रवार को विभागीय सचिव राजेश टोप्पो, प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उइके के साथ जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की जगदलपुर सर्किट हाउस में बैठक लेकर विभागीय कार्ययोजना की समीक्षा की थी। मंत्री का पूरा जोर नदी-नालों में, जल प्रबंधन कर सिंचाई क्षेत्र में विस्तार था। बैठक में अगले तीन वर्ष में निर्मित सिंचाई योजनाओं के रखरखाव, नवीन सिंचाई योजनाओं का निर्माण और प्रस्तावित योजनाओं की प्रशासकीय और तकनीकी स्वीकृति के लिए समय सीमा में प्रक्रिया पूरी करने तथा नई योजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन डीपीआर तैयार करने पर विस्तार से चर्चा हुई थी।

बैठक उपरान्त अगले ही दिन सचिव श्री टोप्पो ने मर्दापाल अंतर्गत कुरुषनार व्यपवर्तन योजना का निरीक्षण किया तथा स्थानीय अधिकारियों से योजना की प्रगति एवं संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर सचिव ने स्पष्ट रूप से कहा कि

**पहली बार सचिव स्तर के अधिकारी पहुंचे मर्दापाल क्षेत्र**

बस्तर जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में जल संसाधनों का सुनियोजित उपयोग कर कृषि और आजीविका को मजबूती प्रदान की जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्रीय भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एक व्यावहारिक और प्रभावी कार्य योजना तैयार की जाए।

दौरे के दौरान सचिव श्री टोप्पो ने स्थानीय किसानों से भी मुलाकात की और उनकी जल संबंधी समस्याओं को सुना। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार और जल संसाधन विभाग उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की आवश्यकता अनुसार योजनाओं को क्रियान्वित किया जाए। निरीक्षण के दौरान विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण प्रमुख अभियंता इंद्रजीत ऊईके, मुख्य अभियंता के.एस.भंडारी, अधीक्षण अभियंता प्रणव पाल, कार्यपालन अभियंता खिलेश्वर साहू सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। दौरे के पश्चात विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सचिव श्री टोप्पो के मार्गदर्शन से क्षेत्र में सिंचाई और जल संसाधन प्रबंधन के नए अवसर खुलेंगे, तथा विभाग शीघ्र ही विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर, कमांड क्षेत्र के विस्तार और सतही जल के बेहतर प्रबंधन हेतु प्रभावी कदम उठाएगा।

# बड़बत्तर में सुशासन तिहार का समाधान शिविर आयोजित

**कोण्डागांव,** 11 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण में आम नागरिकों के समस्याओं के समाधान और शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जिले में समाधान शिविर का आयोजन जारी है। इसी क्रम में बड़ेराजपुर विकास खण्ड के ग्राम बड़बत्तर में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। ग्राम बड़बत्तर में आयोजन समाधान शिविर में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्य मंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार के माध्यम से समस्याओं के समाधान के साथ शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाते हुए ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार लाने और उनके कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। शिविर में कुल 2738 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 2714 आवेदनों का निराकरण किया गया। सुशासन तिहार के तहत किए गए आवेदनों के निराकरण के बाद ग्रामीणजनों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत सामग्रियों का वितरण किया गया, जिसे पाकर हितग्राहियों ने खुशी जताई और शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



- शिविर में 2714 आवेदनों का हुआ निराकरण
- हितग्राहियों को बांटे गए पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड और किसान क्रेडिट कार्ड

समाधान शिविर में 20 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति, 25 को राशन कार्ड, 18 को जाति प्रमाण पत्र, 10 को किसान क्रेडिट कार्ड, 05 किसानों को धान बीज के वितरण के साथ 07 समूहों को 22 लाख रूपए का बैंक लिंकेज प्रदाय किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुकमन नेताम, लालाराम मरकाम, मानाराम मरकाम, जीवन दास मानिकपुरी, एसडीएम केशकाल अंकित चौहान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# मां दंतेश्वरी से जवानों के लिए मंगल कामना



**दंतेवाड़ा,** 11 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय ने सेना के जवानो एवं बस्तर के सैनिको के कुशलता की कामना के लिये दंतेवाड़ा स्थित बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दर्शन किये। शीर्ष नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत द्वारा की जा रही कार्यवाही की सराहना की। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि भारत की सैन्य शक्ति एवं सेना का अद्वितीय साहस देश के लिए समर्पण का प्रतीक है। भारतीय सेना के जाबाज लगातार अपना पराक्रम दिखा रहे हैं। सैन्य शक्ति के उच्च मनोबल के लिये एवं बस्तर के जवानों के लिये माँ दंतेश्वरी से मंगल कामना की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से संभाग प्रभारी रजनीश सिंह, सह प्रभारी निरंजन सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी, संग्राम सिंह राणा, दीपक बाजपेई, मुकेश शर्मा, सत्यजीत चौहान, नीलम ठाकुर, सोमडू कोर्राम सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- क्षेत्रीय महामंत्री संगठन अजय जामवाल व महामंत्री पवन साय ने की पूजा-अर्चना
- दिग्गज नेताओं ने की ऑपरेशन सिंदूर की सराहना

# समाधान शिविर में लीलाराम को मिला मछली जाल

**कोण्डागांव,** 11 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से च्व्सुशासन तिहारज्ज का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ त्वरित रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है और नवीन आवेदनों पर भी त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।



इसी क्रम में शनिवार को माकड़ी विकास खंड के ग्राम काटागांव में आयोजित समाधान शिविर के दौरान मत्स्य पालन विभाग द्वारा ग्राम गारे निवासी लीलाराम नेताम को मछली जाल प्रदाय किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेण्डी तथा अन्य अतिथियों की उपस्थिति में यह सामग्री प्रदान की गई। लीलाराम नेताम ने बताया कि वे अपने लगभग एक एकड़ के निजी तालाब में मछली पालन करते हैं और इसी से प्राप्त आय से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने मछली जाल प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उनके कार्य में सहूलियत होगी और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। सुशासन तिहार के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं का उनके गांव में ही समाधान हो रहा है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिल रही है।

# कलेक्टर ने रांधना में स्कूल भवन के निर्माण कार्य का लिया जायजा



**कोण्डागांव,** 11 मई (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने 10 मई को माकड़ी विकास खण्ड के रांधना में नये हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल भवन के निर्माण में आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी ली और इस सबंध में ग्रामवासियों से विस्तृत चर्चा कर उसका निराकरण किया। उन्होंने ग्रामवासियों की मांग को ध्यान में रखते ले आउट में आवश्यक संशोधन करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने प्रस्तावित 132/33 केव्ही रांधना सब स्टेशन के निर्माण हेतु जमीन के चिन्हांकन के लिए ग्राम कोटवेल में निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम अजय उरांव, जिला शिक्षा अधिकारी, लोक निर्माण विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# चिपावण्ड में सुशासन तिहार का समाधान शिविर आज

**कोण्डागांव,** 11 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीणजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के साथ ही शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में क्लस्टर अनुसार समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले के सभी विकास खण्डों में तिथिवार आयोजित शिविरों में आमजनों की समस्याओं के आवेदन लेने के साथ निराकरण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 मई को कोण्डागांव विकास खण्ड के ग्राम चिपावण्ड में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें चिपावण्ड, मुलमुला, धनपुर, लेमड़ी खड़का, फुकागिरोला, बड़ेसिलाटी, सिंगनपुर, भीरागांव-अ, भोगाड़ी, मालगांव, कुम्हारी, निलजी, उमरगांव-ब, कुलझर बफना और नेवता गांव के ग्रामीण शामिल होंगे।

# समाधान शिविर में कोनगुड़ में ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

**कोण्डागांव,** 11 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी पहल आम जनता के समस्याओं का निराकरण उनके द्वार तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत विकास खण्ड फरसगांव के ग्राम पंचायत कोनगुड़ में शनिवार क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय, खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जिनके द्वारा प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण की जानकारी क्लस्टर के 11 पंचायतों को दिया गया। शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष मानकु राम नेताम, जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, जनपद सदस्य सुकालूराम, जनपद सदस्य निर्मल नाग, सरपंच, पंच गांयता पुजारी के द्वारा किया गया। शिविर का संचालन अविनाश भोई मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के द्वारा किया गया। शिविर में कुल 294 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें से 10 आवेदनों को मौके पर निराकरण किया गया शेष आवेदनों को संबंधित विभाग के द्वारा किया जाकर आवेदकों को सूचित किया जाएगा। समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 181 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच, च्वाईस सेंटरों के द्वारा 37 आवेदकों का आधार कार्ड बनाया गया। उद्यान विभाग के द्वारा 33 सब्जी बीज, मत्स्य विभाग के द्वारा 02 जाली, 08 मनरेगा जॉब कार्ड, 12 केसीसी किसान कार्ड, 11 मच्छर दानी, 41 राशन कार्ड, जाति आय, निवास प्रमाण पत्र वितरण संबंधित विभाग के द्वारा किया गया, जिसे पाकर ग्रामीणजन उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के द्वारा 02 गर्भवती माताओं का गोद भराई एवं 02 बच्चों का अन्नप्रासन भी कराया गया। शिविर में शिविर प्रभारी अश्वन कुमार पुसाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व फरसगांव, रूपेन्द्र नेताम मु.का.अ., तहसीलदार धनोरा नायब तहसीलदार फरसगांव जिला स्तरीय विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण, सरपंच, पंच, आम ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



**महिला बाल विकास ने कराया अन्न प्रासन व गोद भराई**

# सेवक की तरह निष्ठा से कार्य करें जन प्रतिनिधि

**दंतेवाड़ा,** 11 मई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में शीर्ष नेताओं ने मार्गदर्शन किया और जन कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की सीख दी। यह संदेश दिया गया कि जनप्रतिनिधियों को जनता ने जो जिम्मेदारी दी है उसको पूरी निष्ठा से निभाने एवं इसके लिए सभी एक सेवक के रूप में निरन्तर कार्य करें।




इस बैठक के लिए खासतौर पर भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण देव, बस्तर सांसद महेश कश्यप, बस्तर संभाग प्रभारी रजनीश सिंह, बस्तर संभाग सह प्रभारी निरंजन सिंहा, दंतेवाड़ा जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी दंतेवाड़ा पहुंचे थे। दंतेवाड़ा आगमन पर भाजपा कार्यालय में विधायक चैतराम अटामी, जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी समेत भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओ ने शीर्ष नेताओं का आत्मीय स्वागत किया। सर्वपथम सभी शीर्ष नेताओं ने भाजपा कार्यालय चितालंका में स्थित बस्तर माटी पुत्र व पूर्व सांसद स्व बलिराम कश्यप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष कक्ष का उद्घाटन शीर्ष नेताओं के करकमलों द्वारा किया गया एवं जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता को सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित की। तत्पश्चात भाजपा कार्यालय में बीजापुर भाजपा की संगठनात्मक बैठक में बीजापुर भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग समेत जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व सभी कार्यकर्ता शामिल हुए एवं शीर्ष नेताओं ने उनका मार्गदर्शन किया। इसके पश्चात जिला ग्रंथालय में आयोजित भाजपा दंतेवाड़ा के समर्थित जनप्रतिनिधियों की बैठक में शीर्ष नेताओं ने पहुंचकर मार्गदर्शन किया। इस दौरान संगठनात्मक कार्यों एवं आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए सुशासन सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित किया गया। जनप्रतिनिधियों को जनता ने जो जिम्मेदारी दी है उसको पूरी निष्ठा से निभाने एवं इसके लिए सभी एक सेवक के रूप में निरन्तर कार्य करें यह संदेश दिया गया।

- संगठन के शीर्ष नेताओं ने किया मार्गदर्शन
- क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल, महामंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव पहुंचे दंतेवाड़ा
- अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सुशासन सरकार की योजनाएं

# सुरभि कालोनी में भगवान महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा

**दंतेवाड़ा,** 11 मई (देशबन्धु)। मांई दंतेश्वरी शक्ति पीठ दंतेवाड़ा स्थित सुरभि कालोनी में श्रीराम लिंगेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय समारोह सोमवार 12 मई से प्रारंभ हो रहा है।



भव्य शिव मंदिर में भगवान महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा का यह पर्व आयोजित है। 22 जनवरी 2024 को अस्थायी शिव मंदिर का निर्माण हुआ था, जिसमें भगवान महादेव की स्थापना हुई थी। अब नया मंदिर तैयार हो चुका है और संपूर्ण विधि विधान और धार्मिक अनुष्ठान के साथ भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। 12 मई सोमवार को कलश यात्रा के साथ आयोजन की शुरूआत होगी। सुबह 10 बजे सर्व देव पूजन होगा। दोपहर 1 बजे से प्रसाद ग्रहण, फिर संध्या 5 बजे जलाधिवास एवं अन्नाधिवास, रात्रि 8 बजे से संध्या आरती और इसके बाद प्रसाद वितरण होगा। मंगलवार 13 मई को सुबह 8 बजे से पीठ पूजा होगी। सुबह 9 बजे से पुष्पाधिवास होगा। 11 बजे से द्रव्यधिवास, दोपहर 1 बजे प्रसाद वितरण होगा। इसी दिन दोपहर 3 बजे से शिव बारात निकलेगी। फिर संध्या 6 बजे से शिव विवाह होगा। रात्रि 8 बजे से संध्या आरती और आरती के बाद प्रसाद का वितरण होगा। रात्रि साढ़े 9 बजे से सैयांधिवास होगा। इसके बाद भजन की प्रस्तुति होगी।

14 मई बुधवार को सुबह बजे से पीठ पूजा होगी। सुबह 9 बजे से प्राण प्रतिष्ठा और प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन एवं आरती होगी। इसके बाद महाभण्डारा का आयोजन होगा और यह धार्मिक आयोजन संपन्न होगा। इस आयोजन के सुचारू संचालन के लिए कालोनीवासी जुटे हुए हैं। अलग-अलग समितियां गठित की गई है, जिसमें सभी की सहभागिता है। इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन को लेकर शहर वासी भी उत्साहित हैं। इस आयोजन की शहर में चर्चा है और फ्लेक्स तथा होर्डिंग के माध्यम से इस पावन आयोजन में शामिल होने सभी से आग्रह किया गया है।

- आज से तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन
- कालोनी में भव्य शिव मंदिर बनकर तैयार
- संपूर्ण विधि-विधान के साथ विराजेंगे भोलेनाथ

# लोक अदालत से पक्षकारों के चेहरों पर मुस्कान

**दंतेवाड़ा,** 11 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा), बिलासपुर के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर जिलों में एक साथ नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।



यह आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकमा और बीजापुर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बचेली सहित सभी संबंधित व्यवहार न्यायालयों में किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता द्वारा माँ सरस्वती की पूजा व दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और न्यायालयीन कर्मियों को अधिक से अधिक प्रकरणों के समाधान हेतु प्रेरित किया तथा सभी खंडपीठों का निरीक्षण भी किया। राजीनामा से निराकृत मामलों में पक्षकारों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस लोक अदालत हेतु कुल 10 खंडपीठों का गठन किया गया था। आयोजन में न्यायालयीन कर्मियों, पैरा लीगल वॉलंटियर्स, जिला प्रशासन, जिला पंचायत, नगर पालिका, विद्युत विभाग, बीएसएनएल और सभी बैंकों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। उपस्थित पक्षकारों को विधिक जागरूकता देने के लिए नालसा व सालसा द्वारा निर्मित लघु फिल्मों का प्रसारण न्यायालय भवनों में लगे टीवी स्क्रीन पर किया गया। नेशनल लोक अदालत में कुल 4 हजार 566 प्रकरण प्रस्तुत किए गए थे, जिनमें से 4 हजार 438 मामलों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इन मामलों के निपटारे के साथ कुल 66 लाख 67 हजार 60 रुपये की राशि का एवार्ड पारित किया गया। अदालत का आयोजन वर्चुअल और भौतिक दोनों माध्यमों से किया गया था।

परिवार न्यायालय के न्यायाधीश हरिश कुमार अवस्थी द्वारा 1 प्रकरण का निराकरण। खंडपीठ क्रमांक-3 सुनील कुमार जायसवाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, दंतेवाड़ा द्वारा 2 मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में 6 लाख 20 हजार रुपये तथा 3 निष्पादन सिविल मामलों में 22 लाख 14 हजार 460 रुपये का एवार्ड पारित किया गया। इसी तरह खंडपीठ क्रमांक-4 डी. पी. सिंह दांगी, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दंतेवाड़ा द्वारा 1 मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण और 1 आपराधिक प्रकरण में कुल 18 लाख 10 हजार रुपये का एवार्ड पारित किया गया। इसके अलावा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा कुल 4 हजार 425 नियमित मामलों का निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत का यह आयोजन पूरी तरह सफल रहा, जिसमें वर्षों से लंबित मामलों का सौहार्द्रपूर्ण समाधान हुआ। न्यायालय से लौटते समय पक्षकारों के चेहरों पर संतोष व प्रसन्नता स्पष्ट रूप से झलक रही थी।

- 4 हजार 438 प्रकरणों का हुआ निराकरण
- 66 लाख 67 हजार 60 रुपये का एवार्ड पारित
- दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा में एक साथ आयोजन

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

मास्टर जी- बताओ, ताजमहल किसने बनाया था?
मिन्टू- मिस्त्री ने।
मास्टर जी- अरे बेवकूफ किसने बनवाया था?
मिंटू- तो फिर ठेकेदार ने बनवाया होगा।

संपादकीय

## क्यों न हों पुलिस वालों के चालान?

*अक्सर देखा जाता है कि जिन लोगों पर कानून-व्यवस्था लागू करने की जिम्मेदारी है, वे ही कानूनों का उल्लंघन करते हुए दिखाई देते हैं। ऐसा सबसे ज्यादा दिखलाई देता है वह है सड़कों पर वाहन चलाते हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारी। यदि वे मोटर साइकल चलाते हैं तो हेलमेट लगाने की चिंता नहीं करते और यदि कार चलाते होते हैं तो अक्सर सीट बेल्ट नहीं लगाते। कई बार वे रॉंग साइड से वाहन चलाते हैं या फिर लाल बत्ती होने पर भी चौक-चौराहे पार करते हैं। अक्सर इनकी निजी गाड़ियों पर 'पुलिस' लिखा होता है जो कि नियम विरूद्ध है। विभाग का रसूख और चालान करने वाले भी ऐसे कर्मचारियों व अधिकारियों के सहयोगी होते हैं तो आखिर चालान कौन काटेगा? इससे उन लोगों को कोफ़्त होती है जो यातायात नियमों का पालन करते हैं और चाहते हैं कि सड़कों पर अनुशासन बना रहे।*

*रायगढ़ पुलिस ने इस दिशा में अनुकरणीय पहल की है। उसने शुक्रवार को ऐसे 10 पुलिस कर्मचारियों के 500-500 रुपये के चालान काटे जो बिना हेलमेट वाहन चला रहे थे। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने इस आशय का यातायात विभाग को निर्देश दिया कि ड्यूटी पर जा रहे हों अथवा निजी कामों से- हेलमेट के बिना वाहन चलाते हुए पुलिस वालों के चालान काटे जायें। इसके तहत की गयी कार्रवाई से ऐसे लोगों से जुर्माना वसूला गया। राज्य भर में यातायात पुलिस इसी तरह बिना भेदभाव के कार्रवाई करे। इससे लोगों में यह डर बैठेगा कि जब पुलिस वालों के ही खिलाफ कार्रवाई हो सकती है तो उन्हें भी इसका पालन करना चाहिये।*

*सभी जिलों में इस तरह के कदम तो उठाये ही जायें, परन्तु कानून का उल्लंघन केवल हेलमेट न लगाने तक सीमित नहीं होता वरन कार चलाते वक्त सीट बेल्ट न लगाकर भी किया जाता है। ऐसे अधिकारियों को भी चालान के नोटिस थमाये जायें। ज्यादातर ये अधिकारी होते हैं। जब पुलिस कर्मचारी का ही इतना रसूख होता है तो अधिकारियों के प्रभाव का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। वैसे यहां यह बताना भी लाजिमी है कि केवल पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ही यातायात कानून नहीं तोड़ते बल्कि विभिन्न शासकीय विभागों में काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारी भी ऐसा करते हैं क्योंकि सरकारी विभागों में होने से उनकी पुलिस में जान-पहचान होनी स्वाभाविक है। वे भी हेलमेट या सीट बेल्ट लगाये बिना वाहन चालन करते दिख जाते हैं। इन कानूनों का उल्लंघन करते हुए तो दिख जाते हैं लेकिन वाहनों का पीयूसी, इंश्योरेंस अथवा चालकों के लाइसेंस देखने की तो नौबत ही नहीं आती।*

*पुलिस तथा सभी शासकीय विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वत:स्फूर्त यातायात नियमों का पालन करना चाहिये ताकि सामान्य जनता भी ऐसा करने के लिये प्रेरित हो। यातायात विभाग ऐसे उल्लंघनकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई करे।*

# ठेका निरस्त, सैंकड़ों स्वास्थ्य मितान हुए बेरोजगार, सरकार से समायोजन की मांग

**रायपुर**, 11 मई (देशबन्धु)। ठेका निरस्त होने के बाद सैंकड़ों स्वास्थ्य मितान बेरोजगार हो गए है। नाराज मितानों ने राज्य सरकार और स्वास्थ्य मंत्री से उन्हें डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों पर समायोजित करने की मांग की है। सुनवाई नहीं होने पर उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

स्वास्थ्य मितानों ने बताया कि वे पिछले 10 से 12 वर्षों से थर्ड पार्टी कंपनियों के माध्यम से राज्य के सभी 33 जिलों में आयुष्मान योजना के तहत कार्यरत थे। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाना, वय वंदन कार्ड प्रोसेस करना, क्लेम वेरिफिकेशन और अपलोडिंग जैसे महत्वपूर्ण कामों में योगदान दिया। लेकिन 30 अप्रैल 2025 को उनका ठेका बिना किसी विस्तार या वैकल्पिक व्यवस्था के समाप्त कर दिया गया।



मितानों का कहना है कि छत्तीसगढ़ ने आयुष्मान कार्ड जनरेशन में देश के टॉप 5 राज्यों में जगह बनाई है। इसके साथ ही क्लेम प्रोसेसिंग के मामले में भी राज्य ने राष्ट्रीय औसत से दो गुना बेहतर प्रदर्शन कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिसका बड़ा श्रेय स्वास्थ्य मितानों को जाता है, लेकिन 4-5 महीने तक वेतन नहीं मिला इसके बावजूद सेवा जारी रखा गया।

अब इन कर्मचारियों ने मांग की है कि उन्हें स्टेट हेल्थ एजेंसी के अंतर्गत डाटा एंट्री ऑपरेटर जैसे पदों पर समायोजित किया जाए ताकि योजना की निरंतरता बनी रहे और वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

उनका कहना है कि अगर अब भी सरकार ध्यान नहीं देती, तो वे ज्ञापन अभियान चलाएंगे और जरूरत पड़ी तो आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

## पेंशनरों का 15 को प्रदेश व्यापी आंदोलन स्थगित

**रायपुर**, 11 मई (देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश ने आगामी 15 मई को प्रस्तावित जिला मुख्यालय में पेंशनर्स हितैषी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर किए जाने वाले प्रदेशव्यापी सभी जिलों में जंगी प्रदर्शन आंदोलनस्थगित कर दिया गया है।

मांगो पर विचार हेतु सरकार तक संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन कलेक्टर को दिया जाएगा। प्रदेश में आंदोलन कार्यक्रम को स्थगित करने की सूचना से प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव द्वारा ईमेल से मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव, सभी कलेक्टर पुलिस अधीक्षक को अवगत करा दिया गया है। उक्त जानकारी जारी संयुक्त विज्ञप्ति में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी, प्रदेश संगठन मंत्री टी पी सिंह तथा जिला रायपुर के अध्यक्ष आर जी बोहरे ने दी है।

BHARATHEEYA RAJYA PENSIONERS MAHA SANGH
Reg. No. - KSR/CA/66/2014
भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ

## बुद्ध पूर्णिमा आज, नहीं होगी रायपुर निगम क्षेत्र में मांस-मटन की बिक्री

**रायपुर**, 11 मई (देशबन्धु)। सोमवार 12 मई को बुद्ध जयन्ती (बुद्ध पूर्णिमा) मनाई जाएगी। इस अवसर पर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में मांस-मटन की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इस सम्बन्ध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश पर रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से आदेश जारी किया है।




बुद्ध जयन्ती (बुद्ध पूर्णिमा) 12 मई को किसी भी दुकान में मांस - मटन विक्रय करते पाये जाने पर मांस -मटन जप्त करने की कार्रवाई की जाएगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्रवाई भी की जाएगी।

12 मई को रायपुर निगम के जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस- मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे।

इसके साथ अपने-अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों के मांस-मटन की दुकानों का सतत निरन्तर पर्यवेक्षण करेंगे।

## नहीं रहा नंदनवन की शान 'नरसिंह'

### ढाई महीने की बीमार के बाद हुई मौत



**रायपुर**, 11 मई (देशबन्धु)। नंदनवन पक्षी विहार में बीते दस सालों से आकर्षण का केंद्र रहा नरसिंह अब लोगों को नजर नहीं आएगा। नदंनवन के चार तेंदुओं में से एक नरसिंह की ढाई महीनों की बीमारी के बाद मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, ट्यूमर के लगातार बढ़ने के कारण भोजन पानी और दवाओं के सेवन में 16 साल के नरसिंह को अत्यधिक कठिनाई होने लगी थी।

नरसिंह को 2014 में बालोद परिक्षेत्र से रेस्क्यू किया गया था। जंगल सफारी वनमण्डल ने मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि पोस्टमार्टम के बाद नरसिंह का अंतिम संस्कार कर दिया गया। नंदनवन के चारों तेंदुओं को जंगल सफारी शिफ्ट किया जाना था।

## प्रदेश में 1055 बच्चें ऐसे जिन्हें मिले 100 में से 100 अंक

**रायपुर**, 11 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के 10वीं और 12वीं बोर्ड एग्जाम में 100 में से 100 अंक लाने वाले स्टूडेट्स की संख्या में बढ़ोतरी हुई है इस बार कुल 1197 स्टूडेंट्स को अलग.अलग विषयों में शत.प्रतिशत अंक पाने में सफलता मिली ह कक्षा 10वीं के गणित विषय में 689 विद्यार्थियों ने 100 में 100 अंक हासिल किए है वहीं सामाजिक विज्ञान में 166 विज्ञान में 81ए अंग्रेज़ी में 47 संस्कृत में 25 और हिंदी में 23 विद्यार्थियों ने पूरे अंक प्राप्त किया है वोकेशनल विषयों में भी छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है हेल्थ केयर में 17 ऑटोमोबाइलए सर्विस टेक्नोलॉजी ब्यूटी एंड वेलनेस में दो-दो जबकि एग्रीकल्चरए मीडिया एंड एंटरटेनमेंट और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर में एक.एक छात्र ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए हैं।



**12वीं में 127 विद्यार्थियों को मिले शत-प्रतिशत अंक**-12वीं कक्षा में एकाउंटेंसी विषय में 62 विद्यार्थियों ने शत.प्रतिशत अंक हासिल किए। साथ ही बायोलॉजी में 21 इकोनॉमिक्स में 14 मैथ्स और सूचना प्रौद्योगिकी में 6.6ए जियोग्राफी और ऑटोमोबाइल सर्विस टेक्नीशियन में चार.चारए फिजिक्स और बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विस एंड इंश्योरेंस में तीन.तीनए जबकि एनाटॉमीए हाइजीनए इलेक्ट्रिकल ऑफसाइंस एंड मैथ्स और एग्रीकल्चर में एक-एक छात्र ने पूरे अंक हासिल किए हैं

**मेरिट लिस्ट में 10वीं और 12वीं के इतने स्टूडेंट्स** -बोर्ड के अनुसारए इस वर्ष मेरिट सूची में 10वीं के 85 और 12वीं के 21 विद्यार्थी शामिल हैं पुनर्मूल्यांकन या पुनर्गणना से कुछ और छात्रों के अंक बढ़ सकते हैंण् ऐसे में मेरिट सूची में और भी नाम जुड़ने की संभावना है कई विद्यार्थी ऐसे भी हैं जो महज एक अंक से 100 में 100 लाने से चूक गए छात्र 22 मई तक पुनर्मूल्यांकन पुनर्गणना या उत्तर पुस्तिका की छाया प्रति के लिए आवेदन कर सकते हैं मेरिट लिस्ट में स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ने की संभावना है।

## 2 माह का चना-चावल खा गए राशनचोर

### सचिव-विक्रेताओं पर कार्रवाई नही

**रायपुर**, 11 मई (देशबन्धु)। रानी जरौद गांव में पंचायत सचिव और सोसाइटियों के 2 विक्रेताओं ने मिलकर मार्च.अप्रैल में 8 लाख का चना चावल गायब कर दिया। गलती पकड़ा चुकी है। कार्रवाई नहीं हुई। अब सीधे मई महीने का राशन देने की बात कही जा रही है। नाराज ग्रामीणों का कहना है कि राशनखोरों पर सत कार्रवाई हो।

मई से पहले मार्च.अप्रैल का राशन दिया जाए। इसके बिना न वे सोसाइटी जाएंगे। न मई का राशन उठाएंगे। मामला रानी जरौद ग्राम पंचायत के सरकारी राशन दुकान का है। इलाके के 617 परिवार यहां से मिलने वाले चावनए चनाए शक्कर नमक के सहारे गुजर-बसर करते हैं। बताते हैं कि मार्च महीने में 105 परिवारों को राशन नहीं मिल पाया था। वहीं अप्रैल में महज 3 दिन दुकान खुली और 500 से ज्यादा परिवारों को राशन नहीं मिला।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नेटवर्क की समस्या है। सर्वर अप.डाउन होने से ई.पॉश मशीन में इंट्री न होने की तकनीकी खामी बताते हुए राशन लेने गए परिवारों को लौटाया गया था। अब तकनीकी खामी की आड़ में 8 लाख रुपए का राशन घोटाला करने की बात सामने आ रही है।

वही खाद्य विभाग का कहना है कि सोसाइटी में केवल मई महीने का स्टॉक दिखा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों को इसी महीने का राशन दिया जा सकता है। लोगों का कहना है कि पहले उन्हें मार्च अप्रैल महीने का राशन दिया जाए। उनके हक का राशन डकारने वालों पर सत कार्रवाई की मांग भी की है।



**जिम्मेदार नोटिस जारी कर एफआईआर की मांग**

राशन वितरण में 8 लाख की गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद ग्राम पंचायत सचिव तेजराम वर्मा समेत दो राशन विक्रेताओं पर आरोप लगे हैं। इन्हें नोटिस जारी किया जा चुका है। मामला एसडीएम से होते हुए कलेक्टर तक पहुंच चुका है। इसमें एफआईआर की सिफारिश की गई है। इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

गांववालों का कहना है कि राशन जैसी बुनियादी सुविधा के लिए भी उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है। घर का चूल्हा ठंडा है। महंगे दामों पर बाहर से राशन खरीद रहे हैं। गांव से सरपंच प्रतिनिधि भोलाराम साहू समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से कार्रवाई और पूरा राशन देने की मांग की है। मुन्नी रात्रे रामकली बंजारे नर्मदा साहू गीता रात्रेए जोहारी आडिल ने बताया कि हमें मार्च से राशन नहीं मिला है।

**मंजूरी नहीं मिलने से वितरण नहीं**

कई घरों में खाने को राशन नहीं है। जैसे.तैसे गुजारा कर रहे हैं। वहींए इस पूरे मामले पर जिला खाद्य अधिकारी विजय किरन का कहना हैए अप्रैल माह के राशन का वितरण करने समय बढ़ाने की सिफारिश भेजी है। मंजूरी नहीं मिलने से वितरण नहीं हो सका है। राशन में गड़बड़ी करने वाले सचिव और संचालकों के खिलाफथाने में रिपोर्ट दर्ज की अनुशंसा की गई है। मई का राशन अब सिस्टम में दिखने लगा है। हितग्राहियों को अभी मई का राशन लेना चाहिए। मंजूरी मिलते ही मार्चए अप्रैल का राशन भी मुहैया करवा दिया जाएगा।

## प्रदेश के राजनीश ने नेशनल बॉक्सिंग में रचा इतिहास



**रायपुर**, 11 मई (देशबन्धु)। संयंत्र के बॉक्सिंग अकादमी के प्रशिक्षणार्थी मास्टर राजनीश यादव ने नई दिल्ली में सम्पन्न स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित अंडर-19 राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 46 49 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर संयंत्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। भिलाई कैम्पस का प्रतिनिधित्व कर रही सात सदस्यीय बाल मुक्केबाजों की टीम में से मास्टर राजनीश यादव ने पांच मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक बन गई है क्योंकि राज्य के गठन के बाद इस भार वर्ग में यह पहला स्वर्ण पदक है। जिससे राज्य की खेल यात्रा में एक नया मील का पत्थर स्थापित हुआ है। इस ऐतिहासिक सफलता पर कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने संयंत्र सामूहिक की ओर से युवा मुक्केबाज राजनीश को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक विजय शर्मा, उप महाप्रबंधक, राजेन्द्र प्रसाद, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार उप प्रबंधक डेनिस क्रिस्टी रजनीश को बधाई दी है।

## रंगीन मेहमान पर्यावरण प्रकृति के लिए जरुरी

**रायपुर**, 11 मई (देशबन्धु)। विश्व प्रवासी पक्षी दिवस 2025 आसमान के रंगीन मेहमान पर्यावरण प्रकृती के लिए महत्व जरुरी है। पर्यावरण प्रकृती प्रेमी प्रशांत कुमार शिरसागर ने बताया की विश्व प्रवासी पक्षी दिवस हमे सिखाता है की प्रकृति के ये मेहमान सुरक्षा देने की हम सब की जिम्मेदारी है पर्यावरण को संतुलित रकने मे मदद करते है लेकिन आज जलवायू परिवर्तन अवैध शिकार प्रदूषण और आवास विनाश के कारण प्रवासी पंछीयो प्रजातिय खतरे मे है पर्यावरण स्वस्थ्य सुंदर रखने में बडी भूमिका निभाते है। विश्व प्रवासी पंछी दिवस की शुरुवात 2006 से हुई थी। विश्व प्रवासी पक्षी दिवस आधिकारिक तौर पर कनाडा और अमेरिका में मई के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है, और मेक्सिको, मध्य और दक्षिण अमेरिका और कैरिबियन में अक्टूबर के दूसरे शनिवार को। हालाँकि, हर दिन पक्षी दिवस होता है, और आप साल के किसी भी दिन पक्षियों का जश्न मना सकते हैं और कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं!



विश्व प्रवासी पक्षी दिवस इन अविश्वसनीय पक्षियों का जश्न मनाने और उन्हें बचाने में मदद करने का एक विशेष दिन है। इस वर्ष हम अपने शहरों, गांवों, कस्बों और समुदायों को ग्रामीण से शहरी तक, अधिक पक्षी अनुकूल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2025 में मानवीय गतिविधियों और शहरी विकास के विस्तार के कारण प्रवासी पक्षियों के सामने आने वाली कई चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा। अभियान रणनीतिक शहरी नियोजन और संरक्षण प्रयासों की वकालत करेगा जो पक्षी.अनुकूल प्रथाओं को शामिल करते हैं। उल्लेखनीय यात्रियों के लिए आश्रय स्थल बन जाते हैं। 2025 का विषय राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों, व्यवसायों, सामुदायिक समूहों और दुनिया भर के व्यक्तियों सहित सभी क्षेत्रों से कार्रवाई को प्रोत्साहित करता है। पक्षी अनुकूल का अर्थ है अपने पर्यावरण को पक्षियों के लिए सुरक्षित और स्वागत योग्य बनाना। हम देशी पौधे लगाकर, स्वच्छ जल उपलब्ध कराकर और हानिकारक रसायनों के उपयोग से बचकर ऐसा कर सकते हैं। साझा स्थानों का निर्माण और संरक्षण करके, हम पक्षियों को उनकी लंबी यात्राओं में मदद कर सकते हैं और अपने समुदायों को अधिक सुंदर और स्वस्थ बना सकते हैं। पूरे वर्ष के दौरान हम उन कई कार्यों का पता लगाएंगे जो समुदाय अपने स्थानों को अधिक पक्षी अनुकूल बनाने के लिए कर सकते हैं। हम इन गतिविधियों के बारे में और अधिक समाचार प्रदान करेंगे।

## समाधान शिविर कोडार में आज

**महासमुंद** 11 मई (देशबंधु)। जिले में सुशासन तिहार का तीसरा और अंतिम चरण 30 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 49 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। 5 मई से अब तक जिले में 12 समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। आगामी समाधान शिविर 12 मई को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोडार ग्राम पंचायत कौवाझर में आयोजित किया जाएगा।

# विधायक मूणत ने 1 करोड़ 18 लाख के नए विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**रायपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 7 के तहत सरदार वल्लभ भाई पटेल और संत रामदास वार्ड में 1 करोड़ 18 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से 6 विविध नवीन विकास कार्यों को शीघ्र कराये जाने नगर निगम लोक कर्म विभाग अध्यक्ष श्री दीपक जायसवाल, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद श्री भोलाराम साहू, जोन 7 जोन अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा, निगम अपर आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ श्री यू. एस. अग्रवाल , प्रभारी अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय, श्रीमती कृष्णा खटीक, जोन 7 जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री ईश्वर लाल टावरे, अतुल चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं,महिलाओं, नवयुवकों,आमजनों की उपस्थिति में श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर भूमिपूजन कर कार्यारम्भ किया. सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड क्रमांक 24 के क्षेत्र में अधोसंरचना मद से 40 लाख रूपये की लागत से वार्ड के विभिन्न स्थानों में जीआई पाईप लाईन विस्तार कार्य, 20 लाख रूपये की लागत से वार्ड के शीतला माता मन्दिर के समीप शेड निर्माण कार्य,3 लाख रूपये की लागत से वार्ड के गोकुल नगर लक्ष्मी चौक में कक्ष निर्माण कार्य शीघ्र कराया जायेगा. इसी प्रकार संत रामदास वार्ड क्रमांक 25 के क्षेत्र में 35 लाख रूपये की लागत से कर्मा चौक में सौंदर्यीकरण कार्य,10 लाख रूपये की लागत से वार्ड में रामनगर पुलिस चौकी के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 10 लाख रूपये की लागत से वार्ड के भवानी नगर भरत नगर में जय माँ भवानी दुर्गा भैंसासुर मन्दिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शीघ्र कराये जायेंगे.प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत ने कबीर चौक रामनगर में आवश्यक सुधार मरम्मत कार्य शीघ्र करवाने के निर्देश रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ को दिए.प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री और रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत ने रामनगर मुख्य मार्ग में नाली पर कब्जा जमाकर लगाई गयी मुर्गी दुकान को हटाने के निर्देश स्थल पर नगर निगम जोन 7 जोन कमिश्नर को दिए और सड़क पर कब्जा जमाकर व्यवसायरत बिरयानी दुकान संचालक को दुकान तत्काल दुकान की सीमा में सड़क के किनारे लगाने की तत्काल कड़ी हिदायत देने कहा।

अन्यथा की स्थिति में बिरयानी दुकान सड़क से हटाने के निर्देश नगर निगम जोन 7 जोन कमिश्नर को दिए. नगर निगम जोन 7 की टीम द्वारा रामनगर मुख्य मार्ग में नाली पर से मुर्गी दुकान को तत्काल हटाया गया और सम्बंधित दुकानदार से तत्काल 5000 रूपये सड़क बाधा जुर्माना वसूला।

# कबड्डी प्रीमियर लीग सीजन 2 का 3 दिवसीय आयोजन मड़ियान में

**डोंगरगढ़,** 11 मई (देशबन्धु)। विकासखंड के ग्राम पंचायत मड़ियान लाल बहादुर नगर में आगामी 16 मई से 18 मई तक तीन दिवसीय राजनांदगांव कबड्डी प्रीमियर लीग 2025 सीजन 2 प्रतियोगिता आयोजित है । जिला एवं ब्लॉक कबड्डी संघ डोंगरगढ़ एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में आयोजित यह प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग में होगी।

ग्राम पंचायत मड़ियान के सरपंच टुम्मन मंडावी ने बताया कि उद्घाटन समारोह 16 मई शुक्रवार को शाम 5 बजे छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व, आपदा प्रबंधन, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य व राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय की अध्यक्षता में होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम राजनांदगांव के महापौर व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, प्रदेश महामंत्री भाजपा व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चैधरी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, मंडल अध्यक्ष भाजपा मनोज कांडे, जिला पंचायत में सभापति व युवा भाजपा नेता प्रशांत कोडापे, ब्लॉक कबड्डी संघ के अध्यक्ष रामाधार ओझा, जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा उपस्थित रहेंगे। पुरुष वर्ग में इस प्रतियोगिता मे प्रथम से चतुर्थ तक नगद पुरस्कार के अलावा बेस्ट रैडर बेस्ट ब्लॉकर व बेस्ट कैचर को भी सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार महिला वर्ग में भी प्रथम से चतुर्थ नगद पुरस्कार के साथ-साथ बेस्ट रैडर बेस्ट ब्लॉकर व बेस्ट कैचर को पुरस्कृत किया जाएगा। समापन समारोह क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू के मुख्य आतिथ्य, पूर्व जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह की अध्यक्षता में होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामक्षत्री चंद्रवंशी जनपद सदस्य श्रीमती रेशमा कंवर सरपंच टुम्मन मंडावी पूर्व सरपंच राजो बाई कोसा ग्राम प्रमुख पलट मंडावी एवं ग्राम पटेल किशुन राम चंद्रवंशी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर ग्राम पंचायत मड़ियान के बडी संख्या में युवक एवं ब्लॉक कबड्डी संघ के पदाधिकारी जोर-जोर से लगे हैं। टुम्मन मंडावी ने बताया कि बालिका एवं महिला टीम में टीम आनर राजकुमार वर्मा दिलीप मंडावी राजकुमार सलामे चित्रकुमार साहू मिथिलेश चंद्रवंशी शिवेंद्र साहू संदेश वर्मा व देव नेताम तथा पुरुष बालक टीम में टीम आनर गिरवर कंवर विकेश धुर्वे कुलेश्वर सिन्हा घनश्याम साहू मोती ठाकुर कुशल पटेल आतिश सिन्हा प्रवीण विशाल साहू रामाधार ओझा तेजलाल कंवर होंगे। प्रतियोगिता का यह दूसरा वर्ष है कबड्डी जैसे खेल को विश्व पटल पर लाने का प्रयास क्षेत्र के युवक कर रहे हैं जिसे लेकर ग्रामीण क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। जिले के कबड्डी प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित की अपील ब्लॉक कबड्डी संघ ने की है।

## नपं अध्यक्ष खुसरो ने निर्माण कार्य प्रारंभ कराया



**गंडई पंडरिया,** 11 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य अधोसंरचना मद से 7 लाख लागत एवं वार्ड क्रमांक 15 नवापारा में 15 लाख की लागत से बनने वाले नाली निर्माण कार्य प्रारंभ भूमि पूजन कर कराया गया। इस कार्य का ठेका स्थानीय ठेकेदार मां गंगई कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी बाकेलाल वर्मा, सीएमओ अविनाश देवांगन, पार्षद अमन सोनी, दिलीप ओगरे, पार्षद प्रतिनिधि नारायण चतुर्वेदी, सहीत ठेकेदार ताम्रकार उपस्थित रहे।

## महापौर मधुसूदन ने बोर्ड परीक्षा में टॉपर छात्राओं का किया उत्साहवर्धन

**राजनांदगांव,** 11 मई (देशबन्धु)। महापौर मधुसूदन यादव ने शहर के शंकरपुर वार्ड में जनसंपर्क के दौरान 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफल रहने वाली दो छात्राओं से शंकरपुर स्थित निवासस्थान पर सौजन्य भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया। कक्षा 12वीं (कला) की प्रवीण्य सूची में पांचवा स्थान प्राप्त करने वाली बिटिया कु.नीलम देवांगन आत्मज प्रेमबाई देवांगन शासकीय उ मा शाला रेंगाकठेरा (बखत) एवं कक्षा 12वीं (गणित) बोर्ड में जिले में नौवां स्थान प्राप्त करने वाली गायत्री विद्या मंदिर स्कूल कंचनबाग राजनांदगांव की छात्रा कु. रेणुका देवांगन, आत्मज श्री नेतराम देवांगन से शंकरपुर स्थित निवास स्थान पर जाकर महापौर एवं उनकी टीम ने सौजन्य भेंट की और उन्हें बधाई एवं आशीर्वाद देते हुवे उनके आगामी सफलतापूर्ण जीवन की कामना की । इस अवसर पर महापौर राजनांदगांव के साथ वार्ड पार्षद श्रीमती अपूर्व समीर श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद देवेश देवांगन, भाजपा प्रदेश मीडिया सेल पदाधिकारी समीर श्रीवास्तव, भाजपा नेता चंद्रभान जंघेल, देवेश सिन्हा, हकीम खान, अंकित गढ़ेवाल एवं अन्य उपस्थित रहे। इन दोनों सफल छात्राओं के साथ छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा में राजनंदगांव जिले के सभी सफल छात्र छात्राओं को परीक्षा में सफलता के लिए राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव ने हार्दिक बधाई देते हुवे एवं उज्वल भविष्य की कामना की है। इसके उपरांत वार्ड भ्रमण के दौरान महापौर मधुसूदन ने पार्षद अपूर्वा समीर श्रीवास्तव के साथ वार्डवासियों के समस्याओं को त्वरित निराकरण किया और तकनीकी टीम को चिन्हांकित स्थानों का स्थल निरीक्षण एवं सर्वे करने के लिये भी आदेशित किया।



## आज बुद्ध जयंती एवं 14 को संगीत कार्यक्रम



**डोंगरगढ़,** 11 मई। आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति के तत्वधान में दो दिवसीय बुद्ध जयंती मनाया जाएगा , बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्ना लाल नंदेश्वर ने बताया कि 2569 वीं बुद्ध जयंती 12 मई 2025 दिन सोमवार को आदर्श नागसेन बुद्ध विहार में प्रातः 9.00 बजे झंडा वंदन प्रातः 9.30 बजे सामूहिक परित्राण पाठ सुबह 10.00 बजे खीर का पुड़ी का वितरण सुबह 10.30 बजे कचहरी में स्थित डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा। 14 मई 2025, दिन बुधवार को मेला ग्राउंड में बुद्ध एवं भीम गीतो पर आधारित संगीत कार्यक्रम रत्नाकर लांझेवार नागपुर व सम्मान कार्यक्रम में नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ,उपाध्यक्ष पार्षद एवं समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह के तहत सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन मेला ग्राउंड में रखा गया है , कार्यक्रम को लेकर नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे व समाज के अध्यक्ष मुन्ना लाल नंदेश्वर, राजकुमार नंदेश्वर, श्री चोवखांड्रे सर सहित अन्य ने तैयारी का लिया जायजा । 2569 बुद्ध जयंती को एतिहासिक बनाने हेतु समस्त उपासक एवं उपासिकाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### विस अध्यक्ष ग्राम टेड़ेसरा में आयोजित समाधान शिविर में होंगे शामिल

**राजनांदगांव,** 11 मई (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 12 मई 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 12 मई को सुबह 11.30 बजे स्पीकर हाउस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.45 जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत टेड़ेसरा पहुंचकर सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1.45 बजे ग्राम टेड़ेसरा से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



### डॉली वर्मा ने कक्षा 10वीं में 88.6 पाकर स्कूल का नाम रोशन किया

**बेमेतरा,** 11 मई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा डॉली वर्मा ने कक्षा 10 वी में 88.6 पाकर कक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त किया और अपने पिता का नाम मलिकराम राम वर्मा व माता सीमा वर्मा का और स्कूल का नाम रोशन किया।



## आधार में बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट शिविर का मोहारा में पुनः आयोजित

### वार्ड पार्षद आलोक श्रोती की पहल पर 124 नागरिकों का आधार अपडेट हुआ

**राजनांदगांव,** 11 मई (देशबन्धु)। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 47 मोहारा में शिक्षा विभाग के चेयरमैन व वार्ड पार्षद आलोक श्रोती की पहल पर आधार कार्ड में मोबाइल नंबर,बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट का दोबारा शिविर लगाया गया । पिछले रविवार को आयोजित शिविर में 138 नागरिकों का आधार अपडेट हुआ था । आज रविवार को आयोजित शिविर में सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में वार्ड नागरिकों ने आधार अपडेट करवाने दस्तक दी । शिविर सुबह 10ः00 बजे से शाम 6ः00 बजे तक आयोजित रहा, जिसमें वार्ड के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दुबारा आयोजित शिविर में लगभग 124 नागरिकों द्वारा आधार बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट करवाया गया।

वार्ड में आयोजित शिविर में ई डिस्ट्रिक्ट प्रबंधक सौरभ मिश्रा का लगातार सहयोग प्राप्त हों रहा है साथ ही ष्द्धद्भश्चह्य कार्यालय से लीलाधर कुंभकार एवं कुंज बिहारी कुंभकार ने अपनी सेवाए दी है। पार्षद आलोक श्रोती ने कहा कि आधार अपडेट नहीं होने की वजह से हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त होने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था । आधार कार्ड में जो मोबाइल नंबर लिंक है वो बंद हो चुका है या गुम चुका है या परिवार के सदस्यों के बाहर रहने की वजह से उपयोग नहीं हो पा रहा है इस वजह से नया नंबर अपडेट करवाना अत्यंत आवश्यक हो गया था।

पार्षद आलोक श्रोती द्वारा उन्होंने अपने वार्ड के नागरिकों को आधार कार्ड अपडेट करने के लिए लगातार अपील की जिसकी वजह से दोबारा आज आयोजित शिविर में वार्ड के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया। शिविर में भाजपा कार्यकर्ता परशु प्रजापति, देवकी देवांगन,मीना सोनकर,लक्की देवांगन,मोहन तिवारी,पिंटू देवांगन,सोहन प्रजापति,लक्ष्मण प्रजापति, दुबेश प्रजापति,कीर्ति प्रजापति, भुवनेश्वरी सिंहा,सुरेश सिन्हा,रूपेंद्र शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की दिनभर सक्रिय भागीदारी रही। उपरोक्त जानकारी पार्षद कार्यालय प्रभारी आरती देवांगन ने दी।



## गंडई वार्ड 5 के मकान में लगी आग, मोटर साइकिल सहित अन्य जलकर खाक



**गंडई पंडरिया,** 11 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत गंडई के वार्ड क्रमांक 05 रानी बगीचा स्थित आदिवासी छात्रावास की पीछे थन्नू गंधर्व के कवेलू मकान में शनिवार 10 मई को दोपहर लगभग 3ः30 बजे के आसपास आग लग गई। उसी समय नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ऑफिस से निकल कर अपने खेत होते हुए घर जाने के लिए निकले थे। तभी रास्ते में रानी बगीचा के पास से धुएं की लपेट दिखाई दिया तो वे उसी ओर बढ़े, पास जाकर देखा तो पता चला की थन्नू गंधर्व के मकान में धू धू कर जल रहा था और आग की लपटें उठ रही हैं। उनके द्वारा तत्काल नगर पंचायत के फायर ब्रिगेट को सूचना दिए। फायर ब्रिगेट की टीम आग बुझाने पहुंची। और आग पर काबू पाया गया। अध्यक्ष खुसरो ने दूरभाष के माध्यम पुलिस की टीम के अलावा एस डी एम को इनकी सूचना दी। पूरे प्रशासनिक अधिकारी समाधान शिविर में ड्यूटी दे रहे थे। आग से पीड़ित परिवार थन्नू गंधर्व को आर बी सी 6(4)के तहत मुआवजा देने की मांग की है। अध्यक्ष खुसरो के साथ मौके पर वार्ड पार्षद अमन सोनी, शैलेंद्र दुबे भी उपस्थित थे।

### निधन

#### जानकी देवी खटवानी

**भिलाईनगर,** 11 मई। विवेकानंद नगर निवासी श्रीमती जानकी देवी खटवानी धर्मपत्नी परमानंद खटवानी का आज प्रातः 10 बजे शंकराचार्य अस्पताल में ईलाज के दौरान निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा आज 11 मई को सध्यां 5 बजे उनके निवास 1479, सड़क-22 सुपरिणय भवन के पास से रामनगर मुक्तिधाम के निकाली गई। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे राजकुमार खटवानी, किशोर खटवानी की माता तथा दिलीप खटवानी की चाची, सन्नी खटवानी की दादी थी।



## भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन महिला मोर्चा की धनेश्वरी वर्मा बनी जिलाध्यक्ष



**बलौदाबाजार,** 11 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती जानकी मारकंडे के द्वारा बलौदाबाजार जिले में ट्रेड यूनियन की नई जिम्मेदारी व कार्यों के निष्ठा पूर्वक निर्वहन हेतु के के वर्मा जिला अध्यक्ष भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल के अनुशंसा पर एवं प्रदेश अध्यक्ष बृजेश शर्मा एवं प्रदेश सचिव बृजेश पांडे की सहमति से श्रीमती धनेश्वरी वर्मा को बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष पद के लिए नियुक्त की गई। नियुक्ति पश्चात श्रीमती धनेश्वरी वर्मा ने कहा कि जिले में संगठित एवं असंगठित मजदूरों के हित की लड़ाई लड़ने एवं उन्हें सम्मान पूर्वक जीवन यापन करने हेतु एवं यूनियन की दिशा निर्देशों की पालन करने हेतु सदैव तत्पर रहूंगी।

इन्होंने कहा है कि बलौदाबाजार जिले में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सीमेंट कंपनियों का भरमार है जहां आज भी कामगार मजदूर का भारी शोषण होते देखा जा सकता है जिसकी लड़ाई हम संगठित होकर लड़ाई लड़ने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर श्रीमती धनेश्वरी वर्मा को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रेमलाल ध्रुव, क्रांति वर्मा, सुनील साहू, शरद वर्मा, पिंटू साहू, रामेश्वरी साहू, त्रिवेणी वर्मा, गीताबाई यादव, रितेश वर्मा, विजय वर्मा, कृपाराम साहू, चंद्रकला वर्मा, गया राम यादव, प्रवीण कुर्रे आदि ने बधाई प्रेषित की है।

## कुम्हारी पालिका के सीएमओ पर गिरी निलंबन की गाज


### उप मुख्यमंत्री अरुण ने अव्यवस्था और अनुशासनहीनता का लगाया आरोप



**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव द्वारा नगर पालिका कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान अपूर्ण दस्तावेज, रिकॉर्ड संधारण, कार्यों में लापरवाही और धीमी प्रगति पाए जाने के बाद आज राज्य शासन ने कुम्हारी नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निलंबित कर दिया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव के औचक निरीक्षण के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीएमओ श्री नेतराम चन्द्राकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के 9 मई को कुम्हारी नगर पालिका कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकांश अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी एवं निष्ठा एप में उपस्थिति नहीं पायी गयी। नगर पालिका लेखा के निरीक्षण में कैशबुक पंजी एवं लेखा पंजी अपूर्ण पाया गया। निकाय में पेयजल संकट की स्थिति, अमृत मिशन और अटल परिसर के निर्माण की प्रगति अत्यंत धीमी पायी गई। निकाय में राजस्व वसूली, प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य निर्माण कार्यो के साथ ही सुशासन तिहार में आवेदनों के निराकरण की प्रगति भी अत्यधिक धीमी पायी गई। उप मुख्यमंत्री श्री साव द्वारा औचक निरीक्षण और कार्यों की समीक्षा में सीएमओ नेतराम चन्द्राकर संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाये। उन पर यह भी आरोप लगाया गया की इस दौरान उनकी भाषा शैली भी अशोभनीय थी। राज्य शासन ने कुम्हारी नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर के इस कृत्य को गंभीर कदाचार मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने 9 मई को कुम्हारी नगर पालिका कार्यालय के औचक निरीक्षण में गंभीर अव्यवस्था और अनुशासनहीनता पायी थी। उन्होंने अपूर्ण दस्तावेजों, रिकॉर्ड संधारण और कार्यों में लापरवाही पर सीएमओ को फटकार लगाई थी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना और अमृत मिशन के कार्यों में धीमी प्रगति पर असंतुष्टि जताई थी। श्री साव वहां सुशासन तिहार में आवेदनों के निराकरण की धीमी प्रगति से भी नाखुश थे। उन्होंने अनुपस्थित अधिकारियो-कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के इस निर्देश के बाद कुम्हारी नगर पालिका में सुशासन तिहार को लेकर नये सिरे से कार्य शुरु किया जाने की बात कही गई है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के इस फरमान के बाद कुम्हारी पालिका में नये सीएमओ के नाम पर आज चर्चा का विषय बना रहा। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साव स्वयं सुशासन तिहार के तहत किसी भी स्थान पर पहुच जाते है। इसी तहत उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी काफी सक्रिय नजर आ रहे है। कुम्हारी नगर पालिका कार्यालय के औचक निरीक्षण में पायी थी अव्यवस्था और अनुशासनहीनता को ध्यान में रखकर अन्य निकायों में कार्य पर विशेष ध्यान दिया जा रह है।

## बौद्ध अनुयायी आज मनाएंगे बुद्ध पूर्णिमा का पर्व

### शाम 6 बजे होगा विविध आयोजन



**खैरागढ़,** 11 मई (देशबन्धु)। खैरागढ़ बौद्ध समाज के द्वारा नगर में प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी बौद्ध समाज के द्वारा बुद्ध पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। भगवान महाकारुणिक तथागत गौतम बुद्ध के जीवनी पर भी समाज प्रमुखों द्वारा प्रमुखता से प्रकाश डाला जाएगा सर्वप्रथम दाऊचौरा स्थित बुद्ध विहार में सुबह 10 बजे सामुहिक बुद्ध वंदना पंचशील व त्रिशरण का पाठ किया जायेगा उसके पश्चात शाम 6 बजे बौद्ध समाज को शासन से मिली जमीन सिविल लाइन में मीनाक्षी पेट्रोल पंप पांडादाह के संचालक मधुकर चोखांद्रे के द्वारा के मार्ट के सामने स्थित बौद्ध समाज को आवंटित जमीन के पास शाम को खीर पुड़ी व पुलाव का प्रसादी वितरण किया जाएगा। बौद्ध समाज के संरक्षक मधुकर चोखान्द्रे ने बौद्ध समाज के लोगों को कार्यक्रम ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### 29 मई तक बिहान योजना के तहत महिला संरक्षण अधिकारी की संविदा भर्ती प्रारंभ

**खैरागढ़,** 11 मई। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नवा बिहान योजना के अंतर्गत महिला संरक्षण अधिकारी के एक पद पर संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पद केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित है। यह नियुक्ति घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए की जा रही है। इच्छुक महिला उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे अपना आवेदन सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग खैरागढ़- छुईखदान-गंडई में 29 मई 2025 तक अनिवार्य रूप से जमा करें। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विभागीय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# देश की सुरक्षा के लिए गायत्री परिवार ने दी यज्ञ में आहुतियां

**रायपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के निर्देशन और मार्गदर्शन में आयोजित गृहे गृहे यज्ञ में हजारों परिवारों ने यज्ञ भाग लेकर यज्ञ को सफल बनाने भूमिका निभाई। गृहे गृहे यज्ञ में गायत्री परिवार के द्वारा नए परिवारों का चयन किया गया था अभियान के संबंध में छत्तीसगढ़ गायत्री परिवार की जोन समन्वयक श्रीमती आदर्श वर्मा और गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री श्याम बैस ने जानकारी देते हुए बताया कि यज्ञ के माध्यम से हम जहां आत्मिक शांति अपने घरों में पहुंचाते हैं वहीं यज्ञ में दी गई आहुतियो से वातावरण शुद्ध और वातावरण में जो भी नकारात्मक ऊर्जा रहती है वह नष्ट हो जाता है वही मां गायत्री के विशेष मंत्रों से दी गई आहुतियो से हमारे शरीर के अंदर उर्जा का संचार होता है। अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के द्वारा जो निर्देश मिला है निश्चित ही गायत्री परिवार और गायत्री शक्तिपीठ उसका पालन करते हुए आंकड़ो से आगे गृहे गृहे यज्ञ को ले जाया जाएगा।



**आसुरी शक्तियों के नष्ट होने के लिए भी गृहे गृहे यज्ञ में दी गई विशेष मंत्रों से आहुतियां**

गृहे गृहे यज्ञ में केवल परिवार के बड़े और बुजुर्ग ही नहीं बल्कि छोटे-छोटे बच्चे भी यज्ञ के अभियान में आगे आ रहे हैं उन्हें भी यज्ञ और पूजा पाठ और हमारे संस्कार के बारे में बताया जा रहा है । इसी कड़ी मे गायत्री शक्तिपीठ गायत्री परिवार ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि यज्ञ के बारे में छोटे-छोटे बच्चों को भी जानकारी देते हुए उनके माध्यम से भी यज्ञ में आहुतियां दिलाई गई है निश्चित ही बच्चे आज यज्ञ के बारे में और हमारी सनातन संस्कृति के बारे में समझेंगे तो वही बच्चे बड़े होकर धर्म का प्रचार और धर्म की ध्वजा को लहराएंगे इसलिए इस यज्ञ के दौरान देश की सुरक्षा के लिए आसुरी शक्तियों के विनाश के लिए वातावरण की शुद्धि के लिए पेड़ पौधों की सुरक्षा के लिए, और वीरगति को प्राप्त और सीमा की सुरक्षा में लगे हमारे जवानों के लिए भी यज्ञ में आहुतियां दी गई।

गृहे गृहे यज्ञ में जहां-जहां तक बन सका गायत्री परिवार के परिजन और परिव्राजक ज्यादा से ज्यादा घरों में पहुंचने का प्रयास किया जहां पर यज्ञ विधान संपन्न हो सके वही बहुत से ऐसे परिवार हैं जो गायत्री परिवार से जुड़ चुके हैं उन्होंने मोबाइल पंडित एप और यज्ञ किट जिसमें गृहे गृहे यज्ञ के बारे में विस्तार से पूरी जानकारी दी गई है उसके माध्यम से भी अपने-अपने घरों में यज्ञ कर मां गायत्री कि विशेष मंत्रो से आहुतियां दी गई और अपने घर परिवार समाज राष्ट्र के सुख समृद्धि की कामना की गई। सोमवार को भी गृहे गृहे यज्ञ का अभियान जारी रहेगा।

# रात 12 के बाद भी हाइपर क्लब में चल रही थी पार्टी, पुलिस ने तत्काल कराया बंद




**रायपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के हाइपर क्लब को पुलिस ने देर रात छापा मारकर तत्काल बंद कर दिया। शहर में पब और नाइट क्लब रात 11. 30 बजे तक ही संचालित करने के नियम हैं लेकिन हाइपर क्लब में रात 12 बजे के बाद भी गतिविधियां जारी थी। जिसके चलते पुलिस ने क्लब को बंद कराया।

मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई ने राजधानी रायपुर में अवैध रूप से संचालित क्लबों के खिलाफदिए गए पुलिस को ज्ञापन सौंपा था। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और शुक्रवार देर रात ष्हाइपर क्लब पर सख्त कार्रवाई करते हुए तत्काल बंद करा दिया। एनएसयूआई का कहना है कि पुलिस ने रात 12 बजे के बाद भी चालू पाने पर जिस क्लब में कार्रवाई की है वहां सिर्फनियमों का उल्लंघन नहीं बल्कि नाबालिग युवाओं को भी प्रवेश दिया जा रहा था। यह बेहद गंभीर और चिंताजनक स्थिति है।

हाइपर क्लब पहले भी विवादों में घिरा रहा है। इस क्लब को लेकर पूर्व में गोली चलने की घटनाएं और नशीले पदार्थों के अवैध उपयोग जैसी गंभीर शिकायतें सामने आ चुकी हैं।

# संविधान के हीरक जयंती पर आज राज्य स्तरीय परिचर्चा

**रायपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। संविधान के हीरक जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी फेडेरेशन के नेतृत्व में सोमवार को शहीद स्मारक भवन में राज्य स्तरीय परिचर्चा व आमसभा का आयोजन किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ अजाक्स, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संगठन, सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन के अधिकारी - कर्मचारी एवं समाजिक संगठनों के प्रांतीय कार्यकारिणी सहित जिला, ब्लाक के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल होंगे। इस आमसभा ,परिचर्चा में प्रमुख रूप से सर्व आदिवासी समाज, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, गोड समाज,हलबा समाज, कवर समाज, उरांव समाज, गाड़ा समाज, महार समाज, रविदासी समाज, ओबीसी महासभा सहित तमाम अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के सदस्य विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य में पदोन्नति में आरक्षण विगत 2019 से निष्प्रभावी है जिसे शीघ्र ही पदोन्नति में आरक्षण नियम बनाकर मामले में शासन अविलंब अधिसूचित करें जिससे आरक्षित वर्ग को पदोन्नति मिले और समाज के शिक्षित बेरोजगारों को शासकीय सेवाओं का लाभ मिल सकें, यहीं सभी समाज की ओर से प्रमुख मांगें है।

इस अवसर पर राज्यव्यापी संयुक्त जन आंदोलन की घोषणा किए जाने का प्रस्ताव हैं।

# विवाह कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे युवक से लूट

**रायपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने विवाह कार्यक्रम में शमिल होने जा रहे युवक से लूट के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है इस दौरान 4 आरोपी युवक पकड़े गए हैं बताया गया कि प्रार्थी अमित गिरलहरे ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 मई को वह अपने रिश्तेदार के यहां विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु देवपुरी गया था कार्यक्रम के पश्चात् पैदल अपने रिश्तेदारों के पास जा रहा था कि भण्डारी देवपुरी पहुंचा था। इसी दौरान कुछ व्यक्तियों ने प्रार्थी को अपने पास रखे चाकू को दिखाकर धमकाते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर उसके पास रखे मोबाईल फोन एवं नगदी रकम को लूट कर फरार हो गये। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए घटना के संबंध में प्रार्थी तथा आस.पास के लोगो से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात अरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ.साथ प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाये गये। इसी दौरान टीम के सदस्यों को प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वूपर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा टिकरापारा निवासी रामेश्वर चक्रधारी उर्फमुण्डा की पतासाजी कर पकड़ा गया।



**4 आरोपी गिरफ्तार**

प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर रामेश्वर चक्रधारी से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथी धनेन्द्र चतुर्वेदी समीर बंजारे एवं रोशन उर्फलक्की बंजारे के साथ मिलकर लूट की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त धनेन्द्र चतुर्वेदी समीर बंजारे एवं रोशन उर्फलक्की बंजारे की भी पतासाजी कर पकड़ा गया। सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का मोबाईल फोन एवं घटना में प्रयुक्त 01 नग चाकू जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# जम्मू में धमाके हुए थे तो लगा शादी-विवाह के हैं

**रायपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। हम लोग घर से वैष्णो देवी के दर्शन के लिए निकले थे। जत्थे में बच्चों समेत 12 लोग थे। 8 मई की रात जम्मू स्टेशन पहुंचे। रात के 1.30 बजे अचानक पटाखे जितनी आवाज के दो धमाके हुए तो लगा कि कहीं शादी.विवाह हो रहा है लेकिन देखते ही देखते ही सुरक्षा बल और सेना के जवान सक्रिय हो गए। स्टेशन ब्लैकआउट हो गया। तब बच्चे डर गए। जवानों की टुकड़ियां सबको समझा रही थीं कि आसपास के होटलों में शिफ्ट कर रहे हैंए भोजन और रहने का पैसा नहीं लगेगा। उनका जत्था सकुशल शनिवार को सुबह रायपुर लौटा। पुरानी बस्ती के दीपक अपार्टमेंट गली से 8 लोगों का जत्था शामिल था। वापसी पर पंडित चंद्रशेखर शुक्ला ने जम्मू कश्मीर का आंखों देखा हाल बयां किया। उन्होंने बताया कि जब सेना का पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर शुरू तो उनका पूरा जत्था जम्मू कश्मीर था। वे लोग 3 मई को ही पहुंच गए थे। चार.पांच बच्चे साथ थे। माता वैष्णो देवी के दर्शन के दौरान कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन जब वापस लौट कर जम्मू स्टेशन पहुंचे तो धमाके शुरू हो गए थे। इससे पहले वैष्णो देवी हिमांचल प्रदेश में कांगड़ा देवी नैना देवी ज्वाला देवी और चित्तपूर्णा देवी के हमने दर्शन किए।

**सुरक्षित रायपुर लौटे लोगों ने बयां किया आंखों देखा हाल**

**चाक-चौबंद व्यवस्था थी, जवानों ने रुकवाया-** जम्मू कश्मीर में आम दिनों जैसी ही चहल.पहल थी। कई जगह लोग जत्थे में माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए पहुंच रहे थे। वहां सुरक्षा जवानों की पुख्ता व्यवस्था थी। ब्लैक आउट के दौरान जवानों की टुकड़ियां रेलवे स्टेशन में काफी सक्रिय थी। यात्रियों को ढांढस बंधा रहे थे कि घबराने की जरूरत नहीं है। जिनकी ट्रेनें सुबह थीए उनके रुकने की व्यवस्था खुद करा रहे थे।

**कड़ी सुरक्षा के बीच निकली ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस**

दुर्ग से ऊधमपुर के बीच एक्सप्रेस ट्रेन के यात्री भी शनिवार को ऊधमपुर से शनिवार को रायपुर स्टेशन में उतरे। कई यात्रियों ने बताया कि युद्ध के हालात के बीच यह ट्रेन पहुंची थी और वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच हुई। स्टेशनों में जवानों की टुकड़ियां अलर्ट थींए इसलिए डर नहीं लगा। यात्री राम किशोर ने बताया कि पंजाब और जम्मू.कश्मीर के हर स्टेशन में सुरक्षा काफी कड़ी थी।

# घर से जेवर, चिकित्सालय से टीके की चोरी

**रायपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। चोरी की अलग अलग घटनाओं में पशु चिकित्सालय से टीके और घरों से जेवर पार हो गए। मांढर निवासी वीरेंद्र कुमार के सूने घर में चोरों ने कल रात 8 बजे सेंधमारी की। चोर आलमारी में रखे 13 हजार नगदए जेवर कुल 90 हजार ले भागे। दो घंटे बाद लौटे वरिंद्र कुमार ने रात विधानसभा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर कोहका नेवरा के जे बी सिटी निवासी सोनम बघेल के सूने मकान का ताला टूटा। चोर कमरे में रखी आलमारी में रखे 17 हजार नगदए जेवर कुल कीमत 97 हजार ले गए। इससे पहले मंदिर हसौद के ग्राम नारा स्थित पशु चिकित्सालय में गुरुवार शुक्रवार रात चोरी हो गई। शाम 6 बजे के बाद चोर अस्पताल का ताला तोडकर घुसे और भीतर फ्रीज और उसमें रखे 65 शौशी पशु टीके ले गए। इनक्की कुल कीमत 24 हजार है। अस्पताल कभी नवरतन चौधरी ने कल शाम रिपोर्ट दर्ज कराया। महादेवघाट के पास स्थित फर्म श्याम स्टील के सामने पुरानी बस्ती निवासी भरतलाल सैन की एक्टिवा सीजी 04 जीबी 4023 चोरी कर ली गई। वहीं टाटीबंध शराब दुकान के पारा हीरापुर निवासी संजय देवांगा की ई.रिक्शा सीजी 04 पीएक्स 2195 चोर ले भागे। नेवरा के वार्ड 08 निवासी भरतलाल वर्मा के सूने घर में घूसकर चोर आलमारी में रखे 30 हजार के जेवर ले भागे।

# राइस मिलर्स एसो में रायपुर का दबदबा खत्म, बिलासपुर के बोथरा अध्यक्ष

**रायपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन की एक बैठक रविवार को बिलासपुर में हुई। इसमें क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी खनिज निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स समन्वय समिति सदस्य प्रीतेश गांधी ने प्रदेश अध्यक्ष और पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। इनमें प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा, महामंत्री विष्णु बिंदल, कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल। नवनियुक्त अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा,व तीनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपमुख्यमंत्री द्वय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण दयालदास बघेल का आभार एवं धन्यवाद प्रेषित किया। इसके साथ ही एसोसिएशन में दशकों से चल रहा रायपुर का दबदबा खत्म हो गया है। साथ ही पूर्व अध्यक्ष योगेश अग्रवाल के खेमे की भी सफाई हो गई है। इस खेमे को इस वर्ष के धान खरीदी और कस्टम मिलिंग नीति को लेकर भी किनारे किया गया था।




# पेंशनर्स कल्याण समिति ने की मुख्यमंत्री से विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों के लिए सातवें वेतनमान के आधार पर पेंशन आदेश जारी करने की मांग

**रायपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सेवानिवृत कर्मचारियों ने अपने छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के बेनर तले हमारे प्रदेश के मुखिया आदरणीय मुख्यमंत्री जी जो कि उच्च शिक्षा विभाग के भी मुखिया है को पिछले साल 4 जुलाई 2024 को उनके दूसरे जनदर्शन में पत्र देकर सेवा निवृत कर्मचारियों ने निवेदन किया था उक्त पत्र दिये आज दस माह से भी अधिक समय हो गये आज तक आदेश जारी नहीं किया जा सका है मंत्रालय के संबंधित अधिकारी, कर्मचारीयों को दिशा निर्देश देते हुए सुशासन तिहार के 31 मई समापन के पूर्व शीघ्र आदेश जारी किया जाये।

विदित हो कि छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र और सचिव तीर्थ राम यादव ने मुख्यमंत्री के सुशासन तिहार के पावन पर्व पर उनकी पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई और ढेरसारी शुभ कामनाएं देते हुये आग्रह किये कि प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों को सातवें वेतन मान के आधार पर पेंशन आदेश जारी कराने के लिए पहल करने का निवेदन किया गया उक्त आदेश के लिए मंत्रालय के वित्त विभाग में नस्टि विगत चार पांच माह से अटकी पड़ी है जिसे स्वीकृत करते हुए उच्च शिक्षा विभाग प्रेषित किया जाये ताकि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप सुशासन तिहार का सम्मान शासन के वित्त और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आपसी ताल मेल दिखाते हुए विश्व विद्यालय के सेवानिवृत कर्मचारियों के हित में शीघ्र आदेश जारी कराये।

# स्टील प्लांट से 4 बाल श्रमिक बालकों का रेस्क्यु

**रायपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। धरसीवा इलाके के ग्राम कुथरेल में जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग पुलिस एवं श्रम विभाग तथा बचपन बचाओ आंदोलन के संयुक्त टीम ने सफल अभियान के तहत धरसीवां स्थित संभव स्टील प्लांट से 4 बाल श्रमिक बालकों को रेस्क्यू किया। समिति के आदेश अनुसार बालकों को शासकीय बालगृह रागपुर में सुरक्षा संरक्षण और आश्रय में उपलब्ध कराया गया। साथ ही प्लांट प्रबंधन के खिलाफ बाल श्रम अधिनियम में निहित प्रावधानए किशोर न्याय अधिनियम बालकों की देखरेख संरक्षण अधिनियम 2015 भारतीय न्याय संहिता में दिए गए प्रावधान के अनुसार कार्यवाही करने के साथ.साथ एट्रोसिटी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई किए जाने हेतु थाना थरसीवा में प्लांट प्रबंधन और ठेकेदार के के विरुद्ध प्राथमिक्की दर्ज कराने आवेदन प्रस्तुत किया गया। थाना प्रभारी का रायपुर में होने के कारण प्राथमिक की दर्ज नहीं हो पाई है।

# पार्षद आकाश तिवारी ने जोन कमिश्नर के साथ अरमान नाले का किया निरीक्षण



**रायपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। आज रविवार सुबह पण्डित रविशंकर शुक्ल वार्ड के पार्षद आकाश तिवारी के साथ जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव स्वास्थ अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर ने अरमान नाला का निरीक्षण किया. पार्षद आकाश तिवारी ने बताया कि विगत कई वर्षों से नई बस्ती में बारिश में जलभराव होता है, तो उसके लिए जो उचित प्रयास किए जाने चाहिए उस ओर क़दम बढ़ाया जा रहा है आने वाले सालों में इस परेशानी से निजात दिलाना प्रथम प्राथमिकता है इसी कार्य प्लानिंग के तहत कार्य किए जा रहे हैं, जिसमे नाला सफाई नाला निर्माण किया जाएगा. अरमान नाला ऑक्सीजोन रविनगर नूरानी चौक नई बस्ती पंडरी शंकर नगर होते हुए छोकरा नाला में मिलता है तो इस नाले की सफाई होने से यहां के चार वार्डो को जल भराव से निजात मिलेगी. यदि अरमान नाले की अच्छे से सफाई की जाती है तो आसपास के चार वार्डो में जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं होगी. पार्षद आकाश तिवारी ने नगर निगम के सम्बंधित अधिकारियों से अपील की है कि अरमान नाले की पूरे तल्ले से लद्दी निकाल कर सफाई की जाए जिससे आने वाली बारिश में जनता को जलभराव की परेशानी ना हो और इस समस्या का पूरी तरह निदान करने की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास किया जाये.

# फिर चुभने लगी धूप, राजधानी में पारा पहुंचा 41 डिग्री के करीब



**रायपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। राजधानी में मई में पहली बार पारा 40 डिग्री या इससे ऊपर पहुंचा है। शनिवार को अधिकतम तापमान 40०8 डिग्री रहाए जो सामान्य से मामूली कम है। अभी लू के हालात नहीं हैंए लेकिन तीखी धूप चुभने लगी है। न्यूनतम तापमान 26.9 डिग्री रहाए जो सामान्य है। सोमवार को अधिकतम तापमान 41 व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटे में कहीं भी बारिश नहीं हुई। पेंड्रारोड व अंबिकापुर में मामूली बारिश हुई है। अगले 24 घंटे में राजधानी समेत प्रदेश में कहीं.कहीं बारिश हो सकती है। 30 से 40 किमी की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। रायपुर में आंशिक बादल छाए रहेंगे।

**46 8 डिग्री तक जाने का रेकॉर्ड:** मई में अधिकतम तापमान 46०8 डिग्री तक जाने का रेकॉर्ड रहा है। पिछले साल 30 मई को तापमान इतना बढ़ा था। लोग भीषण गर्मी व लू से झुलस गए थे। इस साल पारा इतना तो नहीं चढ़ेगा लेकिन मई के अंत तक लू चलने की संभावना है। 25 मई से 2 जून तक नौतपा भी रहेगा। प्रायरू इन 9 दिनों में पारा चढ़ता है। कभी.कभी बारिश भी होती है। ज्यादातर मौकों पर लू चलने का ट्रेंड रहा है। मई में प्री मानसून बारिश भी होती है जो जून में मानसून आने तक होती है।

**अब दिखेगा लू का कहर**

# मैथिल ब्राह्मण सभा का निर्वाचन 18 को



**रायपुर,** 11 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मैथिल ब्राह्मण सभा जिला रायपुर के तृवर्षीय कार्यकाल के लिए श्री ऋषि कुमार झा अधिवक्ता जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया विगत सप्ताह से प्रारंभ कर दी गई है। आज नामांकन के अंतिम दिवस समाज के प्रबुद्ध लोगों की आपातकालीन बैठक सरयू कांत झा स्मृति पीठ में संपन्न हुई ?। जिसमें वैदेही पैनल से पं विजय कुमार झा अध्यक्ष पद हेतु, प्रदीप कुमार मिश्र कोषाध्यक्ष पद हेतु, एवं अजय कुमार ठाकुर सचिव पद हेतु अपना नामांकन निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इसके पूर्व समाज के वरिष्ठ सदस्य शारदेन्दु झा, आदित्य झा अधिवक्ता, दोनों संजीव ठाकुर कवि सहित, विपिन कुमार झा, मनीष कुमार झा, नितिन झा, रविंद्र नाथ झा, विजय शंकर झा, विकास ठाकुर, हरीश झा,अजय ठाकुर,गणेश झा, पंकज झा अजय झा की उपस्थिति में बैठक संपन्न होकर उपरोक्त तीनों पदाधिकारी का नाम निर्वाचन हेतु एक मतेन निर्धारित किया गया। आगामी रविवार 18 मई को जगन्नाथ मंदिर टुरी हटरी में गुप्त मतदान प्रक्रिया से निर्वाचन संपन्न होगा।

**अंतिम दिवस विजय झा, प्रदीप मिश्रा अजय ठाकुर ने नामांकन भरा**

उल्टा पुल्टा

मास्टर जी- बताओ, ताजमहल किसने बनाया था?
मिन्टू- मिस्त्री ने।
मास्टर जी- अरे बेवकूफ किसने बनवाया था?
मिंटू- तो फिर ठेकेदार ने बनवाया होगा।

## संपादकीय

### क्यों न हों पुलिस वालों के चालान?

*अक्सर देखा जाता है कि जिन लोगों पर कानून-व्यवस्था लागू करने की जिम्मेदारी है, वे ही कानूनों का उल्लंघन करते हुए दिखाई देते हैं। ऐसा सबसे ज्यादा दिखलाई देता है वह है सड़कों पर वाहन चलाते हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारी। यदि वे मोटर साइकल चलाते हैं तो हेलमेट लगाने की चिंता नहीं करते और यदि कार चलाते होते हैं तो अक्सर सीट बेल्ट नहीं लगाते। कई बार वे रॉंग साइड से वाहन चलाते हैं या फिर लाल बत्ती होने पर भी चौक-चौराहे पार करते हैं। अक्सर इनकी निजी गाड़ियों पर 'पुलिस' लिखा होता है जो कि नियम विरूद्ध है। विभाग का रसूख और चालान करने वाले भी ऐसे कर्मचारियों व अधिकारियों के सहयोगी होते हैं तो आखिर चालान कौन काटेगा? इससे उन लोगों को कोफ़्त होती है जो यातायात नियमों का पालन करते हैं और चाहते हैं कि सड़कों पर अनुशासन बना रहे।*

*रायगढ़ पुलिस ने इस दिशा में अनुकरणीय पहल की है। उसने शुक्रवार को ऐसे 10 पुलिस कर्मचारियों के 500-500 रुपये के चालान काटे जो बिना हेलमेट वाहन चला रहे थे। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने इस आशय का यातायात विभाग को निर्देश दिया कि ड्यूटी पर जा रहे हों अथवा निजी कामों से- हेलमेट के बिना वाहन चलाते हुए पुलिस वालों के चालान काटे जायें। इसके तहत की गयी कार्रवाई से ऐसे लोगों से जुर्माना वसूला गया। राज्य भर में यातायात पुलिस इसी तरह बिना भेदभाव के कार्रवाई करे। इससे लोगों में यह डर बैठेगा कि जब पुलिस वालों के ही खिलाफ कार्रवाई हो सकती है तो उन्हें भी इसका पालन करना चाहिये।*

*सभी जिलों में इस तरह के कदम तो उठाये ही जायें, परन्तु कानून का उल्लंघन केवल हेलमेट न लगाने तक सीमित नहीं होता वरन कार चलाते वक्त सीट बेल्ट न लगाकर भी किया जाता है। ऐसे अधिकारियों को भी चालान के नोटिस थमाये जायें। ज्यादातर ये अधिकारी होते हैं। जब पुलिस कर्मचारी का ही इतना रसूख होता है तो अधिकारियों के प्रभाव का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। वैसे यहां यह बताना भी लाजिमी है कि केवल पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ही यातायात कानून नहीं तोड़ते बल्कि विभिन्न शासकीय विभागों में काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारी भी ऐसा करते हैं क्योंकि सरकारी विभागों में होने से उनकी पुलिस में जान-पहचान होनी स्वाभाविक है। वे भी हेलमेट या सीट बेल्ट लगाये बिना वाहन चालन करते दिख जाते हैं। इन कानूनों का उल्लंघन करते हुए तो दिख जाते हैं लेकिन वाहनों का पीयूसी, इंश्योरेंस अथवा चालकों के लाइसेंस देखने की तो नौबत ही नहीं आती।*

*पुलिस तथा सभी शासकीय विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वत:स्फूर्त यातायात नियमों का पालन करना चाहिये ताकि सामान्य जनता भी ऐसा करने के लिये प्रेरित हो। यातायात विभाग ऐसे उल्लंघनकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई करे।*

# नेशनल लोक अदालत में 5 लाख से ज्यादा मामले निराकृत



## 48 करोड़ से अधिक की मिली अवार्ड राशि

**दुर्ग**, 11 मई (देशबन्धु)। दुर्ग में आयोजित नेशनल लोक अदालत में 5 लाख 36 हजार 760 प्रकरणों की अवार्ड राशि प्राप्त हुई। शिविर में जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशन में जिला न्यायालय एवं तहसील व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर पत्रकार मनजीत कौर ने किया।

नेशनल लोक अदालत में कुल 29 खंडपीठ का आयोजन किया गया। इसके तहत आज वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से भी मामलों का निराकरण किया गया। इसके तहत अरूण गौवाहटी में बंद उत्तरवादी (परिवादी) ले वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अभियुक्ता से चर्चा कराकर मामले में सुलहनामा कराया गया। यह प्रकरण पीठासीन अधिकारी रश्मि नेताम की अदालत का था। इसी तरह प्रधान न्यायाधीश थामस एक्का की अदालत में एक दंपत्ति के मध्य सुलहनामा कराया गया।

उक्त नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य दाण्डिक सिविल, परिवार, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण रखे गये तथा उनका निराकरण आपसी सुलह, समझौते के आधार पर किया गया। इसके अलावा बैकिंग वित्तीय संस्थाए विद्युत एवं दूरसंचार से संबंधित प्री.लिटिगेशन प्रकरणी ;विवाद पूर्व प्रकरण का निराकरण भी किया गया।

**शिविर लगाकर किया गया स्वास्थ्य परीक्षण** : आज आयोजित नेशनल लोक अदालत में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में आने वाले पक्षकारों के स्वास्थ्य जाँचध्परीक्षण हेतु एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त विभाग कार्यालय की ओर से डॉ. डिगेश्वर बघेलए चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य सहायक कर्मचारियों द्वारा सेवाएं प्रदान की गयी। स्वास्थ्य जाँच शिविर में अन्य न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं बड़ी संख्या में आमजनों के द्वारा अपने स्वास्थ्य की जांच परीक्षण कराया गया और बहुतायत संख्या में लोग लाभान्वित हुए है। उक्त शिविर के अलावा मोबाईल मेडिकल यूनिट की व्यवस्था भी आज आयोजित नेशनल लोक अदालत में की गई थी। राजीनामा हेतु न्यायालय में उपस्थित एक पक्षकार को अचानक हीट स्टोक के कारण चक्कर आने से संबंधित पक्षकार को पैरालीगल वालिन्टियर के माध्यम से व्हील चेयर में बिठाकर मोबाईल मेडिकल यूनिट तक पहुंचाया गया। जहां उपस्थित चिकित्सकों के द्वारा संबंधित पक्षकार का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकीय लाभ पहुंचाते हुए आवश्यक दवाईयां दी गई। इसके अतिरिक्त वर्तमान में शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्यॉरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने हेतु क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से समन्वय स्थापित कर आमजनों हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक लोग लाभान्वित हुए। उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# व्यापारी 24 घंटों के भीतर हटा लें अतिक्रमण अन्यथा होगी कार्रवाई : महापौर



**दुर्ग**, 11 मई (देशबन्धु)। महापौर अलका बाघमार ने आज शहर में व्याप्त अतिक्रमण की समीक्षा के परिप्रेक्ष्य में एमआईसी प्रभारियों एवं अधिकारियों की बैठक लेकर गहन विचार विमर्श किया। बैठक के बाद निगम प्रशासन ने व्यापारियों को 24 घंटे का समय देते हुए कहा कि इस दौरान वे अपने अतिक्रमण स्वयं हटा लें। इसके बाद प्रशासन कार्रवाई करेगा। अतिक्रमण हटवाने के बाद 15 दिनों तक निगम प्रशासन सघन चेकिंग अभियान चलायेगा। बैठक में शहर सौंदर्यीकरण पर भी चर्चा की गई तथा अतिक्रमण हटाओं अमला को ड्रेसकोड देने के निर्देश दिये गये।

महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अब की बार अतिक्रमण हटाओं अभियान की शुरूआत सोमवार से मंगलवार इंदिरा मार्केट से ग्रीन चौक तक, बुधवार, गुरूवार गंजपारा से राजेन्द्र पार्क चौक तक शुक्रवार शनिवार बघेरा से चंडी चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जायेगी। शहर की भीतरी कालोनियों के अंदर भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा। बैठक में सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी प्रभारीगण देवनारायण चंद्राकर, नरेन्द्र बंजारे, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, कांशीराम कोसरे, मनीष साहू, शशि साहू, शिव नायक, लीलाधर पाल, के अलावा ईई मोहनपुरी गोस्वामी, दिनेश नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश मिश्रा, बाजार अधिकारी शुभम गोईर, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर तथा कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद उपस्थित थे।

# भूमिपूजन हो चुके कार्य समय रहते पूरा करें

## विधायक गजेन्द्र यादव ने की नगर निगम क्षेत्र के विकास कार्यो की समीक्षा



**दुर्ग**, 11 मई (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में 2023.24 और 2024.25 में स्वीकृत विकास कार्यों को लेकर शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने आज समीक्षा बैठक लेकर सभी काम को समय पर पूरा करने निर्देश दिए। महापौर अलका बाघमार, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित निगम के सभी इंजिनियरों के साथ आयोजित बैठक में प्रत्येक छोटे.बड़े कार्यो की बारी.बारी से समीक्षा की गई। मल्टीलेवल पार्किंग, नालंदा परिसर, सामाजिक भवन, पालिका बाजार सहित बड़े कार्यों में अधिकारियो को व्यक्तिगत तौर पर दायित्व सौंपने कहा गया। बैठक में निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में आवश्यकता अनुसार सीमेंटीकरण सड़क और नाली निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर बारिश पूर्व काम पूर्ण करने कहा गया। इस दौरान मुख्यमंत्री के घोषणा और विधायक निधि के प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की वस्तु स्थिति की जानकारी भी ली गई।

बैठक में विधायक गजेन्द्र यादव ने अपनी निधि से निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान इंजिनियरो ने तकनीकी समस्या अवगत कराने पर अन्य विभागीय अधिकारियो से सामंजस्य बनाकर कार्य कराने निर्देश दिए। भूमिपूजन पश्चात् प्रारंभ हो चुके कार्यों में तेजी लाने और जल्द पूर्ण करने कहा ताकि जनता को सौगात मिल सके। बैठक में राज्य शासन से स्वीकृत लगभग 27 करोड़ के कार्यों के प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगे और बिंदुवार संबंधित अधिकारी और इंजिनियर से चर्चा कर कार्य पूर्ण करने कहा। शहरके प्रमुख इंदिरा मार्केट में पार्किंग की बढ़ती समस्या से निजात पाने मल्टीलेवल पार्किंग के डीपीआर को शीघ्र तैयार कर शासन को भेजने कहा गया। विधायक श्री यादव ने शासन से स्वीकृत भवन निमार्ण, जॉगिंग ट्रेक, मुक्तिधाम निर्माण की जानकारी सहायक अभियंता से लिए। निगम के सभी इंजीनियरों से चल रहे निर्माण कार्य की सतत् मॉनिटरिंग करने और निर्माणी एजेंसी व ठेकेदार से संपर्क बनाए रखते हुए गुणवत्तापूर्ण व तय समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने कहा। इसके अलावा दुर्ग निगम क्षेत्र में राज्य शासन से लंबित मांग से संबंधित प्रस्ताव को जल्द तैयार करने कहा।

**प्रमुख तालाबों का होगा सौंदर्यीकरण** : विधायक गजेन्द्र ने समीक्षा बैठक में दुर्ग शहर विधानसभा अंतर्गत सभी प्रमुख तालाबों के सौंदर्यीकरण और उद्यानो के विस्तार करने प्रस्ताव तैयार करने कहा। इंदिरा मार्केट के सब्जी मंडी में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या को लेकर इंजिनियरो से चर्चा की, उन्होंने जलभराव के तकनीकी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# बोरसी भाठा में बनेगा ऑक्सीजोन

## विधायक गजेन्द्र यादव ने डीएफओ के साथ किया स्थल का निरीक्षण



**दुर्ग**, 11 मई (देशबन्धु)। लगातार बढ़ रहे तापमान को देखते हुए दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में ऑक्सीजोन बनाया जायेगा। विधायक गजेन्द्र यादव ने डीएफ्ओ के साथ स्थल निरिक्षण किया इस दौरान बोरसीभांठा में रिक्त भूमि पर हरियाली का दायरा बढ़ाने वृहद स्तर पर पौधारोपण करने तैयारी करने निर्देश दिए, साथ ही नगर सेनानी कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया जायेगा। इस दौरान डीएफ्ओ दीपेश कपिल ने वन विभाग के नर्सरी में तैयार किये जा रहे पौधों की जानकारी दी।

बारिश का सीजन आते ही शहर में हरियाली का क्षेत्र बढ़ाने को लेकर वन विभाग द्वारा काम किया जा रहा है ताकी दिनोंदिन बढ़ रहे शहर के तापमान को नियंत्रित किया जा सके। दुर्ग शहर में पौधारोपण हेतु स्थल को चिन्हित कर तैयारी की जा रही है जहाँ बारिश प्रारंभ होते ही पौधारोपण किया जायेगा। शहर में ऑक्सीजोन स्थापित होने से तापमान पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा।

वन विभाग के अधिकारी ने बताया की जिले की नर्सरी में विभाग की ओर से पौधों को तैयार किया जा रहा है। जिनका वितरण बरसात के समय किया जाएगा। विभाग की ओर से भी पौधे लगाए जाएंगे। दुर्ग को ग्रीन सिटी बनाने के उद्देश्य से कार्ययोजना बनाकर पौधा रोपण करने कवायद की जा रही है। ठगड़ा बांध के दूसरे छोर बोरसी भांठा की ओर लगभग 10 एकड़ और नगर सेना कार्यालय परिसर में लगभग 3 एकड़ रिक्त भूमि पर पौधों की संख्या बढ़ाकर ऑक्सीजोन बनाने के लक्ष्य के साथ हजारों की संख्या में छायादार और फलदार पौधा लगाने पर काम किया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ मंच ने की सांस्कृतिक कला भवन की मांग

## विधायक को सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग**, 11 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग ने शहर में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु शहर के गायन से जुड़े गायक कलाकारों के लिए सर्वसुविधायुक्त सांस्कृतिक कला भवन का निर्माण कराने की मांग शहर विधायक गजेन्द्र यादव एवं महापौर अल्का बाघमार से की है। तत्संबंध में छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शहर में गीत संगीत से जुड़े गायक कलाकारों के लिए सार्वजनिक रूप से अभ्यास एवं आयोजन हेतु कोई जगह उपलब्ध नहीं है। जिससे आयोजन हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने विधायक एवं महापौर से इस दिशा में पहल कर यहां के गीत संगीत से जुड़े कलाकारों के लिए सर्वसुविधायुक्त सांस्कृतिक कला भवन निर्माण की मांग की है।

छत्तीसगढ़ मंच ने शिवनाथ तट व ठगड़ा बांध में ओपन मंच निर्माण कराने की भी मांग विधायक एवं महापौर से की है। मांग करने वालों में छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के संरक्षक चंद्रिका दत्त चंद्राकर, रमन सिंह उपाध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान सहसचिव ललित वर्मा, त्रिलोक सोनी सदस्य युनुस चौहान, संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी, जवाहर सिंह, बाबू भाई, गुरमीत सिंग भाटिया, मदन डोंगरे, मोहन सिन्हा है।

# भाजपा की मंडल बैठक में मोदी की रणनीति व भारत की सैन्य शक्ति की सराहना




**दुर्ग**, 11 मई (देशबन्धु)। जिला भाजपा के अंतर्गत आज जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक की अध्यक्षता में सदर गौरव पथ मंडल, कसारीडीह एवं कसारीडीह बोरसी मंडल की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सासंद विजय बघेल जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव एवं महापौर अलका बाघमार ने अपने विचार रखते हुए संगठन की मजबूती के लिये अपने अपने टिप्स कार्यकर्ताओं को दिये। सभी वक्ताओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिये भारत की सैन्य शक्ति तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दंबग नेतृत्व की सराहना की।

बैठक में मंचासीन अतिथि के रूप में विधायक ललित चंद्राकर नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष विनायक नातू, कांतिलाल जैन, अरविंदर खुराना, मंत्री आशीष निमजे, कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, मनोज सोनी, दिनेश देवांगन, राजा महोबिया, वरिष्ठ नेता चैनसुख भट्टड़ उपस्थित थे। इस अवसर पर अजय तिवारी, संतोष सोनी, रजा खोखर, मुकेश बेलचंदन, हर्षिका जैन, सहित अनेक भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आनंद सरोवर में मनाया गया मदर्स डे

## मां के आंचल में सर्वाधिक सुकून : रीटा बहन




**दुर्ग**, 11 मई (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में मदर्स डे अत्यंत ही उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कुमारी धारिणी, जागृति और प्राची ने मां के समान पालन करने वाली रीटा बहन का हस्तलिखित ग्रीटिंग कार्ड देकर एवं मातृत्व स्नेह का गीत गाकर उनका सम्मान किया।

मदर्स डे के विषय में बोलते हुए ब्रह्माकुमारी रीटा बहन ने कहा कि आध्यात्मिक रूप से परमात्मा ही हम सभी की पारलौकिक माता है। जन्म देने वाली माता भौतिक देह में होने के कारण एक समय के पश्चात हमारा साथ छोड़ देती है, किंतु जब हम यथार्थ रूप में परमात्मा को माता के रूप में महसूस करते हैं तो उनका स्नेह चिरकाल मिलता रहता है।

इसी तरह सृष्टि में धरती माता का भी अत्यंत महत्व है जो हमें जीवन के विकास के लिए हमारी ऐसी पालना करती है जो अपने सीने में अनेक कष्ट सहन करने के बाद भी हमें अन्न जल प्रदान करती है। हम अपने देश भारत को 'भारत माता' कहते हैं वर्तमान परिस्थिति में हमें अपने देश के प्रति त्याग, समर्पण और सेवाभाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की सख्त आवश्यकता है।

इस अवसर पर सभा में उपस्थित सभी भाई-बहनों ने राजयोग मेडिटेशन के द्वारा धरती मां, जन्म देने वाली मां और सर्व मनुष्य आत्माओं के सुख.शांति व प्रकृति के प्रति अपनी शुभभावना व शुभकामना की तरंगे प्रवाहित किये।

# साधकों ने मनाया गुरुवर का अवतरण दिवस



**डोंगरगढ़**, 11 मई (देशबन्धु)। विश्व जागृति मिशन के संस्थापक विश्व विख्यात संत सुधांशु जी महाराज का जन्मदिन डोंगरगढ़ मंडल द्वारा संसकृति जागरण महोत्सव के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम विभिन्न अस्पतालों में जाकर मरीजों को फल वितरण कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई उन्हें गुरुवर के जन्मदिन की जानकारी देते हुए उनके आशीर्वचन से मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की गई। तत्पश्चात सभी साधक नीचे स्थित मां बमलेश्वरी मंदिर पहुंचे जहां मां बमलेश्वरी मैया से सभी साधकों ने गुरुवर के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। माता की आरती के पश्चात सभी साधक गौ माता का पूजन करने भी पहुंचे। तत्पश्चात खेमुका निवास में साधकों ने महामृत्युंजय मंत्र का जाप कर गुरुवर के उल्हास पूर्ण यशस्वी जीवन की कामना की। सभी साधकों ने इस वर्ष बारिश के समय वृहद वृक्षारोपण का संकल्प भी लिया। सभी साधक मिशन के संयोजक गोपाल खेमुका तथा प्रधान एनआर देवांगन के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, श्रीराम कृपा हॉस्पिटल व बाफना हॉस्पिटल ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सूने मकान में चोरी, 3 आरोपी गिरफ्तार



**डोंगरगढ़**, 11 मई (देशबन्धु)। 5 मई को प्रार्थी सीमन्त लाल सेन पिता बिसौहा राम सेन उम्र- 53 साल निवासी वार्ड न0-21 सांई नगर डोंगरगढ़ अपने घर में ताला लगाकर सहपरिवार शादी कार्यक्रम में दुर्ग गये थे। कि दिनांक-08.05.2025 के रात्रि में अज्ञात आरोपी द्वारा घर का ताला तोड़कर अन्दर घुंसकर घर में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित लेपटाप, होम थियेटर, टी0व्ही0, सेटअप बाक्स व नगदी रकम 20000/-रू0 जुमला किमती-130000/-रू0 को चोरी कर ले गया। जिसकी रिपोर्ट पर अप0क्र0-204/2025 धारा-331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के गंभीरता को देखते हुये अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये माल ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# राजपूत क्षत्रिय महासभा राहटादाह ने मनाई महाराणा प्रताप जयंती



**गंडई पंडरिया**, 11 मई (देशबन्धु)। राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादाह पंजीयन क्रमांक 1282 उप समिति गंडई के तत्वाधान में महाराणा प्रताप की 485 वी जयंती शुक्रवार 9 मई को नगर के हृदय स्थल ए मार्केट में सादगीपूर्ण ढंग से मनाई गई। समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप की मूर्ति की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किए और तिलक लगाया।

वहीं अन्य समाज के लोगों ने भी महाराणा प्रताप की पूजा आरती की। समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप के गौरवशाली इतिहास को याद किया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारीयो ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात् करने का संकल्प लिया।

महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की आन, बान, व शान रक्षा किया। कई देशों के लोगों ने महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेकर स्वतंत्रता आंदोलन भी चलाए हैं।

बताया जाता है कि बचपन से ही महाराणा प्रताप साहसी थे। उनके सामने दुश्मन भी सलाम करते थे। शाम 6 बजे गंडई ए मार्केट में पदाधिकारी ने प्रसादी के तौर पर मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष ठाकुर जितेंद्र सिंह, सुनील ठाकुर, विष्णु सिंह ठाकुर, शिव सिंह ठाकुर, अजय सिंह, दिलीप सिंह, राकेश ठाकुर, भूपेंद्र सिंह, संतोष सिंह ठाकुर, पृथ्वीराज सिंह, संजय सिंह, बृजेश सिंह, हिमांशु सिंह ठाकुर, मीना चंदेल, रूपा राजपूत सहित समाज के महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

# कुम्हारी पालिका के सीएमओ पर गिरी निलंबन की गाज

## उप मुख्यमंत्री अरुण ने अव्यवस्था और अनुशासनहीनता का लगाया आरोप

**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव द्वारा नगर पालिका कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान अपूर्ण दस्तावेज, रिकॉर्ड संधारण, कार्यों में लापरवाही और धीमी प्रगति पाए जाने के बाद आज राज्य शासन ने कुम्हारी नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निलंबित कर दिया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव के औचक निरीक्षण के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीएमओ श्री नेतराम चन्द्राकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के 9 मई को कुम्हारी नगर पालिका कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकांश अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी एवं निष्ठा एप में उपस्थिति नहीं पायी गयी। नगर पालिका लेखा के निरीक्षण में कैशबुक पंजी एवं लेखा पंजी अपूर्ण पाया गया। निकाय में पेयजल संकट की स्थिति, अमृत मिशन और अटल परिसर के निर्माण की प्रगति अत्यंत धीमी पायी गई। निकाय में राजस्व वसूली, प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य निर्माण कार्यों के साथ ही सुशासन तिहार में आवेदनों के निराकरण की प्रगति भी अत्यधिक धीमी पायी गई। उप मुख्यमंत्री श्री साव



द्वारा औचक निरीक्षण और कार्यों की समीक्षा में सीएमओ नेतराम चन्द्राकर संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाये। उन पर यह भी आरोप लगाया गया की इस दौरान उनकी भाषा शैली भी अशोभनीय थी। राज्य शासन ने कुम्हारी नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर के इस कृत्य को गंभीर कदाचार मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने 9 मई को कुम्हारी नगर पालिका कार्यालय के औचक निरीक्षण में गंभीर अव्यवस्था और अनुशासनहीनता पायी थी। उन्होंने अपूर्ण दस्तावेजों, रिकॉर्ड संधारण और कार्यों में लापरवाही पर सीएमओ को फटकार लगाई थी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना और अमृत मिशन के कार्यों में धीमी प्रगति पर असंतुष्टि जताई थी। श्री साव वहां सुशासन तिहार में आवेदनों के निराकरण की धीमी प्रगति से भी नाखुश थे। उन्होंने अनुपस्थित अधिकारियो-कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के इस निर्देश के बाद कुम्हारी नगर पालिका में सुशासन तिहार को लेकर नये सिरे से कार्य शुरु किया जाने की बात कही गई है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के इस फरमान के बाद कुम्हारी पालिका में नये सीएमओ के नाम पर आज चर्चा का विषय बना रहा। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साव स्वयं सुशासन तिहार के तहत किसी भी स्थान पर पहुच जाते है। इसी तहत उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी काफी सक्रिय नजर आ रहे है। कुम्हारी नगर पालिका कार्यालय के औचक निरीक्षण में पायी थी अव्यवस्था और अनुशासनहीनता को ध्यान में रखकर अन्य निकायों में कार्य पर विशेष ध्यान दिया जा रह है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**भिलाईनगर** 11 मई (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे रोड पर वीति रात्रि चंद्रा मौर्या चौक के पास बाइक व बस से टक्कर हो जाने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शनिवार रात को कुर्बान अली 21 वर्ष स्पोर्ट्स बाइक से पावर हाउस की तरफ जा रहा था। बाइक बस से टकरा गया। बस एवं बाइक दोनों ही एक ही दिशा में जा रहे थे। जिससे कुर्बान की बाइक का बैलेंस बिगड़ा और वह बाईक समेत बस से जा टकराया। बस के अचानक रोकने के कारण कुर्बान अली संभल नहीं पाया और वो सीधे बस के पीछे जा घुसा और उसका सिर सीधे बस से जा टकराया गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक भिलाई के वार्ड.7 कृष्णा नगर का रहने वाला था। शव को मर्चुरी में रखवा दिया गया है। परिजनों ने बताया कि कुर्बान जेसीबी ऑपरेटर था।

## पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। खुर्सीपार पुलिस ने पिछले कुछ वर्षो से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बताया कि 22 अगस्त 2022 को प्रार्थिया शहनाज निवासी गौतम नगर खुर्सीपार एवं अन्य द्वारा वाया बिल्डर एण्ड डेवलेपस के द्वारा लोगों से पैसे लेकर अधिक राशि देने का लालच देकर पैसे लेकर गबन कर भाग जान के संबध में लिखित आवेदन दिया था। जिस पर थाना खुर्सीपार में आरोपी वाया बिल्डर एण्ड डेवलेपर्स के विरूद्ध धारा 420 एवं छत्तीसगढ निक्षेपकों के हितो का संरक्षण अधि 2005 की धारा 10 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी की पतासाजी हेतु लगाया गया। टीम के द्वारा कम्पनी से संबधित लोगो से पुछताछ किया गया। जिस पर उक्त कम्पनी का आरोपी जितेन्द्र बिस 45 साल इंदौर का होना एवं घटना दिनांक से फरार होना पाया गया। आरोपी के विरूद्ध प्रोडक्शन वारंण्ट जारी करा कर आरोपी को पुलिस अधिरक्षा मे लेकर पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक वंदिता पनिकर प्रभारी थाना खुर्सीपार, सउनि श्रीराम मण्डावी, सउनि कपिल यादव, आरक्षक शैलेन्द्र यादव, तेजप्रकाश साहू, थाना खुर्सीपार की भूमिका उल्लेखनीय रही।

## भिलाई के राजनीश नेशनल बॉक्सिंग में रचा इतिहास



**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। संयंत्र के बॉक्सिंग अकादमी के प्रशिक्षणार्थी मास्टर राजनीश यादव ने नई दिल्ली में सम्पन्न स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित अंडर-19 राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 46 49 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर संयंत्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। भिलाई कैम्पस का प्रतिनिधित्व कर रही सात सदस्यीय बाल मुक्केबाजों की टीम में से मास्टर राजनीश यादव ने पांच मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक बन गई है क्योंकि राज्य के गठन के बाद इस भार वर्ग में यह पहला स्वर्ण पदक है। जिससे राज्य की खेल यात्रा में एक नया मील का पत्थर स्थापित हुआ है। इस ऐतिहासिक सफलता पर कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने संयंत्र सामूहिक की ओर से युवा मुक्केबाज राजनीश को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक विजय शर्मा, उप महाप्रबंधक, राजेन्द्र प्रसाद, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार उप प्रबंधक डेनिस क्रिस्टी रजनीश को बधाई दी है।

## रिसाली आयुक्त ने 6 दुकानों को हटाने के दिए निर्देश



**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। मैत्री गार्डन चौक के सामने वार्ड 13 में व्यापारियों ने रास्ता और नाली पर अतिक्रमण कर दुकान बना लिया है। यही कारण है कि पानी निकासी का रास्ता और एप्रोच रोड निर्माण कार्य आधे में ही रोकना पड़ा। मामला प्रकाश में आते ही नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा ने दुकान हटाने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रीय पार्षद विधि यादव की उपस्थिति में निगम आयुक्त मोनिका वर्मा मरोदा क्षेत्र का भ्रमण की। दरअसल यहां पर पानी निकासी का रास्ता घुमाव दार हो गया है। इस वजह से पानी निकासी नहीं हो रहा है। इसी तरह नहर किनारे बने सी सी रोड अतिक्रमण की भेट चढ़ चुका है। यहां पर छोटे छोटे व्यापारियों ने कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया है। इस वजह से एप्रोच रोड निर्माण अधूरा पड़ा है। आयुक्त ने स्थल निरीक्षण के बाद राजस्व विभाग के तोड़ फोड़ विभाग प्रभारी दुर्गेश गुप्ता को निर्देश दिया है कि अतिक्रमणकरियों को पहले नोटिस दे। नोटिस का असर नहीं होने पर बिना सुनवाई के अतिक्रमण हटाए। जिन व्यापारियों को नोटिस जारी किया गया है उनमें पूजा फैंसी स्टोर्स, हरिओम मोबाइल, सूरज वॉच, कृष्णा च्वाइस सेंटर, वैभव साड़ी, न्यू पैराडाइज सेलून, मालिक झटका चिकन दुकानदार है। स्थानीय नागरिकों का कहना था कि दिन की आवाजाही में दिक्कत नहीं होती। रात में 30 फीट चौड़ाई वाला सड़क में बाइक सवार नहीं गुजर सकता। वाहनों को सड़क पर ही रख ब्लाक कर दिया जाता है। आयुक्त ने निरीक्षण के बाद दुकानों के आगे सड़क पर लगाए शेड को हटाने कहा। निरीक्षण के दौरान राजेश मेडिकल गली में सड़क किनारे रखे भवन निर्माण सामग्री को देख आयुक्त ने नाराजगी जाहिर की। चार मासूमों को चोट पहुंचने की सूचना पर तत्काल सामग्री हटाने के निर्देश भी दिए है।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ली थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक



**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व्दारा थाना, चौकी में कार्यरत एमओबी कर्मचारियों फिंगर प्रिण्ट सर्च स्लिम तैयार किए जाने हेतु दिया गया। प्रशिक्षण सर्च स्लिम तैयार कर नफीस साफ्टवेयर में अपलोड कराएं जाने हेतु दिया गया। 11 थानों के कर्मचारियों को इंक लेस पैड का वितरण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल व्दारा आज पुलिस कण्ट्रोल रूमए सेक्टर-6 भिलाई में संध्या जिले के थाना चौकियों में कार्यरत 'एमओबी आरक्षकों की मीटिंग ली। गिरफ्तार आरोपियों, सन्देहियों, मुसाफिरों के फिंगर प्रिण्ट सर्च स्लिम तैयार कर नफीस साफ्टवेयर में अपलोड किए जाने का प्रशिक्षण दिया गया, और हिदायत दिया गया कि सभी फिंगर प्रिण्ट पूर्ण विवरण के साथ स्पष्ट हो और तत्काल सर्च स्लिम तैयार कर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दारा प्रशिक्षण के दौरान 11 इंक लेस पैड थाना सुपेला, भिलाई नगर, खुर्सीपार, छावनी, पुरानी भिलाई, जामुल, पद्मनाभपुर, मोहन नगर, उतई, दुर्ग एवं पुलगांव को वितरण किया गया। प्रशिक्षण में कुल 45 कर्मचारियों उपस्थित रहे ।

## बुद्ध जयंती आज

**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई में 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा (बुद्ध जयंती) का आयोजन भंत दीठ्ठि विशुद्धि के सानिध्य में तथा संस्था के उपाध्यक्ष विनोद वासनीक के अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा सुबह 9 बजे भंते द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर पूजा वंदना होगी। 10 बजे धम्म देशना होगा। तत्पश्चात डॉ आंबेडकर जयंती के अवसर पर जिन प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में खीर. पूड़ी का विवरण किया जाएगा। संध्या 6 बजे के कार्यक्रम में कैंडल रैली का भ्रमण होगा। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी, कार्यकारी सदस्य, युवा प्रकोष्ट, महिला प्रकोष्ट, सलाहकार मंडल, बुद्ध, आंबेडकर अनुयायी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेगें।

## रंगीन मेहमान पर्यावरण प्रकृति के लिए जरुरी



**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। विश्व प्रवासी पक्षी दिवस 2025 आसमान के रंगीन मेहमान पर्यावरण प्रकृती के लिए महत्व जरुरी है। पर्यावरण प्रकृती प्रेमी प्रशांत कुमार शिरसागर ने बताया की विश्व प्रवासी पक्षी दिवस हमे सिखाता है की प्रकृति के ये मेहमान सुरक्षा देने की हम सब की जिम्मेदारी है पर्यावरण को संतुलित रकने मे मदद करते है लेकिन आज जलवायू परिवर्तन अवैध शिकार प्रदूषण और आवास विनाश के कारण प्रवासी पंछीयो प्रजातिय खतरे मे है पर्यावरण स्वस्थ्य सुंदर रखने में बडी भूमिका निभाते है। विश्व प्रवासी पंछी दिवस की शुरुवात 2006 से हुई थी। विश्व प्रवासी पक्षी दिवस आधिकारिक तौर पर कनाडा और अमेरिका में मई के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है, और मेक्सिको, मध्य और दक्षिण अमेरिका और कैरिबियन में अक्टूबर के दूसरे शनिवार को। हालाँकि, हर दिन पक्षी दिवस होता है, और आप साल के किसी भी दिन पक्षियों का जश्न मना सकते हैं और कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं! विश्व प्रवासी पक्षी दिवस इन अविश्वसनीय पक्षियों का जश्न मनाने और उन्हें बचाने में मदद करने का एक विशेष दिन है। इस वर्ष हम अपने शहरों, गांवों, कस्बों और समुदायों को ग्रामीण से शहरी तक, अधिक पक्षी अनुकूल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2025 में मानवीय गतिविधियों और शहरी विकास के विस्तार के कारण प्रवासी पक्षियों के सामने आने वाली कई चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा। अभियान रणनीतिक शहरी नियोजन और संरक्षण प्रयासों की वकालत करेगा जो पक्षी.अनुकूल प्रथाओं को शामिल करते हैं। उल्लेखनीय यात्रियों के लिए आश्रय स्थल बन जाते हैं। 2025 का विषय राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों, व्यवसायों, सामुदायिक समूहों और दुनिया भर के व्यक्तियों सहित सभी क्षेत्रों से कार्रवाई को प्रोत्साहित करता है। पक्षी अनुकूल का अर्थ है अपने पर्यावरण को पक्षियों के लिए सुरक्षित और स्वागत योग्य बनाना। हम देशी पौधे लगाकर, स्वच्छ जल उपलब्ध कराकर और हानिकारक रसायनों के उपयोग से बचकर ऐसा कर सकते हैं। साझा स्थानों का निर्माण और संरक्षण करके, हम पक्षियों को उनकी लंबी यात्राओं में मदद कर सकते हैं और अपने समुदायों को अधिक सुंदर और स्वस्थ बना सकते हैं। पूरे वर्ष के दौरान हम उन कई कार्यों का पता लगाएंगे जो समुदाय अपने स्थानों को अधिक पक्षी अनुकूल बनाने के लिए कर सकते हैं। हम इन गतिविधियों के बारे में और अधिक समाचार प्रदान करेंगे।

## लोक अदालत में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। नेशनल लोक अदालत व्यवहार न्यायालय भिलाई 3 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 एवं शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। भिलाई 3 के बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में आए हुए विभिन्न न्यायालय प्रकरणों के हितग्राहियों की निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के में जांच कर दवा दी गई। व्यवहार न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी अभिनव डहरिया ने स्वयं अपना रक्त चाप जांच कराया। आए हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने ओर जीवन में स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने अपनी बात रखी। सैय्यद असलम ने बताया कि 38 लोगों का पंजीकरण किया गया। जिसमें 16 लोगों को उच्च रक्तचाप, 18 लोगों को डाइबिटीज से पीड़ित होने पर प्रारंभिक स्वास्थ्य शिक्षा योग, पोष्टिक आहार भोजन में शामिल करने ओर प्रतिदिन पैदल चलने जैसी सलाह दी गई। कमजोरी ओर हाथ पैर दर्द ओर एसिडिटी के मरीज भी पहुंचे लोगों को स्वास्थ्य जांच उपरांत दवा दी गई। सैय्यद असलम, श्रीमती आर विश्वास, श्रीमती राज विजय लक्ष्मी, जितेन्द्र पटेल, प्रभात यादव, भूपेंद्र सिंहा आर पी सिंह अधिवक्ता, विकास सोनी, सुनील कशयप उपस्थित थे

## यूनियन ने प्रबंधक से विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा



**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात मज़दूर संघ यूनियन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यक बैठक संघ के महामंत्री चन्ना केशवलू की अध्यक्षता में इस्पात भवन कॉफी हाउस में सम्पन्न हुई। चन्ना केशवलू ने बताया कि डॉ. रवीन्द्रनाथ एवं ईडी पवन कुमार एवं आई आर विभाग के सम्बंधित अधिकारियों से विभिन्न मुद्दों पर बैठक हुई। बैठक में कर्मचारियों से सम्बन्धित मुद्दों पर मज़दूर संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार पाण्डेय एवं महामंत्री चन्ना केशवलू ने चर्चा कर अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए । यूनियन ने प्रबंधन के समक्ष रखे मांगो को शीघ्र निराकरण की मांग की। प्रबंधन द्वारा संयंत्र कर्मचारियों के लंबित वेजरिविजन मुद्दों का निराकरण कराने का प्रयास करें। नई प्रमोसन पालिसी में सुधार किया जाय एवं ग्रेडिंग सिस्टम को कर्मचारियों को दिखाया जाए। 2007 के बनी इनसेंटिव स्कीम में उत्पादकता एवं उत्पादन में वृद्दि हुई है जबकि ऊर्जा खपत में कमी आई है उसी आधार पर इनसेंटिव स्कीम रिवाइज्ड किया जाय। फेस्टिवल एडवांस की राशि 5000 से बढ़ाकर 50,000 रुपये किया जाय। संयंत्र के भीतर तथा हास्पिटल में स्वच्छ खान पान हेतु सब्सिडी दर पर 4 इन्डियन काफी हाउस खोला जाय और बेस केन्टीन को सर्व सुविधा युक्त किया जाय एवं संयंत्र में संचालित केन्टीन में सफाई व्यवस्था में सुधार एवं निर्धारित सूची का पालन किया जाय। कैंटीन मे सभी खाद्य सामग्री पर एक रुपए प्रति दर बढ़ाए जाने का विरोध किया। शवदाह हेतु स्वर्ग रथ या भिलाई में दाह संस्कार हेतु 10,000 तथा भिलाई के बाहर 25,000 रुपये दिया जाय। सभी कर्मियों को सिम तथा हैंडसेट दिया जाय। वाहन एवं आवास ऋण पुनः शुरू किया जाय, हाउस रेंट पर्क में टैक्स के रूप में काटी गई राशि का 50 प्रतिशत प्रबंधन द्वारा अधिकारियों का वापिस किया गया है उसी तरह कर्मियों का भी वापस किया जाय। संयंत्र कर्मचारी को आवश्यकता के अनुसार टयूनस के माध्यम से दो मकान आवंटित किये गए हैं उन्हें नोटिस जारी किया गया हैं उसका यूनियन विरोध करता है। उन कर्मचारियों को परेशान न किया जाए। टाउनशिप में दोनों टाईम पानी पुनः शुरू किया जाय। तत्काल सेवा समिति का चुनाव कराया जाए। फेस आईडी मशीन अनेक बार चेहरा केप्चर के बाद भी बीएएमएस में शो नहीं करता। इसे जल्द दूर किया जाए। इन सभी मांगों को पूर्ण नहीं करने पर यूनियन कर्मचारियों के साथ मिलकर प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा ।

## सेनानियों को उनके शौर्य वीरता के लिए किया नमन

**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम दिवस पर भारत के महान क्रन्तिकारियो एवं सेनानियों को उनके शौर्य, वीरता एवं बलिदान के लिए सादर नमन किया। 10 मई 1857 के दिन मेरठ शहर में भारतीय सैनिको द्वारा ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के विरुद्ध विद्रोह कर दिया गया और जल्द ही यह विद्रोह भारत के अन्य हिस्सों में फैल गया। भारत के इतिहास में यह अत्यधिक महत्वपूर्ण घटना थीं क्योकि यह भारत की स्वाधीनता हेतु प्रथम स्वंत्रता संग्राम था और इस घटना ने भारत को एक नया रूप दिया। 1857 में उत्तरी एवं मध्य भारत में एक शक्तिशाली जनविद्रोह खड़ा हो गया और उसने ब्रिटिश शासन की जड़े हिलाकर कर रख दी। इस क्रांति की शुरुआत पहले भारतीय क्रातिकारी मंगल पांडे की फांसी के एक महीने बाद 10 मई को मेरठ में सिपाहियों ने अंग्रजो के विरुद्ध विद्रोह कर दिया। जिसने 1857 की प्रथम क्रांतिकारी लडाई को जन्म दिया और देखते ही देखते यह लडाई महासंग्राम में बदल गई। जिसमे दिल्ली के बहादुर शाह जाफर, झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई एवं तात्या टोपे, बेगम हज़रत महल, खान बहादुर खान, मौलवी लियाकत अली, कुवंर सिंह जैसे महान लोगो ने भाग लिया एवं अपना सर्वस निछावर कर दिया। उनकी इस देशभक्ति, त्याग और बलिदान ने लांखो देशवासियो को स्वतंत्रता आंदोलन मे भाग लेने के लिए प्रेरित किया और वैचारिक क्रांति से लोगों में आजादी की भावना को मूर्त स्वरूप दिया।

## बूटस्ट्रैप कार्यक्रम निर्यात जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित



**भिलाईनगर**, 11 मई (देशबन्धु)। एक दिवसीय जिला स्तरीय बूटस्ट्रैप कार्यक्रम निर्यात जागरूकता एवं मार्गदर्शन के संबंध में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दुर्ग एवं एक्सपोर्ट काउंसिल के सौजन्य से होटल अमित पार्क इंटरनेशनल में कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में भारत सरकार के द्वारा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारतीय विदेश व्यापार संस्थान निर्यातकों और उद्यमियों को नवीनतम निर्यात आयात नीतियों और प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करने के लिए उद्यमियों और निर्यातों के लिए निर्यात प्रक्रियाओं और दस्तावेज उद्यमियों के लिए विषय पर आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य निर्यातकों और उद्यमियों के विदेशी बाजारों में अपने व्यापार को बढ़ाने और विकसित करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। इस कार्यशाला में निर्यात परिदृश्य से संबंधित जिलों पर आधारित उत्पादों और संभावनाएं, उत्पादों और विदेशी बाजार के लिए निर्यात, निर्यात संवर्धन, प्रशिक्षण, निर्यात के समर्थन, संगठनात्मक संरचना और कार्य, वैश्विक आर्थिक और व्यापार स्थिति, प्रलेखन, निर्यात के समर्थन प्रक्रिया के अलावा निर्यात के लिए उत्पादों और बाजारों की पहचान तथा निर्यात के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण के बारे में आई.आई.एफ.टी. कोलकाता के विशेषज्ञ टीम के डॉ. के.रंगराजन प्रोफेसर एंव केन्द्राध्यक्ष कोलकाता कैंपस संस्थापक एमएसएमई अध्ययन केन्द्र सुश्री सुमना दास, समन्वयक निर्यात सुविधा केन्द्र के द्वारा उद्यमियों को मार्गदर्शन दिया गया। इस कार्यक्रम में उद्यमियों को निर्यात के प्रति सकरात्मक रूप से प्रभावित किया और प्रेरित किया। छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप राज्य की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 तक अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर क्षेत्र के नवीन उद्योगों को स्थापना एंव विद्यमान उद्योगों को विस्तार किया जा सके। नए औद्योगिक नीति के लाभ लेने क्षेत्र के उद्यमी न केवल अपने उत्पादों के विक्रय को बढ़ावा बल्कि केन्द्र सरकार के उत्पादों को विश्व पटल पर बढ़ाते हुए निर्यात को अग्रसर हो, जिससे की राज्य व क्षेत्र के उत्पादों को उचित मूल्य मिल सके। इस अवसर पर भारतीय विदेश व्यापार संगठन के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक पी.आर. खण्डेलवाल, राकेश चौरसिया प्रबंधक, तुषार त्रिपाठी, संजय सिंह, औद्योगिक संगठनों से अजय भसीन प्रदेश महामंत्री छ.ग. चेम्बर आफ कामर्स, ई.ई.पी.सी. से अंकित मेहता, उद्योग चेम्बर से जे.पी. गुप्ता, करमजीत सिंह बेदी, म्यूरा इंफ्रास्ट्रक्चर से सुधाकर व अन्य उद्योगपति उपस्थित थे।

## समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नैतिक शिक्षा का विकास



**भिलाईनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। रिसाली स्थित प्रभु प्राप्ति भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा बच्चों के लिए एक विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नैतिक शिक्षा, सद्गुणों का विकास और सकारात्मक जीवन मूल्यों की शिक्षा देना रहा। ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी ने बच्चों को अच्छे कर्म करना, बड़ों का सम्मान करना, आपस में सहयोग करना, राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेवारी, गर्मियों में पौधे लगाकर पर्यावरण की रक्षा करने जैसे जीवनोपयोगी पाठ सिखाए गए। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने माता पिता, शिक्षक और परमात्मा शिव के प्रति रंग.बिरंगे वैल्यू ग्रीटिंग कार्ड्स बनाकर अपनी सच्ची निश्चल भावनाओं द्वारा अपने विचार, सद्गुण, और प्रेरणादायक संदेश लिखे। इसके साथ ही वेस्ट से बेस्ट की कला के अंतर्गत बच्चों ने अनुपयोगी वस्तुओं से सुंदर चीज़ें बनाना सीखा। जिससे उनमें रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत हुई।

## समाधान शिविर कोडार में आज

**महासमुंद** 11 मई (देशबंधु)। जिले में सुशासन तिहार का तीसरा और अंतिम चरण 30 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 49 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। 5 मई से अब तक जिले में 12 समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। आगामी समाधान शिविर 12 मई को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोडार ग्राम पंचायत कौवाझर में आयोजित किया जाएगा।



# लापरवाही से मौत, चर्चित वॉटर पार्क के संचालकों पर अपराध दर्ज कराने पहुंचने वाले हैं परिजन!




**राजनांदगांव,** 11 मई (देशबन्धु)। जिले के हाइवे में स्थित ग्राम इंदामरा का चर्चित वॉटर पार्क जहां से कभी मारपीट तो कभी जुआ खेलने को लेकर खबरे आती रहीं यह अलग बात है कि आखिर किस प्रभाव के चलते पुलिस बार बार ठिठक कर रुक जाती रही है। इसके पीछे आखिर कौन प्रभावशाली है जिसकी सिफारिश से खाकी दहलीज पर ही रुक जाती है या कोई ऐसा भारी वजन हाथों पर रख दिया जाता है जिस से पांव आगे बढ़ने की ताक़त ही खो देता हैं और फिर बचाव का तर्क शुरू हो जाता है। एक्वा विलेज वाटर पार्क में शुक्रवार के 13 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई जिस पर कार्यवाही को लेकर पूरे शहर में चर्चा सरगम है और लोग ऐसे असुरक्षित स्थानो मे अपने बच्चों को ले जाने से डरने लगे हैं। शुक्रवार को एक्वा विलेज वाटर पार्क में अपने परिजनों के साथ नहाने पहुंचे नागपुर के गोंदिया निवासी 13 वर्षीय अंशुल पिता सुरेश भंडारकर की डूबने से मौत हो गई। हादसा शुक्रवार दोपहर 2 बजे की बताई जा रही है, लेकिन इस मामले में अब तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है। इसे लेकर पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। लालबाग पुलिस के अनुसार अंशुल मंद बुद्धि का बच्चा था, परिवार वाले उसे ज्यादातर कहीं लेकर आते-जाते नहीं थे, लेकिन शुक्रवार को उसे भी वाटर पार्क लेकर पहुंचे थे।

परिवार के अन्य लोग नहाने के बाद कपड़ा बदलने के लिए पहुंचे थे, इस दौरान अंशुल पानी की गहराई चले गया और किसी की नजर नहीं पड़ी, थोड़ी देर बाद उसे निकाला गया, डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इन घटना को बीते दो दिन हो चुका है लेकिन इसके बावजूद अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई की कोई खबर नहीं आई है।

क्या पुलिस को इस तरह की गंभीर मामलों में वाटर पार्क के ज़िम्मेदार संचालकों पर अपराध दर्ज नहीं करना चाहिए? क्योंकि राजनंदगांव की आवाज दिल्ली तक पहुंचती है कहां जाता है प्रदेश के किसी कोने से भले आवाज दिल्ली तक न पहुंचे पर राजनांदगांव एक ऐसा जिला है जिसकी आवाज दिल्ली तक पहुंचती है दूर तक आवाज पहुंचने की ताकत रखने वाले जनप्रतिनिधि आखिर ऐसे मसलो पर खामोश क्यों हो जाते है, या ऐसा तो नहीं कि इनका प्रभाव कानून की बेड़िया खोलने में ज्यादा सफ़ल हो रही है भले अपराध पर पर्दा डालने के काम ही क्यों ना आए। ऐसे में वीआईपी कहलाने वाला जनप्रतिनिधियों से भरमार जिला कृत्य को छुपाने सबसे महफूज माना जाएगा।

**परिजनों ने लगाया वाटर पार्क पर लापरवाही का आरोप**

महाराष्ट्र में रहने वाला उनका परिवार है परिवार घटना को लेकर सदमे में है परिवार के जिम्मेदार सदस्य से बात करने पर उन्होंने बताया कि अंशुल एकदम भोला किस्म का खुशमिजाज बालक था, कल ही अंत्येष्टि का कार्यक्रम किया गया। हम सब घटना को लेकर अत्यंत दुखी है। वाटर पार्क का लुफ्त उठाने गए थे जिसका दंश हम जिंदगी भर नहीं भूल सकते वाटर पार्क में सुविधा नाम की कोई चीज नहीं थी ना ही कोइ बचाव के साधन, पूल संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाना चहिए, हम पुलिस अधिकारियों से मिलने शीघ्र अतिशीघ्र राजनंदगांव पहुंचेंगे और हम परिजनों द्वारा अपना बयान पुलिस के समक्ष दर्ज भी कराएंगे।

# कबड्डी प्रीमियर लीग सीजन 2 का 3 दिवसीय आयोजन मड़ियान में

**डोंगरगढ़,** 11 मई (देशबन्धु)। विकासखंड के ग्राम पंचायत मड़ियान लाल बहादुर नगर में आगामी 16 मई से 18 मई तक तीन दिवसीय राजनांदगांव कबड्डी प्रीमियर लीग 2025 सीजन 2 प्रतियोगिता आयोजित है। जिला एवं ब्लॉक कबड्डी संघ डोंगरगढ़ एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में आयोजित यह प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग में होगी।

ग्राम पंचायत मड़ियान के सरपंच टुम्मन मंडावी ने बताया कि उद्घाटन समारोह 16 मई शुक्रवार को शाम 5 बजे छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व, आपदा प्रबंधन, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य व राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय की अध्यक्षता में होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम राजनांदगांव के महापौर व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, प्रदेश महामंत्री भाजपा व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चैधरी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, मंडल अध्यक्ष भाजपा मनोज कांडे, जिला पंचायत में सभापति व युवा भाजपा नेता प्रशांत कोडापे, ब्लॉक कबड्डी संघ के अध्यक्ष रामाधार ओझा, जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा उपस्थित रहेंगे। पुरुष वर्ग में इस प्रतियोगिता मे प्रथम से चतुर्थ तक नगद पुरस्कार के अलावा बेस्ट रैडर बेस्ट ब्लॉकर व बेस्ट कैचर को भी सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार महिला वर्ग में भी प्रथम से चतुर्थ नगद पुरस्कार के साथ-साथ बेस्ट रैडर बेस्ट ब्लॉकर व बेस्ट कैचर को पुरस्कृत किया जाएगा। समापन समारोह क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू के मुख्य आतिथ्य, पूर्व जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह की अध्यक्षता में होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामक्षत्री चंद्रवंशी जनपद सदस्य श्रीमती रेशमा कंवर सरपंच टुम्मन मंडावी पूर्व सरपंच राजो बाई कोसा ग्राम प्रमुख पलट मंडावी एवं ग्राम पटेल किशुन राम चंद्रवंशी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर ग्राम पंचायत मड़ियान के बडी संख्या में युवक एवं ब्लॉक कबड्डी संघ के पदाधिकारी जोर-जोर से लगे हैं। टुम्मन मंडावी ने बताया कि बालिका एवं महिला टीम में टीम आनर राजकुमार वर्मा दिलीप मंडावी राजकुमार सलामे चित्रकुमार साहू मिथिलेश चंद्रवंशी शिवेंद्र साहू संदेश वर्मा व देव नेताम तथा पुरुष बालक टीम में टीम आनर गिरवर कंवर विकेश धुर्वे कुलेश्वर सिन्हा घनश्याम साहू मोती ठाकुर कुशल पटेल आतिश सिन्हा प्रवीण विशाल साहू रामाधार ओझा तेजलाल कंवर होंगे। प्रतियोगिता का यह दूसरा वर्ष है कबड्डी जैसे खेल को विश्व पटल पर लाने का प्रयास क्षेत्र के युवक कर रहे हैं जिसे लेकर ग्रामीण क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। जिले के कबड्डी प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित की अपील ब्लॉक कबड्डी संघ ने की है।

# नपं अध्यक्ष खुसरो ने निर्माण कार्य प्रारंभ कराया



**गंडई पंडरिया**, 11 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य अधोसंरचना मद से 7 लाख लागत एवं वार्ड क्रमांक 15 नवापारा में 15 लाख की लागत से बनने वाले नाली निर्माण कार्य प्रारंभ भूमि पूजन कर कराया गया। इस कार्य का ठेका स्थानीय ठेकेदार मां गंगई कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी बाकेलाल वर्मा, सीएमओ अविनाश देवांगन, पार्षद अमन सोनी, दिलीप ओगरे, पार्षद प्रतिनिधि नारायण चतुर्वेदी, सहीत ठेकेदार ताम्रकार उपस्थित रहे।

# महापौर मधुसूदन ने बोर्ड परीक्षा में टॉपर छात्राओं का किया उत्साहवर्धन

**राजनांदगांव,** 11 मई (देशबन्धु)। महापौर मधुसूदन यादव ने शहर के शंकरपुर वार्ड में जनसंपर्क के दौरान 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफल रहने वाली दो छात्राओं से शंकरपुर स्थित निवासस्थान पर सौजन्य भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया। कक्षा 12वीं (कला) की प्रवीण्य सूची में पांचवा स्थान प्राप्त करने वाली बिटिया कु. नीलम देवांगन आत्मज प्रेमबाई देवांगन शासकीय उ मा शाला रेंगाकठेरा (बखत) एवं कक्षा 12वीं (गणित) बोर्ड में जिले में नौवां स्थान प्राप्त करने वाली गायत्री विद्या मंदिर स्कूल कंचनबाग राजनांदगांव की छात्रा कु. रेणुका देवांगन, आत्मज श्री नेतराम देवांगन से शंकरपुर स्थित निवास स्थान पर जाकर महापौर एवं उनकी टीम ने सौजन्य भेंट की और उन्हें बधाई एवं आशीर्वाद देते हुवे उनके आगामी सफलतापूर्ण जीवन की कामना की। इस अवसर पर महापौर राजनांदगांव के साथ वार्ड पार्षद श्रीमती अपूर्व समीर श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद देवेश देवांगन, भाजपा प्रदेश मीडिया सेल पदाधिकारी समीर श्रीवास्तव, भाजपा नेता चंद्रभान जंघेल, देवेश सिन्हा, हकीम खान, अंकित गढ़ेवाल एवं अन्य उपस्थित रहे। इन दोनों सफल छात्राओं के साथ छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा में राजनंदगांव जिले के सभी सफल छात्र छात्राओं को परीक्षा में सफलता के लिए राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव ने हार्दिक बधाई देते हुवे एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इसके उपरांत वार्ड भ्रमण के दौरान महापौर मधुसूदन ने पार्षद अपूर्वा समीर श्रीवास्तव के साथ वार्डवासियों के समस्याओं को त्वरित निराकरण किया और तकनीकी टीम को चिन्हांकित स्थानों का स्थल निरीक्षण एवं सर्वे करने के लिये भी आदेशित किया।



# आज बुद्ध जयंती एवं 14 को संगीत कार्यक्रम



**डोंगरगढ़,** 11 मई। आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति के तत्वधान में दो दिवसीय बुद्ध जयंती मनाया जाएगा, बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्ना लाल नंदेश्वर ने बताया कि 2569 वीं बुद्ध जयंती 12 मई 2025 दिन सोमवार को आदर्श नागसेन बुद्ध विहार में प्रात: 9.00 बजे झंडा वंदन प्रात: 9.30 बजे सामूहिक परित्राण पाठ सुबह 10.00 बजे खीर का पुड़ी का वितरण सुबह 10.30 बजे कचहरी में स्थित डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा। 14 मई 2025, दिन बुधवार को मेला ग्राउंड में बुद्ध एवं भीम गीतो पर आधारित संगीत कार्यक्रम रत्नाकर लांझेवार नागपुर व सम्मान कार्यक्रम में नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष पार्षद एवं समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह के तहत सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन मेला ग्राउंड में रखा गया है, कार्यक्रम को लेकर नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे व समाज के अध्यक्ष मुन्ना लाल नंदेश्वर, राजकुमार नंदेश्वर, श्री चोवखांड्रे सर सहित अन्य ने तैयारी का लिया जायजा। 2569 बुद्ध जयंती को एतिहासिक बनाने हेतु समस्त उपासक एवं उपासिकाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

## विस अध्यक्ष ग्राम टेड़ेसरा में आयोजित समाधान शिविर में होंगे शामिल



**राजनांदगांव**, 11 मई (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 12 मई 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 12 मई को सुबह 11.30 बजे स्पीकर हाउस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.45 जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत टेड़ेसरा पहुंचकर सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1.45 बजे ग्राम टेड़ेसरा से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## डॉली वर्मा ने कक्षा 10वीं में 88.6 पाकर स्कूल का नाम रोशन किया



**बेमेतरा,** 11 मई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा डॉली वर्मा ने कक्षा 10 वी में 88.6 पाकर कक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त किया और अपने पिता का नाम मलिकराम राम वर्मा व माता सीमा वर्मा का और स्कूल का नाम रोशन किया।

# आधार में बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट शिविर का मोहारा में पुन: आयोजित

## वार्ड पार्षद आलोक श्रोती की पहल पर 124 नागरिकों का आधार अपडेट हुआ

**राजनांदगांव,** 11 मई (देशबन्धु)। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 47 मोहारा में शिक्षा विभाग के चेयरमैन व वार्ड पार्षद आलोक श्रोती की पहल पर आधार कार्ड में मोबाइल नंबर, बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट का दोबारा शिविर लगाया गया। पिछले रविवार को आयोजित शिविर में 138 नागरिकों का आधार अपडेट हुआ था। आज रविवार को आयोजित शिविर में सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में वार्ड नागरिकों ने आधार अपडेट करवाने दस्तक दी। शिविर सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित रहा, जिसमें वार्ड के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दुबारा आयोजित शिविर में लगभग 124 नागरिकों द्वारा आधार बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट करवाया गया।



वार्ड में आयोजित शिविर में ई डिस्ट्रिक्ट प्रबंधक सौरभ मिश्रा का लगातार सहयोग प्राप्त हों रहा है साथ ही ष्द्धद्वश्चह्य कार्यालय से लीलाधर कुंभकार एवं कुंज बिहारी कुंभकार ने अपनी सेवाए दी है। पार्षद आलोक श्रोती ने कहा कि आधार अपडेट नहीं होने की वजह से हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त होने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। आधार कार्ड में जो मोबाइल नंबर लिंक है वो बंद हो चुका है या गुम चुका है या परिवार के सदस्यों के बाहर रहने की वजह से उपयोग नहीं हो पा रहा है इस वजह से नया नंबर अपडेट करवाना अत्यंत आवश्यक हो गया था।

पार्षद आलोक श्रोती द्वारा उन्होंने अपने वार्ड के नागरिकों को आधार कार्ड अपडेट करने के लिए लगातार अपील की जिसकी वजह से दोबारा आज आयोजित शिविर में वार्ड के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया। शिविर में भाजपा कार्यकर्ता परशु प्रजापति, देवकी देवांगन, मीना सोनकर, लक्ष्मी देवांगन, मोहन तिवारी, पिंटू देवांगन, सोहन प्रजापति, लक्ष्मण प्रजापति, दुबेश प्रजापति, कीर्ति प्रजापति, भुवनेश्वरी सिंहा, सुरेश सिन्हा, रूपेंद्र शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की दिनभर सक्रिय भागीदारी रही। उपरोक्त जानकारी पार्षद कार्यालय प्रभारी आरती देवांगन ने दी।

# गंडई वार्ड 5 के मकान में लगी आग, मोटर साइकिल सहित अन्य जलकर खाक



**गंडई पंडरिया**, 11 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत गंडई के वार्ड क्रमांक 05 रानी बगीचा स्थित आदिवासी छात्रावास की पीछे थन्नू गंधर्व के कवेलू मकान में शनिवार 10 मई को दोपहर लगभग 3:30 बजे के आसपास आग लग गई। उसी समय नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ऑफिस से निकल कर अपने खेत होते हुए घर जाने के लिए निकले थे। तभी रास्ते में रानी बगीचा के पास से धुएं की लपेट दिखाई दिया तो वे उसी ओर बढ़े, पास जाकर देखा तो पता चला की थन्नू गंधर्व के मकान में धू धू कर जल रहा था और आग की लपटें उठ रही हैं। उनके द्वारा तत्काल नगर पंचायत के फायर ब्रिगेट को सूचना दिए। फायर ब्रिगेट की टीम आग बुझाने पहुंची। और आग पर काबू पाया गया। अध्यक्ष खुसरो ने दूरभाष के माध्यम पुलिस की टीम के अलावा एस डी एम को इनकी सूचना दी। पूरे प्रशासनिक अधिकारी समाधान शिविर में ड्यूटी दे रहे थे। आग से पीड़ित परिवार थन्नू गंधर्व को आर बी सी 6(4) के तहत मुआवजा देने की मांग की है। अध्यक्ष खुसरो के साथ मौके पर वार्ड पार्षद अमन सोनी, शैलेंद्र दुबे भी उपस्थित थे।

## निधन

### जानकी देवी खटवानी



**भिलाईनगर,** 11 मई। विवेकानंद नगर निवासी श्रीमती जानकी देवी खटवानी धर्मपत्नी परमानंद खटवानी का आज प्रात: 10 बजे शंकराचार्य अस्पताल में ईलाज के दौरान निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा आज 11 मई को सध्यां 5 बजे उनके निवास 1479, सड़क-22 सुपरिणय भवन के पास से रामनगर मुक्तिधाम के निकाली गई। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे राजकुमार खटवानी, किशोर खटवानी की माता तथा दिलीप खटवानी की चाची, सन्नी खटवानी की दादी थी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### नेशनल लोक अदालत में ...

दुर्ग के द्वारा कोर्ट भ्रमण के दौरान पक्षकारों व बैंक प्रबंधकों से रू.ब.रू हुए।

वर्ष 2025 के द्वितीय नेशनल लोक अदालत में कुल 17 हजार 993 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 5 लाख 18 हजार 767 प्री.लिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए जिनमें कुल समझौता राशि 48 करोड़ 25 लाख 40 हजार 385 रूपये रहा। इनमें बैंक के प्रीलिटिगेशन के कुल 20, विद्युत के कुल 215 मामले निराकृत हुए जिनमें कुल समझौता राशि लगभग 27 लाख 34 हजार 771 रही है। इसी कम में लंबित निराकृत हुए प्रकरण में 322 दाण्डिक प्रकरण क्लेम के 44 प्रकरण, पारिवारिक मामले के 90 चेक अनादरण के 308 मामलेए व्यवहार वाद के 51 मामले श्रम न्यायालय के कुल 06 मामलें तथा स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) दुर्ग के कुल 6460 मामले निराकृत हुए।

**मामा.भांजा एवं पति.पत्नि के आपसी राजीनामा से आपराधिक मामला हुआ समाप्त**

खंडपीठ के 13 के पीठासीन अधिकारी श्वेता पटेल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दुर्ग न्यायालय के दो मामलें है, जिसमें प्रथम मामला शासन विरुद्ध संजय यादव जिसमें प्रार्थी अजय यादव अभियुक्त संजय यादव का भांजा है। अभियुक्त संजय यादव के द्वारा अपने भाजे अजय यादव से गाली गलौच जान से मारने की धमकी, मारपीट एवं मोटर सायकल में तोड़फोड़ की गयी जिसके तहत थाना जामुल में अंतर्गत धारा 294, 506 बी, 323, 427 भा.द संहिता पंजीबद्ध होकर मामला न्यायालय में प्रस्तुत होने से उक्त प्रकरण में आज आयोजित नेशनल लोक अदालत में अभियुक्त व प्रार्थी जो आपस में मामा.भांजा थे को न्यायालय द्वारा समझाईश दिये जाने से अभियुक्त व प्रार्थी आपसी राजीनामा से मामला समाप्त किया गया।

सबंधित खण्डपीठ में ही दूसरा मामला जिसमें अभियुक्त ए. वेंकटराव व प्रार्थीया आहत संजना आडिल आपस में पति.पत्नी है। मामला थाना खुर्सीपार का है जिसमें अभियुक्त ए.वेंकटराव के द्वारा प्रार्थीया आहत संजना से गाली.गलौच, जान से मारने की धमकी एवं मारपीट किया था। मामला थाना जामुल में अंतर्गत धारा 296, 351 एवं 115 भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध होकर मामला न्यायालय में प्रस्तुत होने से उक्त प्रकरण में आज आयोजित नेशनल लोक अदालत में अभियुक्त व प्रार्थीया जो आपस में पति.पत्नी थे को न्यायालय द्वारा समझाईश दिये जाने से अभियुक्त व प्रार्थीयों आपसी राजीनामा से मामला समाप्त किया गया।

अन्य आपराधिक मामले जो आपसी राजीनामा से समाप्त हुए : मामला खंडपीठ क्रमांक 17 के पीठासीन अधिकारी विरेन्द्र सिंह के न्यायालय का है। जिसमें जमीन बंटवारे को लेकर परिवार के रिश्तेदारों के बीच वाद.विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि मामला न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत हो गया। आज नेशनल लोक अदालत के अवसर पर दोनों पक्ष जो आपस में रिश्तेदार थे, को बैठाकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर एवं संबंधित खंडपीठ के पीठासीन अधिकारी विरेन्द्र सिंह के द्वारा काउंसिलिंग कर इन्हें परिवार के महत्व व भाईचारे से रहने के बारे में समझाईश दिये जाने से दोनों पक्षकार आपस में राजीनामा कर मामला समाप्त कर लिया।

मामला खंडपीठ क्रमांक 10 के पीठासीन अधिकारी पंकज दीक्षित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दुर्ग के न्यायालय का है। जिसमें एक ही मोहल्ले में रहने वाले युवकों के बीच लड़ाई झगड़ा व मारपीट हो गई थी। जिसमें धारा 294, 506, 323 एवं 325 भादवि का आरक्षी केन्द्र पद्मनाभपुर में दर्ज होने तथा मामला न्यायालय में प्रस्तुत होने से प्रकरण के आरोपी तथा प्रार्थी को साथ बैठाकर एक ही मोहल्ले में रहकर एक दूसरे के प्रति दुर्भावना नहीं रखने तथा जरूरत आने पर एक दूसरे का सहारा बनने की समझाईश दिये जाने से एक ही मोहल्ले में रहने वाले अभियुक्त द्वारा प्रार्थी से माफी मांगने पर प्रार्थी द्वारा उदारतापूर्वक आरोपी को माफकर मामला आपसी राजीनामा से समाप्त किया गया।

मामला खंडपीठ क्रमांक 16 के पीठासीन अधिकारी कामिनी जायसवाल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दुर्ग के न्यायालय का है। जिसमें प्रार्थिया कुमारी साहू द्वारा थाना जामुल में रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि उनके पति राहुल साहू द्वारा प्रार्थिया के चरित्र पर संदेह करते हुए अश्लील गालिया एवं जान से मारने की धमकी देते हुए लात.मुक्के से मारते हुए मारपीट की, जिससे मामला संबंधित थाने में अंतर्गत धारा 296, 115 एवं 351 भारतीय न्याय संहिता दर्ज होकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत हुआ। जिसमें माननीय न्यायालय के द्वारा आरोपी व प्रार्थिया को समझाईश दी गई। आरोपी के द्वारा खुले न्यायालय में अपनी पत्नी से हाथ जोड़कर क्षमा मांगी गई। पत्नी के द्वारा क्षमायाचना स्वीकार कर भविष्य में ऐसा न करने का वचन लिया गया और मामला आपसी राजीनामा के आधार पर समाप्त किया गया। इस प्रकार उनके टूटते हुए घर को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बचा लिया गया।

### भूमिपूजन हो चुके कार्य ...

समस्या को बारिश पूर्व कार्य करने निर्देश दिए। इसके अलावा डीएमएफफंड से स्वीकृत कार्य और मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्य में आने वाली रुकावट का निदान कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने कहा।

नई कॉलोनी में पाइपलाइन बिछाने सर्वे होगा : महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा और निगम आयुक्त की टीम के साथ समीक्षा बैठक में विधायक गजेन्द्र यादव ने नये बसाहट वाले कॉलोनी और छूटे हुए एरिया में पेयजल पाइपलाइन बिछाने को लेकर जानकारी मांगे सर्वे कर विस्तार करने कहा।

बैठक में सभापति श्याम शर्मा, महापौर परिषद के सदस्य देवनारायण चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, चंद्रशेखर चंद्राकर, शिव नायक, कांशीराम कोसरे, ईई मोहनपुरी गोस्वामी, ईई दिनेश नेताम, ईई आरके जैन, ईई गिरीश दीवान, सहायक एवं उप अभियंता, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### साधकों ने मनाया ...


गए तथा वहां एडमिट मरीजों को फल वितरण किया। इस दौरान विशेष रूप से मिशन के उपाध्यक्ष द्वारका प्रसाद शर्मा हेमंत साहू बालाराम साहू आरन सिंह ठाकुर हंसराज साहू मनथीर दास साहू जगीन चंद्रवंशी मनोहर लाल साहू चंद्रमोहन हिरवानी विश्वनाथ यादव सहित अन्य साधक बडी संख्या में शामिल हुए। परम पूज्य गुरुदेव के वीडियो भक्ति सत्संग के पश्चात आरती की गई स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### सूने मकान में ...

मशरूका के पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम को तत्काल घटना से अवगत कराकर विवेचना हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा अपने पुलिस स्टॉफ के साथ अज्ञात आरोपीगण के पता तलाश हेतु जूट गये। अज्ञात आरोपी के पता तलाश हेतु घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही कैमरा को खंगाला गया। जिस पर संदेही 01. निखिल गोंड़ निवासी कंडरापारा बजरंग चौक डोंगरगढ़, 02. श्याम ठाकुर उर्फ छोटू निवासी ग्राम बिच्छीटोला हाल बजरंग चौक डोंगरगढ़ एवं 03. श्रवण मटियारा निवासी राम नगर जेल रोड वार्ड न0- 21 डोंगरगढ़ को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। तीनों प्रार्थी के घर में चोरी करना स्वीकार किये एवं चोरी के समान को आरोपी श्रवण मटियारा के घर में छुपा कर रखना बताये एवं नगदी रकम को खाने-पीने में खर्च कर देना बताये। चोरी के समान को आरोपी श्रवण मटियारा के घर से बरामद किया गया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडि0 रिमाण्ड में जेल भेजा गया है।

# बौद्ध अनुयायी आज मनाएंगे बुद्ध पूर्णिमा का पर्व

## शाम 6 बजे होगा विविध आयोजन



**खैरागढ़,** 11 मई (देशबन्धु)। खैरागढ़ बौद्ध समाज के द्वारा नगर में प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी बौद्ध समाज के द्वारा बुद्ध पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। भगवान महाकारुणिक तथागत गौतम बुद्ध के जीवनी पर भी समाज प्रमुखों द्वारा प्रमुखता से प्रकाश डाला जाएगा सर्वप्रथम दाऊचौरा स्थित बुद्ध विहार में सुबह 10 बजे सामुहिक बुद्ध वंदना पंचशील व त्रिशरण का पाठ किया जायेगा उसके पश्चात शाम 6 बजे बौद्ध समाज को शासन से मिली जमीन सिविल लाइन में मीनाक्षी पेट्रोल पंप पांडादाह के संचालक मधुकर चोखांद्रे के द्वारा के मार्ट के सामने स्थित बौद्ध समाज को आवंटित जमीन के पास शाम को खीर पुड़ी व पुलाव का प्रसादी वितरण किया जाएगा। बौद्ध समाज के संरक्षक मधुकर चोखान्द्रे ने बौद्ध समाज के लोगों को कार्यक्रम ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## 29 मई तक बिहान योजना के तहत महिला संरक्षण अधिकारी की संविदा भर्ती प्रारंभ

**खैरागढ़,** 11 मई। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नवा बिहान योजना के अंतर्गत महिला संरक्षण अधिकारी के एक पद पर संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पद केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित है।

यह नियुक्ति घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए की जा रही है। इच्छुक महिला उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे अपना आवेदन सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग खैरागढ़- छुईखदान-गंडई में 29 मई 2025 तक अनिवार्य रूप से जमा करें। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विभागीय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# सुशासन तिहार हर नागरिक की समस्या का त्वरित समाधान: दीपेश साहू

**बेमेतरा,** 11 मई (देशबन्धु)। जिला बेमेतरा के समस्त नगरीय निकायों में सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन 5 मई से 31 मई 2025 तक कलस्टरवार किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 9 मई को नगर पालिका परिषद बेमेतरा के कार्यालय भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वार्ड क्रमांक 08, 09, 10, 11, 12, 13 एवं 14 के नागरिकों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं व मांगों के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।




शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्री दीपेश साहू ने शिरकत की और अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा ने की। इस अवसर पर श्री राजेंद्र शर्मा, वार्ड पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 349 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें त्वरित कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। साथ ही नगरपालिका में भी 341 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 283 मांगों से और 58 शिकायतों से संबंधित थे। सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर नागरिकों को संतोषजनक समाधान प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक श्री दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से नगरीय क्षेत्रों में भी लोगों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, च्मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का उद्देश्य है कि आम नागरिकों को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना न पड़े। सरकार का प्रयास है कि हर समस्या, मांग और शिकायत का समाधान गुणवत्तापूर्ण ढंग से वहीं किया जाए, जहां से वह उत्पन्न हुई है ज्ज उन्होंने समाधान शिविरों को जनता के लिए एक सशक्त मंच बताया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर आवेदन का गंभीरता से निराकरण करें ताकि लोगों का भरोसा शासन-प्रशासन में और दृढ़ हो।

श्री साहू ने इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत च्नौनी सुरक्षा योजनाज्ज और च्प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजनाज्ज के तहत पात्र हितग्राहियों को सम्मान प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा ने अपने उद्बोधन में राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा, च्छत्तीसगढ़ सरकार ने बीते समय में जनता के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं चलाई हैं। समाधान शिविरों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर नागरिक की आवाज सुनी जाए और उन्हें उनके अधिकार समय पर मिले ज्ज उन्होंने शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी को सुशासन तिहार की सफलता का प्रतीक बताया और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद दिया।

शिविर में उपस्थित नागरिकों ने भी समाधान प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया और सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार की सराहना की। समाधान, अध्यक्ष विजय सिन्हा ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां ।

# थानखम्हरिया में बिजली की आंख-मिचौली से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## भीषण गर्मी में दिन-रात हो रही बिजली कटौती, जनता बेहाल

**थानखम्हरिया,** 11 मई (देशबन्धु)। उमस भरी भीषण गर्मी में थानखमरिया नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में अनियमित बिजली आपूर्ति ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। बिजली की आंख-मिचौली से लोग परेशान हैं। दिन-रात कई बार बिजली गुल होने से नागरिकों का जीवन दूभर हो गया है।



स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछले कुछ समय से प्रतिदिन 15 से 20 बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है। रात के समय वोल्टेज गिरने से पंखे और कूलर काम करना बंद कर देते हैं। इससे सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को हो रही है। कई मोहल्लों में तो बार-बार बिजली आने-जाने की वजह से टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के खराब होने की भी शिकायतें मिल रही हैं।

बिजली व्यवस्था की बदहाली का एक बड़ा कारण नगर में कोई स्थायी अधिकारी न होना बताया जा रहा है। ठेकेदार, प्लेसमेंट के भरोसे विभाग चल रहा है। जिससे पूरे तंत्र की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है।

स्थानीय निवासी बताते हैं कि बिजली कटौती का कोई तय समय नहीं है। कब बिजली जाएगी और कब आएगी, यह अनिश्चित बना हुआ है। इससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है और नागरिकों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

इस विषय में जब संबंधित अधिकारी डीई साजा श्री गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि थानखम्हरिया की बिजली समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। नगर में एक नए इंजीनियर की नियुक्ति हाल ही में की गयी है, जिससे शीघ्र व्यवस्था में सुधार की उम्मीद है।जनता ने प्रशासन से मांग की है कि भीषण गर्मी में उन्हें राहत देने के लिए स्थायी समाधान जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए।

# 23 यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको पर पुलिस की सख्त कार्यवाही

**बेमेतरा,** 11 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो,प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 10 मई 2025 को थाना बेमेतरा 02 चालान में 02 व्यक्ति, चौकी देवकर 17 चालान में 17 व्यक्ति, यातायात बेमेतरा 04 चालान में 04 व्यक्ति, कुल 23 वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें 17 चालान माननीय न्यायालय पेश किया गया तथा बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट, बिना परमिट, मालवाहक में सवारी बैठाने सहित 06 यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध 06 प्रकरण में 4,100/- रूपये समन शुल्क लिया गया।

**6 प्रकरण में 4,100/- रूपये समन शुल्क एवं 17 प्रकरण माननीय न्यायालय किया गया पेश**

बेमेतरा पुलिस आम नागरिको से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करे, पीकअप, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, संयमित गति से वाहन चलाये एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मोटर सायकल में मोडिफाइड साइलेंसर न लगाये, अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, बिना नंबर के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोंग न करें। बेमेतरा पुलिस आपकी सहायता के लिये है, वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत बेमेतरा जिले में नि:शुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण प्रारंभ

**बेमेतरा,** 11 मई (देशबन्धु)। बेमेतरा में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। दिनांक 08 मई 2025 को ऑगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01, वार्ड नं. 14/17 में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।



इस कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड क्र. 14/17 की 25 किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को नि:शुल्क 15 दिवसीय ब्यूटी पार्लर ट्रेड में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का संचालन अनुभवी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया जा रहा है, ताकि प्रतिभागी स्वयं का स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संरक्षण अधिकारी सुश्री यशोदा साहू, पर्यवेक्षक श्रीमती अंकिता साहू एवं सुश्री शैलजा साहू, जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती सेवन्तिका साहू तथा ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सनत साहू एवं श्रीमती प्रणिता विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

जिला प्रशासन का यह प्रयास बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे भविष्य में आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी।

# सेवा सहकारी समिति द्वारा खाद गोदाम व किसान भवन का होगा कल शुभारंभ

**थानखम्हरिया,** 11 मई (देशबन्धु)। कल 13 मई को समीपस्थ ग्राम कांपा (टेढ़ी) स्थित सेवा सहकारी समिति मर्यादित के परिसर में एक गौरवमयी लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर खाद गोदाम और किसान भवन का विधिवत लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया जाएगा।



इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद दुर्ग विजय बघेल पधारेंगे तथा अध्यक्षता विधायक साजा ईश्वर साहू करेंगे।अतिविशिष्ट अतिथियों में अध्यक्ष तेलघानी विकास बोर्ड जितेन्द्र साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, उपाध्यक्ष खुश्बू बलराम पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र साहू , पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, सभापति प्रीति गोवेन्द्र पटेल , देवी परमेश्वर वर्मा, केशव पटेल मंडल अध्यक्ष थानखम्हरिया एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनेक जनप्रतिनिधि, जिला व पंचायत पदाधिकारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की अनोखी छटा भी देखने को मिलेगी। दोपहर 12 बजे से 'लोक मया सांस्कृतिक लोक कला मंच' द्वारा महेश वर्मा की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। सेवा सहकारी समिति कांपा के अध्यक्ष श्री तोषु सिंह वर्मा एवं उनकी टीम ने क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन में सादर पधारें और इसे सफल बनाएं।

# नगर पंचायत थान खमरिया में कल से लगेगा समाधान शिविर

**थानखम्हरिया,** 11 मई (देशबन्धु)। सुशासन पर्व के अंतर्गत नगर पंचायत थान खमरिया क्षेत्र में तीसरे चरण का समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर नगरवासियों की मूलभूत समस्याओं—नाली, सड़क, बिजली, पानी, एवं आवास—से संबंधित जनआवेदनों के त्वरित निराकरण हेतु लगाया जा रहा है।



शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे और प्राप्त आवेदनों की स्थिति, समाधान की प्रक्रिया एवं प्रगति की जानकारी देंगे। यह पहल शासन की जनसमस्या समाधान नीति के तहत पारदर्शिता और जवाबदेही को सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

समाधान शिविर का कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा: 13 मई स्थान- वार्ड 03, सिन्हा सामुदायिक भवन वार्ड- 01 से 05 तक के निवासियों हेतु, 20 मई स्थान- वार्ड 12, परशुराम भवन वार्ड- 06 से 10 तक के निवासियों हेतु, 27 मई स्थान- कार्यालय, नगर पंचायत थान खमरिया वार्ड- 11 से 15 तक के निवासियों हेतु

नगर पंचायत अध्यक्ष व मुख्य नगर पंचायत अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें और इस जनोन्मुखी पहल का लाभ उठाएं।

# वार्ड क्रमांक 8 में फैली गंदगी से जनजीवन प्रभावित, सफाई व्यवस्था लचर

**थानखम्हरिया,** 11 मई (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 8, जो कि नगर पंचायत उपाध्यक्ष का वार्ड है, वहां इन दिनों गंदगी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। नालियां कचरे व गंदे पानी से लबालब भरी हुई हैं, जिससे तीव्र दुर्गंध फैल रही है और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।



स्थानीय वार्डवासियों द्वारा लगातार सफाई व्यवस्था की मांग की जा रही है, लेकिन उनकी शिकायतों को अनसुना किया जा रहा है। गली की सड़कें सकरी होने के कारण नाली से निकाला गया कचरा भी सप्ताहों तक गलियों में पड़ा रहता है, जिससे आवागमन बाधित होता है और स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो गया है।

न छिड़काव, न समय पर सफाई- नालियों में छिड़काव न होने के कारण मच्छरों का प्रकोप दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। इससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा गहरा गया है। सफाई कार्यों में महज खानापूर्ति की जा रही है ङ्क कई स्थानों पर नाली से निकाला गया कचरा 15-20 दिनों तक यूं ही पड़ा रहता है और आखिरकार वापस नाली में ही चला जाता है, जिससे सफाई के प्रयास बेअसर साबित हो रहे हैं।

शासन की योजनाएं रह गई अधूरी- वार्ड में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, इंजीनियर, और लेखपाल की नियमित अनुपस्थिति के चलते विकास कार्यों पर विराम लग गया है। इससे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ वार्डवासियों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

मंदिर के पास फैली गंदगी से श्रद्धालु परेशान- वार्ड में एक प्रमुख मंदिर के समीप कचरे का अंबार जमा हो गया है, जिससे पूजा-पाठ में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। वहीं, दुकानदार भी अपनी दुकानों का कचरा सड़क किनारे एवं रास्तों पर फेंक रहे हैं, जिससे यातायात और पैदल चलने वालों को कठिनाई हो रही है। पार्षद व प्रशासन को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता- स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए वार्ड पार्षद को सक्रिय भूमिका निभानी होगी और प्रशासन को नियमित सर्वेक्षण एवं कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी। तभी नगर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाया जा सकता है।

# स्वस्थ एवं स्वच्छ परिवार के लिए माताओं की भूमिका: प्रतिभा चौधरी

**बालोद,** 11 मई (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दिव्य दर्शन भवन पांडे पारा बालोद में मदर डे के अवसर पर च्च स्वस्थ एवं स्वच्छ परिवार लिए माताओं की भूमिका च्माताओं के लिए एक दिवसीय कार्य शाला आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रतिभा चौधरी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद ने माताओं को मदर डे की शुभकामनाएं दी और कहा कि माता ही बच्चों की प्रथम गुरु होती है जिसके सानिध्य में रह कर बच्चों का विकास और उत्तरोत्तर प्रगति होती है। मा और पिता की डांट और फटकार सुनना भी जरूरी है। ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आने के लिए आह्वान किया मुझे हर कार्यक्रम में बुलाया जाता है ये मेरा शौभाग्य है। हर व्यक्ति को राजयोग का अभ्यास करना चाहिए जो कि यहां दी जाती है। नगर पालिका परिषद बालोद वार्ड नंबर 5 की पार्षद कांति भूषण साहू ने माताओं को सम्बोधित करते हुए कहा का माताएं आज हर कार्य में आगे आ रही है जिससे हमारा देश नित प्रति प्रगति की ओर बढ़ता जा रहा है। इस कार्यक्रम में सभी माताओं को ईश्वरीय शौगत से सम्मानित किया साथ ही तिलक लगा का सम्मान दिया गया। स्थानीय सेवा केंद की संचालिका ब्रह्मकुमारी सरस्वती बहन ने अध्यक्षा का सम्मान ईश्वरीय शौगत से से सम्मानित किया और कहा कि आज के समय में माताएं क्या नहीं कर सकती वर्तमान समय में भारत पाकिस्तान के युद्ध में भी माताओं ने एयर स्ट्राइक में सहयोग किया। जिसके कारण दुश्मन देश को नाकों चने चबाने पड़े और पीछे हटना पड़ा और यह संभव है जब तक हम अपने जीवन को स्वस्थ और स्वच्छ बनाना पड़ेगा। अपने अंदर ईश्वरीय शक्ति को शामिल करना पड़ेगा शक्ति स्वरूप बनाना होगा, दुर्गा बनाना पड़ेगा और यह संभव है नित प्रति दिन राजयोग के प्रयोग से होगा।

# प्रदेश में कक्षा 10वी में तीसरा स्थान ला कर रिया सेजेस स्कूल डौण्डी का नाम की गौरवान्वित

## शिक्षा मात्र ऐसा क्षेत्र है,जिससे मुश्किल से मुश्किल कार्य हो जाते आसान: बी एस वददन

**डौण्डी,**11 मई (देशबन्धु)।पिछले दिनों छ ग बोर्ड द्वारा 10 वीं एवं 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया सेजेस डौंडी में कक्षा 10वीं अंग्रेज़ी माध्यम में अध्ययनरत कु रिया केवट ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया रिया की पढाई के प्रति लगन के सबंध में प्राचार्य बी एस वददन ने बताया कि पिछले साल रिया केवट का विज्ञान माडल ब्लाक और जिला स्तर पर चयनित होकर संभाग में चला गया था। जिसका प्रदर्शन दुर्ग में होना था। रिया द्वारा यह कहकर दुर्ग जाने से इंकार कर दिया था कि उसकी पढाई का बहुत नुकसान होगा आज उसकी कडी मेहनत के कारण ही पुरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।रिया की इस सफलता पर सेवानिवृत्त प्राचार्य बी एस वददन,प्रभारी प्राचार्य के आर हिरवानी,वरिष्ठ व्याख्याता एन डी साहू , लिट्टी फ्रांसिस,एम एल साहू,निशा मिश्रा , शहनाज अली और शाला परिवार की तरफ से बहुत बहुत बधाई दी तथा रिया के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सेजेस के सेवानिवृत प्राचार्य बीएस वद्दन ने रिया सहित सभी प्रतीभावान बच्चों की उज्वल भविष्य की मंगल कामना किये ओर कहा की शिक्षा एक मात्र ऐसा क्षेत्र है जिससे मुश्किल से मुश्किल कार्य आसान हो जाते हैं। आज डिजिटल,सूचना क्रांति का युग है। सभी माता पिता को अपने बच्चों को शिक्षा क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा प्रेरित करने की आवश्यकता है। तभी में बच्चे आने वाले भविष्य में देश की तरक्कि में भारत को दुनिया के सभी क्षेत्र में तीसरी ताकत का देश बनाने में सक्षम होंगे।



# सुशासन तिहार के तहत रूपलाल व राजेश को रोजगार बढ़ाने मिला अवसर

**खैरागढ़,** 11 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में खैरागढ़ विकासखण्ड के ग्राम खपरी तेली और खपरी सिरदर के दो मेहनती ग्रामीण रूपलाल निषाद और राजेश निषाद के जीवन को नई दिशा मिली है। इन दोनों मछुआरों ने मछली पालन के लिए शासन से सहायता प्राप्त करने समाधान शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी आवश्यकताओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने ग्राम मुढ़ीपार में आयोजित शिविर में उन्हें तुरंत महाजाल फिशिंग नेट प्रदान किया। पहले ये दोनों पारंपरिक और सीमित साधनों से मछली पकड़ते थे जिससे उन्हें मेहनत के अनुपात में बहुत कम आय होती थी लेकिन अब महाजाल की सहायता से वे अधिक मात्रा में मछली पकड़ने में सक्षम हो सकेंगे। इससे उनकी आमदनी में वृद्धि होगी और जीवन में आर्थिक स्थिरता आएगी। रूपलाल और राजेश ने शासन व प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह सहायता हमारे लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है। अब हमें अपने परिवार के भविष्य को लेकर चिंता नहीं है। मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक प्रदीप भोले ने बताया कि शासन की प्रतिबद्धता है कि ग्रामीणों को उनकी जरूरत के अनुसार योजनाओं का लाभ सीधे और त्वरित रूप से मिले। सुशासन तिहार इसका सशक्त माध्यम बन रहा है।




# मिस्बाह खान ने 12वीं व मोहम्मद अर्श ने 8वीं में मारी बाजी

**खैरागढ़,** 11 मई (देशबन्धु)। जिले में संचालित पीएम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट माध्यम स्कूल एवं पीएम पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी हिंदी/अंग्रेज़ी माध्यम के परीक्षा परिणाम आने से पूरे जिले में खुशी की लहर है। मिस्बाह खान पीएम पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी हिंदी/अंग्रेज़ी स्कूल में विज्ञान विषय में पूरे स्कूल में 88.8 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पर रही है। ज्ञात हो कि मिस्बाह खान एमपी बुक डिपो के संचालक शमशुल होदा खान की भतीजी और नाजिम खान की पुत्री है। मिस्बाह खान शुरू से ही अपने क्लास में उच्च स्थान प्राप्त करती रही है। उनकी इच्छा है नीट परीक्षा दिलाकर एमबीबीएस की पढ़ाई करना और एक उच्च गाइनेकोलॉजिस्ट बनकर महिलाओं की सेवा करना है।







**स्वामी आत्मानंद स्कूल में आए बेहतर परिणाम**

## डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहता है मोहम्मद अर्श

मोहम्मद अर्श पीएम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट माध्यम स्कूल छुईखदान के छात्र हैं। उन्होंने कक्षा आठवी में 90.3 प्रतिशत अंक लाकर अपने दोस्तों और सहपाठियों के बीच में अभी चर्चा के केंद्र बिंदु बने हुए है। उन्होंने बताया कि वह आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहते है और अपनी देश की सेवा करना चाहते है। मोहम्मद अर्श जिला प्रेस क्लब केसीजी के अध्यक्ष सज्जाक खान के पुत्र है। इनके वार्षिक परिणाम आने पर शमीम बानो, प्रमिला श्रीवास्तव, रेहाना जरीन, अनिशा सुल्ताना, उरुशा सुल्ताना, शबनम बानो, तरन्नुम निशा, पुरनूर खान, आरफा सुल्ताना, रूमाना सुल्ताना, मो. ओवेश, मो.आज़म रियाज अहमद, जोहेब अहमद, नाजिम खान, शमशुल होदा खान, जहीन खान, डॉ.मकसूद खान, याहया नियाजी, बाबा शरद श्रीवास्तव, नसीम राईनी, फैजान खान, रेहान खान, शेख निजमुद्दीन, शेख इब्राहिम, हाजी आज़म शेख, समीर, अमजद खान, बबलू खान, आशु खान, मजीवुल्लाह खान, असद खान, समर्थ श्रीवास्तव सहित अन्य लोगों ने मुबारक बाद देकर हौसला अफजाई किए हैं।

संपादकीय

## क्यों न हों पुलिस वालों के चालान?

अक्सर देखा जाता है कि जिन लोगों पर कानून-व्यवस्था लागू करने की जिम्मेदारी है, वे ही कानूनों का उल्लंघन करते हुए दिखाई देते हैं। ऐसा सबसे ज्यादा दिखलाई देता है वह है सड़कों पर वाहन चलाते हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारी। यदि वे मोटर साइकल चलाते हैं तो हेलमेट लगाने की चिंता नहीं करते और यदि कार चलाते होते हैं तो अक्सर सीट बेल्ट नहीं लगाते। कई बार वे रॉंग साइड से वाहन चलाते हैं या फिर लाल बत्ती होने पर भी चौक-चौराहे पार करते हैं। अक्सर इनकी निजी गाड़ियों पर 'पुलिस' लिखा होता है जो कि नियम विरूद्ध है। विभाग का रसूख और चालान करने वाले भी ऐसे कर्मचारियों व अधिकारियों के सहयोगी होते हैं तो आखिर चालान कौन काटेगा? इससे उन लोगों को कोफ्त होती है जो यातायात नियमों का पालन करते हैं और चाहते हैं कि सड़कों पर अनुशासन बना रहे।

रायगढ़ पुलिस ने इस दिशा में अनुकरणीय पहल की है। उसने शुक्रवार को ऐसे 10 पुलिस कर्मचारियों के 500-500 रुपये के चालान काटे जो बिना हेलमेट वाहन चला रहे थे। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने इस आशय का यातायात विभाग को निर्देश दिया कि ड्यूटी पर जा रहे हों अथवा निजी कामों से- हेलमेट के बिना वाहन चलाते हुए पुलिस वालों के चालान काटे जायें। इसके तहत की गयी कार्रवाई से ऐसे लोगों से जुर्माना वसूला गया। राज्य भर में यातायात पुलिस इसी तरह बिना भेदभाव के कार्रवाई करे। इससे लोगों में यह डर बैठेगा कि जब पुलिस वालों के ही खिलाफ कार्रवाई हो सकती है तो उन्हें भी इसका पालन करना चाहिये।

सभी जिलों में इस तरह के कदम तो उठाये ही जायें, परन्तु कानून का उल्लंघन केवल हेलमेट न लगाने तक सीमित नहीं होता वरन कार चलाते वक्त सीट बेल्ट न लगाकर भी किया जाता है। ऐसे अधिकारियों को भी चालान के नोटिस थमाये जायें। ज्यादातर ये अधिकारी होते हैं। जब पुलिस कर्मचारी का ही इतना रसूख होता है तो अधिकारियों के प्रभाव का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। वैसे यहां यह बताना भी लाजिमी है कि केवल पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ही यातायात कानून नहीं तोड़ते बल्कि विभिन्न शासकीय विभागों में काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारी भी ऐसा करते हैं क्योंकि सरकारी विभागों में होने से उनकी पुलिस में जान-पहचान होनी स्वाभाविक है। वे भी हेलमेट या सीट बेल्ट लगाये बिना वाहन चालन करते दिख जाते हैं। इन कानूनों का उल्लंघन करते हुए तो दिख जाते हैं लेकिन वाहनों का पीयूसी, इंश्योरेंस अथवा चालकों के लाइसेंस देखने की तो नौबत ही नहीं आती।

पुलिस तथा सभी शासकीय विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वत:स्फूर्त यातायात नियमों का पालन करना चाहिये ताकि सामान्य जनता भी ऐसा करने के लिये प्रेरित हो। यातायात विभाग ऐसे उल्लंघनकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई करे।

उल्टा पुल्टा

सास- मुझे पूरा भरोसा है, तुम किचन संभाल लोगी।
बहू किचन में गई और कुछ टूटने की जोरदार आवाज आई.
सास- क्या तोड़ दिया?
बहू- आपका भरोसा

## देश को हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर करने वाला क्रांतिकारी कदम: चंद्रहास



### देश के प्रथम हाइड्रोजन फ्यूल लॉजिस्टिक ट्रक के शुभारंभ पर बोले निगम अध्यक्ष

**महासमुंद,** 11 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा रायपुर में देश के पहले हाइड्रोजन फ्यूल लॉजिस्टिक ट्रक की शुभारंभ किया गया। इस दौरान राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर भी मौजूद थे। श्री चंद्राकर ने मुख्यमंत्री के हाथों धुंआ रहित इस ट्रक की शुभारंभ को देश को हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर करने वाला क्रांतिकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस है। पीएम ने आगामी कुछ वर्षों में भारत को शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बनाने का जो संकल्प लिया है, उसे पाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण और औद्योगिक विकास के बीच संतुलन साधने में भी यह कदम मददगार होगी। निगम अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा समृद्ध प्रदेश है। और इस ट्रक का उपयोग खनिज परिवहन में होने से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पारंपरिक संसाधनों

## जिला के 71 स्काउट गाइड को बोर्ड परीक्षा में बोनस अंक मिला

**राजिम,** 11 मई (देशबन्धु)। राज्य मुख्यालय भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग. के. राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत के मार्गदर्शन में गत वर्ष आयोजित राज्यपाल पुरस्कार जांच परीक्षा में जिला गरियाबंद से 28 स्काउट, 18 गाइड, 18 रोवर एवं 13 रेंजर कुल 77 प्रतिभागी उत्तीर्ण हुऐ। डी ओ सी स्काउट आशीष कुमार साहू एवं डी ओ सी गाइड सीमा साहू ने जानकारी दिए कि कक्षा 10 वी में अध्ययनरत 36 स्काउट - गाइड एवं कक्षा 12 वी में अध्ययनरत 35 स्काउट - गाइड कुल 71 छात्र - छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा बोनस अंक प्रदान किए जाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा 10 अंक बोनस अंक का प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेजा गया था इसके उपरांत जिला के कुल 71 स्काउट गाइड रोवर रेंजर को बोर्ड परीक्षा में 10 अंक बोनस अंक प्राप्त हुआ है!

जिला सचिव रोमन लाल साहू ने बताया कि यह राज्यपाल पुरस्कार इन स्काउट गाइड के ढ़ाई साल की कडी मेहनत से एवं परीक्षा उपरांत मिलता है। इस उपलब्धि पर स्काउट गाइड जिला संघ के जिला अध्यक्ष संतोष उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत जिला मुख्य आयुक्त बैसाखूराम साहू पूर्व जिला मुख्य आयुक्त डॉ रामकुमार साहू जिला उपाध्यक्ष रिखी राम यादव प्रीतम सिन्हा मिलेश्वरी साहू पुष्पा जगन्नाथ साहू आशीष शिंदे, जिला आयुक्त गाइड श्रीमती रेखा शुक्ला कार्यकारिणी सदस्य संजीव चंद्राकर सभी विकासखंड के विकासखंड सचिवों संबंधित संस्थाओ के प्राचार्य स्काउटर गाइडर जिला के पदाधिकारियों एवं सदस्यो ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित किए। उक्त जानकारी टेक्निकल प्रभारी चौतन्य कुमार यदु एवं मीडिया प्रभारी पूरनलाल साहू ने दिया।

## सुशासन तिहार के शिविर में आए आमजनों को यातायात नियमों की जानकारी देकर किया जा रहा है जागरूक

**धमतरी,** 11 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार उप पुलिस अधीक्षक यातायात मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में यातायात स्टॉफ द्वारा सड़क सुरक्षा को बढावा देने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### विगत दस दिनों में यातायात नियमों का उलंघन करने वाले 1512 वाहन चालकों पर की गई वैधानिक कार्यवाही

आमजनों को सड़क दुर्घटना से बचाव एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किये जाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित किये जा रहे सुशासन तिहार के शिविर में पहुँच कर शिविर में आने वाले आमजनों को यातायात नियमों की जानकारी देकर एवं यातायात जागरूकता संबंधित पम्पलेट वितरण कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1512 वाहन चालकों पर विगत दस दिनों में विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की गई, जिसमें शराब सेवन करने चलने वाले 25, प्रेशर हार्न में 36, नो पार्किंग में 22, बिना हेलमेट पर 56, बिना सीट बेल्ट पर 134, तीन सवारी पर 128, मोडिफाईड सायलेंसर में 5, मोबाईल फोन का उपयोग पर 03, ओवर स्पीड पर 16 वाहन चालकों पर कार्यवाही कि गई। साथ ही जिले के सभी थाना/ चौकी के द्वारा 1089 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए लोक अदालत में इस्तगाशा तैयार कर पेश किया गया।



शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के लिए शहर के भीड़-भाड़ वाले मार्ग में प्रतिदिन शाम 18 बजे से पैदल पेट्रोलिंग कर यातायात व्यवस्थित किया जा रहा है। पेट्रोलिग में दौरान नो पार्किंग में खड़े वाहन पर कार्यवाही करने के साथ ही दुकानदारों को दुकान का सामान रोड में नही रखने, ग्राहकों के वाहन को व्यवस्थित खड़े कराने समझाईश देकर यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग करने,अपील की जा रही है। यातायात द्वारा धमतरी शहर के सभी आमजनों,वाहन चालकों से अपील करती है, यातायात नियमों का पालन करें, अपने वाहनों का संपूर्ण दस्तावेज लेकर साथ चले, होने वाले असुविधा से बचे।

## भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन महिला मोर्चा की धनेश्वरी वर्मा बनी जिलाध्यक्ष



**बलौदाबाजार,** 11 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती जानकी मारकंडे के द्वारा बलौदाबाजार जिले में ट्रेड यूनियन की नई जिम्मेदारी व कार्यों के निष्ठा पूर्वक निर्वहन हेतु के के वर्मा जिला अध्यक्ष भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल के अनुशंसा पर एवं प्रदेश अध्यक्ष बृजेश शर्मा एवं प्रदेश सचिव बृजेश पांडे की सहमति से श्रीमती धनेश्वरी वर्मा को बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष पद के लिए नियुक्त की गई। नियुक्ति पश्चात श्रीमती धनेश्वरी वर्मा ने कहा कि जिले में संगठित एवं असंगठित मजदूरों के हित की लड़ाई लड़ने एवं उन्हें सम्मान पूर्वक जीवन यापन करने हेतु एवं यूनियन की दिशा निर्देशों की पालन करने हेतु सदैव तत्पर रहूंगी।

इन्होंने कहा है कि बलौदाबाजार जिले में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सीमेंट कंपनियों का भरमार है जहां आज भी कामगार मजदूर का भारी शोषण होते देखा जा सकता है जिसकी लड़ाई हम संगठित होकर लड़ाई लड़ने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर श्रीमती धनेश्वरी वर्मा को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रेमलाल ध्रुव, क्रांति वर्मा, सुनील साहू, शरद वर्मा, पिंटू साहू, रामेश्वरी साहू, त्रिवेणी वर्मा, गीताबाई यादव, रितेश वर्मा, विजय वर्मा, कृपाराम साहू, चंद्रकला वर्मा, गया राम यादव, प्रवीण कुर्रे आदि ने बधाई प्रेषित की है।

## छेरकापुर में कक्षा 12वीं में निखिल एवं 10वीं में दुलारी ने मारी बाजी

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 11 मई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद छेरकापुर विद्यालय में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत एवं 10वी का 98 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में 36 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया था जिसमें से 33 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 3 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं में निखिल रजक ने संकुल एवं स्कूल में 92.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल एवं गांव का नाम रोशन किया। वही सिद्धि साहू 91.4 प्रतिशत द्वितीय स्थान एवं किशोरी टंडन 86.4 प्रतिशत के साथ स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया।



कक्षा 10वीं में 65 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया था, जिसमें से 36 प्रथम श्रेणी, 25द्वितीय श्रेणी एवं 3 छात्राओं ने तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वी में दुलारी कन्नौजे ने 92 प्रतिशत प्रथम स्थान, भूमिका साहू 90 प्रतिशत द्वितीय स्थान एवं आरती पटेल 87.5 प्रतिशत ने स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल एवं गांव का नाम रोशन किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी पलारी एन.के.वर्मा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश माहेश्वरी एवं बीआरसी जीवन लाल जोशी, मोतीलाल कन्नौजे, सरपंच कुमुन्दनी साहू, जनपद सदस्य सरोज साहू, संस्था के प्राचार्य जितेन्द्र साहू एवं स्टॉफतथा समस्त ग्रामवासियो ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदित छात्रों का स्कूटनी कर अंतिम चयन सूची सूचना पटल चस्पा कर दी गई है। अधिक आवेदन होने पर लाटरी सिस्टम से चयन किया गया है। संबंधित पालक अपने बच्चों को 11 से 15 मई के बीच अनिवार्य रूप से प्रवेश दिलाए।

## उपमुख्यमंत्री का स्वागत



**महासमुंद,** 11 मई (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के खल्लारी प्रवास के दौरान रविवार को स्थानीय बरोण्डा चौक में भारतीय जनता पाटी शहर मंडल के द्वारा फूल माला से स्वागत किया गया तथा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शाल से मंत्री का अभिनन्दन किया। मंत्री श्री साव का भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चन्द्राकर, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी, वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू, माधवराव टांकसाले, पार्षदगण - नानू भाई, मनीष शर्मा, पियूष साहू, माखन पटेल, भाऊराम साहू, कल्पना सूर्यवंशी, नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## नपाध्यक्ष ने किया उप मुख्यमंत्री का स्वागत



**महासमुंद,** 11 मई (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन अरुण साव के बागबाहरा प्रवास के दौरान नगर पालिका कार्यालय के समक्ष पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सीएमओ, सभापति गणों व पार्षदों के साथ मंत्री श्री साव का भव्य स्वागत किया। उन्होंने मंत्री से नगर विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की तथा नगर विकास के लिए सहयोग मांगा। नपाध्यक्ष श्री साहू ने उनसे पालिका क्षेत्र अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों तथा शहर के विकास के संभावनाओं से उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति जय देवांगन, सभापति गुलशन साहू, सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, सभापति जितेंद्र ध्रुव, पार्षद नीरज चंद्राकर, पार्षद भाऊ राम साहू, पार्षद ओमीन टोमन कागजी, हाफिज कुरैशी, सीएमओ अशोक सलामें, पालिका के विभाग प्रभारी गण, कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## सर्जिकल स्ट्राइक के बाद देशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा हो गया : टिकेन्द्र ठाकुर

**नवापारा-राजिम,** 11 मई (देशबन्धु)। पहलगाम हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में अलग-अलग आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की है। जिससे लोगों को देश की सेना पर गर्व महसूस हो रहा है। कांग्रेस नेता व अभनपुर के पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेन्द्र सिंह ठाकुर ने सेना के साहस की सराहना की। उन्होंने कहा कि जवाबी कार्रवाई में आतंकी ठिकानों को नष्ट कर भारतीय सेना ने अपनी ताकत दिखा दी। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद पूरे देश के लोगों में गुस्सा था, लेकिन भारतीय सेना ने बिना किसी नुकसान के पाकिस्तान में घुसकर सटीक हमला कर आतंकियों को अच्छा सबक सिखाया है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए महिलाओं की मांग का सिंदूर उजड़ने का बदला ले लिया। उन्हें भारतीय सेना पर गर्व महसूस हो रहा है। टिकेन्द्र ने कहा कि इस घटना के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी नेता एकजुट हो गए थे। सभी आतंकियों के खिलाफकार्रवाई का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। सर्जिकल स्ट्राइक के बाद देशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। अब पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आए, नहीं तो पूरे पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जिसे लेकर लोगों को देश की सेना पर गर्व महसूस हो रहा है। सेना के साहस पर कांग्रेस नेता एवं अभनपुर जनपद के पूर्व सभापति टिकेन्द्र सिंह ठाकुर ने सराहना की है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई में आतंकी ठिकानों को नष्ट करके अपनी ताकत साबित कर दी है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमला के बाद पूरे देश के लोगों के अंदर गुस्सा था, लेकिन भारत की सेना ने बिना किसी नुकसान के पाकिस्तान में घुसकर सटीक वार कर आतंकियों को अच्छा सबक सिखाया है। महिलाओं के मांग का सिंदूर उजाड़ने का बदला भारत ने ऑपरेशन सिंदूर है के जरिये ले लिया। उन्हें भारतीय सेना पर गर्व की अनुभूति हो रही है। टिकेन्द्र ने कहा कि इस घटना के बाद से पक्ष व विपक्ष सभी नेता एकजुट थे। सभी आतंकवादियों पर कार्रवाई का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। सर्जिकल स्ट्राईक के बाद देशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। अब पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आए, नहीं तो पूरे पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।



## वार्ड 28 में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन



**महासमुंद,** 11 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड क्रमांक 28 में कलेक्टर निवास मुख्य मार्ग से यामिनी घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। वार्ड वासियों द्वारा सीसी रोड की लंबे समय से मांग किया जा रहा था। नपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि शहर वासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। सड़क बनने से यहां होने वाले जल भराव की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। शहर विकास का संकल्प लेकर हमारे द्वारा कार्य किया जा रहा है।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष श्री साहू के साथ पार्षद विजय साव, सभापति जय देवांगन, गुलशन साहू, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर एवं विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना एवं उसमें होने वाली मृत्यु व घायलों की जानकारी देने के लिए बनाए गए IRAD/DAR live एप त्रिनयन एप एवं ऑनलाईन टूल्स के बारे में दिया प्रशिक्षण

**धमतरी,** 11 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में पुलिस मुख्यालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के प्रकरणों के विश्लेषण एवं अपराध विवेचना में सहायता के लिए बनाए गये एप IRAD/DAR live app,त्रिनयन एप के संचालन हेतु आज पुलिस कार्यालय धमतरी के सभा कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें सभी थाना से नामांकित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए।

सड़क दुर्घटनाओं की थानावार अपडेट जानकारी जैसे पुलिस डाटा, CCTNS डाटा एवं IRAD डाटा का संग्रहण आटोमेटिक रुप से एक ऑनलाईन शीट में एकत्रित हो जाता है एवं टुल के माध्यम से पुलिस मुख्यालय को भेजी जाने वाली सड़क दुर्घटनाओं संबंधी अनेक प्रकार की जानकारी जैसे FAR, IAR, DAR की जानकारी स्वतः ही निर्मित हो जाती है। प्रतिदिन घटित सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी IRAD एप में आसानी से भरी जा सकती है। पुलिस कार्यालय धमतरी में उक्त टूल्स एवं IRAD एप का पूर्ण प्रशिक्षण एनआईसी में पदस्थ डिस्ट्रिक्ट रोल आउट मैनेजर संदीप सोनकर द्वारा जिले के समस्त थानों से आये अधिकारी/कर्मचारियों को IRAD का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया की एन्ट्री IRAD/DAR एप में दर्ज करने थाने के सभी अधिकारी कर्मचारियों को >> शेष पृष्ठ 9 पर >



## गीता वर्मा बनी जिला पंचायत में वन एवं पर्यावरण सभापति



**बलौदाबाजार,** 11 मई (देशबन्धु)। बलौदाबाजार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 के निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता वर्मा को जिला पंचायत में वन एवं पर्यावरण के सभापति बनाये जाने पर समर्थको ने बधाई दी है। गीता वर्मा बलौदाबाजार भाजपा ग्रामीण मंडल के पूर्व अध्यक्ष डोमन वर्मा ग्राम मुढीपार की धर्मपत्नी है।

बलौदाबाजार भाजपा संगठन के प्रमुख लोगों के विश्वास पर छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव की अनुशंसा से जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष समस्त जिला पंचायत सदस्यों के सहमति भाजपा ग्रामीण मंडल बलौदाबाजार अध्यक्ष रविशंकर वर्मा, भाटापारा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा के सहयोग से बहुत ही महत्वपूर्ण पद वन एवं पर्यावरण समिति का सभापति निर्वाचित हुई है। सभापति निर्वाचित होने के बाद उसके समर्थकों ने बधाई दी है।

बधाई देने वालों में रवान के सरपंच प्रतिनिधि अक्षय भारती, पंच रूकेश निषाद, खिलेंद्र वैष्णव, धनेश वर्मा, नंदू निषाद, लीलाधर ध्रुव, अजय यादव, नकुल पटेल, चिंतामणि वैष्णव, पाकुल ध्रुव, बवना यादव आदि कार्यकर्ता शामिल है।

## समाधान शिविर कोडार में आज

**महासमुंद** 11 मई (देशबंधु)। जिले में सुशासन तिहार का तीसरा और अंतिम चरण 30 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 49 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। 5 मई से अब तक जिले में 12 समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। आगामी समाधान शिविर 12 मई को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोडार ग्राम पंचायत कौवाझर में आयोजित किया जाएगा।



# शादी के साथ शिक्षा को भी प्राथमिकता

## शादी के जोड़े में बीएड की परीक्षा देने पहुंची, गरियाबंद की भूमिका साहू ने पेश की मिसाल



**गरियाबंद**, 11 मई (देशबन्धु)। अगर दृढ़ निश्चय हो, तो कोई बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। इस बात को सच कर दिखाया गरियाबंद जिले के ग्राम हसदा की नवविवाहिता बहु भूमिका साहू ने। शादी के तुरंत बाद, वह अपने लाल जोड़े में ही गुरुकुल कॉलेज परीक्षा केंद्र पहुंचीं और बीएड की प्रैक्टिकल परीक्षा दी। उनके इस साहसिक कदम ने शिक्षा के प्रति समर्पण की अनोखी मिसाल पेश की है।

फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पीपरछेड़ी की रहने वाली भूमिका की शादी शनिवार को ग्राम हसदा के टोकेश्वर साहू से संपन्न हुई थी। रस्मों के बाद जब उन्हें याद आया कि बीएड की प्रैक्टिकल परीक्षा उसी दिन है, तो उन्होंने परिवार से बात की और विदाई के तुरंत बाद कॉलेज पहुंचने का फैसला लिया। खास बात यह रही कि परिवार के सभी सदस्य, खासकर ससुराल पक्ष ने उनका पूरा साथ दिया। उनके पति टोकेश्वर साहू, फूफा चंद्रशेखर साहू, बुआ चंद्ररेखा साहू, बहन चंपेश्वरी साहू भी उनके साथ परीक्षा केंद्र तक साथ पहुंचे। इधर, कॉलेज में जब वह लहंगे में पहुंचीं, तो वहां मौजूद सभी लोग उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति से प्रभावित हुए। परीक्षा केंद्र के शिक्षकों और छात्रों ने उनके समर्पण की प्रशंसा की। भूमिका की सराहना करते हुए कहा की यह आज की नारी शक्ति की सच्ची तस्वीर है।

भूमिका साहू ने कहा, मेरे लिए शिक्षा पहली प्राथमिकता है। शादी जिंदगी का अहम हिस्सा है, लेकिन पढ़ाई छोड़ना मेरे लिए विकल्प नहीं था। मुझे खुशी है कि मेरे परिवार ने मेरा साथ दिया और मेरा हौसला बढ़ाया। वहीं उनके पति टोकेश्वर साहू ने कहा कि हम शिक्षक परिवार से है। शादी के साथ ही शिक्षा के महत्व को भी समझते है। इसलिए भूमिका का साथ देते उन्हे परीक्षा दिलाने पहुंचे है। वहीं उनके परिजनों ने कहा की भूमिका और टोकेश्वर ने दोनों परिवार का मान बढ़ाया है। उनका कार्य सराहना है।

गुरुकुल कालेज के प्रबंधन प्रमुख धर्मेंद्र ओझा ने बताया की शादी के ठीक बाद परीक्षा केंद्र जाना किसी आम बात की तरह नहीं होता, लेकिन इस बहादुर महिला ने यह कर दिखाया। कालेज प्रबंधन ने उनके इस प्रेरणादायक निर्णय का समर्थन किया और पूरा साथ दिया। भूमिका साहू ने समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता की नई मिशाल दी है।

**वर-वधु दोनों पक्ष शिक्षक परिवार**

जानकारी के मुताबिक भूमिका ओर टोकेश्वर दोनों शिक्षक परिवार से है। भूमिका के पिता विष्णु राम साहू पेशे से शिक्षक ही है। वह रावण मिडिल स्कूल में पदस्थ है। वहीं टोकेश्वर के पिता दानी राम साहू भी शिक्षक है। वर्तमान में वे करेली मिडिल स्कूल में प्रधान पाठक है। वहीं उनके साथ आए फूफा चंद्रशेखर साहू भी शिक्षक और वर्तमान में प्रधान पाठक के रूप में कार्य कर रहे है।

# द्वारकाधीश धाम में जल कलश यात्रा के साथ भागवत

**महासमुंद,** 11 मई (देशबन्धु)। स्व. नगर व जग कल्याण के भाव से चार धामों में से एक पश्चिम दिशा में स्थित द्वारकाधीश धाम में महासमुंद के जजमानों द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें नगर समेत आसपास के करीब सौ से अधिक तीर्थयात्री व जजमान भागवत कथा श्रवण करने पहुंचे हुए हैं। रविवार 11 मई को दोपहर 12 बजे के आसपास राधे कृष्ण मंदिर से जल कलश यात्रा बाजे गाजे के साथ निकली। जय द्वारकाधीश व राधे.राधे के जय घोष के साथ नाचते गाते ध्वज लहराते श्रद्धालु भाग लिए। द्वारकाधीश धाम में माहेश्वरी सेवा कुंज के सत्संग हाल में आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के कथा वाचक पं. पंकज तिवारी के सानिध्य में 11 पंडितों ने विधि विधान से मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय, सह जजमान मनोजकांत सीता देवी साहू से मंडप प्रवेश उपरांत गणेश, पंचांग, मातृका पूजन समेत सभी देवताओं का पूजन विधान पूर्ण कराया। पश्चात सभी जजमानों ने भी पूजन कर नमन किया। भगवताचार्य पं पंकज तिवारी ने चारों धाम में कथा श्रवण का महत्व बताते हुए कहा कि गोमती नदी और द्वारकाधीश धाम में कथा श्रवण तभी मिलता है जब अनेक जन्मों के पुण्यों का सहयोग प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि सतयुग में बद्रीनाथ धाम, त्रेता में रामेश्वर नाथ धाम, द्वापर में द्वारकाधीश धाम और कलयुग में जगन्नाथ धाम के रूप में चारों दिशाओं में धाम स्थापित हैं। उन्होंने उनके महत्व की विस्तार से व्याख्या की। जजमानों में पुष्पा मारकंडे चंद्राकर, ईश्वर राधा चंद्राकर, विक्की साहू, मीना बाबूलाल साहू, ईश्वरी साहू रिखीराम साहू, हीरालाल लक्ष्मी साहू, परमानंद किरण चंद्राकर, वेद प्रकाश पप्पू साहू, पुष्पलता अग्रवाल, राजश्री अग्रवाल, मीना पदमवार, ज्योति साहू, सोनी साहू, तारा चंद्राकर हेमंत चंद्राकर, विजय लक्ष्मी चंद्राकर, राकेश शर्मा, अर्जित चंद्राकर, लता चंद्राकर, निर्मला चंद्राकर, मीना गिरजाशंकर चंद्राकर, ललिता प्रकाश चंद्राकर, विमला यादव, सुधा शर्मा, उर्मिला साहू, नीरा भारती, रंभा चंद्राकर, मंजू चंद्राकर आदि कलश यात्रा में शामिल हुए। महिलाएं जहां पीली साड़ियां पहनी हुई थी, वही पुरुष ध्वज लहराते चल रहे थे। जल कलश यात्रा के लिए द्वारकाधीश मंदिर के पीछे बह रही गोमती नदी से पवित्र जल, राधा कृष्ण मंदिर लाया गया था। इसके पूर्व सभी तीर्थयात्री गोमती नदी में सुबह स्नान ध्यानन व अपने पूर्वजों को तर्पण उपरांत भगवान द्वारकाधीश के दर्शन कर कथा स्थल पहुंचे थे। आयोजन समिति के दिलीप प्रभा जैन, देवेंद्र चंद्राकर, राजेश नायक, विपिन चंद्राकर, विजय चंद्राकर ने बताया की यात्रा की दौरान सूरत पहुंचने पर मूलचंद सीमा लड्ढा के मामा सूरत निवासी रामेश्वर गांधी ने सभी तीर्थयात्रियों का स्वागत कर भोजन प्रसादी की व्यवस्था की थी।



**कथावाचक पं.पंकज तिवारी के सानिध्य में 11 पंडितों ने पूजन विधान पूर्ण कराया**

# बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के जन्मदिन पर जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने दी शुभकामनाएं



**पिथौरा,** 11 मई (देशबन्धु)। विधानसभा के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के जन्मदिवस के अवसर पर उनके निवास स्थान पर जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं शुभचिंतक बड़ी संख्या में पहुंचे और उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सभी ने विधायक के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्र में भव्य धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन, पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन अस्पतालों में फल वितरण प्रमुख रहा। विधायक डॉ. अग्रवाल ने अपने जन्मदिवस को राष्ट्र सेवा और समाजसेवा को समर्पित करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और क्षेत्र के समृद्धि की प्रार्थना की।विधायक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणा दी। उपस्थित लोगों ने उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास और कल्याण के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की और विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में बसना विधानसभा निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा। पिथौरा से भाजपा नेता स्वप्निल तिवारी जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, व्यापारी एकता मंच उपाध्यक्ष परमीत सिंह माटा भाजयुमो महामंत्री सौरभ अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, विजय गुप्ता, आत्माराम डडसेना उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री अरुण साव को भाजपाइयों ने चंडी मंदिर मार्ग चौड़ीकरण हेतु ज्ञापन सौंपा गया

**बागबाहरा,** 11 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के आज रविवार को बागबाहरा नगर आगमन होने पर झलप चौक में उनका पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, जिला पंचायत उपध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर आदि ने पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने पुष्पहार से जोशीला स्वागत कर आतिशबाज़ी किया गया। उसके बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष सुश्री डिम्पल डॉली ध्रुव ने भाजपा के शीर्ष नेताओं व् कार्यकर्ताओ के साथ स्थानीय विश्राम गृह मे उपमुख्यमंत्री को चंडी मंदिर मार्ग चौडीकरण की मांग रखी। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश प्रेम साहू के नेतृत्व मे नगरपालिका परिषद बागबाहरा मे भाजपा के पार्षदो, पूर्व पार्षद, पार्टी के पदाधिकारी व् कार्यकर्ताओ ने भी श्री चंडी माता मंदिर मार्ग के चौडीकरण हेतु ज्ञापन सौंप कर मांग रखा। मांग के समय भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता पूर्व विधायक प्रीतम सिंग दीवान ,श्रीमती अलका नरेश चन्द्राकर, नरेश चंद्राकर,श्रीमती स्मिता हितेश चंन्द्राकर, मदन देवांगन,भेखलाल साहू,हेमंत तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष पार्षद रुपेश( प्रेम) साहू,कुलेश देवांगन, उदय चंदेल, सुश्री सविता दीवान,पूर्व पार्षद लोकेश्वर चंद्राकर,भोजनाथ देवांगन, मोगेश चंन्द्राकर, हरी चन्द्राकर, हरमीत सिंग बग्गा, अजित तांडी, संजय मालवे, नरेंद्र बग्गा, आबित खान,अतुल गंड़ेचा अमित चन्द्राकर नारायण तांडी,भावेश पुरोहित, योगेश चिंदा, नीरज मानिकपुरी, मनिंदर सिंग सलूजा, अशोक दीप, राजा देवांगन, नितेश पांडे, चंद्रशेखर ध्रुव, तुकाराम, डेविड साहू, हित्तू देवांगन, पूनम चंद्राकर, आशीष पांडे, दुर्गा वस्त्रकार, सोहन साहू, मोती पुजारा सहित सैकड़ो पदाधिकारी जनप्रतिनिधि व् कार्यकर्ता उपस्थित थें।



# उपमुख्यमंत्री अरुण साव का कौहाकुडा में भव्य स्वागत



**पिथौरा,** 11 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के महासमुंद जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया गया। इस क्रम में भाजपा पिथौरा ग्रामीण मंडल के ग्राम कौहाकुडा में भी उपमुख्यमंत्री अरुण साव का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भाजपा जनप्रतिनिधिमंडल एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और संगठन को मजबूत करने के लिए सभी को प्रेरित किया। कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष (ग्रामीण) नीलकंठ साहू, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष साद राम पटेल, मनोहर साहू, प्रीतम साहू, सोसायटी अध्यक्ष कुंज राम पटेल, कृष्ण कुमार राणा, रामशंकर पटेल, जनपद सदस्य दीपक भानु प्रताप दीवान, दिनेश कुमार अग्रवाल, नारायण लाल ध्रुव, पुन्नी विष्णु साहू, सुशीलकान्ति पटेल, अजय नायक, प्रतीक पटवा, धनेश्वर यादव, नितिन जिंदल, छबीरम पटेल, भगत दीवान, जयराम पटेल एवं हरिशंकर पटेल सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भाजपा महासमुंद जिले के समस्त कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया और संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

# निकिता वर्मा ने शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**पलारी** 11 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12 वीं गणित में कु. निकिता वर्मा ने 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ग्राम देवसुंदरा के ओम उ मा विधालय में प्रथम स्थान से उत्तीर्ण हुई लोगों बधाई प्रेषित की है।



# होशिल कक्षा 5वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किया



**खरोरा,** 11 मई। स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, केसला ( खरोरा ) में पढ़ रहे होशिल चौहान ने अपनी किस्मत लिखने की शुरुवात कर दी है। होशिल चौहान ने कक्षा पांचवीं में 91.5 फीसदी अंक हासिल कर अपनी शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, उन्होंने अपनी शाला, अपने गुरुजनों और चौहान परिवार वालों का मान सम्मान बढ़ाया है। हम सब की तरफ से होशिल चौहान को बहुत-बहुत बधाइयां और हम आशीर्वाद देते है कि तुम मेहनत इतनी ख़ामोशी से करो, की तुम्हारी सफलता शोर मचाती रहें।

## निधन

### जानकी देवी खटवानी



**भिलाईनगर,** 11 मई। विवेकानंद नगर निवासी श्रीमती जानकी देवी खटवानी धर्मपत्नी परमानंद खटवानी का आज प्रात: 10 बजे शंकराचार्य अस्पताल में ईलाज के दौरान निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा आज 11 मई को सध्यां 5 बजे उनके निवास 1479, सड़क-22 सुपरिणय भवन के पास से रामनगर मुक्तिधाम के निकाली गई। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे राजकुमार खटवानी, किशोर खटवानी की माता तथा दिलीप खटवानी की चाची, सन्नी खटवानी की दादी थी।

# नवविवाहित जोड़े को पौधा भेंटकर दी शुभकामनाएं



**पलारी,** 11 मई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम गोड़ा में महेतरू वर्मा के सौभाग्यवती कन्या झरना वर्मा का शुभ विवाह ग्राम मोहभट्टा के थनवार वर्मा के सुपुत्र पुसऊ राम वर्मा के साथ रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ जिसमें टीम पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो परिवार छत्तीसगढ़ के सक्रिय सदस्य उत्तम वर्मा इंद्रकुमार वर्मा एवं साथी द्वारा नवविवाहित जोड़े को टीम की परंपरानुसार हर सुख दुख मंगल तीज त्योहारों जन्मदिन महापुरुषों की जयंती अवसरों पर पौधा भेंटकर उसे यथास्थान रोपण कर बधाई एवं शुभकामनाएं देना अंतर्गत भेंटकर उनके वैवाहिक जीवन सुखमय प्रकृतिमय हरा भरा रहने शुभ आशीर्वाद प्रदान कर पेड़ पौधे के महत्व मानवजीवन एवं जगत के सभी प्राणियों के लिए कितना अनिवार्य है वैवाहिक मंच के माध्यम से समाज को संदेश प्रेषित किया गया बढ़ते प्रदूषण भूजल स्तर की गिरावट मौषम की अनियमितता को नियंत्रण में रखने मानवीय वातावरण का निर्माण करना हर मानव का कर्तव्य है यह सुंदर संदेश से पवन कुमार जायसवाल मनमोहन दास वैष्णव लक्ष्मण कुमार वर्मा गोविंद वर्मा कपिल कश्यप विनय कश्यप अशोक साहू एवं अन्य टीम सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए छत्तीसगढ़ में अलग अलग स्थानों पर निवासरत सदस्यों को पौधारोपण के कार्य को निरंतर करने अपील कर वर वधु को शुभाशीष दिए।

# दो आंगनबाड़ी का निरीक्षण

**जी जामगांव** 11 मई (देशबंधु)। आंगनबाड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। 10 मई को जी जामगांव ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले 3 आंगनबाड़ी में से 2 का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । जिला महिला एवम बाल विकास अधिकारी श्रीमति जगरानी एक्का, श्रीमति सरिता कुशवाहा परियोजना अधिकारी, श्रीमति अरुणा मिश्रा सुपरवाइजर के साथ दिल्ली से डिप्टी डायरेक्टर मनोज सिन्हा, जी जामगांव आंगनबाड़ी में शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओ एवम बच्चों के किये वजन सत्यापन व स्वास्थ्य सुविधाओं,क्रियाकलापो के निरीक्षण किया गया साथ ही उन सभी बच्चों का क्रमशः नाप, तोल, वजन किया गया। इस कार्य मे आंगनबाड़ी क्रमांक 3 के कार्यकर्ता श्रीमति माहेश्वरी साहू एवम कलिता गोस्वामी ने निरीक्षण अधिकारियो के समक्ष प्रस्तुत किया, इनके कार्य से संतुष्ट हुए ।सरिता मैम ने बच्चों के कुपोषण से मुक्ति के लिए उपस्थित माता पिता को बताया गया कि ,शासन ने ह्क्रष्ट पोषण पुनर्वास केंद्र कुरुद में सांचालित है जहां कुपोषित बच्चों को अपने माता पिता के साथ रहने ,खाने की व्यवस्था के साथ 15 दिन का प्रशिक्षण भी दिया जाता है साथ ही राशि भी दिया जाता है । जिस पंचायत में कुपोषित बच्चों को संख्या शून्य होगी उसे शासन 1 लाख रुपये प्रदाय की जाती है ।कुपोषित बच्चों को गोद लेकर सुपोषित बनाने के किए अपील समस्त माता पिता एवम ग्राम पंचायत पदाधिकारियों से की गई है। देवचरन चंद्राकर (सरपंच), होरीलाल महिलांगे, राजकुमार कतलम, भूपेंद्र नेताम, पप्पू चेलक, अशोक, होरीलाल हरिराम, शांति सफहा, मितानिन दीदी,एवम अन्य पालक गन उपस्थित थे।



# सारंगढ़ में अब प्रत्येक बुधवार को होगा जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन

**बिलाईगढ़**, 11 मई (देशबंधु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा राज्य में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला तथा सिविल सर्जन सह- मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में जिला मेडिकल बोर्ड दिव्यांग मेडिकल बोर्ड हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों का गठन किया गया है, जिसमें मेडिसीन विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, सर्जरी विशेषज्ञ तथा महिला चिकित्सा अधिकारी शामिल है। जिसका संचालन प्रत्येक बुधवार को प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। जिला में लगातार मेडिकल बोर्ड के मांग की दृष्टि से इस सुविधा का शुभारंभ किया जा रहा है। पूर्व में केवल शनिवार को दिव्यांग मेडिकल बोर्ड का आयोजन होता था तथा जनरल फिटनेस हेतु रायगढ़ जिला चिकित्सालय में आमजन को जाना पड़ता था जिससे उसको परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस सुविधा का प्रारंभ होने से आमजनों को राहत मिलेगा।




**नियुक्ति होने पर सिविल सर्जन डॉ. दीपक कुमार जायसवाल ने लिया कार्यभार**

सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया है कि नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, नौकरी में ज्वाइनिंग, सिकलसेल मरीजों, अस्थिरोग, मानसिक विकार संबंधी बहुदिव्यांगता आदि के लिए, सभी वर्ग के लोग मेडिकल बोर्ड में उपस्थित होकर अपना प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में सिविल सर्जन डॉ. दीपक कुमार जायसवाल की नियुक्ति हुई है, जिन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है। अब जिले में स्वास्थ्य सुविधा में बढ़ोत्तरी होगी। साथ ही सरकारी कर्मचारियों और अन्य पेंशनधारियों के मेडिकल क्षतिपूर्ति बिल का निराकरण सिविल सर्जन कार्यालय में संचालित होगा।

# धनसीर व लिंजिर में कल होगा समाधान शिविर

**बिलाईगढ़,** 11 मई (देशबंधु)। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में 13 मई को बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत धनसीर और बरमकेला ब्लॉक के ग्राम पंचायत लिंजिर के स्कूल परिसर में समाधान शिविर होगा।समाधान शिविर प्रात: 10 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इस शिविर में तौसीर, बेंगची, बुदेली, खिचरी, कुम्हारी, लिंजिर, बिलाईगढ़ ब, बैंगिनडीह, कटंगपाली ब, चांटीपाली, डभरा, मारोदरहा, बड़े आमाकोनी, कंचनपुर ब, लोधिया ग्राम पंचायत के लोग शामिल होंगे। समाधान शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। समाधान शिविर में विकासखंड, अनुभाग एवं जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### उपमुख्यमंत्री का स्वागत...

हफीज कुरैशी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू, अजय चोपड़ा, भाजपा नेतागण मुन्ना साहू, रमेश साहू, हनीष बग्गा, लालविजय सिंग, अमन वर्मा, गोविन्द ठाकुर, आकाश पाण्डेय, नईम खान, भरत खत्री, रोहित चन्द्राकर, अमित साहू, योगेश्वर चन्द्राकर, राकेश श्रीवास्तव, रामेश्वर पटवा, हरीश देवांगन, गौरव राठी, सहित कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में स्वागत किया।

### पुलिस मुख्यालय द्वारा सड़क दुर्घटना...

अनिवार्य रूप से आना चाहिए। समस्त थाने उक्त टूल का उपयोग कर प्रतिदिन घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं की एन्ट्री ढ्ढक्रष्ठ/ष्ठक्र एप में दर्ज करें जिससे एन्ट्री अपडेट रहे।

# स्वच्छता की अलख जगाने हर रविवार, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक मिलकर चलाते हैं सफाई अभियान



**गरियाबंद,** 11 मई (देशबन्धु)। नगर में स्वच्छता की नई अलख जगाने नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने अनुकरणीय पहल की शुरवात की है। अब हर रविवार नगर पालिका द्वारा नगर के किसी एक चयनित स्थल में सफाई अभियान चलाया जाता हैं। इसमें अध्यक्ष सहित सभी पार्षद, पालिका अधिकारी कर्मचारी और आम नागरिक भी शामिल होते है। इसी कड़ी में रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव के साथ पूरी टीम ने जिला अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। अध्यक्ष यादव सहित सभी जनप्रतिनिधी हाथ में फावड़ा और झाड़ू लेकर सफाई करते नजर आए। टीम ने करीब एक घंटे मेहनत कर अस्पताल परिसर में फैले कचड़े को साफ किया ।बाउंड्रीवाल से झाड़झुंकुट भी हटाया। जिससे यह परिसर फिर से सुंदर और स्वच्छ नजर आने लगा।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि स्वच्छ गरियाबंद का संकल्प साकार हो सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ गरियाबंद का सपना तभी पूरा होगा, जब हर नागरिक इस मुहिम का हिस्सा बनेगा। हम अभियान के माध्यम से नागरिको में स्वच्छता को लेकर जिम्मेदारी का भाव पैदा कर रहे है। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन ने कहा कि हर रविवार चलने वाले इस अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष स्वयं भाग लेकर जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों को प्रेरित कर रहे हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बारी-बारी से सफाई की जा रही है, जिससे हर वार्ड स्वच्छता अभियान से जुड़ रहा है।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमति मिलेश्वरी साहू, नगर पालिका के सभापति सुरेंद्र सोनटेके, विष्णु मरकाम, रेणुका साहू, सूरज सिन्हा, पार्षद बिंदु सिन्हा, पुष्पा साहू, सीएमओ गिरीश रामटेके, वरिष्ठ नागरिक हरीश भाई ठक्कर, प्रकाश यादव, विनोद नेताम, परमानंद नेताम, श्रीमती पुष्पा यादव, श्रीमती नेहा यादव, इंजी अश्वनी वर्मा सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक और पालिका के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**स्वच्छ गरियाबंद का संकल्प, नपा अध्यक्ष रिखीराम यादव की पहल से जागरूक हो रहे नगरवासी**

# बाजार में लोगों की प्यास बुझाने पानी टंकी की व्यवस्था की गई

## पार्षद हरीश साहू की सराहनीय पहल




**नगरी,** 11 मई (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 15 में दो बुधवार एवं शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगते है जहां नगर सहित आसपास के ग्रामीण जरूरत की सामग्री लेने बड़ी संख्या में यहां पहुंचते है। बाजार में पेयजल की व्यवस्था नहीं थी जिसको देखते हुए नेता प्रतिपक्ष पार्षद हरीश साहू ने अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, सीएमओ और इंजीनियर को आवेदन दिया। इस विषय पर नगर पंचायत द्वारा त्वरित कारवाही की गई और बाजार में पानी टंकी का व्यवस्था करवाया गया। विधिवत पूजा पाठ के बाद इसे चालू कर दिया गया है इससे पसरा लगाने वाले सहित दूर दराज से आए आम जनता की प्यास बुझ रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, वार्ड पार्षद हरीश साहू, सभापति अश्वनी निषाद, राजा पवार पार्षद दिगेश्वरी साहू, अंबिका साहू, वार्डवासी रामखेलावन साहू, योगेश साहू, सोनसाय निषाद, भोज साहू, गोकुल साहू, चेतन पटेल, नानू साहू, नवीन कुमार साहू उपस्थित थे।

# अपनी ढपली अपना राग, झूठी वाहवाही के लिए सरकारी धन का अपव्यय : सुशील शर्मा



**भाटापारा,** 11 मई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व कृषि ऊपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार को जनता जनार्दन के साथ एक ढकोसला बताते हुए कहा कि चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा किए गये झूठे वायदों एवं जन समस्याओं के निराकरण हेतु पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है ,इस तिहार में ग्रामीण जनता को भ्रमित कर जनपद पंचायत और राजस्व विभाग के अधिकारी गण बुला रहे है ,समस्याओं के निराकरण की जगह पर सिर्फ आश्वाशन दिया जा रहा है,समस्याओं के निराकरण करने में अधिकारी और भाजपा नेताओं की दिलचस्पी दिखाई नहीं दे रही है,सिर्फ अपना स्वागत और झूठी तारीफ करवाकर मुख्यमंत्री का यशोगान अधिकारी कर रहे है,कांग्रेस पार्टी के सरपंचों को मंच से दरकिनार किया जा रहे उनके गांव की समस्याओं को दरकिनार किया जा रहा है, जहां जहां भाजपा समर्थित सरपंच जीते है उन्हीं बड़े गांवों में शिविर का आयोजन कर आसपास के लगभग 12 गांवों के ग्रामीणों को समस्याओं के तत्काल निराकरण करने आमंत्रित किया जा रहा है,कांग्रेस के विधायक इंद्र साव और किसी भी कांग्रेसी वरिष्ठ नेताओं को सूचना भी नहीं दी जा रही है ऐसा मनमानी और तानाशाही कर सुशासन तिहार के नाम पर अपनी धपली अपना राग की कहावत को भाजपा सरकार चरितार्थ कर रही है,ये भाजपा सरकार जनता जनार्दन की गाढ़ी कमाई को सरकारी खजाने से करोड़ों रूपये खर्चा कर धनराशि का अपव्यय कर रही है,अधिकारी शिविर के नाम पर भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार कर रहे है,लाखों की संख्या में समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदनों का आना सरकार के अधिकारियों और राज्य सरकार की उदासीनता और अकर्मण्यता को प्रदर्शित करता है/

सुशील शर्मा ने आगे कहा कि राज्य में सत्तासीन भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्रीगण सहित भाजपा नेताओं के द्वारा गांव गांव में शिविर में जाकर विकाश कार्यों की फर्जी घोषणा कर अपनी वाहवाही लूटने में मदमस्त है,जनता जनार्दन के सुविधा के लिये सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं सहित मनरेगा कार्य, निराश्रित,आवास निर्माण,पानी हेतु बोर खनन,जीर्ण शीर्ण सड़को का नव निर्माण,ग्रामीण खिलाड़ियों के लिये स्टेडियम निर्माण, ग्रामीण शिक्षित युवाओं और युवतियों के लिये रोजगार उपलब्ध करने सहित सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिले,पशुओं के लिये चारागाह निर्माण, पुराने तालाबों का सौंदर्यकरण और गहरीकरण करने जैसे ज्वलंत समस्याओं का निराकरण की बात नहीं कर सिर्फ भाजपा के मुख्यमंत्री और नेताओं को महिममंडित करने में शासन के अधिकारी लगे हुए है, भाजपा नेताओं को महिममंडित करने वाले अधिकारी और कर्मचारी इस बात का विशेष ध्यान रखे कि सरकार आती और जाती रहती है/सरकार के द्वारा चलाए जा रहे ढकोसला पूर्ण सुशासन तिहार पूरी तरह असफल है।

भाजपा सरकार अपने घोषणा पत्र में संकल्पित वादों को पूरा करे और जनता की समस्याओं का निराकरण अधिकारी गांव गांव में घर घर जाकर करे,तभी सुशासन तिहार का महत्व रहेगा अन्यथा चुनाव आने पर जनता जनार्दन झूठे आश्वाशन देने वाले भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री और नेताओं को जोरदार सबक सिखाने तैयार है/

# साहू समाज ने नगर में सांस्कृतिक भवन, रंगमंच व गार्डन निर्माण हेतु उपमुख्यमंत्री अरुण साव को सौंपा ज्ञापन



**बागबाहरा,** 11 मई (देशबन्धु)। साहू समाज के सामूहिक आदर्श विवाह के स्वर्ण जयंती के अवसर पर यशश्वी उपमुख्यमंत्री अरुण साव का बागबाहरा नगर आगमन आज 11 मई रविवार को हुआ। नगर पालिका कार्यालय के पास सूअरमाल क्रमांक 4 के सामाजिक पदाधिकारियों के उपस्थिति में उनका भव्य स्वागत बाजे गाजे के साथ अभिनन्दन कर किया गया। साथ ही उन्हें समाज की ओर से सांस्कृतिक भवन ,रंगमंच व गार्डन निर्माण हेतु ज्ञापन सौपा गया।

उक्त स्वागत सभा मे तहसील साहू संघ के अध्यक्ष भेखलाल साहू ,सूअरमाल परिक्षेत्र क्रमांक 4 के अध्यक्ष देवेश साहू (नगर पालिका उपाध्यक्ष) , प्रेम साहू (पार्षद), श्रीमती मेनका पोखराज साहू (पार्षद), डॉ लक्ष्मण साहू ,नेहरू साहू , विश्वनाथ साहू ,भाविक सार्वा ,धनराज साहू आदि उपस्थित थे।

# ठेलकी में कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण का शुभारंभ



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 11 मई (देशबन्धु)। ग्राम ठेलकी में दूधाधारी मठ के बाड़ा में स्व. मिलऊराम दरियाखड़ एवं पुर्वजों की स्मृति में माँ लीला बाई वर्मा के आशीर्वाद से आयोजक पुत्र खिलावन-श्यामा देवी वर्मा द्वारा समस्त ग्रामवासी के सहयोग से शिव महापुराण का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। जानकारी के अनुसार सैहा निवासी सरस्वती पुत्र विद्वान पंडित रविकांत तिवारी कथावाचक है। जिनके अमृत वाणी से धर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की गंगा शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह प्रवाह हो रहा है। कार्यक्रम के पूर्व कलशयात्रा दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर दर्री तालाब से जल भरकर गांव भ्रमण करते दुर्गा मंदिर होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे। जहां देवराज चंचुला प्रसंग के साथ शिव महापुराण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

# पुलिस द्वारा आमजनों को यातायात नियमों के संबंध में दी जा रही जानकारी

**जागरूकता के साथ दिया जा रहा हैं हेलमेट**

**बलौदाबाजार,** 11 मई (देशबन्धु)। प्रतिदिन जिले के विभिन्न स्थानों में छत्तीसगढ़ शासन सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा श्रीमति भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों को यातायात नियमों के संबंध में लगातार जागरूक किया जा रहा है तथा जिला पुलिस द्वारा प्रारंभ किए गए समाधान सेल एवं इसके उद्देश्यों के संबंध में भी लगातार जानकारी दी जा रही है। सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम एवं आमजनों को सड़क दुर्घटना से बचाव एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित किये जा रहे सुशासन तिहार। शिविर में आने वाले आमजनों को यातायात नियमों की जानकारी दिया जा रहा है। इसके साथ पुलिस टीम द्वारा आमजनों को हेलमेट भी वितरण किया जा रहा है।

सुशासन तिहार शिविर कार्यक्रम के दौरान श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में प्रारंभ किये गये समाधान सेल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। लोगों को इसके उद्देश्य के संबंध में जानकारी देकर बताया जा रहा है कि किसी भी प्रकार की शिकायत, समस्या अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल में दिए गए हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप एवं कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है, जिसमें जानकारी देने वाले का नाम एवं पता सर्वथा गोपनीय रखा जाएगा। समाधान सेल में की गई शिकायत का तुरंत निराकरण भी किया जाएगा। समाधान सेल का मुख्य उद्देश्य आम जनों की समस्याओं का तत्काल निराकरण कर उन्हें राहत पहुंचाना है। इस संबंध में सुशासन तिहार शिविरों में लोगों को पाम्पलेट के जरिए समाधान सेल के संबंध में जानकारी देकर पुलिस संबंधित समस्त प्रकार की जानकारी समाधान सेल में देने हेतु लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# कृषि वाणिज्यिक शाखा भाटापारा में एसएचजी और किसान मेला का आयोजन

**भाटापारा,** 11 मई (देशबन्धु)। भारतीय स्टेट बैंक, कृषि वाणिज्यिक शाखा, भाटापारा किसानों और SHG के उत्थान में वर्षों से सतत प्रयासरत है और राष्ट्र विकास में उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रतिबद्ध है .

इसी तारतम्य में दिनाँक 9 मई को शाखा परिसर भाटापारा में किसान मेला तथा स्वयं सहायता समूह (SHG) वित्त पोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 11 नए किसानों और z SHG को वित्त पोषित किया गया. साथ ही बैंकिंग के अन्य क्षेत्रों में यथा दाल मिल, गृह ऋण , कार लोन तथा SME लोन के ग्राहकों को भी ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए.

कार्यक्रम, स्क्ष्ढ बिलासपुर अंचल के सर्वोच्च अधिकारी उप महाप्रबंधक श्री आलोक रंजन एवं Balodabazar क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री नरेंद्र मित्तल की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ.




DGM आलोक रंजन ने चर्चा के मध्य जानकारी दी कि SBI द्वारा सभी ग्राहकों के लिए प्रतिदिन नए मानदण्ड स्थापित किए जा रहे हैं. ग्राहकों के लिए बैंक ने दो नए सरल टोल फ्री नंबर 1800-1234 तथा 1800-2100 जारी किए गए हैं जिसमें 45 प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं.

कृषि शाखा भाटापारा परिसर में ग्राहकों की सुविधा हेतु नगद पैसे जमा एवं निकासी मशीन (रिसाइक्लर) भी माह जनवरी 2025 से स्थापित किया जा चुका है. । श्री मित्तल जी ने उपस्थिति ग्राहकों को साइबर सावधानियों और सुरक्षा के उपायों से अवगत कराया. शाखा प्रबंधक अनुपम कुमार सिंह ने सभी उपस्थित ग्राहकों के प्रति आभार ज्ञापित किया.

# स्वच्छ शीतल जल व्यवस्था का किया इंद्र साव ने लोकार्पण



**भाटापारा,** 11 मई (देशबन्धु)। परशुराम वार्ड स्थित दानवीर भामाशाह चौक भाटापारा में क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने निर्मल स्वच्छ शीतल जल व्यवस्था (वाटर कूलर , फिल्टर सिस्टम ) का लोकार्पण किया।

विदित हो कि नगर साहू समाज भाटापारा द्वारा विगत वर्षों से कई जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं। शीतल जल की व्यवस्था से इस भीषण गर्मी में आम लोगों को राहत मिलेगी।

लोकार्पण में विशेष अतिथि तुलसी राम साहू, वासुदेव साहू थे। अध्यक्षता श्रीमती कल्याणी साहू ने की। व्यवस्था को पूरा करने में अध्यक्ष श्री राजेश साहू, नभ नारायण साहू, तिलक साहू, श्री मनी राम साहू, निकेश साहू, श्री लिकेश साहू ,श्री लूकू साहू , पिलाराम साहू भाई का योगदान रहा। कार्यक्रम में श्री मोहन साहू, श्री नारायण साहू, श्री रामचंद साहू जी, लखन साहू, डॉ लोकचंद साहू, पीताम्बर साहू, दिगंबर साहू, जीत नारायण साहू जी, मुकेश साहू जी, अमृत साहू जी , महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती कमला साहू, संध्या साहू, प्रमिला साहू, श्रीमती नीरा देवी साहू आदि सामाजिक भाई बंधुओं और माताओं बहने बच्चे उपस्थित रहें।

# अल्ट्राटेक द्वारा रावन में पेयजल की व्यवस्था करने से ग्रामीणों ने माना आभार




**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 11 मई (देशबन्धु)। लगभग 5000 की जनसंख्या वाले सेनानी गौरव ग्राम रावन में भीषण गर्मी के कारण पेयजल की बहुत ही समस्याऐं व्याप्त थी, जिसकी व्यवस्था के लिए ग्राम रावन के जनप्रतिनिधि सरपंच अमर सिंह नेताम, उप सरपंच टाकेश्वर प्रसाद वर्मा, जनपद सदस्य संजू पूर्णिमा लहरी तथा गांव के नागरिक मालिक राम, पुरन वर्मा आदि लोगों ने 20 मार्च 25 को अल्ट्राटेक सीमेंट के एच आर हेड करन मिस्त्री एवं महाप्रबंधक संजीव मिश्रा से पेयजल व्यवस्था हेतु अवगत कराया गया तथा प्रबंधन अल्ट्राटेक द्वारा दूसरे दिन से 2 टैंकर से 8 ट्रिप पानी की व्यवस्था प्रारंभ की है जो कि आज पर्यंत तक कर रहे हैं एवं बाजार चौक में 500 फीट गहरा बोर खनन करवाकर पंप सेट भी लगाया गया, जिससे जनमानस को पानी आपूर्ति हो रहा है। जल संकट से निदान की व्यवस्था से समस्त ग्रामवासी रावन एच आर हेड करन मिस्त्री को धन्यवाद संप्रेषित करते हुवे, भविष्य में जनहित के लिए ऐसे ही सहयोग की अपेक्षा की है।

# आदिवासी ध्रुव गोंड समाज युवा प्रभाग नगरी ने किया उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं का सम्मान

**नगरी,** 11 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं 10वी 12वी का रिजल्ट 7 मई को जारी कर दिया है, जिससे क्षेत्र के छात्र - छात्राओं में एक अलग उत्साह देखने को मिल रहा है। आदिवासी ध्रुव गोंड समाज युवा प्रभाग तहसील नगरी के पदाधिकारियों के द्वारा बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए छात्र - छात्राओं को उनके निवास स्थल पहुंच कर पिला चावल, श्रीफल, पुष्पहार, मीठा सहित शुभकामनाए प्रेषित कर बधाई दिया। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रीति ध्रुव पिता कचरूराम ध्रुव ग्राम चर्रा ने 93.6% , याचना ध्रुव ग्राम साहनीखार 83% , कुसुमलता ध्रुव ग्राम तुमडीबाहर 80% , राखी नेताम ग्राम बिलभदर 76%, वही नगरी एक ऐसा छात्र अनिश ध्रुव



जिसने गणित में 100 में से 100 नंबर प्राप्त करते हुए 70.2% प्रतिशत अंक प्राप्त किए । हायर सेकेंडरी स्कूल में यशस्वी ध्रुव पिता माखनलाल ध्रुव नगरी की छात्रा ने साइंस में 83.6%, तेजस्वी मार्कोले ग्राम करैया साइंस में 80%, चित्रानी ध्रुव ग्राम गट्टासिली वाणिज्य से 83% प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

इस मौके पर आदिवासी ध्रुव गोंड समाज तहसील नगरी के अध्यक्ष सुरेंद्र ध्रुव जी एवं युवा प्रभाग कोषाध्यक्ष कांता कुंजाम, सचिव तामेश्वर ध्रुव, मीडिया प्रभारी गितेश ध्रुव, सदस्य गोपाल मरकाम सहित ग्राम वाशियो की उपस्थिति रही और उत्कृट छात्र - छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाए सहित बधाई दिया गया।

# नेशनल लोक अदालत में 57,569 लंबित मामलों का निराकरण

## 7,11,28,410 रूपये के अवार्ड पारित,26 खंडपीठों का गठन कर किया गया मामलों का निराकरण

**महासमुंद,** 11 मई (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव श्रीमती आफरीन बानो द्वारा जानकारी दी गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के अधीन आज शनिवार को जिला न्यायालय महासमुंद एवं तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों सहित कुल 26 खंडपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत की उक्त सभी खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकां के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री.लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि की धारा.138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा.135 ;क के तहत विद्युत चोरी के मामले तथा सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए जिला महासमुंद स्थित विभिन्न न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार प्री.लिटिगेशन संबंधित मामलों में बैंक रिकवरी के 2 हजार 269 प्रकरणों में 06 लाख 99 हजार 971 रूपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार विद्युत के 10 हजार 652 प्रकरणों में 38 लाख 47 हजार 740 रूपएए श्रम प्रकरण के 12 मामलों में 05 लाख 66 हजार 500 रूपए, एमएसीटी के 07 प्रकरण मेंण् 97 लाख 95 हजारए रूपएए एनआई एक्ट.138 के 31 प्रकरणों में 75 लाख 55 हजार 715 रूपए तथा 26 अन्य सिविल प्रकरणों का निराकरण कर 2 करोड़ 45 लाख 57 हजार 390 रूपए अवार्ड पारित किया गया। जिले के सभी तहसील एवं अनुभाग क्षेत्रों के राजस्व न्यायालयों के माध्यम से 40 हजार 367 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में् सुलह एवं समझौता के आधार पर विभिन्न खंडपीडों के माध्यम से कुल 57 हजार 569 प्रकरणों का निराकरण किया गया और उनमें रूपये 7 करोड़ 11 लाख 28 हजार 410 रूपए की राशि के आवार्ड पारित किए गए। विदित हो कि 10 मई को पूरे देश भर में माननीय उच्चतम न्यायालय से लेकर तहसील स्तर तक के न्यायालयों में एक साथ हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसके सफ्ल आयोजन हेतु विगत कई माह से अनवरत तैयारी की जा रही थी और पक्षकारों को नियत सुनवाई दिनांक के पूर्व राजीनामा हेतु नोटिस प्रेषित कर प्री.सीटिंग कर राजीनामा करने हेतु प्रोत्साहित किया गया था। इसके अलावा नेशनल लोक अदालत के अवसर पर विशेश स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में न्यायालयीन अधिकारी.कर्मचारीगण, अधिवक्तागण तथा अपने प्रकरण में उपस्थित पक्षकारगणों एवं विभिन्न विभागों से आए अधिकारी.कर्मचारियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। नेशनल लोक अदालत के सफ्ल आयोजन में महासमुंद अधिवक्तागण एवं न्यायालय के कर्मचारियों का अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ।



# भाजपा शहर मंडल कार्यालय का उद्घाटन




**महासमुंद,** 11 मई (देशबन्धु)। स्थानीय भाजपा कार्यालय परिसर के भूतल में शहर मण्डल कार्यालय का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ,विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ,बीज एवम कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर,पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर,प्रदेश प्रवक्ता पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा,प्रदेश सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी ,महेंद्र सिका सहित भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में विधिवत पूजाअर्चना कर शुभारभ किया गया। 10 मई को शहर मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सिका के जन्मदिन के अवसर पर उपस्थित पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए मिष्ठान वितरण किया। शहर मण्डल कार्यालय के उद्घाटन अवसर प्रमुख रूप से भाजपा पदाधिकारी निरंजना शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवचंद राठी,जनपद उपाध्यक्ष हूलसी चंद्राकर, जनपद सदस्य निधि चंद्राकर, सतपाल सिंघ पाली,सुधा साहू, प्रकाश शर्मा, मोहन साहू, पवन साहू, पार्षद गण शुभ्रा शर्मा, भारती चंद्राकर, सीता डोडेकर, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी यदू, पीयूष साहू ,माखन पटेल, सोनाधर सोनवानी, हाफिज कुरैशी, चंद्रशेखर बेलदार, पप्पू ठाकुर, नारेंद्र गिरी, मीना वर्मा,सुजाता विश्वनाथन, कौशल्या बंसल ,प्रभा साहू ,गोपाल वर्मा, प्रशांत श्रीवास्तव, शंकर चंद्राकर, राहुल चंद्राकर,मुन्ना साहू , संदीप घोष, ऋषभ बाफना, आनंद साहू ,आनंद गिरि, मनीष शर्मा, मनीष बंसल, अग्रज शर्मा, अमन वर्मा ,नंदू जलक्षत्री, अभिषेक पांडे, आकाश पांडे ,हनीश बग्गा ,हिमांशु चन्दकार, राकेश श्रीवास्तव, शरद राव, अजय चोपड़ा, चुनेश्वरी साहू ,मधु यादव, भगवती करकेसे, उषा पाल, दुर्गा चंद्राकर, ज्योति चंद्राकर, जगन्नाथ छुरा, हमेकांति देवांगन, हरिश देवांगन, गौरव राठी, रोशन बग्गा आदि उपस्थित थे।